शु.	शो.	क्रो.	वि.	प.	
प्ल.	की.	सौ.	सा.	वि.	
प.	प्र.	आ.	रा.	अ.	
पिं.	का.	सि.	रौ.	दु.	
दुं.	रू.	र.	क्रो.	च.	
१	१	१	१	१	मा.
२	२	२	२	२	दि.
४३	४३	४३	४३	४३	घ.
३८	३८	३८	३८	३८	प.

अथ ऋतुस्वरचक्रम्

अकारादिस्वराः पञ्च वसन्तादिक्रमोदयाः ।
एकैकस्मिन्स्वरे प्रोक्ता द्विसप्ततिदिनोदयाः ॥ ६ ॥

अकारादि इति । अत्र 'मृगादिराशिद्वयभानुभोगाद् षडर्त्तवः स्युः शिशिरो वसन्तः । ग्रीष्मश्च वर्षा च शरच्च तद्वद्धेमन्तनामा कथितोऽत्र षष्ठः ।' इति श्रीपतिवचनान्मकरादिषु रविभोगात् शिशिरादयः षट् ऋतवो भवन्ति । तत्र षट् ऋतुषु द्वादशराशयः । त्रिंशदंशात्मको राशिरिति तु सुप्रसिद्धम् । एवं षट् ऋतुषु

षष्ट्यधिकत्रिंशदंशाः तत्र पञ्चस्वराः। अतः एकैकस्मिन् स्वरे द्विसप्ततिरंशाः। रवेरेकदिनभोगकालः एकमंशमतएवैकस्वरस्य भोगकालं द्विसप्ततिदिनमुक्तम्'।

जिस प्रकार वर्ष के दो विभागों का नाम उत्तरायण और दक्षिणायन है उसी प्रकार वर्ष के ६ विभागों या अयन के तीन विभागों का ऋतु नाम है इन ऋतुओं में स्वर चार कैसे है यही बताया जा रहा है। जैसे मकर राशि से दो दो राशियों में सूर्य के रहने से शिशिरादि ६ ऋतुयें होती हैं। अर्थात् मकर कुंभ से शिशिर, मीन मेष से वसन्त, वृष, मिथुन, से ग्रीष्म, कर्क सिंह से वर्षा, कन्यातुला से शरद्, वृश्चिक धन से हेमन्त ऋतु होती है। इन्हीं ६ ऋतुओं में वसन्त से क्रम से अकारादि पाँच स्वरों का उदय होता है और एक स्वर का भोगकाल ७२ दिन का होता है। अर्थात् १२ राशि में ३६० अंश होते हैं और इसका पाँचवा भाग ७२ अंश होता है जो कि सूर्य के एक दिन १ अंश के तुल्य होता है अतः ७२ दिन होता है। उदाहरण—जैसे संवत् २०१६ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुरुवार को मीन संक्रांति का गतांश २५।५६ है इसका पल ९३३६० हुआ और एक ऋतु का अंतरोदय पल २३५६३ है इससे भाग देने से लब्ध ३ गतस्वर हुआ। मीन राशि से वसंत ऋतु का आरम्भ होता है और उसमें अकार स्वर का उदय होता है अतः अकार से चौथे एकार का अंतरोदय हुआ। सदानन्द का राशिस्वर ओकार है इससे ऋतुस्वर कुमार हुआ और अंतरोदय स्वर मृत हुआ। शेष भुक्त और भोग्य से अंतरोदय स्वर का समय निकालना चाहिये।

ऋतुस्वरचक्रम्—

अ.	इ.	उ.	ए.	ओ.
मी.	वृ.	क.	तु.	ध.
मे.	मि.	सिं.	वृ.	म.
वृ.	क.	क.	ध.	कुं.
६ ३२ ४३	६ ३२ ४३	६ ३२ ४३	६ ३२ ४३	६ ३२ ४३

अथ मासस्वरचक्रम्—

नभस्यमार्गवैशाख अकारस्योदयो भवेत्।
आश्विनश्रावणाषाढे इकारो नायकः स्मृतः ॥ ७ ॥

---

१. षड्दिनानि रदा नाड्यो वह्निवेदपलानि च।
अन्तरोदयमानं स्यादृतुनाम्नि स्वरोदये ॥

उकारश्चैत्रपौषे स्यादेकारो ज्येष्ठकार्त्तिके ।
ओकार उदयं याति माघफाल्गुनमासयोः ॥ ८ ॥
द्वे दिने त्र्यब्धयो नाड्यो ह्यष्टत्रिंशत्पलानि च ।
अंतरोदय उक्तोऽसावत्र वै मासिकस्वरे ॥ ९ ॥

नभस्येत्यादि सुगमम् ॥ ७–६ ॥

वर्ष के १२ बारह महीनों के स्वरों का विचार किया जाता है। भाद्रपद, मार्गशीर्ष और वैशाख मास में अकारस्वर का उदय, आश्विन, श्रावण, आषाढ़ मास में इकार स्वर का चैत्र पौष मास में उकार का; ज्येष्ठ, कार्त्तिक में एकार का और फाल्गुन मास में ओकारस्वर का उदय होता है। प्रत्येक का भोग २ दिन ४३ घटी और ३६ पल मासिकस्वर में अंतरोदय होता है। उदाहरण—संवत् २०१६ चैत्रकृष्ण प्रतिपद् से चैत्रशुक्ल प्रतिपद् पर्यन्त १६ दिन हुआ इसका पल ५७६०० यह भाज्य हुआ और अंतरभोगदिनादि २ दिन ४३ घटी और ३८ पल का पल ९८१८ यह हार हुआ इससे भाग देने से लब्ध ५ गतस्वर हुआ। (उकारश्चैत्रपौषादि) के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपद् को उकार स्वर का उदय है और सदानन्द का जीवस्वर इकार है (जीवाद्बालस्वरात्फलं) के अनुसार। अतः सदानन्द का मास स्वर उकार मृत ही हुआ। पूर्वोक्त लब्ध गतस्वर के अनुसार एकारोदय के मध्य में अन्तर्दशा भी एकार की ही हुई। यहाँ मास गणना पूर्णिमा से पूर्णिमा तक कृष्णादि लेनी चाहिये ॥ ७–९ ॥

मासस्वरचक्रम्

अ.	इ.	उ.	ए.	ओ.
मार्ग.	आश्वि.	चैत्र.	ज्येष्ठ.	माघ.
भाद्र.	श्राव.	पौष.	कार्ति.	फाल्गुन.
वैशा.	आषा.			
२	२	२	२	२
४३	४३	४३	४३	४३
३८	३८	३८	३८	३८

अथ पक्षस्वरचक्रम्—

अस्वरः कृष्णपक्षेशः शुक्लपक्षेश इस्वरः ।
पक्षात्मिकान्तरे भुक्तिर्मासभुक्त्यर्धमानतः ॥ १० ॥

१. पक्षान्तरोदयाभुक्तिरिति पाठान्तरम् ।

अस्वर इति स्पष्टार्थः ॥ १० ॥

मास के दो विभागों, कृष्ण और शुक्ल भागों, के क्रम से आचार्य स्वरों का उदय कहता है। कृष्णपक्ष में अस्वर और शुक्लपक्ष में इस्वर का उदय होता है अर्थात् यही दोनों स्वर क्रम से दोनों पक्षों के स्वामी हैं। इनके पक्ष के अन्तरोदय का आधा दिन, २१ घटी और ४९ पल होता है।

उदाहरण—जैसे चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से इ स्वर का उदय है, सदानन्द का ग्रहस्वर ओकार है इसके अनुसार पक्षस्वर इकार युवा और अंतरोदय स्वर भी युवा ही हुआ ॥ १० ॥

पक्षस्वरचक्रम्

अ.		इ.		
कृष्ण		शुक्ल.		
अ.	इ.	उ.	ए.	ओ.
१	१	१	१	१
२१	२१	२१	२१	२१
४९	४९	४९	४९	४९

अथ दिनस्वरचक्रम्—

अकारादि क्रमान्न्यस्य नन्दादितिथिपञ्चकम् ।
दिनस्वरोदयो नित्यं स्वस्वतिथ्यादि जायते ॥ ११ ॥
तिथ्यादौ घटिकाः पञ्च पलानि सप्तविंशतिः ।
अन्तरोदय उक्तोऽसौ[1] दिनस्वरस्य सूरिभिः ॥ १२ ॥

अकारादि इति स्पष्टार्थः ॥ ११-१२ ॥

पक्ष के पन्द्रहवें विभाग तिथि की स्वर स्थिति का क्रम अकारादि स्वरों के नीचे नन्दा आदि तिथियों के रखने से दिन स्वर चक्र होता है। उक्तलिथियों में स्वरों का उदय होता है। इसका अंतरोदय ५ घटी और २७ पल होता है ॥ ११-१२ ॥

---

१. अस्यान्तरोदयः पञ्च घट्यस्तारापलानि च ।
द्युस्वरस्य च सूरिभिः इति वा पाठः ॥

अथ दिनस्वरचक्रम्

अ.	इ.	उ.	ए.	ओ.
१	२	३	४	५
६	७	८	९	१०
११	१२	१३	१४	१५
५	५	५	५	५
२७	२७	२७	२७	२७

उदाहरण—तिथ्यंतरोदयमान ५ घ० २७ प० का पल ३२७ यह हार हुआ और प्रतिपदा का भुक्त घटी ५० का पल ३००० है। यह भाज्य है इसमें हार से भाग देने से लब्ध ९ भुक्त स्वर हुआ और वर्त्तमान दशम स्वर ओकार हुआ।

अथ घटीस्वरचक्रम्—

घटीस्वरो घटीपञ्च पलानां सप्तविंशतिः।
अस्यान्तरोदयः प्रोक्तो घटिकार्धप्रमाणकः॥ १३॥

घटीस्वर इति। स्पष्टार्थः॥ ३६॥

तिथि के ६० वें विभाग की घटी संज्ञा के समय में स्वर चार का क्रम—घटिका स्वर ५ घटी २७ पल के होते हैं। इनका अंतरोदय भोग ३० पल का होता है॥१३॥

अथ द्वादशाब्दादीनामंतरोदयमाह—

द्वादशाब्दादिनाड्यंताः स्वस्थानाच्च स्वकालतः।
उदयन्ते पुनस्ते च ते चैकादशधा स्वराः॥ १४॥
वर्षमासदिवानाडीपलं चैव क्रमादिदम्।
कालमानं मया प्रोक्तं पञ्चधात्र स्वरोदये॥ १५॥
द्वादशाब्दस्वरादीनां भुक्तं पलमयं तु यत्।
तद्भक्तं स्वस्वमानेन लब्धं शेषं द्विकं भवेत्॥ १६॥
लब्धे भुक्तस्वरा ज्ञेयाः शेषे चैवोदिताः स्वराः॥ १७॥
अस्मिन् षष्ठ्या विभक्ते च भुक्तं स्यादुदितस्वराः॥ १८॥

द्वादशाब्दादिति—द्वादशाब्दादिनाड्यन्ताः अष्टौ स्वराः, स्वस्थानात् स्वकालतः स्वस्वभोगमानेन द्वादशवर्षादिना उदयन्ते। तत्र स्वभोगमानेन एका-

दशोदयैरन्तः पुनरुदयन्ते इत्यनुषज्यते। अत एवान्तरोदयजिज्ञासायाम् एकादशभिर्यो यत्र भागो लभ्यते स तत्रान्तरोदयमाने भवतीति द्योतितम् पूर्वं तथैव कृतमिति। वर्षेति-स्पष्टम्। द्वादशाब्देति। द्वादशाब्दस्वरादीनां यद्भुक्तं यामले भागहारकफलेभ्योऽपनीते भोग्यपलानि भवेयुः। तत्र भुक्तभोग्य पले षष्ट्यादिना भक्ते भुक्ताद् भुक्तमानं भोग्याद्भोग्यमानं कर्त्तव्यम्। लब्धं भुक्तस्वरा ज्ञेयाः। शेषे वर्तमानस्वराः। अस्मिन् वर्तमानस्य पलं विधाय षष्ट्या लब्धं भुक्तं भोग्यं विधाय एकादशलब्धान्तरोदयमानेन भक्तं भवति ॥१४-१७॥

आठों स्वरों का बलाबल विचार किया जाता है—द्वादश वार्षिक स्वर से नाडीस्वर पर्यन्त जो आठ स्वर कहे गये हैं वे अपने २ स्थान से अपने अपने कालमान से (वर्षमासादि) में ग्यारह बार उदय और अस्त होते हैं। इन स्वरों के उदय के लिये वर्ष, मास, दिन, नाडी, पल ये पाँच प्रकार से समय को मैंने कहा है। द्वादशवार्षिक स्वर आदि के जो भुक्त पल हैं उनमें अपने अपने मान से लब्धि और शेष दो होते हैं। उसमें लब्धि तुल्य भुक्तस्वर और शेष के तुल्य उदित स्वर समझना चाहिये। इन भुक्त और भोग्य पलों से ६० आदि से भाग देकर उदित स्वर के भुक्त और भोग्य काल को ले आना चाहिये ॥ १४-१८ ॥

अथ पञ्चबालाद्यवस्थानां बलमाह—

उदितस्य स्वरस्य स्युर्नामस्वरवशेन ताः।
पञ्चबालादिकावस्थाः स्वस्वकालप्रमाणतः ॥ १९ ॥
आद्यो बालः कुमारश्च युवा वृद्धो मृतस्तथा।
निजावस्थास्वरूपेण फलदा नात्र संशयः ॥ २० ॥
किञ्चिल्लाभकरो बालः कुमारस्त्वर्धलाभदः।
सर्वसिद्धिं युवा धत्ते वृद्धे हानिर्मृते क्षयः ॥ २१ ॥
यात्रायुद्धविवादेषु नष्टे दृष्टे रुजान्विते।
बालस्वरो भवेद्दुष्टो विवाहादिशुभे शुभः ॥ २२ ॥
सर्वेषु शुभकार्येषु यात्राकाले विशेषतः।
कुमारः कुरुते सिद्धिं संग्रामे शत्रुतो जयः ॥ २३ ॥
शुभाशुभेषु कार्येषु यंत्रमंत्रादिसाधने।
सर्वसिद्धिं युवा धत्ते यात्रायुद्धे विशेषतः ॥ २४ ॥

दाने देवार्चने दीक्षा गूढमन्त्रप्रकल्पने।
वृद्धस्वरो भवेद्भव्यो रणे भङ्गो भयं गमे॥ २५॥
विवाहादि शुभं सर्वं संग्रामाद्यशुभं तथा।
न कर्त्तव्यं नृभिः किञ्चिज्जाते मृत्युस्वरोदये॥ २६॥
मृतो बालस्तथा वृद्धः कुमारस्तरुणस्तथा।
यथोत्तरबलाःसर्वे ज्ञातव्याः स्वरवेदिभिः॥ २७॥

उदितस्येति—उदितस्य द्वादशाब्दादीनामुदितान्तरोदयस्वरस्य नामस्वरवशेन नामवर्णवशेन स्वस्वकालप्रमाणतः स्वस्वभोगसमयप्रमाणतः बालादिकाः पञ्चावस्थाः स्युः। आद्य इति सुगमम्। किञ्चिल्लाभकर इति सुगमम्। यात्रेति स्पष्टम्। सर्वेष्विति स्पष्टार्थः। शुभाशुभेति स्पष्टार्थः। सर्वसिद्धिमित्यादि स्पष्टम्। अथ स्वराणां न्यूनाधिकबलमाह—मृतो बाल इति। स्वरवेदिभिः स्वरशास्त्रज्ञैरेते मृतादिपञ्चस्वराः यथोत्तरबला ज्ञातव्याः। स यथा मृतात् वृद्धो वृद्धात् बालो बालात् कुमारः कुमारात् युवा बलवान् भवति। अर्थाद् भटयोर्मध्ये एकस्य मृतस्वरोदयः अपरस्य वृद्धस्वरोदयः। स च मृतस्वरोदयिनः सकाशादधिकस्वरोदयस्तेन संग्रामे जयी। एवं सर्वत्र ज्ञेयम्॥ १६–२७॥

आचार्य पांचों स्वरों की बालवृद्धादि संज्ञा और उनके शुभाशुभ फल की स्थिति कहता है। उदित द्वादशवार्षिक आदि स्वर नाम के स्वर वर्ण के अनुसार अपने अपने भोग समय के प्रमाणानुसार बाल आदि पाँच अवस्थाओं को प्राप्त होते हैं। बाल, कुमार युवा, वृद्ध और मृत ये पाँच अवस्था हैं ये अपने अवस्था के सदृश फल देते हैं। बाल अवस्था कुछ लाभप्रद, कुमार आधे लाभ को, युवा संपूर्ण लाभ को, वृद्ध अवस्था में हानि और मृत अवस्था में हानि होती है। यात्रा, युद्ध, विवाद, वस्तु के नष्ट होने में, सर्पादि के काटने में, और रोग में बाल स्वर हानि कारक होता है। और विवाहादि शुभ कार्यों में शुभद होता है। सभी शुभ कार्यों में विशेष कर यात्रा समय में कुमार स्वर सिद्धि को देता है और संग्राम में शत्रु से विजय देता है। सभी शुभ अशुभ कार्यों में यंत्र आदि के सिद्ध करने में और विशेषकर यात्रा युद्ध में युवा स्वर सिद्धिदाता होता है। दान में, देवता के पूजन में, दीक्षा में, गुप्तसलाह में वृद्ध स्वर शुभद होता है किन्तु रण में भङ्गता और विजय में भय होता है। विवाहादि शुभ कार्य और संग्रामादि सभी अशुभ कार्य कभी भी मनुष्य को मृत स्वर के उदय में नहीं करना चाहिये। मृतस्वर से बालस्वर बली होता है और बाल से वृद्ध, वृद्ध से कुमार, कुमार से युवास्वर बली होता है॥ १९–२७॥

यो यस्य पञ्चमे स्थाने स स्वरो मृत्युदायकः।
तृतीये तु भवेद्वृद्धिः शेषा मध्यफलप्रदाः॥ २८॥

मृत्युर्हीनस्वरे नाम्नि जयोनाम्नि स्वराधिके ।
सम नाम्नि भवेत्साम्यं सन्धिर्जयपराजयौ ॥ २९ ॥
एकस्वरे भवेत्साम्यं द्वितीयोऽर्धफलप्रदः ।
तृतीये तु फलं पूर्णं तुर्ये बन्धपराभवम् ॥ ३० ॥

यो यस्येति । भटयोर्द्वयोर्यस्माद्वर्णस्वराद्यः पञ्चमः स्वरः स मृत्युदायकः । यतः पञ्चमस्य मृत्युसंज्ञा कृतेति । तृतीये सम्पूर्णक्रियासु सिद्धिः । शेषाः स्वराः मध्यफलप्रदाः । द्वयोः भटयोः नाम्नि हीनस्वरे मृत्युः । अर्थाद्यो हीनस्वरः स चाधिकस्वरान्मृत्युः । प्राप्नोति । उदिताधिकस्वरे जयो भवति । नाम्नि उदितस्वरे साम्ये सति साम्यं सन्धिः सन्धानं स्यात्, जयपराजयौ च साम्यं भवति । एकस्वरे इति । चेद्योधयोः एकः प्रथमस्वरो बालश्चेद्भवति तदा युद्धे साम्यं समता भवेत् । द्वितीये अर्थादेकस्य बालस्वरोदयः अन्यस्य कुमार-स्वरोदयश्चेत्तदा अर्धफलं भवेत् । अर्थात् कुमारस्य किञ्चिज्जयः । तृतीये अर्था-देकस्य बालस्वरोदयः अपरस्य युवास्वरोदयश्चेत्तदा फलं पूर्णम् अर्थात् यूनः सर्वपदे जयः । तुर्ये चतुर्थे स्वरोदये सति भयपराभवं च भवति ॥ २९–३० ॥

युद्ध के लिये युवा और मृत्यु स्वर का परिचय—दोनों युद्ध करने वाले योधाओं के नाम के वर्णस्वर से, जो पाँचवाँ स्वर होता है, वह मृत्युस्वर होता है । तीसरे स्वर में कार्य सिद्ध होता है और शेष मध्यम होते हैं । नाम से हीनस्वर में युद्ध करने से मृत्यु, अधिक स्वर में विजय और समस्वर में युद्ध करने से आपस में सन्धि और जय पराजय दोनों समान ही होते हैं । अर्थात् कुमार से वृद्ध हीनस्वर, बालस्वर से मृतस्वर, कुमार से बाल, युवा से कुमार हीनस्वर है । यदि उदित स्वर अधिक हो तो विजय । समान स्वरों के उदय से समता और संधि तथा जयपराजय समान ही होते हैं । यदि दोनों योधाओं के प्रथमस्वर बाल ही उदित हों तो युद्ध में समता होती है । यदि एक का बाल और दूसरे का कुमार हो तो कुमार स्वरोदयी विजयी होता है । यदि एक का बाल और दूसरे का युवास्वर हो तो युवास्वर वाला सब प्रकार से विजयी होता है इससे भिन्न सभी स्वर बालस्वर के साथ भय और पराभव को देने वाले होते हैं ॥ २९–३० ॥

शत्रोर्मृत्युस्वरे प्राप्ते यूनि प्राप्ते स्वकीयके ।
तत्काले प्रारभेद्युद्धं विजयो भवति ध्रुवम् ॥ ३१ ॥

शत्रोरिति—शत्रोर्मृत्युस्वरे पञ्चमस्वरे प्राप्ते उदिते स्वकीयके यूनि युवस्वरे प्राप्ते उदिते तत्काले तस्मिन् समये युद्धं प्रारभेत् । युद्धे च ध्रुवं जयो भवति अन्यथा न । किन्तु सत्यमेव सर्वं, जय हेतोर्मुख्यः पक्षोऽयम् । इदं तत्काल-युवस्वरलक्षणं समाचष्टे ॥ ३१ ॥

शत्रु के मृत्यु स्वरोदय के ज्ञान से युद्धारम्भ करना चाहिए इसका स्पष्टीकरण—जिस समय शत्रु का मृत्युस्वर उदित हो और अपना युवास्वर उदित हो उस समय युद्ध आरम्भ करने से निश्चित ही युद्ध में विजय होती है। यह जय का मुख्य पक्ष है ॥ ३१ ॥

तत्काले मात्रिको ग्राह्यो दिने वर्णस्वरस्तथा।
पक्षे ग्रहस्वरो ज्ञेयो मासे जीवस्वरोदयः ॥ ३२ ॥
ऋतौ राश्यंशको ग्राह्य षण्मासे धिष्ण्य संभवः।
अब्दे पिण्डस्वरो ज्ञेयो योगे द्वादशवार्षिके ॥ ३३ ॥
सर्वकाले बली वर्णः सर्वव्यापी न संशयः।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन वर्णं वीक्ष्य बलाबलम् ॥ ३४ ॥
यथा पदा हस्ति पदे प्रविष्टा यथा हि नद्यः खलु सागरेषु।
यथा हरेर्देहगताश्च जीवास्तथा स्वरा वर्णफलोदयास्ते ॥

तत्काले इति। तत्काले घटीस्वरमात्रिके यो मात्रास्वर उदेति स ग्राह्यः। तथा दिने तिथौ वर्णस्वरमुपक्रम्य बालादिव्यवस्था। पक्षे पक्षस्वरे ग्रहस्वरोदय इति ज्ञेयः। मासे मासस्वरे जीवस्वरोदयः। जीवस्वराधिका बालादिचिन्ता। ऋतौ राश्यंशको राशिस्वरस्तदवधिका बालादि चिन्ता। षण्मासे अयनस्वरे धिष्ण्यसंभवो धिष्ण्यं नक्षत्रं तत्सम्भवो अर्थात् नक्षत्रस्वर इति तदवधिका बालादिव्यवस्था। अब्दे वार्षिकस्वरे पिण्डस्वराब्दालादि व्यवस्था। द्वादशवार्षिके द्वादशाब्दिके योगो योगस्वरस्तदवधिका बालादिव्यवस्था। विद्यावादादि चतुर्विधयुद्धकाले नाडीस्वरोदयः स्वस्य च युवाख्यो भवति शत्रोर्मृताख्य इति। एवं सति युद्धं कुर्यात् जय एव स्यात्। अत्रोदाहरणम्। देवेन्द्रविजययोः विद्यावादे कस्य जय इति प्रश्ने तत्काले नाडीस्वरे आकारः प्राप्तः, विजयस्य इकारो मात्रास्वरः तस्मात् इकारस्वरात् अकारो मृत्युस्वरो विजयस्य। देवेन्द्रस्य मात्रास्वरः एकारः, एकारस्वरात् अकारो युवा एवं लक्षणे तत्काले प्रारब्धे वादे देवेन्द्रस्य जयः। एवं सर्वत्र वर्णग्रहजीवादयो ज्ञेयाः। उदाहरणस्तु ग्रन्थविस्तरभयान्न लिखितम्। सर्वकाले इति। वर्णो वर्णस्वरः सर्वकाले बली यस्मात् कारणादसौ सर्वव्यापी सर्वेषां मात्रास्वरग्रहादीनां व्यापी व्यापकः। यतः वर्णस्वरबलेनान्येऽपि बलिनः। तस्मात् कारणात् सर्वप्रयत्नेन वर्णं वर्णस्वरं शुभमशुभं बलाबलम् चिन्तनीयमित्यर्थः। यथेति। यथा पदाः पदाङ्कितप्रदेशा हस्तिपदे हस्त्यङ्कितपदप्रदेशे प्रविष्टा यथा सागरेषु नद्यः प्रविष्टाः। यथा हरेर्देहगताः जीवाः तथा स्वराः मात्रादयः सर्वे वर्णफलोदयस्थाः ॥ ३२–३५ ॥

आचार्य किस कार्य के लिये कौन स्वर उपयुक्त है इसका विचार कर रहा है। युद्ध के आरम्भ समय में जो नाडीस्वर उदित हो वह मात्रास्वर से जिस अवस्था का हो उसे लेना चाहिये। तिथि में वर्णस्वर से। पक्षस्वर में ग्रहस्वर से, मासस्वर में जीवस्वर से, ऋतुस्वर में राशिस्वर से, अयनस्वर में नक्षत्रस्वर से, वार्षिकस्वर में पिण्डस्वर से और द्वादशवार्षिकस्वर में योगस्वर से बालादि अवस्थाओं को लेना चाहिये। सभी समयों में वर्णस्वर बली होता है क्योंकि वह सभी स्वरों में व्याप्त है, इसलिये वर्णस्वर के बलाबल को बड़े प्रयत्न से पहले ही विचार लेना चाहिये। जैसे सभी पदाङ्कित भूमि हाथी के पैर से अंकित भूमि के अन्दर होते हैं, जैसे सभी नदियाँ समुद्र के मध्य में होती हैं, जैसे सभी जीव भगवान के शरीर में लयसृष्टिकाल में प्रविष्ट होते हैं अथवा हैं उसी प्रकार सभी स्वरों के अन्तःप्रविष्ट वर्णस्वर फल देता है॥ ३२–३५॥

उदाहरण—जैसे देवेन्द्र और विजय का विद्या विवाद होने वाला है। उस समय नाडीस्वर के अनुसार अकार स्वर का उदय है, देवदत्त का मात्रास्वर एकार है इससे गणना करने से अकार देवेन्द्र के लिये युवास्वर हुआ और विजय का मात्रास्वर इकार है इससे गणना करने से अकार मृत्युस्वर हुआ अतः उक्त समय में विवाद आरम्भ होने से देवेन्द्र का ही विजय होगा। इसी प्रकार सभी स्वरों में जानना चाहिये॥

साधनं मन्त्रयन्त्रस्य यात्रायोगं च सर्वदा।
अधोमुखानि कार्याणि मात्रास्वरबले कुरु॥ ३६॥
वर्णस्वरबलात्सर्वं कर्त्तव्यं च शुभाशुभम्।
सिद्धिदं सर्वकालेषु युद्धकाले विशेषतः॥ ३७॥
मारणं मोहनं स्तम्भं विद्वेषोच्चाटनं वशम्।
विवादं विग्रहं घातं कुर्याद्ग्रहस्वरोदये॥ ३८॥
भक्ष्यपानादिकं सर्वं वस्त्रालंकारभूषणम्।
विद्यारम्भं विवाहं च कुर्याज्जीवस्वरोदये॥ ३९॥
प्रासादारामहर्म्याणि देवतास्थापनं तथा।
राज्याभिषेचनं दीक्षा कर्त्तव्यं राशिके स्वरे॥ ४०॥
शान्तिकं पौष्टिकं यात्रां प्रवेशं बीजवापनम्।
स्त्रीविवाहस्तथा कर्त्तव्या भस्वरोदये॥ ४१॥

शत्रूणां देशभङ्गश्च कोटयुद्धं च वेष्टनम् ।
सेनाध्यक्षस्तथा मन्त्री कर्त्तव्या पिण्डकोदये ॥ ४२ ॥
योगेन साध्यते योगं देहस्थं ज्ञानसम्भवम् ।
अर्णवं शाम्भवं चैव शाक्तेयं च तृतीयकम् ॥ ४३ ॥

साधनमित्यारभ्य योगेनान्तं यावत्स्पष्टार्थाः । आर्णवमणिमादि सिद्धिम् । शाम्भवं शम्भुविषयम् । शाक्तेयं शक्तिगौर्यादिस्तद्भवम् । अमुना पूर्वोक्तप्रकारेण अन्तरोदयमपि ज्ञेयम् ॥ ३६–४३ ॥

मन्त्र, यन्त्र, और तन्त्र के प्रयोग में मात्रादि स्वरों में किसका उपयोग कहां होना चाहिए—यात्रा, युद्ध, मारण, मोहन आदि, भोजन, गृह, प्रासाद तथा मन्त्र यन्त्रों का साधन यात्रा और अधोमुख कार्य मात्रास्वर के बली होने से करना चाहिये। वर्ण स्वर के बल से सभी शुभ अशुभ कार्यों को करना चाहिये। विशेषतः यात्रा और युद्ध में अवश्य वर्ण स्वर सिद्धिदायक होता है। मारण, मोहन, स्तम्भन, विद्वेषण, उच्चाटन और वशीकरण ये छः कर्म तथा विवाद, विग्रह और घात ये सभी कार्य ग्रहस्वर के बल से करना चाहिये। सभी प्रकार के भोजन, पान आदि, वस्त्र, आभूषण, विद्यारम्भ और विवाह यह जीवस्वर के उदय में करना चाहिये। प्रासाद, बगीचा, मकान, देवता की स्थापना, राज्याभिषेक और दीक्षा ये सब कर्म राशिस्वर के उदय में करना चाहिये। शान्तिक, पौष्टिक, यात्रा और गृहप्रवेश, बीज बोना, कन्या का विवाह इन सभी कार्यों को नक्षत्रस्वर के उदय में करना चाहिये। शत्रुओं के देश को जीतने में, कोट युद्ध में तथा घेरने में सेनापति और मन्त्री का चुनाव आदि कार्य पिण्डस्वर के उदय में करना चाहिये। शरीर स्थित योग क्रिया का साधन तथा अणिमा, गरिमा, आदि सिद्धियां, शम्भू की सिद्धि तथा तीसरी दुर्गा आदि की सिद्धियां सभी योग स्वर में करनी चाहिये ॥ ३६–४३ ॥

अथ तिथिवारनक्षत्रस्वरमाह—

तिथिर्वारं च नक्षत्रं पृथक् पृथक् प्रभाषितम् ।
यत्तदेकत्र सम्मील्य कुर्याद्वर्णस्वरोदयम् ॥ ४४ ॥
यस्य नामादिमं वर्णं तिथिवारर्क्षजं मृतम् ।
तद्दिनं वर्जयेत्तस्य हानिमृत्युकरं यतः ॥ ४५ ॥
अनेन स्वरयोगेन शत्रूणां मारणादिकम् ।
मन्त्रयन्त्रक्रियाहोमं विदध्यात्तद्दिने बुधः ॥ ४६ ॥

तिथिर्वारमिति—तिथिस्वरो नन्दादिः वारस्वरमङ्गलादि ग्रहस्वरोदयः। नक्षत्रस्वरो रेवत्यादि। एषामुदयः पृथक् पृथगुक्ताः तत्सर्वमेकत्र वर्णस्थाने स्थितं तत्संमील्य वर्तुलीकृत्य वर्णस्वरं कुर्यात्। अयमर्थः। अकारादिपंचस्वरेषु यो वर्णश्वरस्तदधः स्वस्वचक्रे यानि तिथिवारनक्षत्राणि न्यस्तानि तानि वर्णस्वरवशाद्बालकुमारादि फलदानि स्युः। यथोदाहरणम्। सदानन्दस्य नाम्नः सकारोपरि स्थित एकारो वर्णस्वरो बालस्तदधश्चक्रान्तःस्थितं चतुर्थी-नवमी-चतुर्दशी (४-९-१४) तिथिषु बालः। एवं शुक्रवारोऽपि बालस्तदधश्चक्रान्तः स्थितानि अनुराधाज्येष्ठामूलपूर्वाषाढोत्तराषाढ़ा एतानि नक्षत्राणि बालानि तदग्रिमतिथिवारनक्षत्राणि कुमारादीनि व्यवहरणीयानि एवमन्यत्रापि नामतो व्यवहर्त्तव्यम्। इति तिथिवारनक्षत्रस्वरचक्रम्। यस्येति। यस्य पुंसो नामादिमं नामादिजो वर्णो तिथिवारनक्षत्रजं मृतम् यस्मिन् दिने एवं स्यात्तद्दिनं तस्याभिमतक्रियासु वर्जयेत्। यतः तद्दिनं तस्य हानिमृत्युकरम्। अनेनेति। अनेन स्वरयोगेन यदिशत्रोः मृतस्वरोदयो स्वस्य च बालादीनां कुमारयुवयोरूदयः। तदा शत्रूणां मारणादिकं मन्त्रादिक्रियया च तद्दिने बुधः पण्डितः साधयेति ॥ ४४–४६ ॥

तिथिवारनक्षत्रस्वरचक्रम्

अ.	इ.	उ.	ए.	ओ.
क.	ख.	ग.	घ.	च.
छ.	ज.	झ.	ट.	ठ.
ड.	ढ.	त.	थ.	द.
ध.	न.	प.	फ.	ब.
भ.	म.	य.	र.	ल.
व.	श.	ष.	स.	ह.
१	२	३	४	५
६	७	८	९	१०
११	१२	१३	१४	१५
मं.	बु.	बृ.	शु.	श.
र.	चं.	०	०	०
रे.	पु.	उ.	अ.	श्र.
अ.	पु.	ह.	ज्ये.	ध.
भ.	श्ले.	चि.	मू.	श.
कृ.	म.	स्वा.	पू.	पू.
रो.	पू.	वि.	उ.	उ.
मृ.				
आ.	०	०	०	०

नाम के आदि अक्षर से अलग-अलग कहे हुये तिथि-वार-नक्षत्र के अनुसार वर्णस्वर के ज्ञान से उसके अवस्था का ज्ञान करना चाहिये। जिस पुरुष के नामादि वर्ण से तिथि-वार-नक्षत्र से उत्पन्न स्वर मृत हो उस पुरुष के लिये वह वार-तिथि-नक्षत्र हानि एवं मृत्यु करने वाला होता है। इस प्रकार स्वरयोग से शत्रु के मारण आदि मन्त्र, यन्त्र, क्रिया, होम आदि करना चाहिये अर्थात् जिस दिन शत्रु का मृतस्वर हो उसी दिन मारण आदि करना चाहिये ॥ ४४–४६ ॥

अथ बालादिस्वराणामवस्थासंख्यामाह—

बालस्वरादिकावस्था भानुसंख्या भवन्ति ताः ।
उदयन्ते क्रमेणैव स्वस्वभुक्तिप्रमाणतः ॥ ४७ ॥
घटिकाख्ये दिने पक्षे मासे ऋत्वयने तथा ।
वर्षे द्वादशवर्षे च अवस्था जायते स्वरे ॥ ४८ ॥
भपलानि घटीपञ्च सपादोऽर्धदिनद्वयम् ।
द्युषट्कं पक्षमासाब्दमवस्था प्रमितिः क्रमात् ॥ ४९ ॥
भुक्तस्वरप्रमाणं तु स्वस्वभोगेन तद्भवेत् ।
गतावस्था गताङ्केन शेषं तत्कालजा मता ॥ ५० ॥

मूका च बाला शिशुहासिका च कुमारिकायौवनराज्यदा च ।
क्लेशा च निन्द्या ज्वरिता प्रवासा मृता च बालस्वरजा अवस्था ॥
स्वस्था शुभा मोघनिहर्षवृद्धिमहोदयाः शान्तिकरी सदर्या ।
मन्दा शमा शान्तगुणोदया च माङ्गल्यदा द्वादशधा कुमारे ॥
उत्साहधैर्योग्रजया कला च सङ्कल्पयोगा च सकामतुष्टी ।
सुखा च सिद्धा च धनेश्वरी च शान्ताभिधाद्वादशधायुवाख्ये ॥
वैकल्यशोषा च तथा च मोघा च्युतेंद्रिया दुःखितरात्रिनिन्दा ।
बुद्धिप्रभङ्गा च तथा च क्लिष्टा ज्वरामृता द्वादशधा च वृद्धे ॥
छिन्ना च बंधारिपुघातकारी शोषामही ज्वालनकष्टदा च ।
व्रणांकिता भेदकरी च दाहा मृत्युःक्षया द्वादशमृत्युजा इमाः॥

एवं षष्टिरवस्थाः स्युरवस्था पञ्चके सदा ।
सर्वासु तासु विज्ञेयं स्वनाम सदृशं फलम् ॥ ५६ ॥

बालस्वरादिकेति। बालस्वरादिकावस्था भानुसंख्या द्वादशसंख्या भवन्ति । तास्तु द्वादशावस्थाः स्वस्वभुक्तिप्रमाणेन स्वस्वभोगप्रमाणेन क्रमेणोदयन्ते । घटिकाख्ये दिने पक्षे मासे ऋतौ अयने वर्षे च द्वादशावस्था जायन्ते । भपलानीति । घटीस्वरो भपलानि घटीपञ्च सप्तविंशतिपलाधिके पञ्चदण्डात्मके ५।२७ । अत्र द्वादशभागो भपलानि गृहीतः । दिने तिथौ षष्टिदण्डात्मके द्वादशभागः पञ्चदण्डाः । पक्षे सांऽयहः सपाददिनम् १।१५ । मासे द्वादशो भागः सार्धदिनद्वयम् २।३० । ऋतौ द्वादशो भागः

द्युषट्कं षट्दिनानि। अयने षट्राश्यात्मके द्वादशों भागः पक्षः १५। वर्षे मासो द्वादशभागः। द्वादशवर्षे एकं वर्षं द्वादशभागः। एवं क्रमाद् भोगप्रमाणेन अवस्था भवन्ति। मुक्तस्वर इति। यस्य बालादिस्वरस्यावस्था घटीस्वरादौ ज्ञातुमिच्छते तेनोक्तं सर्वं पलीकृत्य, स्वस्वभोगेन द्वादशभागेन विभक्ते भागे हृते यल्लब्धं तत्संख्यागतावस्था ज्ञेया शेषं वर्त्तमानावस्था। शेषे तु गतगम्यकरणात् गते षष्ट्युद्धृते गतसमयः। गम्ये षष्ट्युद्धृते गम्यसमयः इति। अन्योदाहरणम्—यथा चैत्रशुक्लप्रतिपदि मुक्तघटिकाः ३३। तिथौ द्वादशावस्था प्रमाणं पञ्च घट्यः पञ्चहारेण भक्ते प्राप्ताः षडवस्था मुक्ताः ६ शेषघट्यः ३। सप्तम्यवस्था विद्यते। सदानन्दस्य दिनचर्यायां वर्णस्वरो एकारस्तद्वशेन सदानन्दस्य प्रतिपत् बालावस्था। तद्वलात् राज्यदा अवस्था भवतीति अनेनोदाहरणेन सर्वेषामवस्थाफलं निर्णेतव्यम्। मूका च बालेति अवस्था नामानि लिख्यन्ते सुगमम् च॥ ४७–५६॥

पाँच स्वरों में प्रत्येक की १२ अवस्थाऐं एवं १२×५=६० अवस्थाएं होती हैं, तदनुसार शुभाशुभ फल निर्देश किया जाता है—बाल आदि प्रत्येक स्वरों की बारह अवस्थायें होती हैं, और यह प्रत्येक अपने २ भोग प्रमाण से उदय होती हैं। घटीस्वर, तिथिस्वर, पक्षस्वर, मासस्वर ऋतुस्वर अयन, वर्ष और द्वादशवार्षिक स्वरों में प्रत्येक में द्वादश अवस्थायें उदित होती हैं। घटीस्वर में ५ घटी २७ पल, तिथि में ५ घटी, पक्ष में १ दिन १५ घटी, मास में २ दिन ३० घटी, ऋतु में ६ दिन, अयन में १५ दिन, वर्ष में १ मास, द्वादशवार्षिक में १ वर्ष प्रत्येक का १२ वा भाग प्रत्येक में प्रत्येक अवस्थाओं का भोग होता है। जिसका बाल आदि स्वरों में अवस्था का विचार करना हो, वह जिस स्वर में जितने समय में विचारकराना चाहता हो उसका पल बनाकर, उस स्वर के १२ वें भाग के तुल्य भोग से भाग देने से लब्धि के तुल्य गत अवस्था होती है। शेष गत होता है उस पर गम्य समय को निकाल कर दोनों में ६० से भाग देने से गत और गम्यकाल होता है। १, मूका २, बाला, शिशु ३, हासिका ४, कुमारिका ५, यौवन ६, राज्यदा ७, क्लेशा ८, निन्द्या ९, ज्वरिता १०, प्रवासा ११ और मृता ये बालस्वर के १२ अवस्थाओं के नाम हैं। स्वस्था १, शुभा २, मोक्षा ३, निहर्षा ४, वृद्धि ५, महोदया ६, शांतिकरी ७, सुदर्या ८, मद्य ९, कामा १०, शांतगुणोदया ११, और मांगल्यदा ये कुमारस्वर के अवस्था हैं। उत्साह १, धैर्य २, उग्र ३, जया ४, बला ५, संकल्पयोगा ६, सकामा ७, तुष्टि ८, सुखा ९, सिद्धा १०, धनेश्वरी ११ और शांता १२ ये १२ अवस्थायें युवा स्वर की हैं। वैकल्य १, शोष्या २, मोक्षा ३, च्युतेंद्रिया ४, दुःखित ५, रात्रि ६, निद्रा ७, बुद्धि ८ प्रभंगा ९, क्लिष्टा १०, ज्वरा ११ और मृता १२ ये १२ अवस्थायें वृद्धस्वर की हैं। छिन्ना १, बंधा २, रिपुनाशकारी

३, शोषा ४, मही ५, ज्वालन ६, कष्टदा ७, व्रणांकित ८, भेदकरी ९, दाहा १०, मृत्युकरी ११ और क्षया १२ ये १२ अवस्थायें मृतस्वर की हैं। ये पांचों स्वरों के ६० अवस्थाओं के नाम हैं ये अपने नाम के सदृश फल देने वाले होते हैं ॥४७–५६॥

अथ युद्धादिषु दिक्स्वरमाह—

पूर्वस्मिन्नस्वरः स्वामी इकारो दक्षिणे तथा।
उकारो पश्चिमे ज्ञेयं ए सौम्ये मध्य ओस्वरः ॥ ५७ ॥

यस्यां दिश्युदयं याति स्वरस्तत्पञ्चमी दिशम्।
वर्जयेत् सर्वकार्येषु यात्राकाले विशेषतः ॥ ५८ ॥

पृच्छते पृच्छकः स्थास्नुः स्वरस्तमितां दिशम्।
हानिर्मृत्युर्भयं भङ्गो जायते नात्र संशयः ॥ ५९ ॥

पूर्वेति स्पष्टम्। यस्यामिति। यस्मिंस्तिथौ यः स्वरः यस्यां पूर्वादि दिशि उदयं याति तत्पञ्चमी दिशं सर्वकार्येषु वर्जयेत्। विशेषतो यात्राकाले तां न गच्छेत्। पञ्चमी दिशं वर्जयेदित्यत्र मात्राद्या अष्टस्वराः तेषां कस्य बलेन पञ्चमी मृताख्यं वर्जयेत् किमपि नोक्तम्। अत्रैवं ज्ञायते कवेरभिप्रायः वर्णस्वरादेव। अर्थात् यस्य यो वर्णस्वरस्तस्य सा दिक्। तत्पञ्चमीं वर्जयेत्। इति जयलक्ष्मीटीकाकारैर्व्याख्यातम्। तत्रत्योदाहरणमिति। यथा देवदत्तस्य वर्णस्वर ओकारः मध्ये स्थितः मध्यात्प्रादक्षिण्येन देवदत्तस्य पंचमी दिगुत्तरा अतः देवदत्तः उत्तरां यात्रायुद्धे विवादे च सर्वदा वर्जयेत्। संग्रामे सेनामध्ये तां दिशं न समाश्रयेत्। नरहरिस्तु यथा इकारस्वरो द्वितीयासप्तमीद्वादशीषु दक्षिणस्यां दिश्युदितः। तत्पञ्चमीदिक्पूर्वा तेन सा न गन्तव्या। तत्र मृतस्वरस्याकारस्योदितत्वात्। मध्येदिक् कथं व्यवहर्त्तव्यमिति संशये प्रतिपत्पष्ठ्येकादशीषु अकारोदयः पूर्वदिशि तत्पञ्चम प्रदेशो मध्यं प्रासादूर्ध्वाधः स्थितगृहादि न गच्छेदिति समर्थनीयम्। पृच्छते इति। स्वरस्य दिक् क्रमेणोदितस्य पञ्चमीं दिशं लक्ष्यीकृत्य स्थाणुः पृच्छको यदि पृच्छति प्रश्नं करोति तदा हान्यादिकं जायते अत्र संशयो न। यथा द्वितीया मिकारस्य दक्षिणदिश्युदयात् पूर्वदिगस्तमिता तदवस्थितफलमेवं वक्तव्यमित्यर्थः ॥ ५७-५९ ॥

पूर्वादि दिशाओं में स्वरों का क्रम यात्रादि की सफलता के लिये बताया जाता है। पूर्व दिशा में अस्वर और १।६।११ तिथियों का उदय होता है। दक्षिण में

दिशास्वरचक्रम्

०	पूर्व. अ. १।६।११	०
उ. ए. ४।९।१४	ओ. ५।१०।१५	द. इ. २।७।१२
८	प. उ. ३।८।१३	०

इ स्वर और २।७।१२ तिथियाँ, पश्चिम में उ स्वर और ३।८।१३ तिथियाँ, उत्तर में एकार स्वर और ४।९।१४ तिथियाँ और मध्य में ओ स्वर तथा ५।१०।१५ तिथियां उदय होती हैं। जिस तिथि को जो स्वर जिस दिशा में उदित हो, उस दिशा से पांचवीं दिशा में यात्रा आदि न करे। यदि स्वर के दिशा से पांचवीं दिशा अर्थात् अस्त दिशा में स्थायी राजा युद्ध के निमित्त प्रश्न करे तो हानि आदि कहना। जैसे द्वितीया तिथि को इकार स्वर का उदय दक्षिण दिशा में है उससे पांचवीं दिशा पूर्व अस्तदिशा हुई यदि अस्त दिशा में बैठकर स्थायी प्रश्न करता हो तो हानि आदि कहना ॥ ५७–५९ ॥

अथ तात्कालिकस्वरविवरणम्—

तिथ्यादावुदयं याति तिथिस्वराद्धटिकास्वरः।
बालस्वरादिका प्रश्ने फलं तस्य वदाम्यहम् ॥ ६० ॥
तिथिभुक्तघटीसंख्यां कृत्वा पलमयीं ततः।
ऋक्षवह्निहृते शेषे स्वरस्तत्कालसम्भवः ॥ ६१ ॥
यमुद्दिश्य कृतः प्रश्नः फलं तस्य प्रजायते।
यत्र नोद्दिश्यते किञ्चित् तत्र प्रष्टुः शुभाशुभम् ॥ ६२ ॥
बालोदये यदा पृच्छा लाभार्थे स्वल्पलाभदा।
रुगार्ते चिररोगं च गमे हानिः क्षयं रणे ॥ ६३ ॥
कुमारोदय वेलायां लाभो भवति पुष्कलः।
रुजो नाशो जयो युद्धे यात्रा सर्वत्र सिद्धिदा ॥ ६४ ॥
युवोदये भवेद्राज्यं क्लेशच्छेदं च तत्क्षणात्।
संग्रामे शत्रुहंता च यात्रा च सफला भवेत् ॥ ६५ ॥
वृद्धोदयेऽन्नलाभः स्यात् क्लेशिनां क्लेशवर्धनम्।
सङ्ग्रामे भङ्गमायाति यात्रायां न निवर्त्तते ॥ ६६ ॥
मृतोदये यदा प्रष्टा पृच्छति स्वं प्रयोजनम्।
तत्सर्वं मृत्युदं ज्ञेयं युद्धे मृत्युः सभङ्गकः ॥ ६७ ॥

ओजस्वराः पुमांसः स्युः स्त्रियो युग्मे स्वरान् विदुः ।
स्वस्वस्वरोदये जाते पुंसां स्त्रीणां बलं भवेत् ॥ ६८ ॥
गर्भार्थे पुंस्वरे पुत्रः कन्या कन्यास्वरोदये ।
युग्मे युग्मं क्षयो नष्टे मातुर्मृत्युश्च संक्रमे ॥ ६९ ॥
सुनाडीस्वरयोः पुंसो पुंयुग्मं स्त्रीयुगं स्त्रियोः ।
तयोस्तु पुंस्त्रियोः पुंस्त्रीयुग्मं गर्भे विनिर्दिशेत् ॥ ७० ॥

तिथ्यादाविति—तिथ्यादौ तिथिप्रारम्भसमये तदा हि यस्तिथिस्वरस्तस्मात्सार्धपंचघट्युदयं याति षष्टिघट्यात्मके तिथौ तत्र प्रश्ने सति तस्य बालकुमारादिलक्षणो घटीस्वरो भवति । तस्य प्रष्टुः फलं ब्रवीमि । तिथेर्यावती घटी भुक्ता तत्संख्या पष्ट्या संगुण्य पलमयीं कृत्वा । तत्र ऋक्षवह्निहृते सति सप्तविंशत्यधिकशतत्रयेण भागे हृते यल्लब्धं तिथिस्वरावधिको भुक्तस्वरः शेषस्तत्कालसंभवस्तात्कालिकस्वरो ज्ञातव्यः । एवं तिथेरंतरोदयो घटीस्वरो ज्ञातव्यः । तिथेरन्तरोदये घटीस्वरमुपक्रम्य बालादिव्यवस्था घटीस्वरे तु मात्राश्वराद्बालादिव्यवस्थेत्यव्यवहितः पक्षः । यमुदिश्य । यद् बालादिव्यवस्थाज्ञानमुद्दिश्य प्रश्नः कृतस्तस्य तत् फलं प्रजायते फलभागित्वं भवति । तन्नाम्ना बालादि बालादिस्वरवशेनेत्यर्थः । यत्र किञ्चिन्नाम नोद्दिश्यते न प्रकाश्यते तत्र प्रष्टुरेव शुभमशुभं च फलं वक्ष्यमाणं वक्तव्यम् । यथा देवेन्द्रे नान्यमुदिश्य प्रश्नः कृतः विजयस्येदं कार्यं भविष्यति ? तदा विजयस्य वर्णस्वरवशेन बालादिस्वरदिशामवधीकृत्य फलं ब्रूयात् । उदाहरणम् । चैत्रशुक्लप्रतिपदि अस्वरस्योदयः । अंतरोदयपलानि ३२७ । तिथिभुक्तघटीसंख्या १५।५० । तस्य पलानि ६५० अंतरोदयपलेन लब्धं गतस्वराः २ शेषं २६६ शेषे अकारात्तृतीयस्वरः उदितः । यदि देवेन्द्रेण प्रश्नफलवक्तृसमीपात् प्राक् दक्षिणे पश्चिमे वा उत्तरेऽवस्थितेन प्रश्नः कृतः चेत्सर्वतोभद्रचक्रेणोक्तलक्षणेनास्तमिता दिक् तदा यत् कार्यमुदिश्य प्रश्नः कृतस्तत्कार्यहानिर्वक्तव्या । संग्रामादिसाहसकर्मणि भयम् । युद्धे भङ्गः । नैरुज्यप्रश्ने मृत्युः इत्यादीनि वदेत् । ओजस्वरा इति । ओजस्वरा विषमस्वराः प्रथमतृतीयपंचमाः अ उ ओ एते त्रयः पुमांसः पुरुषस्वराः स्युः । युग्मस्वराः समस्वराः इ. ए. एते समस्वराः स्त्रीसंज्ञकाः । स्वस्वस्वरोदये विषमाख्या पुरुषस्वरोदये पुंसां बलं भवति । स्त्र्याख्यसमस्वरोदये स्त्रीणां स्त्रीजातीयानां बलं भवति । एतावत्स्वस्वस्वरोदये तत्तदाख्यकार्याणि सिध्यन्ति । तथा च पुंस्वरे वर्तमाने बालादौ पुमान् बलवान् आधाने तु पुत्रोत्पत्तिरेव स्त्रीस्वरे कन्योत्पत्तिः । गर्भार्थे इति । प्रष्टा पृच्छति अस्मिन् गर्भे पुत्रः वा पुत्री भविष्यति । तस्मिन्सति तत्काले अकारस्य,

उकारस्य, ओकारस्य उदयश्चेति तदा गर्भे पुत्रो भविष्यतीति वाच्या। तत्काले इकारस्य एकारस्य अनयोरुदयस्तदा गर्भे कन्या वाच्या। युग्मे पुंस्त्र्याख्य स्वरोदये युग्मं वदेत्। नष्टस्वरोदये अस्तमिते पापविद्धे वा गर्भनष्टता वाच्या। संक्रमे पुंस्त्र्याख्यस्वरोदये समाप्तौ मातुर्मृत्युर्वाच्या। द्युनाडीति। द्युदिवसस्तिथिस्वरः नाडी घटीस्वरः तत्कालपंचघटिकान्तरोदयस्वराः तौ च यदि विषमौ पुंसंज्ञकौ भवतस्तदा पुत्रद्वयं वदेत्। एवं स्त्र्याख्यौ दिनस्वरघटीस्वरौ तदा कन्याद्वयं वदेत्। तौ यदि पुंस्त्रियौ तयोरकारः पुमान् एकारः स्त्री तदा पुरुषकन्ये भवतः इति वदेत्। अनयोरेकस्मिन्नष्टे अस्तमितेन ग्रहवेधेन वा तदा तस्य नष्टता वाच्या॥ ६०—७०॥

अनेक विध स्वर भेदों को जानकर प्रश्न कर्त्ता के प्रश्न के अनुसार स्वरशास्त्रज्ञ ज्योतिषी को निर्भीकता से सटीक उत्तर देना चाहिए जो सही होगा आचार्य इसे दृढ़ता से निम्न भांति कह रहा है—तिथि के आरम्भ समय में जिस स्वर का उदय हो उससे घटीस्वर का ज्ञान करना चाहिये। उससे प्रश्न का फल मैं कहता हूँ। तिथि के भुक्तघटी को अर्थात् जिस समय प्रश्नकर्त्ता ने प्रश्न किया उस समय तिथि की जितनी घटी बीतचुकी हो उसका पल बनाकर उसमें ३२७ का भाग देने से लब्धि तुल्य गतस्वर और शेष वर्तमान स्वर तात्कालिक होता है इसी को घटीस्वर कहते हैं। प्रश्नकर्त्ता जिस पदार्थ या जिसका नाम लेकर प्रश्न किया हो उस पदार्थ या नाम से वर्णस्वर के अनुसार बालादि स्वर और दैवज्ञ से पूर्वापर याम्योत्तर दिशा में स्थित प्रश्नकर्त्ता के स्थिति के अनुसार शुभाशुभ फल कहे। यदि वह अस्तंगत हो तो जिस कार्य के लिये अथवा जिसके लिये प्रश्न किया है वह कार्य नहीं होगा ऐसा कहे। यदि किसी का नामोच्चारण नहीं करता हो तो प्रश्नकर्त्ता ही का शुभाशुभ फल कहे। यदि बालस्वर के उदय में लाभ के निमित्त प्रश्न हो तो थोड़ा लाभ होता है। रोग के लिये प्रश्न हो तो अधिक रोग, यात्रा में हानि और रण में मृत्यु होती है। कुमारोदय में अधिक लाभ, रोग का नाश, युद्ध में विजय और यात्रा में सभी कार्य सिद्ध होते हैं। युवास्वर के उदय में राज्य प्राप्ति, रोग का नाश, संग्राम में शत्रु का नाश और यात्रा में सफलता की प्राप्ति होती है। वृद्ध स्वर के उदय में अन्न का लाभ, रोग में रोग की वृद्धि, संग्राम में हानि और यात्रा में पुनः आगमन नहीं होता है। यदि मृत्युस्वर के उदय में प्रश्नकर्त्ता अपने मनोरथों को पूछता हो तो सभी मनोरथ नष्ट हो जाते हैं और युद्ध संबंधी प्रश्न में उस योधा की मृत्यु होती है। विषम स्वर अ, उ, ओ यह पुरुषस्वर हैं और समस्वर इ, ए यह स्त्री संज्ञक हैं। अपने-अपने स्वर के उदय काल में पुरुष और स्त्री बली होते हैं। यदि गर्भ सम्बन्धी प्रश्न हो कि इस गर्भ में पुत्र वा पुत्री किसका जन्म होगा तो उस समय

पुरुषस्वर का उदय हो तो पुरुष, स्त्री स्वर का उदय हो तो स्त्री का जन्म कहना। यदि दोनों स्वरों का उदय हो तो दोनों कहना। अस्तमित स्वर में प्रश्न हो तो गर्भ नष्ट होगा ऐसा कहना। संक्रम काल अर्थात् दोनों पुरुष स्त्री स्वरों के समाप्ति काल में यदि प्रश्न हो तो माता की मृत्यु कहना। यदि तिथिस्वर और घटीस्वर दोनों विषम हों तो दो पुरुष, दोनों सम हो तो कन्या, एक विषम और एक सम हो तो एक पुरुष और एक कन्या कहना। इनमें जो अस्तंगत स्वर हो उसके जन्तु को नष्ट कहना ॥ ६०—७० ॥

अथ नक्षत्रचरणवर्णवशात्फलम् —

जन्मर्क्षे जन्मपादो यस्तद्वर्णे योऽक्षरस्वरः।
तेन नाडीस्वरो ज्ञेयः स्वभावः प्राणिनामभिः ॥ ७१ ॥
चपलः कातरो मूर्खः कृपणश्चाजितेन्द्रियः।
असत्यो बहुभाषी च जातो बालस्वरोदये ॥ ७२ ॥
व्यवसायी कलाभिज्ञः स्त्रीरतः सुभगः सदा।
दीर्घायुर्विग्रही शूरः कुमारोदयसंभवः ॥ ७३ ॥
सर्वलक्षणसंपूर्णो राजा भवति धार्मिकः।
सर्वकालं जयी युद्धे जाते युवोदये शिशुः ॥ ७४ ॥
स्त्रीजितो धार्मिकः कामी विवेकी स्थिरसाहसः।
सत्यवादी सदाचारः पुमान्वृद्धोदयोद्भवः ॥ ७५ ॥
क्लेशीसमत्सरः क्रूरो निष्कर्मा विकलेन्द्रियः।
सर्वकार्यालसो दुष्टो जन्मर्क्षस्य मृतोदये ॥ ७६ ॥

जन्मर्क्षे इति। जन्मर्क्षे जन्मनक्षत्रे यो जन्मपादो जन्मनक्षत्रचरणा तद्वर्णे अर्थान्नक्षत्रचरणे योक्षरः तद्वशेन यो स्वरस्तद्वर्णस्वरः तथा जन्मसमये यो नाडीस्वरः तस्मिन् बालादिसंज्ञा स्थापनीया। प्राणिनां स्वभावसिद्ध इति। उदाहरणम्। यथा भाद्रपदशुक्लप्रतिपदि उत्तराफाल्गुनीभे तृतीयचरणे-सदानन्दस्य जन्म। उत्तराफाल्गुनी तृतीयचरणानुराधेन पद्मनाभ इति जन्म-नाम अथ पद्मनाभस्य अकारो वर्णस्वरः। पद्मनाभस्य जन्मतिथौ वालाख्य-स्वरस्तत्फलं वाच्या। इति। चपलादेरारभ्य पञ्चश्लोकाः स्पष्टार्थाः ॥७१—७६॥

आचार्य जातक ग्रन्थों में कथित फलादेश की तरह यहाँ स्वर शास्त्र से जातक का शुभाशुभ विचार कर रहा है। जन्मनक्षत्र के जिस चरण में जन्म हो उसके

अनुसार जो वर्ण उसका जो स्वर वह वर्णस्वर होता है और तिथि के अनुसार जो नाडी स्वर—यह नाडीस्वर वर्णस्वर से जिस अवस्था को प्राप्त हो उससे आगे कहे हुये अनुसार बालक का फल कहे। बालस्वर के उदयकाल में जन्म हो तो बालक चंचल, कातर, मूर्ख, कृपण, दुराचारी, झूठा, बहुत बोलने वाला होता है। कुमारस्वर के उदय में जन्म हो तो रोजगारी, कला को जानने वाला, स्त्रीमें आसक्त, भाग्यवान्, दीर्घायु, विग्रह करने वाला शूरवीर होता है। युवा स्वर के उदय में सभी लक्षणों से युक्त राजा, धार्मिक, युद्ध में हमेशा विजयी होता है। वृद्धस्वर के उदय में जन्म हो तो स्त्री से हार खाने वाला, धार्मिक, कामी, विचार-शील, साहसी, सत्यवादी, सदाचारी होता है। मृतस्वर के उदय में जन्म हो तो कष्ट भोगनेवाला पाखंडी, दुष्ट, व्यर्थ, विकलेन्द्रिय, सभी कार्यों में आलसी होता है ॥ ७१–७६ ॥

तात्कालिक प्रश्नस्वरचक्रम्

अ.	इ.	उ.	ए.	ओ.
क.	ख.	ग.	घ.	च.
छ.	ज.	झ.	ट.	ठ.
ड.	ढ.	त.	थ.	द.
ध.	न.	प.	फ.	ब.
भ.	म.	य.	र.	ल.
व.	श.	ष.	स.	ह.
१	२	३	४	५
६	७	८	९	१०
११	१२	१३	१४	१५
मं. सू.	बु. चं.	बृ.	शु.	श.
अ.	अ.	अ.	अ.	अ.
५	५	५	५	५

ककारादिदकारांताः पंचह्रस्वस्वरास्तथा ।
बलिनः स्युः सिते पक्षे शेषाः सर्वे सितेतरे ॥ ७७ ॥
एकस्वरः पृथग्वर्णः पक्षयोरुभयोर्यदि ।
तत्र पक्षबलं ग्राह्यं शुक्लकृष्णविभेदतः ॥ ७८ ॥
एकपक्षाक्षरे चैकः स्वरश्चेद्योधयोर्द्वयोः ।
शुक्ले गौरो परे कृष्णो युद्धे जयति निश्चितम् ॥ ७९ ॥
यस्मिन्नेकस्वरे कृष्णौ गौरौ वा सुभटौ यदि ।
स्वरासन्नाक्षरो ह्रस्वो दीर्घो दूराक्षरो जयी ॥ ८० ॥
प्रमाणनामवर्णैक्यं युद्धकारकयोर्यदि ।
तत्र युद्धे बलं देयं यायिस्थायिविभेदतः ॥ ८१ ॥
योधयोः सर्वभेदैक्ये स्वरे यूनि कुमारके ।
यायी जयी तथा स्थायी बालवृद्धांतिमस्वराः ॥ ८२ ॥

आद्य तिथौ त्रयो वर्णा द्वौ द्वौ वै शेषयोर्यदि ।
एवं तिथित्रये ज्ञेया वर्णसंख्या तिथिस्वरे ॥ ८३ ॥
वर्णतिथ्यादितिथ्याख्याजन्महानिर्मृतिस्तथा ।
भीर्जन्मनि रुजा हानौ मृतौ मृत्युर्न संशयः ॥ ८४ ॥

ककारादिति । ककारादिदकारान्ताः क ख ग घ ङ, च छ ज झ ञ, ट ठ ड ढ ण त थ द वर्णास्तथा पञ्च ह्रस्वस्वराः अ इ उ ए ओ एते शुक्लपक्षे बलिनः स्युः शेषाः ध न प फ ब भ म, य र ल व, श ष स ह, आ, ई, ऊ, ऐ औ अं अः एते कृष्णपक्षे बलिनः स्युः । एकस्वरेति । यत्रोभयोः स्वरः एकः पृथक्पक्षयोः शुक्लकृष्णपक्षयोर्वर्णौ नामादौ भवतस्तत्र पक्षबलं शुक्लकृष्ण-भेदतो ग्राह्यम् । यथा कमलेन्द्रचन्द्रेन्दयोः ककारचकाराद्ययोरेकोऽकारो वर्णस्वरः ककारः शुक्लपक्षे बली, चकारः कृष्णपक्षे बलीति । तत्र पक्षे तौ प्रत्येकं यायिनौ शुक्लकृष्णभेदादिति । एकपक्षाक्षर इति । द्वयोर्योधयोरेक-पक्षाक्षराद्योर्नामादिर्वर्णः स्वरः एकश्चेद्भवेत् । तदा शुक्ले शुक्लपक्षे गौरो गौरवर्णः अपरे कृष्णपक्षे कृष्णः श्यामवर्णो निश्चितं जयति । अत्र वर्णानामेव प्राधान्यं न स्वराणाम् । यतः शुक्लकृष्णयोरपि वर्णत्वम् । यथा कमलेन्द्र, गौरवर्णः चन्द्रे-न्दवः श्यामवर्ण यत्र अत्रद्वयोः स्वरस्त्वेकमेवऽकारः पक्षोऽप्येक एव तत्र कमलेन्द्रो गौरत्वेन शुक्लपक्षे जयी । चन्द्रेन्दुस्तु श्यामवर्णत्वेन कृष्णपक्षे जयीति । यस्मिन्निति । यस्मिन्नेकपक्षाक्षरे एक एव स्वरयोर्द्वौ गौरौ कृष्णौ वा स्वराः दीर्घौ भवतस्तत्र यदि ह्रस्वः स्वरचक्रे लिखनक्रमेण स्वरासन्न क्षरः तदा स जयी भवति । पक्षयोर्दीर्घाक्षरः स यदि स्वराद्दूराक्षरस्तदा स जयी भवतीत्यर्थः। यथा खकारगकार वर्णाभ्यां भटयोर्नाम तदा स्वरासन्नो ह्रस्वयोर्मध्ये खकार वर्णा-त्मको भटः गकार वर्णात्मकं भटं जयति । तौ चेद्दीर्घौ तदा गकारवर्णात्मको भटः खकार वर्णात्मकं भटं जयति । प्रमाणमिति । युद्धकारकयोः द्वयोः प्रमाणं ह्रस्वादिनाम, वर्णो गौरत्वादि तेषामैक्यं समता यदि स्यात्तर्हि तत्र यायिस्थायि विभेदतः युद्धे बलं ज्ञेयम् । योधयोरिति । योधयोः भटयोः पूर्वोक्तसर्वजयभेदैक्ये तुल्ये सति तत्काले नाडीस्वरे यूनि कुमारे वा स्वरे प्राप्ते यायी जयी भवति । बालवृद्धान्तिमे बालवृद्धमृतस्वरे युद्धकाले स्थायी जयी भवति । आद्येति । प्रतिपत् षष्ठ्येकादशीनामुपरि अ-क-छ-ड-ध-भ-व इति समाक्षराणि सन्ति तेषां ता एव तिथयः । तत्राद्यतिथेः प्रतिपदो वर्णास्त्रयः अ क छ इति । शेषयोः द्वौ द्वौ वर्णौ तत्र षष्ठया डधौ वर्णौ, भव इत्येकादश्यः विभागः । एवमिकारादिषु तिथीनां विभागः कर्त्तव्यः । वर्णतिथ्यादि । तिथिवर्णादौ स्वरचक्रे तिथ्याख्या तिथीनां तिसृणामाख्या नाम भवति । किं

तन्नाममित्याह। जन्महानिर्मृतिस्तथा। आद्या तिथेरेव जन्म नाम भवति। द्वितीयस्य हानिसंज्ञा। तृतीयस्य मृतिनाम। यथा अकछा यस्य नामवर्णाः तस्य प्रतिपज्जन्मसंज्ञा। षष्ठी हानि संज्ञा। एकादशी मृतिसंज्ञा। यस्य डधौ तस्य षष्ठी जन्मसंज्ञा। एकादशी हानिसंज्ञा। प्रतिपन्मृतसंज्ञा। यस्य भवौ तस्यैकादशी वर्णौ जन्मसंज्ञा। प्रतिपद्धनिसंज्ञा। षष्ठी मृतसंज्ञा। एवमिकारादिषु वर्णतिथिसंज्ञा कल्प्या। अथ त्रयाणां फलमाह। भीर्जन्मनि जन्मसंज्ञेभयम्। हानौ रुजा। मृतौ मृत्युर्भवति॥ ७७–८४॥

आचार्य के मत से ककारादि वर्ण, अकारादि स्वर और दोनों योद्धाओं का कृष्ण गौरश्यामादि वर्ण समझ कर युद्धारम्भ काल का निर्णय दिया जाता है—ककार से आरम्भ कर दकार पर्यन्त अर्थात् क ख ग घ ङ, च छ ज झ ञ, ट ठ ड ढ ण, त थ द इन वर्णों को शुक्लपक्ष में वली समझे, और शेष ध न, प फ ब भ म, य र ल व, श ष स ह अक्षरों और आ ई ऊ ऐ औ स्वरों को कृष्णपक्ष में वली समझे। जहाँ दोनों योद्धाओं के नाम के अनुसार शुक्लपक्ष और कृष्णपक्ष के अनुसार एक ही स्वर हो वहाँ पर युद्ध में पक्षबल ही लेना चाहिये। जैसे कमलेन्द्र और चन्द्रेन्दु के नामादि वर्ण ककार और चकार के अनुसार अकार वर्णस्वर हुआ। ककार शुक्लपक्ष और चकार कृष्णपक्ष में वली है अतः यहाँ दोनों का पक्षबल लेना चाहिये। यदि दोनों के नामादि में एक ही पक्ष के अक्षर हों और एक ही स्वर हो और एक गौरवर्ण का हो और दूसरा श्यामवर्ण का हो तो ऐसे स्थिति में गौर और श्यामवर्ण के अनुसार शुक्ल और कृष्णपक्ष का बल देना चाहिये। अर्थात् गौर वर्णवाला शुक्लपक्ष में और श्यामवर्णवाला कृष्णपक्ष में वली होता है। 'जहाँ पक्ष वर्ण स्वर तीनों एक हों और ह्रस्व दीर्घ स्वर हों वहां आसन्न वर्ण के अनुसार विजय कहना चाहिये। जहां स्वर और गौरवर्णादि एक हों वहां यायी और स्थायी के अनुसार बल जानना चाहिये। यदि योधाओं के सभी विजय देनेवाले स्वरादिकों की एकता हो वहां तात्कालिक नाडीस्वर के अनुसार युवा और कुमारस्वर का उदय हो तो यायी और बाल वृद्ध तथा मृतस्वर के उदय में स्थायी विजयी होता है। पूर्वोक्त तिथिनक्षत्रादि स्वर में नन्दा तिथि के ऊपर अ क छ ड ध भ व ये सात अक्षर हैं इनमें प्रथम तिथि प्रतिपदा के अ क छ ये तीन वर्ण, षष्ठी के ड ध दो वर्ण, और एकादशी के भ व ये दो वर्ण हैं इसी प्रकार इकारादि को भी जानना चाहिये। तिथि के अनुसार ही जन्म, हानि और मृति नाम होता है। अर्थात् जिसके नाम के आदि में अ क छ इन वर्णों में से कोई वर्ण हो उसके लिये प्रतिपदा जन्म संज्ञक, षष्ठी हानि संज्ञक और एकादशी मृति संज्ञक होती है। जन्म संज्ञक में भय, हानि संज्ञक में रोग और मृति संज्ञक में मृत्यु होती है। इसके अनुसार सभी तिथियाँ अशुभ होती हैं तो कार्य कैसे किया जाय? अतः इनका फल यात्रादि में ही लेना चाहिये अन्यत्र नहीं॥ ७७–८४॥

स्वरादिनफलं वक्ष्ये पुंसां कर्मप्रकाशकम् ॥ ८५ ॥
योगपिण्डर्क्षराश्याख्याजीवखेटाक्षरस्वरान् ।
उत्पाद्य नामतश्चाष्टौ मात्रान्तान् स्थापयेत्क्रमात् ॥ ८६ ॥
तस्याधस्ताल्लिखेच्चाष्टौ द्वादशाब्दादिकान्स्वरान् ।
स्वस्वभोगेन संयुक्तान् भोगश्चैकादशांशकः ॥ ८७ ॥
यथोत्तरबला योगादिमाः कालस्वरास्तथा ।
कालोदयस्वराश्चापि ज्ञातव्याः स्वरवेदिभिः ॥ ८८ ॥
अकारादिस्वरावस्थां संख्यां वेद ४ प्रमाणिकाम् ।
विन्यस्य क्रमयोगेन ते च विंशोपकाः स्मृताः ॥ ८९ ॥

यदुक्तमिति स्पष्टम् । योगेति । योगस्वर पिण्डस्वर, नक्षत्रस्वर, राशिस्वर, जीवस्वर, ग्रहस्वर, वर्णस्वर, मात्रास्वरान्तानष्टौ स्वरान्नामत उत्पाद्य स्थापयेत् तिर्यक्पंक्ति क्रमेण लिखेत् । तस्येति । तस्य योगस्वरादेरधस्तात् द्वादशाब्दादिकालजान् स्वरान् द्वादशाब्द वर्षायनर्तुमासपक्षदिनघटीसंभवा नष्टौ स्वरानानीय लिखेत् । कथंभूतान् स्वभोगेन समायुक्तान् स्थूलक्रमेणान्तरोदयेन प्रमाणेन विशिष्य सहितान् भोगश्चैकादशांशक इति स्थूलमानेन प्रत्येकमेकादश हृतेन यो भागः प्राप्यते वर्षादिको यस्मिन्यः स भागो भुक्तिरित्यर्थः । यथा द्वादशवार्षिके वर्षमेकं मासमेकं दिनद्वयं लोकाब्धिनाडिका अष्टत्रिंशत्पलानि १ । १ । २ । ४३ । ३८ । यथोत्तरेति । स्वरवेदिभिरेते स्वरा यथोत्तरबला ज्ञातव्याः । के ते योगादिका मात्रांता अष्टौ नामज उत्पादिताः । तथा तेनैव प्रकारेण कालोदयाश्चापि । यथा योगस्वरात्पिण्डस्वरो बली, पिण्डस्वरा न्नक्षत्रस्वरः एवं क्रमेणाग्रतोऽपि । तथा द्वादशाब्दिकस्वराद्वार्षिकादयनस्वरः एवं क्रमेणाग्रतोऽपि ज्ञातव्यमित्यर्थः । अकारादिति । अकारादिक्रमात् अ इ उ ए ओ एवंक्रमेणोल्लिख्य तदधस्तावत् वेदाश्चत्वारस्तत्प्रमाणिकाश्चतुःसंख्या विन्यस्य स्वरज्ञैः विंशोपका मता स्वीकृता इत्यर्थः ॥ ८५–८६ ॥

मनुष्य के कर्म के प्रकाश करने वाले स्वरों से दिनफल का ज्ञान करना जो यामलतंत्र में कहा हुआ है उसे मैं गुरु के प्रसाद से कहता हूँ ॥ नाम से उत्पन्न योग, पिण्ड, नक्षत्र, राशि, जीव, ग्रह वर्ण और मात्रा इन आठ स्वरों को उत्पन्न कर क्रम से लिखे ॥ इन आठ स्वरों के नीचे क्रम से द्वादशवार्षिक, वार्षिक, अयन, ऋतु, मास, पक्ष, दिन और घटी स्वरों को भी अपने-अपने भोगकाल के साथ लिखे। इनका भोग प्रत्येक का ग्यारहवाँ भाग होता है ॥ ये योगादि मात्रांत आठ स्वर और कालज द्वादशवार्षिक आदि आठ स्वर यथोत्तरबली होते हैं। अर्थात् योगस्वर

से पिंडस्वर, पिण्डस्वर से नक्षत्र आदि एवं द्वादशवार्षिक से वार्षिक आदि बली होते हैं ऐसा स्वरशास्त्रज्ञ जाने ॥ अकारादि स्वरों के नीचे ४ चार की संख्या विंशोपक लाने के लिये लिख देवें ॥ ८५–८९ ॥

योगाद्द्वादशवर्षे स्युरवस्थाः पिण्डतोऽब्दके ।
भस्वरादयने ज्ञेया राशिस्वरादृतुस्वरे ॥ ९० ॥
जीवान्मासस्वरेऽवस्था ग्रहात्पक्षस्वरे तथा ।
वर्णाद्दिनस्वरे ज्ञेया मात्रास्वराद्धटीस्वरे ॥ ९१ ॥
द्वादशाब्दादिकः कालो यात्राकारादिकस्वरे ।
स्थितस्तत्र शुभो न स्यात्पञ्चावस्थाः शुभोऽपि च ॥ ९२ ॥
स्वरौ वृद्धान्तिमौ दुष्टौ बालपूर्वदलं तथा ।
शेषं सार्धद्वयं भव्यमिति ज्ञेयाः शुभाशुभाः ॥ ९३ ॥
द्वादशवार्षिकाद्या ये स्वान्तरोदयसंस्थिताः ।
ते शुभा एकतः स्थाप्या अशुभास्त्वन्यतः पृथक् ॥ ९४ ॥
शुभाशुभस्वरूपस्य राशियुग्मस्य मध्यतः ।
एकस्मात्पतिते शेषे ज्ञेयं तद्दिनजं फलम् ॥ ९५ ॥

योगादिति । योगाद्योगस्वराद्बालभूताद् द्वादशवर्षेऽवस्था बालाद्यवस्थाः स्युः । अयमर्थः । द्वादशवार्षिकस्वरे यः स्वरोऽकारादिरुदितः स योगस्वरं बालमवधी कृत्य बालः कुमारो युवा वृद्धो मृत इति स्थूले विशिष्यान्तरोदये सूक्ष्मे व्यवस्थापनीयमिति । एवमग्रेऽपि सप्तावस्था कथितविधेर्बालाद्बोद्धव्याः । तद्यथा । पिण्डतः पिण्डस्वरादब्दकेः आब्दिके वार्षिकस्वरे । भस्वरादयने नक्षत्रस्वरादयने द्वये । राशिस्वरात् ऋतुस्वरे । जीवस्वरात् मासस्वरे । ग्रहात् ग्रहस्वरात् पक्षे पक्षस्वरे । वर्णात् वर्णस्वरात् दिनस्वरे । मात्रास्वरात् घटीस्वरे बालाद्यवस्था चिन्तनीया इति । द्वादशेति । द्वादशाब्दिकस्वरे अ इ उ ए ओ एवंरूपे द्वादशाब्दिकः कालसमयः स्थितः स यदि पञ्चावस्थासु शुभः पञ्चस्वरावस्थासु बालादिक्रमस्थितास्वशुभो निषिद्धफलदोऽन्तरोदयक्रमेण न स्यात्तदा शुभं स्यादिति । एवं पञ्चावस्थास्वन्तरोदये वर्षमासदिननाडीपलस्वरूपा अशुभा स्यात्तदा शुभो न स्यात् । स्वरा विति । वृद्धान्तिमौ वृद्धस्वरमृत्युस्वरौ दुष्टौ निषिद्धफलदौ । तथा बालपूर्वदलं बालस्वरस्य प्रथमार्धमपि दुष्टम् । शेषं सार्धद्वयं बालस्वरस्योत्तरार्धं कुमारयुवानाविति भव्यं भद्रमिति अनेन प्रकारेण शुभाशुभं ज्ञेयमिति । द्वादशेति । स्वा-

न्तरोदये संस्थिता ये द्वादशवार्षिकाद्या अष्टौ स्वरास्ते शुभा, बालोत्तरार्ध-कुमारयुवानः स्वराः विंशोपकसहिता एकत्र एकदेशे स्थाप्याः। अपरं च बालपूर्वार्धमृतवृद्धस्वराः सविंशोपकाः स्थाप्याः। विंशोपकाः प्रत्येककुमारादीनां चत्वारो, बालो मिश्रफलत्वेनोभयत्र द्विसंख्या तत्र प्रथमार्धसमये शुभे द्विः, उत्तरार्धसमयेऽशुभे द्विः ॥ शुभेति। शुभाशुभरूपस्य च राशियुग्मस्य मध्ये एकस्मादन्यस्य पातिते शोधिते शेषे शुभराशावशुभराशौ वा तद्रूपमेव तद्दिनजं फलं भवतीत्यर्थः ॥ ९०–९५ ॥

योगस्वर से द्वादशवार्षिक अंतरोदय स्वर की अवस्था, पिंडस्वर से वार्षिक स्वर की अवस्था, नक्षत्रस्वर से अयनस्वर की अवस्था, राशिस्वर से ऋतुस्वर की अवस्था, जीवस्वर से मासस्वर की अवस्था, ग्रहस्वर से पक्षस्वर की अवस्था। वर्णस्वर से दिनस्वर की अवस्था तथा मात्रास्वर से घटीस्वर की अवस्था (बालादि) का ज्ञान करना चाहिये ॥ द्वादशवार्षिक स्वर अ इ उ ए ओ इन पांच स्वरों की बालादि अवस्थायें—यदि ये अंतरोदय क्रम से अशुभ फल देने वाली नहीं हैं तो शुभ फल देती हैं अर्थात् बालादि पांच अवस्थायें अंतरोदय में वर्षमास-दिन-नाडी पलस्वरूप स्वर यदि अस्त हैं तो अशुभ फल होगा ॥ बालस्वर का पूर्वार्ध अंत के दो वृद्ध और मृतस्वर अशुभ हैं शेष बालस्वर का उत्तरार्ध और युवा तथा कुमारस्वर शुभद हैं ॥ द्वादशवार्षिक आदि आठस्वरों के अंतरोदय के अनुसार शुभस्वरों को एक जगह और अशुभ स्वरों को एक जगह स्थापित करना चाहिये ॥ शुभ और अशुभ दो राशियों के मध्य में एक को दूसरे में घटाने से शेष के अनुसार ही उस दिन का शुभ तथा अशुभ फल कहना चाहिये ॥ ९०–९५ ॥

विंशत्या ताडिते शेषे चतुःषष्ठ्या विभाजिते ।
लब्धा विंशोपकास्तत्र शुभाशुभप्रकाशकाः ॥ ९६ ॥

विंशत्येति। शेषे पूर्वोक्तपातितशेषे विंशत्या ताडिते गुणिते चतुःषष्टि विभाजिते चतुःषष्ट्या कृतभागे लब्धं यत्तदेषां मध्ये विंशोपकाः शुभाशुभ-प्रकाशकाः। अर्थादेकलाभे योगतः द्विलाभे पिण्डतः एवमष्टपर्यन्तमात्रान्ताः फलं ज्ञेयम् ॥ ९६ ॥

पूर्वोक्त शुभ अशुभ पंक्तियों के अंतर करने से जो शेष बचे उसे बीस से गुणाकर चौंसठ से भाग देने से जो लब्धि होती है वही इनका विंशोपक होता है जो कि शुभ-अशुभ फल का प्रकाशक होता है ॥ ९६ ॥

योगे स्वकर्मतः पिण्डे शरीराद्धे सुहृज्जनात् ।
राशौ स्वकुलतो जीवे स्ववित्ताद् गृहतो रिपोः ॥ ९७ ॥
वर्णे स्वस्वामिनोर्ज्ञेयं मात्रायां स्त्रीजनात्फलम् ।
एवं ज्ञात्वा वदेद्विद्वान् दिन फलस्य शुभाशुभम् ॥ ९८ ॥

योग इति। योगे लब्धे स्वकर्मतः स्वव्यापारात्। पिण्डे द्विसंख्यालाभे शरीरात्स्वकीयादेव। नक्षत्रे त्रिसंख्यालाभे सुहृज्जनात्। राशौ चतुःसंख्यालाभे स्वकुलोद्भवजनात्। जीवे पञ्चसंख्यालब्धे स्ववित्तात्। ग्रहतोः षट्संख्यालाभे रिपोः शत्रुजनात्॥ वर्णे सप्तसंख्यालाभे स्वस्वामितः। मात्रायामष्टसंख्यालब्धे स्त्रीजनात् फलं शुभमशुभं वा भवतीति विद्वान् वदेत्॥ ६७–६८॥

पूर्वोक्त प्रकार से १ शेष में अपने व्यापार से, २ शेष में अपने शरीर से, ३ शेष में अपने मित्रों से, ४ शेष में अपने कुल से, ५ शेष में अपने धन से, ६ शेष में अपने शत्रुओं से, ७ शेष में अपने स्वामी से और ८ शेष में स्त्री से शुभ या अशुभ फल को कहना चाहिये॥ ९७–९८॥

उदाहरण—संवत् २०१६ शके १८८१ चैत्र शुक्ल प्रतिपद् १ गुरुवार घटी ९ पल २८। सूर्य ११।२५।५६ रा. अं. क. हैं। इस दिन सदानन्द के दिनचर्या का विचार करना है। अतः नियम के अनुसार सदानन्द के मात्रा स्वर आदि इस प्रकार हैं।

१—मात्रास्वर = अकार
२—वर्णस्वर = एकार
३—ग्रहस्वर = ओकार
४—जीवस्वर = एकार
५—राशिस्वर = ओकार
६—नक्षत्रस्वर = ओकार
७—पिंडस्वर = इकार
८—योगस्वर = अकार

इन स्वरों के उपरान्त कालस्वर अंतरोदय के सहित इस प्रकार हैं

—घटीस्वर इकार कुमार। अंतरोदय–एकार वृद्ध
—तिथिस्वर अकार युवा। अंतरोदय–अकार युवा
—पक्षस्वर इकार युवा। अंतरोदय–इकार युवा
—मासस्वर उकार मृत। अंतरोदय एकार बाल
—ऋतुस्वर–अकार कुमार। अंतरोदय एकार मृतस्वर
—अयनस्वर–इकार युवा–अंतरोदय–इकार युवा
—वार्षिक–ओकार वृद्ध। अंतरोदय–एकार युवा
—द्वादश वार्षिक-एकार वृद्ध–अंतरोदय में इकार वृद्ध

शुभ पंक्ति

स्वर	वि. सं.
वार्षिकांतरोदय एकार युवा	= ४
अयनस्वर इकार युवा	= ४
अयनांतरोदयस्वर भी इकार युवा	= ४
ऋतुस्वर अकार कुमार	= ४
मासान्तरोदय बालोत्तरार्ध एकार	= ४
नक्षत्रस्वर इकार युवा	= ४
अंतरोदय इकार युवा	= ४
तिथिस्वर अकार युवा	= ४
तिथ्यन्तरोदय अकार युवा	= ४
घटीस्वर इकार कुमार	= ४
इनका योग	= ४०

अशुभ पंक्ति

स्वर	वि. सं.
द्वादश वार्षिक स्वर एकार वृद्ध	= ४
,, ,, अंतरोदय इकार वृद्ध	= ४
वार्षिक ओकार वृद्ध	= ४
ऋतुस्वरांतरोदय एकार मृत	= ४
मासस्वर उकार मृत	= ४
घटीस्वरांतरोदय एकार वृद्ध	= ४
इनका योग	२४

शुभयोग ४० से अशुभयोग २४ को घटाने से शेष १६ बचा इसे २० से गुणकर ६४ का भाग देने से लब्धि ५ और शेष ० हुआ अतः उक्त दिन सदानन्द को स्त्री द्वारा लाभादि शुभ फल होंगे ॥

अथ स्वरप्रशंसा

गुह्याद्गुह्यतरं सारमप्रकाश्यं प्रकाशितम् ।
इदं स्वरोदयज्ञानं ज्ञानिनां मस्तके स्थितम् ॥ १ ॥
सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरं ज्ञानं सुबोधं सत्यप्रत्ययम् ।
आश्चर्यं नास्तिके लोके आधारमास्तिके जने ॥ २ ॥
दुष्टे च दुर्जने क्षुद्रे ह्यसत्ये गुरुतल्पगे ।
हीने सत्वे दुराचारे स्वरज्ञानं न दीयते ॥ ३ ॥
शान्ते शुद्धे सदाचारे गुरुभक्तैकमानसे ।
दृढचित्ते कृतज्ञे च देय एष स्वरोदयः ॥ ४ ॥

गोप्य से भी गोप्य अप्रकाश्य इस स्वरोदय ज्ञान को जोकि ज्ञानियों के मस्तक में था उसे प्रकाशित किया। सूक्ष्म से भी सूक्ष्म ज्ञान सुबोध सत्य तथा नास्तिकों को आश्चर्यान्वित और आस्तिकों के लिये आचारस्वरूप है। किन्तु यह स्वरज्ञान दुष्ट, दुर्जन, क्षुद्र, गुरुद्रोही, झूठे और दुराचारी को नहीं देना चाहिये जो शान्त, शुद्ध, सदाचारी, गुरुभक्त, कार्य करने में दृढ़प्रतिज्ञ, और कृतज्ञ हो उसी को स्वरज्ञान देना चाहिये ॥ १–४ ॥

इति स्वरप्रशंसा ।

अथ हंसचारः

अथान्यत्सम्प्रवक्ष्यामि शरीरस्थं स्वरोदयम् ।
हंसचारस्वरूपेण येन ज्ञानं त्रिकालजम् ॥ १ ॥
कुण्डलिनी महाशक्तिर्नाभिस्थाहिस्वरूपिणी ।
ततो दशोर्ध्वगा नाड्यो दश चाधोगतास्ततः ॥ २ ॥
द्वे द्वे तिर्यग्गते नाड्यौ चतुर्विंशतिसंख्यया ।
कुण्डलिन्या महाशक्तेर्मूलमार्गा भवन्त्यमी ॥ ३ ॥

तेभ्यः सूक्ष्ममुखा नाड्यः शरीरस्यातिपोषिकाः ।
शतानि सप्त जायन्ते सप्तोत्तराणि संख्यया ॥ ४ ॥
प्रधाना दशनाड्यस्तु दशवायुप्रवाहिकाः ।
नामानि नाडिकानां च वातानां च वदाम्यहम् ॥ ५ ॥

अथेति। अथानन्तरं अन्यत् शरीरस्थं शरीरसञ्चारिणं स्वरोदयं सम्प्रवक्ष्यामि। कथमिति जिज्ञासायां हंसचारस्वरूपेण। येन हंसस्वरूपेण त्रिकालज्ञं स्वरोदयज्ञानं जानन्तीति। कुण्डलिनीति। शक्तीनां मध्ये महाशक्तिः कुण्डलिनीनाम्नी कुण्डलाकारा अहिस्वरूपिणी दीर्घतया सर्पाकारा देहिनां नाभिस्था नाभिस्थाने देहस्थानां नाडीनां मूलभूता विद्यते। ततस्तस्याः कुण्डलीतः दश नाड्यः ऊर्ध्वगाः दश चाधोगताः। द्वे द्वे इति। द्वे द्वे नाड्यौ तिर्यग्गते स्तः। एवमत्र चतुर्विंशतिसंख्या नाड्यो कुण्डलिन्याः महाशक्तेः मूलमार्गा भवन्ति। ताभ्यः इति। ताभ्यः चतुर्विंशतिकाभ्यः सप्तोत्तराणि सप्ताधिकानि सप्तशतानि नाड्यो जायन्ते ताश्च नाड्यः सूक्ष्ममुखाः शरीरस्यातिपोषिका। प्रधानेति। तासां मध्ये दश नाड्यः प्रधानाः तास्तु दशसंख्याकवायुप्रवाहिकाः। तासां दशनाडीनां दशसंख्याकवायूनां च नामानि अहं वदामि ॥ १–५ ॥

कृत्तिका रोहिणी सौम्यं कूर्मनाभिगतं त्रयम् ।
साकेतं मिथिला चम्पा कौशांबी कौशिकी तथा ॥ १६ ॥
अहिच्छत्रं गया विंध्यमन्तर्वेदी च मेखला ।
कान्यकुब्जं प्रयागश्च मध्यदेशो विनश्यति ॥ १७ ॥
रौद्रं पुनर्वसुः पुष्यं कूर्मस्य शिरसि स्थितम् ।
सगौडो हस्तिबन्धश्च पञ्चराष्ट्रं च कामरूः ॥ १८ ॥
चरेंद्री च तथा ज्ञेया मगधश्च तथैव च ।
रेवातटं च नेपालः पूर्वदेशो विनश्यति ॥ १९ ॥

पूर्वापरम् इति । स्पष्टम् ॥ १२–१६ ॥

इस चक्र में पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, ईशान, नैर्ऋत्यकोण, अग्नि और वायव्य कोण का वेध होता है। कूर्म के नाभि, शीर्ष, चारों पैर, कुक्षि के दक्षिण-वाम भाग और पूंछ इन ९ स्थानों में तीन २ नक्षत्रों का न्यास कर शनि को देखना चाहिये कि वह कहाँ है। अतिवृष्टि, अनावृष्टि, शलभ (टिड्डी), मूषक, सुग्गा, अपने चक्र, शत्रुचक्र ये सातप्रकार के भय होते हैं। कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा ये तीन नक्षत्र कूर्म के नाभि में कल्पना करनी चाहिये और इसमें साकेत, मिथिला, चंपा, कौशांबी, कौशिकी, अहिच्छत्र, गया, विंध्यप्रदेश, मेखला, कान्यकुब्ज, प्रयाग और मध्यदेश ये नगर हैं, नाभिगत नक्षत्र में शनि के होने से ये देश नष्ट होते हैं। आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य कूर्म के शिर पर हैं और इसमें गौड, हस्तिबंध, पंचराष्ट्र, कामरू, चरेन्द्री, मगध, रेवोत्तरवर्त्ती देश, और नेपाल का नाश होता है ॥ १३–१९ ॥

([1]पूर्वाषाढाऽनलार्द्रा च त्रयाणां सम्मुखो व्यधः ।
मूले ब्रह्मादितीनां च वेधो गुर्विन्दुवज्रिणाम् ॥ २० ॥)
आश्लेषा च मघा पूर्वा पादे आग्नेयगोचरे ।
अङ्गवङ्गकलिङ्गाश्च पूर्वजाश्चैव कोसलाः ॥ २१ ॥
डाहली च जयन्ती च तथा चैव सुलंजिका ।
उडियामं वराडं च अग्निदेशो विनश्यति ॥ २२ ॥
उत्तराहस्तचित्राश्च दक्षिणां कुक्षिमागताः ।
दर्दुरं च महेन्द्रं च वनवासं ससिंहलम् ॥ २३ ॥
तापी भीमरथी लङ्का त्रिकूटं मलयस्तथा ।

१. इति कोष्ठस्थः पाठोऽधिकः पुस्तकान्तरे ।

श्रीपर्वतश्च किष्किंधा इति नश्यन्ति दक्षिणे ॥ २४ ॥
स्वाती विशाखा मैत्रं च कूर्मे नैर्ऋतिगोचरे ।
नासिक्यं च सुराष्ट्रं च धृतमालवकं तथा ॥ २५ ॥
पर्यली च प्रकाशं च भृगुकच्छं च कोंकणम् ।
खेटापुरं च ओटेरं देशा नश्यन्ति तादृशाः ॥ २६ ॥
ज्येष्ठा मूलं तथाषाढा पुच्छे कूर्मस्य संस्थिताः ।
पारावर्तं मरुत्कच्छमवंतीपूर्वमालवम् ॥ २७ ॥
पारासरं बर्बरं च द्वीपं सौराष्ट्र-सैंधवम् ।
जलस्थाश्च विनश्यंति स्त्रीराज्यं पुच्छपीडने ॥ २८ ॥
उत्तराषाढभत्रीणि पादे वायव्यगोचरे ।
गुर्जराह्वं यामुनं च मरुदेशं सरस्वती ॥ २९ ॥
जालंधरं वराटं च वालुकोदधिसंयुतम् ।
मेरुशृंगं विनश्यंति ये चान्ये कोणसंस्थिताः ॥ ३० ॥
शतभादित्रयं चैव उत्तरां कुक्षिमाश्रितम् ।
नैपालं कीरकाश्मीरं गृंजनं खुरसानकम् ॥ ३१ ॥
माथुरं म्लेच्छदेशाश्च खशां केदारमंडलम् ।
हिमाश्रयाश्च नश्यंति देशा ये चोत्तराश्रिताः ॥ ३२ ॥
रेवती अश्विनी याम्यं पादे ईशानगोचरे ।
गंगाद्वारं कुरुक्षेत्रं श्रीकंठं हस्तिनापुरम् ॥ ३३ ॥
अश्वचक्रैकपादाश्च गजकर्णास्तथैव च ।
विनश्यंति च ते सर्वे शनावीशानगोचरे ॥ ३४ ॥

आश्लेषा च इति—स्पष्टम् ॥ २८–३४ ॥

श्लेषा, मघा, पूर्वाफाल्गुनी ये तीन नक्षत्र कूर्म के अग्नि कोण के पैर में हैं इसमें शनि के होने से अङ्ग, वंग, कलिङ्ग, कोसल, डाहली, सुलंजिका, उडियाम और वराड देश नष्ट होते हैं। उत्तराफाल्गुनी, हस्त, चित्रा ये नक्षत्र दाहिने कोंख (कुक्षि) में हैं इसमें शनि के होने से दुर्दुर, महेंद्र, वनवास, सिंहल, तापी, भागीरथी, लङ्का, त्रिकूट, मलय, श्रीपर्वत, किष्किन्धा ये देश नष्ट होते हैं। स्वाती, विशाखा, अनुराधा ये नक्षत्र कूर्म के नैर्ऋत्य कोणस्थित पैर में हैं इसमें शनि का वेध होने से नासिक,

सौराष्ट्र, मालवा, पर्यली, प्रकाश, भृगुकच्छ, कोंकण-खेटापुर सोटेर ये देश नष्ट होते हैं। ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ ये नक्षत्र कूर्म के पूंछ में हैं इसमें वेध होने से पारावत, मरुत, कच्छ, अवंती, पूर्वमालवा, पारासर, बर्बरद्वीप, सौराष्ट्र, सैन्धव, जलस्थ स्त्रीराज्य नष्ट होते हैं। उत्तराषाढ़, श्रवण, धनिष्ठा, ये नक्षत्र कूर्म के वायव्य कोण-स्थित पैर में हैं इसमें वेध होने से गुजरात, यामुन, मरुदेश, सरस्वती, जालंधर, वराट, वालुका से युक्त समुद्र और मेरुश्रृङ्ग नष्ट होते हैं। शतभिष, पूर्वभाद्रपद, उत्तरभाद्रपद ये नक्षत्र उत्तर के कोण (कुक्षि) में हैं इसमें वेध होने से नेपाल, काश्मीर, गुंजन, खुरसान, माथुर, म्लेच्छदेश, खश, केदारमंडल,हिमाच्छादित प्रदेश नष्ट होते हैं। रेवती, अश्विनी, भरणी ये नक्षत्र ईशान कोणस्थित पैर में हैं इनमें वेध होने से हरिद्वार, कुरुक्षेत्र, श्रीकंठ, हस्तिनापुर, अश्वचक्र, गजकर्ण ये देश नष्ट होते हैं ॥ २०–३४ ॥

सौरिः स्वदेशगो यत्र तत्र यत्नेन रक्षयेत् ।
परदेशस्थिते कुर्याद्विग्रहं पृथिवीपतिः ॥ ३५ ॥
यत्रस्थः पीडयेत्तत्र वेधस्थाने तथैव च ।
देशनामर्क्षगः सौरिर्भंगदाता न संशयः ॥ ३६ ॥

इति यामलीयस्वरोदये पृथ्वीकूर्मचक्रम् ।

सौरिः स्वदेशग इति । सुगमम् ॥ ३५–३६ ॥

यदि शनि अपने देश में वेध करता हो तो उस देश की प्रयत्न करके रक्षा करनी चाहिये। परदेश में वेध करता हो तो उस देश पर राजा को चढ़ाई करनी चाहिये। शनि जिस देश के नाम-नक्षत्र को वेध करता हो वह देश नष्ट हो जाता है ॥ ३५-३६ ॥

इति पृथ्वी कूर्म-चक्रम् ।

पृथ्वीकूर्मः समाख्यातः कृत्तिकादियमांतकः ।
देशादिस्वस्वऋक्षादि वक्ष्ये कूर्मचतुष्टयम् ॥ ३७ ॥

देशनगरक्षेत्रगृहात्मकानि कूर्मचक्राणि ।

पूर्ववच्चक्रमालिख्य देशनामर्क्षपूर्वकम् ।
देशकूर्मो भवेत्तत्र यत्र सौरिस्ततः क्षयः ॥ ३८ ॥

इति देशकूर्मः ।

पृथ्वी कूर्म इति । सुगमम् ॥ ३७ ॥

कृत्तिका से भरणी नक्षत्र पृथ्वी-कूर्मचक्र को कहा है इसी प्रकार देश आदि के

नक्षत्रों से चार कूर्मचक्र और होते हैं। देशकूर्म, नगरकूर्म, क्षेत्रकूर्म और गृहकूर्म ये चारकूर्म हैं। पूर्वप्रकार से देश-नाम के नक्षत्र से तीन नक्षत्र मध्यभाग में लिखकर चक्र को पूर्ववत् लिखे वह देश कूर्म होता है जहाँ शनि होवे वहाँ नाश करता है। इति देशकूर्मः ॥ ३७–३८ ॥

नगरे नागरं धिष्ण्यं कृत्वादौ विलिखेत्ततः।
सौरिस्थाने भवेद्दुष्टं वेधस्थाने तथैव च ॥ ३९ ॥

इति द्वितीयकूर्मः।

नगर कूर्म में नगर के नक्षत्र से चक्र को लिखे जहां शनि होता है वहाँ विघ्न होता है। इति नगर कूर्म।

ग्रामकूर्मं समालिख्य ग्रामनामर्क्षपूर्वकम्।
पूर्ववच्चक्रगः सौरिर्मध्यादौ भङ्गमादिशेत् ॥ ४० ॥

इति नगरकूर्मचक्रम्।

ग्राम के नक्षत्र से ग्रामकूर्म को लिखे जहां शनि होता है ग्राम में वहाँ विघ्न होता है। इति ग्रामकूर्म।

क्षेत्रजे क्षेत्रभान्यादौ कृत्वा कूर्मं यथास्थितम्।
सौरिस्थाने विनाशः स्याज्जायते च महद्भयम् ॥ ४१ ॥

इति क्षेत्रकूर्मचक्रम्।

क्षेत्र के नक्षत्र से क्षेत्रकूर्म को लिखे जहां शनि हो वहां नाश और बड़ा भय होता है। इति क्षेत्रकूर्म।

अथ गृहकूर्मचक्रम्।

गृहकूर्मं समालिख्य गृहद्वारमुखस्थितम्।
गृहनामर्क्षपूर्वं तु कृत्वा वीक्ष्यं शुभाशुभम् ॥ ४२ ॥
गृहमध्यगतः सौरिः शोकसंतापकारकः।
द्वारे विद्युत्प्रदो ज्ञेयः पावके वह्निदायकः ॥ ४३ ॥
ज्ञेयो मृत्युप्रदो याम्ये राक्षसे राक्षसाद्भयम्।
वारुणे शुभदो ज्ञेयो वायव्ये शून्यताप्रदः ॥ ४४ ॥
अर्थलाभप्रदः सौम्ये शांभवे सर्वसिद्धिदः।
सौरिर्बलाधिको दुष्टः स्वल्पवीर्यः शुभावहः ॥ ४५ ॥

समकालं पीडयेद्यत्र भानुजः कूर्मपञ्चकम् ।
तत्र स्थाने महाविघ्नं जायते नात्र संशयः ॥ ४६ ॥
दुष्टस्थानगते मंदे कर्त्तव्यं तत्र शांतिकम् ।
यदुक्तं यामले तंत्रे सर्वविघ्नविनाशनम् ॥ ४७ ॥
कूर्मचक्रं महाचक्रं कथितं चादियामले ।
त्रिकालविषयज्ञानं पाणिस्थं तेन जायते ॥ ४८ ॥
इति नरपतिजयचर्यायां स्वरोदये कूर्मपञ्चचक्राणि समाप्तानि ।

गृह के नाम-नक्षत्र से गृहद्वार में कूर्म के मुख की कल्पना कर चक्र को बनावे। गृहमध्य में शनि हो तो शोक-संताप को करनेवाला, गृहद्वार में हो तो विद्युत् और अग्नि का भय । दक्षिण भाग में हो तो मृत्यु, नैर्ऋत्य कोण में हो तो राक्षस से भय, पश्चिम में हो तो शुभद, वायव्यकोण में हो तो शून्य फल, उत्तर में हो तो धन लाभ, ईशानकोण में हो तो शून्य फल। उत्तर में हो तो धन-लाभ, ईशानकोण में हो तो सब प्रकार की सिद्धि। यदि शनि अत्यंत बली हो तो दुष्ट होता है और अल्पबली हो तो शुभद होता है। एक ही समय यदि शनि पाँचों कूर्मों में वेध करता हो तो उस स्थान में बड़ा विघ्न होता है। शनि दुष्ट स्थान में हो तो रुद्रयामलोक्त सभी विघ्नों को नाश करने वाले शान्ति को करना चाहिये। आदि यामल में कहा हुआ महाचक्र नामका कूर्मचक्र कहा जिसके ज्ञान से तीनों काल के विषय को जाना जा सकता है ॥ ४२–४८ ॥


इति नरपतिजयचर्यायां कूर्मपंचकचक्राणि

अथ पद्मचक्रम्

पद्माकारं लिखेच्चक्रमष्टपत्रं सुशोभनम् ।
कोष्ठकं नवमं मध्ये पद्मचक्रं प्रजायते ॥ १ ॥
कृत्तिकादीनि भान्यत्र त्रीणि त्रीणि यथाक्रमम् ।
मध्यकोष्ठादिरुद्रान्तं सप्तविंशति विन्यसेत् ॥ २ ॥
नवखंडा धरित्रीयं नवभागेषु संस्थिता ।
यत्र खंडे स्थितः सौरिः खण्डं तच्च विनश्यति ॥ ३ ॥
भद्राश्वः किंपुरुषं च हरिवर्षस्तथैव च ।
मेरुश्च दक्षिणे देशे खण्डोयमीरितस्त्रिभिः ॥ ४ ॥
रम्यं हिरण्मयं चैव कुरुखण्डस्तथैव च ।
मेरुश्चोत्तरतश्चैव त्रिभिः प्रोक्तादियामले ॥ ५ ॥
केतुमालश्च यो नाम खण्डो मेरुश्च वारुणे ।
भरतेषु च विख्यातो पूर्वदिङ्मेरुतः स्थितः ॥ ६ ॥
इलावृतश्च नामानि खण्डोयं मेरुसंस्थितः ।
नवखण्डमिदं प्रोक्तं कथितं चादियामले ॥ ७ ॥

इति पद्मचक्रम् ।

अष्टपत्र कमल सुन्दर नव कोष्ठ का बनाना चाहिये । सभी कोष्ठों में कृत्तिका से तीन तीन नक्षत्र मध्यकोष्ठ से ईशानकोण पर्यन्त लिखे । यह पृथ्वी नवखंडों की है वही इस पत्र में न्यास करके जहाँ शनि हो वहाँ नाश होता है । इस चक्र में कृत्तिका से तीन तीन नक्षत्र ईशानकोण तक ९ कोष्ठ में २७ नक्षत्रों को रखना चाहिये । यह नवखंड की पृथ्वी इन नवों भागों में विभक्त है, जिस खंड में शनि होता है उस खंड का नाश करता है । सुमेरु से दक्षिण में भद्राश्ववर्ष, किंपुरुष, और हरिवर्ष ये देश हैं मेरु से



उत्तर में रम्यकवर्ष, हिरण्मय, और कुरुखंड ये तीन वर्ष हैं । मेरु से पश्चिम में

केतुमालखंड और पूर्व में भारतवर्षखंड है। इलावृतखंड मेरु में है यही आदि यामल में कहा गया है ॥ १–७ ॥

अथ सप्तद्वीपफणिचक्रम्

कृत्तिकादि लिखेच्चक्रं सर्पाकारं फणीश्वरम् ।
सप्तनाडीसमायुक्तं तत्र वेधं विलोकयेत् ॥ १ ॥
नाड्येकैकसमायोगे जम्बूद्वीपादि गण्यते ।
सप्त द्वीपाः क्रमेणैव तत्र सौरिं विचिन्तयेत् ॥ २ ॥
जम्बूद्वीपस्तथा शाकः कुशः क्रौञ्चश्च शाल्मलः ।
गोमेदः पुष्करद्वीपः पीड्यन्ते सौरिपीडया ॥ ३ ॥

इति सप्तद्वीपफणिचक्रम् ।

कृत्तिका से सप्त नाडियों से युक्त एक सर्प के आकार का चक्र लिखै और उसमें वेध को देखै ।१। एक २ नाडियों में क्रम से जंवूद्वीपादि सात द्वीप क्रम से हैं उसमें



१ जंबू २ शाक ३ कुश ४ कौंच ५ शाल्मल ६ गोमेद ७ पुष्कर

शनि को देखै ।२। जंवूद्वीप, शाक, क्रौंच, शाल्मली, गोमेद और पुष्कर ये सात द्वीप हैं जहाँ शनि हो उसे पीडा होती है ॥ १–३ ॥


इति सप्तनाडीचक्रम्

अथ राहुकालानलचक्रम् ।

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि व्याख्याता ब्रह्मयामले ।
राहुकालानलीयात्रासद्यः प्रत्ययकारिणी ॥ १ ॥
ग्रहयोगवशाद्यात्राज्योतिःशास्त्रेषु भाषिता ।
या सा शुभेषु कार्येषु फलदा न तु संगरे ॥ २ ॥
यस्य च्छायाप्रभावेण छाद्येते शशिभास्करौ ।
तस्य राहोः प्रभावश्चवक्ष्येऽहं रणकर्मणि ॥ ३ ॥

केचिन्मूर्खा वदन्त्येव ग्रहो राहुरकारणम् ।
यतो वर्षे दिने लग्ने आधिपत्यं न दृश्यते ॥ ४ ॥
आधिपत्ये स्थिता ये च वर्षे मासे दिने तथा ।
ते चाधिकारिणो ज्ञेया राहुराजेतियामले ॥ ५ ॥

अब मैं ब्रह्मयामल में कहे हुये राहुकालानल को कहता हूँ। राहुकालानल के द्वारा यात्रा सिद्धिदायक होती है। ज्योतिः शास्त्र में ग्रहों के योगवश से जो यात्रा कही गई है वह शुभ कार्य में फल देने वाली होती है न कि संग्राम में। जिसके छाया के प्रभाव से चन्द्रमा और सूर्य आक्रांत होते हैं उस राहु का प्रभाव में रण कार्य में कहूँगा। कोई मूर्ख अकारण राहु को ग्रह कहते हैं क्योंकि वर्ष, मास, दिन, लग्न आदि में कहीं उसका स्वामित्व नहीं देखते हैं। जिसका वर्ष मास दिन में आधिपत्य है वह अधिकारी राहु राजयामल में कहा गया है ॥ १—५ ॥



वेदागमपुराणेषु व्याख्यातो राहुखेचरः ।
तस्य माहात्म्यमज्ञात्वा मिथ्या जल्पति स्वल्पवित् ॥ ६॥
दुष्टारिष्टेषु सर्वेषु जातकादिषु गण्यते ।
सद्यः प्रत्ययदो राहुः स कथं स्यादकारणम् ॥ ७ ॥
यः कालरूपो भ्रमति संहारेण महीतले ।
स वक्रदंष्ट्रया रौद्रो ज्ञेयो राहुर्न संशयः ॥ ८ ॥
ग्रहा त्रासभयाद्यस्य सृष्टिमार्गे भ्रमन्ति च ।
तस्य नामान्यहं वक्ष्ये मुखपुच्छक्रमेण च ॥ ९ ॥
राहुश्चैव तमः पातः स्वर्भानुः सिंहिकासुतः ।
दैत्यच्छाया शिरोवक्रं ग्रहारिश्च विधुन्तुदः ॥ १० ॥


वेदागम पुराणेषु इति । स्पष्टार्थो । ६–१०

जिस राहु को वेद आगम पुराणों में राहु ग्रह कहा गया है उसके माहात्म्य

को न जानकर व्यर्थ ही मूर्ख लोग बोला करते हैं । जातक ग्रंथों में सर्वत्र दुष्ट अरिष्ट में सद्यः राहु की गणना होती रहती है वह राहु अकारण क्यों है ? जो कालरूपी राहु हमेशा कालरूपी पृथ्वी पर घूमा करता है वह टेढ़े दाँत वाला रौद्र रूप राहु ही है इसमें संशय नहीं ।८। जिसके ग्रास कर लेने के भय से ग्रह लोग क्रम मार्ग से चलते हैं उसका नाम मैं मुख-पोंछ के अनुसार कहता हूँ । राहु को तम, पात, स्वर्भानु सिंहिकासुत, दैत्यच्छाया शिर, वक्त्र, ग्रहारि और विधुन्तुद कहते हैं ॥ ९–१० ॥

पुच्छं केतुः शिखी सर्पो गुदं गुह्यं तटं मतम् ।
उत्पातो विषगर्भश्च धूम्रकायो ग्रहान्तिमः ॥ ११ ॥
ऋक्षाधारगतो राहुः सर्परूपेण संस्थितः ।
तस्य चक्रं प्रवक्ष्यामि राहुकालानलात्मकम् ॥ १२ ॥
शलाकासप्तकं चक्रमीशादौ कृत्तिकादिकम् ।
अष्टाविंशति नक्षत्रं साभिजित्सव्यमालिखेत् ॥ १३ ॥
यत्रर्क्षे संस्थितो राहुर्वदनं तद्विनिर्दिशेत् ।
मुखात्पञ्चदशे ऋक्षे तस्य पुच्छं व्यवस्थितम् ॥ १४ ॥
एकोत्तरशतं संख्या जायन्ते यत्र केतवः ।
व्याप्नुवन्ति जगत्सर्वं सहस्रार्कसमत्विषः ॥ १५ ॥

राहु के पोंछ को केतु कहते हैं, सर्प, गुद, गुह्य, तट, उत्पात, विषगर्भ, धूम्रकाय, ग्रहांतिम ये इसके उपनाम हैं । नक्षत्र के आधार से सर्प के आकार का राहु है उसके चक्र को राहु कालानल कहते हैं जिसे मैं कहता हूँ । सप्तशलाका में ईशानकोण से कृतिकादि २८ नक्षत्र अभिजित् के सहित लिखना चाहिये । जिस नक्षत्र पर राहु हो वहीं राहु का मुख होता है और मुख से १५ वें नक्षत्र पर राहु का पोंछ होता है । १०१ केतु होते हैं जो कि सूर्य के सहस्त्रकिरण के समान संपूर्ण संसार में व्याप्त हैं ॥ ११–१५ ॥



राहुभुक्तानि ऋक्षाणि जीवपक्षे त्रयोदश ।
त्रयोदशैव भोग्यानि मृतपक्षः प्रकीर्तितः ॥ १६ ॥

मृतपक्षे मुखं तस्य गुदं जीवाङ्गमध्यमम् ।
एवमङ्गद्वयो राहुर्ज्ञातव्यः स्वरपारगैः ॥ १७ ॥

जीवपक्षे क्षपानाथे मृतपक्षे रवौ तथा ।
तस्मिन्काले शुभा यात्रा विपरीता तु हानिदा ॥ १८ ॥

राहु जिस नक्षत्र पर है उससे पीछे के १३ नक्षत्रों की जीव पक्ष संज्ञा होती है। और १३ भोग्य नक्षत्रों की मृत संज्ञा होती है। जैसे राहु रेवती पर है तो उससे भुक्त १३ नक्षत्र अश्विनी से हस्त पर्यन्त जीवपक्ष, और चित्रा में केतु हुआ इसके बाद स्वाती से अभिजित् के साथ गणना करने से १३ नक्षत्र भोग्य मृतपक्ष संज्ञक होते हैं। राहु का मुख मृतपक्ष में और पोछ जीवपक्ष में समझना चाहिये इस प्रकार राहु के दो प्रधान अंग जानना चाहिये। जिस समय जीवपक्ष के नक्षत्रों में चन्द्रमा हो और मृतपक्ष के नक्षत्रों में सूर्य हो उस समय यात्रा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है अन्यथा हानिकारक होती है ॥ १६–१८ ॥

चन्द्रादित्यौ यदा युक्तौ जीवपक्षे व्यवस्थितौ ।
तत्र क्षेमं जयो लाभो यात्राकाले न संशयः ॥ १९ ॥

मृतपक्षे यदा काले संस्थितौ शशिभास्करौ ।
तदा हानिर्भयं भङ्गो मृत्यू राज्ञां प्रजायते ॥ २० ॥

जीवपक्षे स्थिते चन्द्रे कार्यं स्यादमृतोपमम् ।
मृतपक्षे मृतं ज्ञेयं यतश्चन्द्रबलाबलम् ॥ २१ ॥

चक्रादित्यौ इति । सुगमम् ॥ १६–२१ ॥

यदि यात्रा समय चंद्रमा और सूर्य दोनों जीवपक्ष में स्थित हों तो यात्रा में कुशल, विजय और लाभ होता है। यदि दोनों रवि-चन्द्रमा मृतपक्ष में हो तो यात्रा में हानि, भंग, और मृत्यु होती है। जीवपक्ष में चन्द्रमा हो तो कार्य अमृत के समान होता है और मृतपक्ष में हो तो मृतक के समान होता है क्योंकि सभी कार्यों में चन्द्रबल ही प्रधान होता है ॥ १९–२१ ॥

इति द्विधांगराहुचक्रम् ।

अथ पञ्चाङ्गराहुः ।

अथ(१) पञ्चाङ्गभेदेन राहुचक्रं वदाम्यहम् ।
मुखोदरौ गुदं पुच्छं कपालं तस्य पञ्चकम् ॥ १ ॥
राहुः पातस्तमो विम्बं संहारे वक्रगो ग्रहः ।
धूम्रपुच्छो ग्रहग्रासः सूर्याङ्गः केतुरुच्यते ॥ २ ॥
मुखाद्यङ्गस्य नामानि फलं चापि वदाम्यहम् ।
भ्रमणाच्चन्द्रसूर्यस्य पञ्चाङ्गर्क्षे विधुन्तुदः ॥ ३ ॥
यत्रर्क्षसंस्थितो राहुस्तस्य नामानि वच्म्यहम् ।
गलितं कर्त्तरी जिह्वा चन्द्रगं वदनं तथा ॥ ४ ॥
राहुऋक्षाग्रतो यानि भुक्तभानि त्रयोदश ।
उदरं सम्पुटं जीवं कामाङ्गं जठरं च हृत् ॥ ५ ॥

इति द्वितीयाङ्गम् ।

पांच अंगों के भेद से राहु चक्र को कह रहा हूँ; मुख, उदर, गुद, पुच्छ और कपाल ये प्रथम पांच अंग हैं । राहु को पात, तम, विंव, संहार में टेढ़ाग्रह कहते हैं। धूम्र, पुच्छ, ग्रहग्रास, सूर्यांग और केतु भी कहते हैं । मुख आदि अंगों के नाम और फल को कहूँगा । चन्द्रमा और सूर्य के भ्रमण से पांचों अंगों के नक्षत्र में जहां राहु हो उसके नाम कह रहे हैं । जिस नक्षत्र पर राहु रहता है उसके गलित, कर्त्तरी, जिह्वा, चन्द्रग, वदन नाम हैं । राहु के नक्षत्र से आगे १३ भुक्त नक्षत्रों की उदर, संपुट, जीव, कामांग, जठर वा हृदय नाम हैं ॥ १–५ ॥

उदरादग्रनक्षत्रं यत्पञ्चदशमं मुखात् ।
गुदमुद्गिलितं गुह्यं केतुश्चन्द्राङ्गकर्त्तरी ॥ ६ ॥

इति तृतीयाङ्गम् ।

उदर वा मुख से अर्थात् राहु जिस नक्षत्र पर है उससे १५ नक्षत्रों की गुद, उद्गिलित, गुह्य, केतु, चन्द्रांग और कर्त्तरी नाम हैं ॥ ६ ॥

गुदभान्यग्रतो यानि ऋक्षाणि रससंख्यया ।
पुच्छं सूर्याङ्गवज्राङ्गं पृष्ठो मृत्युः क्रमेण च ॥ ७ ॥

---

(१) अथ पञ्चाङ्गभेदेन राहुचक्रं वदाम्यहम् । इत्यारभ्य बलद्वयं तदा याति शीघ्रतो यममन्दिरम् ॥ इत्यन्ताः ३२ श्लोकाः प्रक्षिप्ताः ।

शेषाणि सप्तभान्यत्र मध्यस्थान्यास्यपुच्छयोः ।
कपालं मस्तकं शीर्षं रुद्राङ्गं भोग्यमण्डलम् ॥ ८ ॥

इति पञ्चमाङ्गम् ।

गुद नक्षत्र से आगे ६ नक्षत्रों की पुच्छ, सूर्यांग, वज्रांग, पृष्ठ और मृत्यु नाम है। मुख पुच्छ के मध्य में ७ नक्षत्रों को कपाल, मस्तक, शीर्ष, रुद्रांग और भोग्य मंडल कहते हैं ॥ ७–८ ॥

स्थिररूपस्थितो भानुश्चररूपश्च चन्द्रमाः ।
क्रमेणैकैकयोगानां वक्ष्येहं योगपञ्चकम् ॥ ९ ॥
राहुवक्त्रे स्थिते सूर्ये चन्द्रे कामाङ्गसंस्थिते ।
यायिनो विजयस्तत्र स्थायिनो भङ्गमाहवे ॥ १० ॥
चन्द्राङ्गसंस्थिते सूर्ये गुदे चन्द्रे समाश्रिते ।
अग्रयायी जयेद्युद्धे बलार्द्धे च क्षयं गते ॥ ११ ॥
भास्करे गलिताङ्गस्थे चन्द्रे वज्राङ्गसंस्थिते ।
बलद्वयं क्षयं याति किञ्चित्स्थायी जयी रणे ॥ १२ ॥

स्थिर रूप सूर्य और चररूप चन्द्रमा का है। इन दोनों के योग से पांच योग होते हैं। राहु के मुख में सूर्य हो और चन्द्रमा कामांग में हो तो यायी (चढ़ाई करने वाले की विजय होती है और स्थायी (गढ़ में बैठा हुआ) हार जाता है। चन्द्रांग में सूर्य हो और चन्द्रमा गुद में हो तो जो आगे चढ़ाई करता है वह विजयी होता है। सूर्य गिलितांग में हों और चन्द्रमा वज्रांग में हो तो दोनों का नाश होता है किन्तु कुछ स्थायी की विजय होती है ॥ ९–१२ ॥

राहुनक्षत्रगो भानुश्चन्द्रो रुद्राङ्गगो रणे ।
स्थायिनो विजयो युद्धे यायिनो मृत्युमादिशेत् ॥ १३ ॥
यदा भवेतां चन्द्रार्कौ राहुवक्त्राङ्गसंस्थितौ ।
सैन्ययोश्च क्षयस्तत्र संदेहाद्यायिनो जयः ॥ १४ ॥

राहु नक्षत्र से पीछे ७ नक्षत्रों में रुद्रांग में सूर्य चन्द्र हों तो स्थायी राजा की विजय और यायी की मृत्यु होती है। यदि रविचन्द्रमा दोनों वक्रांग में हों तो दोनों के सैन्यों का नाश होता है, संदेह से यायी का लाभ होता है। ॥ १३–१४ ॥

सविता जीवपक्षे च निशानाथो गुदे स्थितः ।
निर्दिष्टः स्थायिनो भङ्गो यायिनः सक्षतो जयः ॥ १५ ॥

उदरस्थो यदा भानुः शशाङ्को वज्रमास्थितः ।
हेलया जीयते स्थायी यायी च म्रियते रणे ॥ १६ ॥
कामाङ्गस्थे दिवानाथे मस्तकस्थे निशाकरे ।
स्थायिनो विजयस्तत्र यायिनश्च कुलक्षयः ॥ १७ ॥

सूर्य जीवयद्य में हो और चन्द्रमा गुद में हो तो स्थायी की हार और यायी चोट खाकर विजयी होता है । सूर्य उदर में हो और चन्द्रमा वज्र में हो तो खेल ही में स्थायी विजयी होता है और यायी संग्राम में मारा जाता है । कामांग में सूर्य हो और मस्तक में चन्द्रमा हो तो स्थायी की विजय और यायी के कुल का नाश होता है ॥ १५–१७ ॥

सम्पुटस्थो यदादित्यो जिह्वायां चन्द्रमाः स्थितः ।
स्थायी च भङ्गमायाति किञ्चिद्यायी जयी रणे ॥ १८ ॥
जठरस्थो यदा भानुश्चन्द्रस्तत्रैव संस्थितः ।
देवानपि जयेद्यायी किम्पुनः प्रतिमं बलम् ॥ १९ ॥

संपुट में सूर्य हो और जिह्वा में चन्द्र हो तो स्थायी की हानि और यायी की कुछ विजय होती है । जठर में सूर्य और चन्द्र दोनों हों तो यायी देवताओं को भी जीत लेता है तुल्यबलवालों के लिये क्या कहना है ॥ १८–१९ ॥

चन्द्राङ्गस्थो यदादित्यः सूर्याङ्गे चन्द्रमाः स्थितः ।
समयुद्धं भवेत्तत्र किञ्चिदागन्तुको जयी ॥ २० ॥
गुदे तीक्ष्णांशुसंयुक्ते कपालस्थोथ शीतगुः ।
यायी च भज्यतेवश्यं स्थितः स्थायी जयं विना ॥ २१ ॥
गुदभे संस्थितः सूर्यो राहुभे संस्थितः शशी ।
यदा महाहवो घोरः किञ्चित्स्थायी जयी भवेत् ॥ २२ ॥

चन्द्रांग में सूर्य हो और सूर्यांग में चन्द्रमा हो तो युद्ध में दोनों की समता होती है किन्तु किसी दूसरे आगन्तुक की विजय होती है । गुद में सूर्य हो और कपाल में चन्द्रमा हो तो निश्चय कर यायी परास्त होता है स्थायी ज्यों का त्यों रहता है । गुद नक्षत्र में सूर्य हो राहु नक्षत्र में चन्द्रमा हो तो बड़ा विकटयुद्ध होता है और स्थायी की कुछ विजय होती है ॥ २०–२२ ॥

भानुक्षेत्रस्थितो भानू रुद्रक्षेत्रे च चन्द्रमाः ।
यायिनो मृत्युमाधत्ते जयलाभौ स्थितस्य च ॥ २३ ॥

सूर्याङ्गे च सहस्रांशुर्जिह्वायां शीतगुः स्थितः ।
यायिनश्च जयं दद्यात्स्थायिनो भङ्गमादिशेत् ॥ २४ ॥
पुच्छषट्के यदादित्यो जीवाङ्गे चन्द्रमाः स्थितः ।
यायी विजयते तत्र शक्रतुल्येऽपि वैरिणि ॥ २५ ॥
भास्करे राहुपृष्ठस्थे मृगाङ्के गुदमाश्रिते ।
समयुद्धं भवेत्तत्र किञ्चिद्यायी जयी भवेत् ॥ २६ ॥
सूर्याचन्द्रमसौ यत्र वज्राङ्गे समुपस्थितौ ।
द्वयोस्तु बलयोस्तत्र वधो भवति निश्चितम् ॥ २७ ॥

भानुक्षेत्र अर्थात् राहु के नक्षत्र से १६ वें से ६ नक्षत्र में सूर्य हो और रुद्रांग अर्थात् २२ वें नक्षत्र से ७ नक्षत्र में चन्द्रमा हो तो यायी की मृत्यु और स्थायी को विजय तथा लाभ होता है । सूर्यांग में सूर्य और जिह्वा (राहु के नक्षत्र में) में चन्द्रमा हो तो यायी की विजय और स्थायी की हानि होती है । पुच्छ के ६ नक्षत्र याने सूर्यांग में सूर्य हो और जीवांग में चन्द्रमा हो तो यायी की विजय होती है चाहे शत्रु इन्द्र के समान हो तो भी । राहु पृष्ठ अर्थात् सूर्यांग में सूर्य हो और गुद में (अर्थात् १५ वें नक्षत्र में) चन्द्रमा हो तो दोनों की युद्ध में समानता होती है किन्तु यायी की कुछ विजय होती है । यदि दोनों सूर्य चन्द्रमा वज्रांग में हों तो दोनों के सैन्यों का नाश होता है ॥२३–२७॥

रुद्राङ्गस्थे दिवानाथे राहुजिह्वाङ्गतः शशी ।
स्थायिनस्तु जयस्तत्र भङ्गो भवति यायिनः ॥ २८ ॥
कपालसंस्थिते सूर्ये सम्पुटस्थो यदा शशी ।
यायिना जीयते शत्रुरनायासेन नान्यथा ॥ २९ ॥
मस्तकस्थे दिवानाथे रात्रिनाथे गुदस्थिते ।
यायी च विजयी युद्धं स्थायिनश्च पराजयः ॥ ३० ॥
राहुशीर्षस्थितो भानुर्भानुक्षेत्रे निशाकरः ।
अन्योन्यविग्रहो घोरो जायते नरपालयोः ॥ ३१ ॥
यदा रुद्राङ्गसंयुक्तौ दिवानाथनिशाकरौ ।
बलद्वयं तदा याति शीघ्रतो यममन्दिरम् ॥ ३२ ॥

इति पञ्चाङ्गराहुकालानलम् ।

रुद्रांग (राहु के नक्षत्र से २२ वें नक्षत्र से ७ नक्षत्र) में सूर्य और जिह्वा में चन्द्रमा हो तो स्थायी की विजय और यायी की हार होती है। कपाल (रुद्रांग) में सूर्य और संपुट में (जीवपक्ष) चन्द्रमा हो तो अनायास ही यायी द्वारा शत्रु पराजित होता है अन्यथा नहीं होता है। मस्तक में सूर्य हो और गुद में चन्द्रमा हो तो युद्ध में यायी की विजय और स्थायी की पराजय होती है। राहु के शीर्ष में सूर्य हो और चन्द्रमा भानुक्षेत्र में हो तो परस्पर राजाओं में घोर युद्ध होता है। यदि दोनों सूर्य चन्द्रमा रुद्रांग में हों तो दोनों की सेनाओं का शीघ्र ही नाश होता है ॥ २८–३२ ॥

इति पञ्चांग राहुचक्रम्

अथ षडङ्गराहुः ।


अथ षडङ्गभेदेन राहुचक्रं वदाम्यहम् ।
मुखं ह्युदरं गुह्यं पुच्छं मस्तकमेव च ॥ १ ॥
मुखैकं हृदये सप्त षड् ऋक्षाणि तथोदरे ।
ऋक्षैकं गुह्यगं तस्य षट्पुच्छे सप्त मस्तके ॥ २ ॥
मुखाद्यङ्गस्य नामानि फलं चापि वदाम्यहम् ।
यथोत्तरक्रमेणैव चन्द्रार्कभ्रमणेन च ॥ ३ ॥
यत्र धिष्ण्ये स्थितो राहुस्तस्य धिष्ण्यं प्रकीर्तितम् ।
गलितं कर्तरी जिह्वा वज्राङ्गं वदनं तथा ॥ ४ ॥
राहुऋक्षाग्रतः सप्त भानि भुक्तानि यानि च ।
तानि सम्पुटसंज्ञानि कामाङ्गहृदयं मतम् ॥ ५ ॥

मुख, हृदय, उदर, गुदा, पोंछ और मस्तक इन ६ अंगों से षडङ्ग राहु चक्र को कहता हूँ। राहु के भुक्त नक्षत्रों में से एक नक्षत्र मुख में, सात नक्षत्र हृदय में, छः नक्षत्र उदर में, एक नक्षत्र गुह्य स्थान में ६ नक्षत्र पोंछ में और सात नक्षत्र मस्तक में रखना चाहिये। चन्द्रमा रवि के भ्रमणवश से मुखादि अंगों के नाम और उनका फल कहता हूँ। राहु जिस नक्षत्र पर है उसे गलित, कर्त्तरी, जिह्वा, वज्रांग और वदन कहते हैं। राहु के नक्षत्र से सात नक्षत्र को संपुट, कामांग कहते ॥ १–५ ॥

हृदयाग्रे स्थिता याश्चतारका रससंख्यया ।
कामाङ्गं जठरं जीवं सम्पुटोदरसंज्ञकाः ॥ ६ ॥
उदराच्चैकनक्षत्रं मुखात्पञ्चदशं स्फुटम् ।
गुदमुद्गिलितं गुह्यं केतुश्चन्द्रार्ककर्तरी ॥ ७ ॥

गुदऋक्षाग्रतो यानि धिष्ण्यानि ऋतुसंख्यया ।
पुच्छं सूर्याङ्गवज्राङ्गं पृष्ठे मृत्युस्तथैव च ॥ ८ ॥
शेषाणि सप्तभान्यत्र मध्यस्थान्यास्यपुच्छयोः ।
कपालं मस्तकं शीर्षं रुद्राङ्गं भोग्यमण्डलम् ।
एवं षडङ्गनामानि विज्ञेयानि विचक्षणैः ॥ ९ ॥

हृदय में जो छ नक्षत्र हैं उन्हें कामांग, जठर, जीव, संपुट और उदर कहते हैं। उदर से एक नक्षत्र अर्थात् मुख से १५ वां नक्षत्र गुदसंज्ञक होता है उसे ही गुह्य कहते हैं उसी को केतु कहते हैं, मुख को गिलित चन्द्रार्क कर्त्तरी कहते हैं। गुद के आगे ६ नक्षत्रों को पुच्छ, सूर्यांग, वज्रांग, पृष्ठ और मृत्यु कहते हैं। शेष सात नक्षत्रों जो कि मुख और पोंछ के मध्य में हैं उन्हें कपाल, मस्तक, शीर्ष, रुद्रांग, भोग्य मंडल कहते हैं। इस प्रकार ये ६ अंग कहे गये हैं ॥ ८–९ ॥



स्थिररूपस्थितो भानुश्चररूपस्तु चन्द्रमाः ।
क्रमेणैकैकशोऽङ्गानां योगषट्कं वदाम्यहम् ॥ १० ॥
राहुवक्त्रे स्थिते सूर्ये चन्द्रे हृदयसंस्थिते ।
यायिनो विजयस्तत्र स्थायिनो भङ्ग आहवे ॥ ११ ॥
मुखाङ्गसंथिते सूर्ये चन्द्रे चोदरगे रणे ।
अग्रयायी जयेद्युद्धं हेलया नात्र संशयः ॥ १२ ॥
भास्करे गिलिताङ्गस्थे चन्द्रे केत्वङ्गसंस्थिते ।
स्थायी भङ्गं समायाति यायी जयति सक्षतः ॥ १३ ॥
राहुऋक्षस्थितो भानुश्चन्द्रे पुच्छाङ्गसंस्थिते ।
स्थायिनो विजयं युद्धं यायिनो मृत्युमादिशेत् ॥ १४ ॥
राहुजिह्वाङ्गते सूर्ये चन्द्रे रुद्राङ्गसंस्थिते ।
बलावतीं भवेत्तत्र सैन्ययोरुभयोरपि ॥ १५ ॥

राहुऋक्षस्थितो भानुश्चन्द्रस्तत्रैव संस्थितः ।
न कश्चिज्जयमाप्नोति सैन्ययोरुभयोः क्षयः ॥ १६ ॥

इति मुखादियोगषट्कम् ।

स्थिररूपस्थित इति । अङ्गानि मुखादीनि तेषाम् एकैकशः प्रत्येकं क्रमाद्योगषट्कं भवति एवं षट्त्रिंशद्योगाः भवन्ति । तत्र भानुः स्थिररूपः चन्द्रः चररूपः एवं अयमर्थः भानुः स्थिररूपः एक एवाङ्गे तिष्ठति चन्द्रमा शेषाङ्गे भ्रमति एवं प्रत्येकस्मिन्नङ्गे षड्योगाः भवन्ति । राहुवक्त्रे इति स्पष्टम् ॥ १०-१६ ॥

सूर्य स्थिर रूप और चन्द्रमा चर रूप होता है अर्थात् सूर्य किसी एक अंग में रहता है और चन्द्रमा के अन्य अंगों में होने से प्रत्येक अंगों के ६ योग होते हैं। यदि राहु के मुख में सूर्य हो और चन्द्रमा हृदय में हो तो यायी (चढ़ाई करनेवाला) की विजय और स्थायी का नाश होता है। मुख में सूर्य और उदर में चन्द्रमा हो तो आगे चढ़ाई करने वाला विजयी होता है। सूर्य गिलितांग में हो और चन्द्रमा केतु अंग में हो तो स्थायी का नाश और यायी की विजय होती है। मुख में राहु और पोंछ में चन्द्रमा हो तो स्थायी की विजय और यायी की मृत्यु होती है। राहु की जिह्वा में सूर्य और चन्द्रमा रुद्रांग में हो तो दोनों सेनाओं में भ्रम हो जाता है अर्थात् दोनों में से किसी की भी विजय नहीं होती है। मुख नक्षत्र में राहु हो और उसी में चन्द्रमा भी हो तो किसी की विजय नहीं होती किन्तु दोनों का नाश होता है ॥ १०-१६ ॥

हृदयस्थे दिवानाथे जठरस्थे निशाकरे ।
निर्दिष्टः स्थायिनो मृत्युर्यायी जयति निर्व्रणः ॥ १७ ॥
हृदयस्थो यदा भानुः शशाङ्को गुदमाश्रितः ।
हेलया जयते यायी स्थायी च म्रियते रणे ॥ १८ ॥
कामाङ्गस्थे दिवानाथे पुच्छषट्के निशाकरे ।
स्थायिनो विजयस्तत्र यायिनश्च पराजयः ॥ १९ ॥
सम्पुटस्थो यदादित्यो रुद्राङ्गे चन्द्रमाः स्थितः ।
यायी च भङ्गमाप्नोति किञ्चित् स्थायी जयी रणे ॥ २० ॥
कामाङ्गस्थे दिवानाथे चन्द्रे राहुमुखस्थिते ।
सङ्ग्रामे विजयी स्थायी यायिनो भङ्गमादिशेत् ॥ २१ ॥

हृदयाङ्गे यदा युक्तौ चन्द्रादित्यौ व्यवस्थितौ ।
दैत्यानपि जयेद्यायी किम्पुनर्मानवं बलम् ॥ २२ ॥

इति हृदयादियोगषट्कम् ।

यदि सूर्य हृदय के नक्षत्रों में और पेट के नक्षत्र में चन्द्रमा हो तो स्थायी की मृत्यु होती है और विना किसी वाव के यायी की विजय होती है। यदि हृदय में सूर्य हों और चन्द्रमा गुद नक्षत्र में हो तो सहज में ही यायी की विजय और स्थायी की मृत्यु होती है। कामांग (जीवपक्ष के आदि सात नक्षत्र) में सूर्य हों और पुच्छ (मृतपक्ष के आदि ६ नक्षत्र) में चन्द्रमा हो तो स्थायी की विजय और यायी की पराजय होती है। यदि सूर्य संपुट (हृदय) में रुद्रांग (मृतपक्ष के अंतिम सात नक्षत्र) में चन्द्र हो तो यायी की हानि और स्थायी की साधारण विजय होती है। हृदय में सूर्य और चन्द्रमा राहु मुख में हो तो युद्ध में स्थायी की विजय और यायी की पराजय होती है। यदि दोनों हृदयांग में ही हों तो यायी देवताओं के समान बल वाले सैन्य को जीत लेता है मनुष्य की सेना को क्या कहता है ॥ १७–२२ ॥

उदरस्थे दिवानाथे निशानाथे गुदस्थिते ।
समं युद्धं भवेत् तत्र किञ्चिद्यायी जयी रणे ॥ २३ ॥
सम्पुटस्थो यदा भानुः पुच्छे भवति चन्द्रमाः ।
यायिभङ्गो जयी स्थायी तत्र काले न संशयः ॥ २४ ॥
कामाङ्गस्थः सहस्रांशुर्मस्तकस्थो निशाकरः ।
याता भङ्गमवाप्नोति स्थानवासी जयी रणे ॥ २५ ॥
भानावुदरगे यत्र निशेशो राहुवक्त्रगः ।
अग्रयायी क्षयी तत्र स्थायी जयति नान्यथा ॥ २६ ॥
स्वर्भानूदरगो भानुर्हृदये तारकाधिपः ।
अनायासेन सङ्ग्रामे यायिनो जयमादिशेत् ॥ २७ ॥
उदराङ्गे यदा युक्तौ चन्द्रादित्यौ व्यवस्थितौ ।
तदा सन्धिर्न सन्देहः सैन्ययोरुभयोरपि ॥ २८ ॥

इत्युदरादियोगषट्कम् ।

उदर के नक्षत्रों (जीव पक्ष के शेष ६ नक्षत्र) में सूर्य और गुदा के नक्षत्र में चन्द्रमा हो तो दोनों का बराबर युद्ध होता है किन्तु यायी कुछ विजयी होता है।

यदि संपुट के नक्षत्रों में सूर्य हो और पुच्छ में चन्द्रमा हो तो यायी का पराजय और स्थायी की विजय होती है। कामांग के नक्षत्रों में सूर्य और मस्तक के नक्षत्र में चन्द्रमा हो तो यायी की हानि और स्थायी की विजय होती है। सूर्य उदर के नक्षत्रों में हो और चन्द्रमा राहु के मुख में हो तो यायी का नाश और स्थायी की विजय होती है। सूर्य उदर में हो और चन्द्रमा हृदय में हो तो अनायास ही संग्राम में यायी की विजय होती है। यदि दोनों (रवि-चन्द्र) उदरांग में ही हों तो दोनों यायी और स्थायी में संधि (सुलह) हो जाती है ॥ २३—२८ ॥

केतुधिष्ण्यस्थिते सूर्ये चन्द्रे पुच्छाङ्गसंस्थिते ।
यायिभङ्गो जयी स्थायी भाषितं ब्रह्मयामले ॥ २९ ॥
गुदे तीक्ष्णांशुसंयुक्ते कपालस्थे निशाकरे ।
यायी च भज्यते तत्र स्थायी जयति नान्यथा ॥ ३० ॥
गुदर्क्षसंस्थिते सूर्ये राहुनक्षस्थितः शशी ।
महाहवो भवेद्घोरः किञ्चित् स्थायी जयी रणे ॥ ३१ ॥
भानुरुद्गिलिते ऋक्षे शशभृत्सम्पुटे तदा ।
यायिनो विजयस्तत्र स्थायिनो भङ्गमादिशेत् ॥ ३२ ॥
गुह्याङ्गे वर्तते भानुर्जठरे रोहिणीपतिः ।
दण्डयित्वा रिपोः सैन्यं याताभ्येति निजालयम् ॥ ३३ ॥
गुह्ये दिनकरो यत्र तत्र वै यामिनीकरः ।
समं युद्धं भवेत्तत्र किञ्चिदागन्तुके जयः ॥ ३४ ॥

इति गुदादियोगषट्कम् ।

यदि केतु नक्षत्र (पन्द्रहवें नक्षत्र) में सूर्य हो और पुच्छ (१६ वें नक्षत्र से ६ नक्षत्र तक) चन्द्रमा हो तो यायी की हानि और स्थायी की विजय होती है। गुद नक्षत्र में सूर्य और कपाल (मृतपक्ष के अंतिम सात नक्षत्र) में चन्द्रमा हो तो यायी की हानि और स्थायी की विजय होती है। गुद नक्षत्र में सूर्य और राहु के नक्षत्र पर चन्द्रमा हो तो बड़ा घोर युद्ध होता है और स्थायी कुछ विजयी होता है। गुद नक्षत्र में सूर्य और संपुट (जीवपक्ष के आदिम सात नक्षत्र) में चन्द्रमा हो तो यायी की विजय और स्थायी की हानि होती है। गुद में सूर्य हो और जठर (जीवपक्ष के अंतिम ६ नक्षत्र) में चन्द्रमा होत ो यायी शत्रु सेना को दंड देकर अपने घर को जाता है। यदि दोनों रवि चन्द्र गुद के ही नक्षत्र में हो तो दोनों का (स्थायी जयी का) युद्ध समान होता है थोड़ा सा यायी का विजय होता है ॥२९-३४॥

सूर्याङ्गस्थः सहस्रांशुर्जिह्वायां शीतगुः स्थितः ।
स्थायिना विजयं विद्याद् यायिनश्च पराभवः ॥ ३५ ॥
पुच्छक्षेत्रे स्थिता भानू रुद्रक्षेत्रे तु चन्द्रमाः ।
यायिनो मृत्युमायान्ति जयलाभौ च स्थायिनः ॥ ३६ ॥
पुच्छषट्के यदा भानुः कामाङ्गे चन्द्रमाः स्थितः ।
यायी विजयते तत्र शक्रतुल्येऽपि वैरिणि ॥ ३७ ॥
अंशुमाली भवेद्गुह्ये जठरे तु सुधाकरः ।
आदत्तेऽरिश्रियं जित्वा सर्वान्यायी रणाङ्गणे ॥ ३८ ॥
भास्करे राहुपुच्छस्थे मृगाङ्के गुदमाश्रिते ।
समं युद्धं भवेत्तत्र किञ्चिद्यायी जयी भवेत् ॥ ३९ ॥
सूर्याचन्द्रमसौ यत्र वज्राङ्गे संस्थितौ यदा ।
सैन्ययोरुभयोस्तत्र वधो भवति मिश्रितः ॥ ४० ॥

इति वज्रांगपट्कम् ।

पुच्छ के नक्षत्रों (मृतपक्ष के आदिम ६ नक्षत्रों में) सूर्य हो जिह्वा के नक्षत्र में चन्द्रमा हो तो स्थायी की विजय और यायी का पराजय होता है। पुच्छ के नक्षत्रों में सूर्य और राहु के नक्षत्र में चन्द्रमा हो तो यायी की मृत्यु और स्थायी की विजय और लाभ होता है। यदि पुच्छ के ६ नक्षत्रों में सूर्य हो और कामांग (जीवपक्ष के आदि ७ नक्षत्र) में चन्द्रमा हो तो यायी इन्द्र के समान शत्रु को भी जीत लेता है। सूर्य पुच्छ में हो और जठर के नक्षत्रों में चन्द्रमा हो तो यायी सभी शत्रु के सामानों को ले लेता है और युद्ध में विजयी होता है। सूर्य पुच्छ में हो और चन्द्रमा गुद में हो तो युद्ध में दोनों की समानता होती है और यायी की कुछ विजय होती है। यह दोनों रवि चन्द्रमा पुच्छ में ही हों तो दोनों के मिले हुये सेनाओं का वध होता है ॥ ३५–४० ॥

रुद्राङ्गस्थे दिवानाथे रुद्रजिह्वाङ्गगः शशी ।
स्थायिनस्तु जयस्तत्र भङ्गो भवति यायिनः ॥ ४१ ॥
राहुशीर्षस्थिते मित्रे शशाङ्के हृदि संस्थिते ।
विना युद्धेन गृह्णाति यायी करमरिश्रियः ॥ ४२ ॥

कपालसंश्रितः सूर्यः सम्पुटस्थो यदा शशी ।
यायिना जीयते शत्रुः स्थायिनो भङ्गमादिशेत् ॥ ४३ ॥
कपालसंस्थिते सूर्ये धिष्ण्यनाथे गुदस्थिते ।
यायिनो विजयो युद्धे स्थायिनस्तु पराजयः ॥ ४४ ॥
राहुशीर्षस्थितो भानुः पुच्छक्षेत्रे निशाकरः ।
अन्योन्यविग्रहं घोरं युद्धं भवति दारुणम् ॥ ४५ ॥
दिनेशो राहुरुद्राङ्के चन्द्रस्तत्रैव संस्थितः ।
विनाशं कोशराष्ट्रस्य यायिनो मृत्युमादिशेत् ॥ ४६ ॥

इति कपालादियोगषट्कम् ।

रुद्रांग (मृतपक्ष का अन्तिम ७ नक्षत्र) में सूर्य हो और राहु के नक्षत्र में चन्द्रमा हो तो स्थायी की विजय और यायी की हानि होती है । शीर्ष स्थान में सूर्य हों और चन्द्रमा हृदय में हो तो विना युद्ध के ही यायी स्थायी के सभी पदार्थों को ले लेता है । कपाल में सूर्य हो और संपुट में चन्द्रमा हो तो यायी की विजय और स्थायी की हानि होती है । कपाल में सूर्य हो और चन्द्रमा गुद में हो तो युद्ध में यायी की विजय और स्थायी की पराजय होती है । शीर्ष स्थान में सूर्य हो और पुच्छ में चन्द्रमा हो तो दोनों (स्थायी यायी) का परस्पर घोर विग्रह और युद्ध होता है । यदि दोनों रवि चन्द्रमा शीर्ष स्थान में ही हों तो खजाना और देश दोनों का नाश तथा यायी की मृत्यु होती है ॥ ४१–४६ ॥


हृदयादीनि चाङ्गानि जिह्वान्तानि क्रमेण च ।
दशसंख्यान्यहं वक्ष्ये राहुचक्रस्य मध्यतः ॥ १ ॥
पुष्पितं फलितं चैव निष्फलं झटितं गुदम् ।
राजसं तामसं वृद्धं मृतं जिह्वां क्रमेण च ॥ २ ॥
पुष्पिते त्रीणि चत्वारि फलिते निष्फले त्रयम् ।
झटिते त्रीणि ऋक्षाणि गुदे चैकं भवेत्तथा ॥ ३ ॥
राजसे त्रीणि ऋक्षाणि तामसे च तथा त्रयम् ।
वृद्धे चतुष्टयं त्रीणि मृतौ चैकं तथा मुखे ॥ ४ ॥
त्रीणि पुष्पितऋक्षाणि क्षेमलाभकराणि च ।
शत्रुभङ्गो भवेद् युद्धे यात्रा मासेन लाभदा ॥ ५ ॥

ततश्चत्वारि धिष्ण्यानि पक्षैकेन फलन्ति च।
गजवाजिधनं देशं यायी तु लभते ध्रुवम् ॥ ६ ॥
अफलाख्यत्रिधिष्ण्येषु षण्मासे यायिनं प्रति।
सन्धिं भेदं तथा देशं यायी प्राप्नोति निश्चितम् ॥ ७ ॥
फलं प्राप्नोति वर्षेण झटितैश्च त्रितारकैः।
गोधनान्यरिवृन्दानां यायी लुण्ठति च ध्रुवम् ॥ ८ ॥
गुदऋक्षे जयं लक्ष्मीं पद्मिनीं प्रियवादिनीम्।
रूपयौवनसम्पन्नां स्त्रियं प्राप्नोति निश्चितम् ॥ ९ ॥
विग्रहस्य भवेद्वृद्धिर्युद्धे भङ्गस्तथैव च।
रोगपीडा भवेद्वर्षं राजसाख्यैस्त्रितारकैः ॥ १० ॥
हस्त्यश्वपुत्रमित्रादि-देशकोशपरिग्रहाः।
षड्भिर्मासैर्विनश्यंति यायिनस्तामसत्रये ॥ ११ ॥
तामसाग्रे चतुष्के च तारका वृद्धसंज्ञकाः।
सर्वनाशकराः प्रोक्ता मासैकेन न संशयः ॥ १२ ॥
ततस्त्रिमृत्युऋक्षाणि राज्ञां मृत्युकराणि च।
अर्थनाशश्च युद्धं च पक्षैकेन फलं स्मृतम् ॥ १३ ॥
युद्धे भङ्गं महाभीतिर्द्रव्यनाशं कुलक्षयम्।
सद्यो मृत्युं लभेद्यायी राहुचक्रे सुनिश्चितम् ॥ १४ ॥

इति दशाङ्गराहुकालानलशुभाशुभफलम्।

हृदय से जिह्वा पर्यन्त दश अंगों वाला राहुचक्र को कहता हूँ। (१) पुष्पित, (२) फलित, (३) निष्फल, (४) झटित, (५) गुद, (६) राजस, (७) तामस, (८) वृद्ध, (९) मृत, (१०) जिह्वा ये ही दश अंगों के नाम हैं। जीवपक्ष के प्रथम ३ नक्षत्रों को पुष्पित कहते हैं इसमें यात्रा करने से क्षेत्र, लाभ, शत्रु का नाश होता है और एक मास में यात्रा का फल प्राप्त होता है। इसके बाद के चार नक्षत्रों की फलित संज्ञा है इसमें यात्रा करने से यायी हाथी, घोड़ा, धन और देश को प्राप्त करता है। इसके आगे के तीन नक्षत्रों की निष्फल संज्ञा है इसमें यात्रा करने से यायी को स्थायी ६ मास के अन्दर ही संधि करके देश और धन आदि देता है। इसके बाद के ३ नक्षत्रों की झटित संज्ञा है इसमें यात्रा करने से यायी

शत्रुओं के गौ, धन आदि ६ मास में लूट लेता है। इसके बाद के १ नक्षत्र की गुद संज्ञा है इसमें यात्रा से विजय, लक्ष्मी और प्रिय-भाषिणी रूप-यौवन-सम्पन्ना स्त्री २ मास में यायी को प्राप्त होता है। इसके बाद के ३ नक्षत्र राजससंज्ञक हैं इसमें युद्ध में हानि, रोग-पीडा होती है। इसके बाद के ३ नक्षत्र तामस संज्ञक हैं इसमें यात्रा करने से हाथी, घोड़ा, पुत्र, मित्र, देश आदि का ६ मास में यायी का नाश हो जाता है। तामस के आगे ४ नक्षत्र वृद्ध संज्ञक हैं इसमें यात्रा करने से एक मास में सभी का नाश हो जाता है। इसके



बाद के ३ नक्षत्र मृत्यु संज्ञक हैं इसमें यात्रा करने से एक पक्ष में राजा की मृत्यु, धन का नाश होता है। इस राहुचक्र में युद्ध में भय, महाभय, द्रव्य की हानि, कुल का नाश और मृत्यु का फल यायी को प्राप्त होता है ॥ १–१२ ॥

इति दशाङ्गराहुकालानलचक्रम् ।

युद्धकाले यदा शीघ्रं यात्रायोगो न लभ्यते ।
उत्पाद्यौ तौ तदा शीघ्रं तत्कालेंदुदिवाकरौ ॥ १ ॥
इष्टनाड्यो हता धिष्ण्यैः षष्टिभागाप्तशेषके ।
अश्विन्यादीन्दुभुक्तेन फलं तत्कालचन्द्रमाः ॥ २ ॥
चन्द्रवत्साधयेदर्कमृक्षस्थं चेष्टकालिकम् ।
यतोऽहोरात्रमध्ये तौ विभ्रान्तौ धिष्ण्यमण्डले ॥ ३ ॥
स्थिरचक्रे मया प्रोक्तं चन्द्रादित्यफलाफलम् ।
परचक्रेऽप्यनेनैव प्रकारेण फलं वदेत् ॥ ४ ॥
सर्वेषु शुभकार्येषु यात्राकाले विशेषतः ।
सर्वकाले शुभश्चन्द्रो ज्ञेयो हृदि गुदोदरे ॥ ५ ॥
मुखपुच्छकपालस्थे शशाङ्के राहुवक्त्रगे ।
बन्धनं हानिमृत्युश्च सर्वकार्येषु जायते ॥ ६ ॥
गुदसम्पुटगे चन्द्रे विवाहे नन्दति द्वयम् ।

नैःस्वं विद्धेषवैधव्यं मुखे पुच्छे च मस्तके ॥ ७ ॥
पुष्पिते फलिते धिष्ण्ये प्रश्नकाले शशी शुभः ।
अफले झटिते मध्या मृत्युः शेषाङ्कके विधौ ॥ ८ ॥
ऊर्ध्वं च खेचरं चक्रमधो भूचरमुच्यते ।
उभयोः सन्निपातेन राहुकालानलं मतम् ॥ ९ ॥
न लोभेन भयैः स्नेहैर्न देयं कार्यकारणैः ।
कालानलमिदं चक्रं गोपनीयं प्रयत्नतः ॥ १० ॥
चिरकालस्थिते भुक्ते सुपरीक्ष्य पुनः पुनः ।
तस्मिञ्छिष्ये प्रदातव्यं राहुकालानलात्मकम् ॥ ११ ॥

इति श्रीनरपतिजयचर्यायां स्वरोदये राहुकालानलचक्रं समाप्तम् ।

यात्रायां जीवपक्षाद्यलाभे कर्त्तव्यतामाह ।

युद्धकाले इति । युद्धकालेऽर्थादुपस्थिते समये यदि यात्रायोगः शीघ्रं न लभ्यते तदा तौ तत्कालेन्दुदिवाकरौ शीघ्रमुत्पादनीयौ । इष्टनाड्य इति । यस्मिन् तत्कालनक्षत्रस्थौ रवीन्दू ज्ञातव्यौ भवतस्तत्र नक्षत्र प्रति मुपक्रम्याभिमतदण्डपर्यन्तं यावन्तो दण्डास्ते इष्टनाड्यस्ताः धिष्ण्यैः सप्तविंशतिभिर्हता गुणिताः कार्याः तत्र षष्टिभागात्तशेषके सति षष्टिहरणाल्लब्धशेषकौ यौ भवतस्तत्राश्विन्यादितत्पूर्वचन्द्रभुक्तेन नक्षत्रेणार्थात् तत्संख्यया युक्तेन तत्कालनक्षत्रस्थश्चन्द्रस्तात्कालिकचन्द्रो भवति। सप्तविंशत्यधिके सति सप्तविंशतितष्टितं कार्यम् । चन्द्रवत्साधयेदर्कमिति । यथा चन्द्रस्तात्कालिकः कृतस्तथैवादित्यः सूर्योऽपि तात्कालिकः कर्त्तव्यः । अनेन प्रकारेण सूर्याचन्द्रमसौ राशिमण्डले द्वादशराशिचक्रे विभ्रान्तौ भ्राम्यमाणौ भवतः । चन्द्रः षष्टिदण्डात्मकैकं नक्षत्रमहोरात्रेण भुङ्क्ते सूर्यस्तु द्वादशाधिक इति । रविनक्षत्रभुक्तदण्डपलादिज्ञानार्थं नागेश्वरः । ऋक्षप्रवेशादिष्टाख्या नाड्यः षष्टिभिस्ताडिताः । ऋक्षप्रवेशादात्त्यागघटिकाभिर्विभाजिताः । लब्धं दण्डादि यत्तत्र ऋक्षन्नं षष्टिभिर्हृतम् । अश्विन्यादीन्भुक्तनक्षत्रैः युक्तस्तात्कालिको रविः ॥ इति ॥ अस्यार्थः ऋक्षप्रवेशात् रवेः नक्षत्रप्रवेशसमयादारभ्य इष्टकालपर्यन्तं यावन्तो दण्डास्ते इष्टनाड्यः एकतो धर्त्तव्याः । ऋक्षप्रवेशात् सूर्यस्य नक्षत्रप्रवेशादारभ्य यस्मिन्दण्डे तन्नक्षत्रत्यागस्तत्पर्यन्तदण्डास्त एव त्यागघट्योऽपरत्र धर्त्तव्याः । अनन्तरमिष्टनाडी षष्ट्या सङ्गुण्य आत्यागघटीभिर्भजेत् । लब्धं दण्डाः शेषं षष्ट्या संगुण्य पुनर्भजेत् लब्धं पलानि एवं सूर्यनक्षत्रस्य भुक्तदण्डपलानि भवन्ति । तानि चन्द्रवत्सप्तविंशतिगुणितानि कृत्वा षष्ट्या विभजेत् । लब्धं भुक्तनक्षत्रं शेषं वर्तमाननक्षत्रं

ततः अश्विन्यादिभुज्यमाननक्षत्रस्य पूर्वनक्षत्रसंख्यां लब्धं भुक्तनक्षत्रे संयोज्य सप्तविंशत्यधिके सति सप्तविंशत्या तष्टितेऽवशिष्टं भुक्तनक्षत्रमश्विन्यादितो भवति। ग्रहान्तराणामप्यनेन प्रकारेण ज्ञेयम्। स्थिरचक्रे इति। यथा स्थिरचक्रे द्विधाङ्गादौ मया पुरा पूर्वं फलं कथितं तथा यत्र द्विधाङ्गे चरचक्रे षडङ्गदशाङ्गयोरप्यनेनैव तात्कालिकप्रकारेण फलं वदेत्। तात्कालिकश्चन्द्रो रविश्च यत्राङ्गे जायते तत्र पूर्वोक्तक्रमेण फलं भवतीति। अन्यत् स्पष्टम्॥ १–११॥

युद्ध के समय यदि शीघ्र ही यात्रा का योग न प्राप्त हो तो तात्कालिक चन्द्र और सूर्य का साधन कर योग का विचार करना चाहिये। इष्टनाडी को २७ से गुणकर ६० का भाग देने से जो लब्धि हो उसमें चन्द्रमा के भुक्त नक्षत्र को जोड़ देने से तात्कालिक चन्द्रमा का नक्षत्र होता है। चन्द्रमा के समान इष्टकालिक सूर्य के नक्षत्र का भी साधन करना चाहिये। क्योंकि दोनों (चन्द्र रवि) अहोरात्र में नक्षत्र मण्डल में घूमते रहते हैं। पहले मैं स्थिरचक्र (द्विधांगादि राहुचक्र) में चन्द्र और रवि के अनुसार फल कह चुका हूँ। उसी प्रकार से तत्काल चन्द्र-रवि से फल को कहना चाहिये। सभी शुभ कार्यों में किन्तु विशेषकर यात्रा समय में हृदय, गुदा और उदर में स्थित चन्द्रमा शुभद होता है। पीछे के ६ नक्षत्रों में और कपाल तथा राहुमुख में चन्द्रमा हो तो सभी कार्यों में रुकावट, हानि और मृत्यु होती है। हृदय, गुदा और उदर में चन्द्रमा हो तो ऐसे समय में विवाह होने से दोनों वर-कन्या प्रसन्न होते हैं। मुख, पुच्छ और मस्तक में चन्द्र हो तो दरिद्रता, विद्वेष और वैर होता है। प्रश्न समय में पुष्पित, फलित नक्षत्र में चन्द्रमा हो तो शुभद होता है। अफल, झटित संज्ञक नक्षत्र में हो तो मध्यम और शेषांग में हो तो मृत्यु होती है। ऊपर खेचरचक्र और नीचे भूचरचक्र होता है दोनों के मध्य से राहुकालानल चक्र होता है। राहु जिस नक्षत्र पर हो उससे आगे १४ नक्षत्रों की खेचर संज्ञा होती है, जैसे कृत्तिका पर राहु है उससे आगे रोहिणी आदि १४ नक्षत्रों की खेचर संज्ञा है। इसी प्रकार राहु के गत १४ नक्षत्रों की भरणी आदि की भूचर संज्ञा है। इस कालानल चक्र को लोभ, भय, स्नेह तथा कार्यकारण के वश से किसी को नहीं देना चाहिये किन्तु गोप्य रखना चाहिये। जो शिष्य बहुत दिन तक सेवा कर चुका हो उसकी बार-बार परीक्षा करके इस राहुकालानल चक्र को देना चाहिये॥ १–११॥

उदाहरण—संवत् २०१७ फाल्गुन कृष्ण ५ शनिवार को धनिष्ठा नक्षत्र में सूर्य ३८ घ० ५९ प० पर प्रवेश करता है और फाल्गुन शुक्ल ३ शनिवार को ४८ घ० ४५ प० पर शतभिष में प्रवेश करता है। और फाल्गुन शुक्ल १ गुरुवार को १५ घटीपर तात्कालिक रवि चन्द्र का साधन करना है। फाल्गुन कृष्ण ३० को धनिष्ठा नक्षत्र ३३ घ०। ३५ प० है और फाल्गुन शुक्ल १ को शतभिष ३० घ० १० प० है। अतः शतभिष का भयात ४१।२५ और भभोग ५६।२५ हुआ। यहां जो भयात


है वही इष्टघटी है उसे २७ से गुणा किया तो १११८।१५ हुआ। यहां ६० से भाग देना चाहिये किन्तु ६० उपलक्षण मात्र है वस्तुतः सर्वर्क्ष से ही भाग देना उचित प्रतीत होता है। अतः सवर्णित भाज्य ६७०९५ में सवर्णित भाजक भभोग ३३८५ से भाग देने से लब्धि १९ हुई इसमें चन्द्रमा के गत नक्षत्र २३ को जोड़कर २७ से भाग देने से शेष १५ बचा अतः तात्कालिक चन्द्रमा विशाखा नक्षत्र पर हुआ।

तात्कालिक सूर्य का साधन—धनिष्ठा का सर्वर्क्षदिन १३ घटी ५१ पल १ हुआ। धनिष्ठा प्रवेश दिन से इष्ट दिन के घटी तक सूर्य की इष्टघटी ६२१। १ हुई इसको २७ से गुणा किया तो गुणनफल १६७६७। २७ हुआ यह भाज्य हुआ इसको सवर्णित करने से १००६०४७ हुआ इसमें सवर्णन किये हुये सर्वर्क्ष ४९८६१ से भाग दिया तो लब्धि २० आई इसमें सूर्य के गतनक्षत्र संख्या २२ को जोड़ देने से ४२ हुआ इसमें २७ से भाग देने से शेष १५ गत नक्षत्र सूर्य का स्वाती हुआ और वर्तमान विशाखा नक्षत्र हुआ। इसी प्रकार सभी ग्रहों के नक्षत्रों को साधन करना चाहिये।

अथ सूर्यकालानलम्।

ऊर्ध्वं गास्त्रित्रिशूलाग्रास्तिस्रस्तिर्यक् च संस्थिताः।
द्वे द्वे नाड्यौ स्थिते कोणे शृङ्गयुग्मं तथैकया॥ १॥
मध्ये त्रिशूलदण्डाधो भानुभाद्यं भमण्डलम्।
साभिजिच्च प्रदातव्यं सव्यमार्गेण सर्वदा॥ २॥
नामर्क्षं स्थितं यत्र ज्ञेयं तत्र शुभाशुभम्।
अधो गतैस्त्रिनक्षत्रैरुद्वेगो वधबन्धनम्॥ ३॥
कोणाष्टके जयो लाभः कुक्षिषट्के तथा पुनः।
शृङ्गयुग्मे रुजो भङ्गो मृत्युः शूलं त्रये स्फुटम्॥ ४॥
सूर्यभात् त्रिचतुःपञ्चरससप्ताष्टगोमिते।
गतगम्यर्क्षके लाभजयौ शेषे रुजो मृतिः॥ ५॥
विवाहे विग्रहे युद्धे रोगार्ते गमने तथा।
सूर्यकालानलं चक्रं ज्ञातव्यश्च प्रयत्नतः॥ ६॥
रोगे च कुजनक्षत्रं दिनर्क्षं तु युद्धके।
प्रयाणे कृत्तिकालेख्यमन्यत्रार्कं प्रदीयते॥ ७॥

इति सूर्यकालानलचक्रं समाप्तम्।



ऊपर नीचे अर्थात् ऊर्ध्वाधर तीन रेखा जिसके अग्र में त्रिशूल हो खींचे और तीन आड़ी रेखा खींचे। दो २ नक्षत्र कोण में और दोनों शृंगों में एक २ नक्षत्र रखना चाहिये। मध्य त्रिशूल के नीचे से सूर्य के नक्षत्र से अभिजित् के सहित २८ नक्षत्रों को वामक्रम से रखना चाहिये। नाम का नक्षत्र जहां हो उससे शुभ अशुभ फल का विचार करना चाहिये। अधः रेखास्थित ३ नक्षत्र में उद्वेग, वध और बंधन होता है। कोण के आठ ८ नक्षत्रों में तथा मध्य के ६ नक्षत्रों में विजय और लाभ होता है। दोनों शृंग के नक्षत्र में रोग और हानि तथा त्रिशूल के ९ नक्षत्रों में नाम नक्षत्र हो तो मृत्यु होती है। विवाद, विग्रह, युद्ध, रोग और यात्रा में इस सूर्यकालानल चक्र का विचार करना चाहिये॥ १–५॥


चन्द्रकालानलं चक्रं व्योमाकारं लिखेत्ततः।
चतुर्दिक्षु त्रिशूलानि मध्यभिन्नानि कारयेत्॥ १॥
पूर्वत्रिशूलमध्यस्थं दिनऋक्षादिलिख्यते।
त्रिशूले च बहिर्मध्ये मध्ये बहिस्त्रिशूलके॥ २॥
नामऋक्षं स्थितं यत्र ज्ञेयं तत्र शुभाशुभम्।
त्रिशूले चक्रबाह्ये च चक्रमध्ये तथैव च॥ ३॥
त्रिशूलेषु भवेन्मृत्युर्मध्यमं बहिरष्टके।
लाभक्षेमौ जयः प्रज्ञा चन्द्रगर्भे न संशयः॥ ४॥
वर्जनीयं प्रयत्नेन प्रथमाष्टत्रिपञ्चकम्।
ऋक्षं द्वाविंशकं चात्र कालरूपं न संशयः॥ ५॥
दिनभाद् द्वे त्रयं शैलात्रितयं च चतुर्दशात्।
चन्द्रकालानले काले एकविंशतितस्त्रये॥ ६॥
लाभालाभं सुखं दुःखं चैव पराजयः।
चन्द्रकालानले चक्रे ज्ञानं संशयवर्जितम्॥ ७॥

चन्द्राष्टके जयो लाभो मध्यशूर्पाष्टके मतः ।
राह्वष्टके भवेद्व्याधिर्मृत्युः केतुचतुष्टये ॥ ८ ॥

इति चन्द्रकालानलम् ।

चन्द्रकालानलमिति । व्योमाकारं मंडलाकारमन्यत्स्पष्टम् ॥ १-७ ॥

एक गोलाकार चक्र बनाकर चारो दिशाओं में मध्य को वेध करता हुआ त्रिशूल को बनावे यही चन्द्रकालानल चक्र होता है । पूर्व दिशा स्थित त्रिशूल के मध्य से दिन नक्षत्र से त्रिशूल, उसके बाहर मध्य और मध्य बाहर तथा त्रिशूल में क्रम से २८ नक्षत्रों को रखे । त्रिशूल में चक्र में बाहर चक्र मध्य में इस क्रम से नक्षत्रों को रखकर जहां नाम का नक्षत्र हो उससे शुभ अशुभ फल का विचार करे । त्रिशूल के नक्षत्रों में नाम नक्षत्र हो तो मृत्यु होती है उसके बाहर के आठ नक्षत्रों में हो तो मध्यम फल होता है गर्भ के नक्षत्रों में हो तो क्रम से लाभ, कुशल, विजय, शुभ फल होता है इसमें संशय नहीं है । प्रथम नक्षत्र से ८ वां १५ वां और २२ वां नक्षत्र इस चक्र में कालरूप होता है । लाभ, हानि, सुख, दुःख, विजय, पराजय का ज्ञान इस चन्द्र-कालानल चक्र में जाना जा सकता है इसमें संशय नहीं है ॥ १-६ ॥



इति चन्द्रकालानलचक्रम् ।


अथ घोरकालानलम् ।

शलाकासप्तकं चक्रं लिखित्वा चन्द्रभादितः ।
त्रिषु त्रिषु च ऋक्षेषु नव सूर्यादयो ग्रहाः ॥ १ ॥
यदङ्के नामनक्षत्रं दिनऋक्षादि जायते ।
फलं तस्य प्रवक्ष्यामि एकैकस्य यथाक्रमम् ॥ २ ॥
भानुना शोकसन्तापौ शशाङ्कः क्षेमलाभदः ।
भूसुतो मृत्युमाधत्ते बुधे प्रज्ञा प्रजायते ॥ ३ ॥
जीवे लाभः शुभं शुक्रे सूर्यपुत्रे महद्भयम् ।
राहुणा घातपातं च केतौ मृत्युर्न संशयः ॥ ४ ॥

यात्राजन्मविवाहेषु सङ्ग्रामे विग्रहेऽपि वा ।
घोरकालानलं चक्रं ज्ञात्वा कर्म समारभेत् ॥ ५ ॥

इति घोरकालानलम् ।

सप्तशलाका चक्र लिखकर ईशान्य कोण से चन्द्रमा के नक्षत्र से नक्षत्रों को



स्थापित कर तीन २ नक्षत्रों पर सूर्यादि ग्रहों को स्थापित करै। दिन नक्षत्र से गिनने से जिस ग्रह के अंश में नाम नक्षत्र हो उसका फल क्रम से कहता हूँ। सूर्यांश में हो तो शोक और संताप, चन्द्रांश में कुशल और लाभ, भौमांश में मृत्यु, बुधांश में बुद्धि की वृद्धि होती है। गुरु के अंश में लाभ, शुक्र के अंश में शुभ और शनि के अंश में बड़ा भय होता है। यात्रा, जन्म, विवाह, संग्राम और विग्रह में इस घोर कालानल से विचार कर जो दिन शुद्ध हो उस दिन उक्त कार्यों को करै ॥ १–५ ॥

अथ सप्तशलाकाचक्रम् ।

तीर्यगूर्ध्वगता रेखाः सप्तसङ्ख्या लिखेद्बुधः ।
कृत्तिकादीनि भान्यत्र साभिजिति क्रमेण च ॥ १ ॥
भुक्तं क्रान्तं तथा भोग्यं विद्धं क्रूरग्रहेण भम् ।
शुभाशुभेषु कार्येषु वर्जनीयं प्रयत्नतः ॥ २ ॥
यस्याभिधाननक्षत्रं विद्धं क्रूरग्रहेण च ।
देशो ग्रामः पुरं सैन्यं नरो नारी विनश्यति ॥ ३ ॥

इति सप्तशलाकाचक्रम् ।

सात तिरछी और सात सीधी रेखाओं को लिखै और उनपर ईशानकोण से कृतिका से आरंभ कर अभिजित् सहित सभी नक्षत्रों को लिखै। क्रूरग्रह से युक्त भोग्य

१. ग्रन्थान्तरे—रोगार्त्ते कुजनक्षत्राद् युद्धादौ रविभात्क्रमात् । गमने वह्निभाच्चक्रे चन्द्रकालानले क्रमात् ।

तथा आक्रांत नक्षत्र को शुभ अशुभ कार्यों में प्रयत्न कर त्याग देना चाहिये । जिस मनुष्यादि का नाम नक्षत्र क्रूरग्रह से विद्ध हो उस देश, ग्राम, पुर, सेना, मनुष्य, स्त्री का नाश होता है ॥ १–३ ॥


अथ पञ्चशलाका ।

तिर्यगूर्ध्वगताः पञ्च द्वे द्वे रेखे च कोणगे ।
ईशकोणाग्ररेखातः कृत्तिकादि लिखेद् बुधः ॥ १ ॥
विशाखाकृत्तिकावेधो भरणीमित्रदेवयोः ।
धनिष्ठा सार्पयोर्वेधो मघाश्रवणयोस्तथा ॥ २ ॥
शुभाशुभग्रहैर्विद्धं भं विवाहे विवर्जयेत् ।
द्व्यादिविद्धं महादुष्टं राहुविद्धं तथैव च ॥ ३ ॥

इति पञ्चशलाकाचक्रम् ।

निर्यगूर्ध्वगता इति । सुगमम् ॥ १–३ ॥

पांच तिरछी और पांच सीधी रेखाओं को खीचे तथा दो २, रेखाकोण में खीचे । ईशान्य कोण की रेखा के आगे से कृत्तिकादि २८ नक्षत्रों को लिखै । इसमें विशाखा और कृत्तिका का वेध भरणी और अनुराधा का, धनिष्ठा और श्लेषाका तथा मघा और श्रवण का वेध होता है । शुभग्रह तथा पापग्रह से वेध किये जाते हुये नक्षत्र को विवाह में त्याग देना चाहिये । दो आदि ग्रहों से तथा राहु से वेध हो तो वह नक्षत्र बड़ा अशुभ होता है ॥ १–३ ॥




अथ वक्रचन्द्रचक्रम् ।

वक्रेन्दुसदृशं चक्रं त्रित्रिशूलसमन्वितम् ।
मध्ये द्वादशभान्यत्र षट् पृष्ठे नव शूलके ॥ १ ॥
मध्यशूलस्य मध्यस्थं शशभृदृक्षमादितः ।
सव्येन गणयेच्चक्रं यावद्योधस्य नामभम् ॥ २ ॥
शृङ्गे मृत्युर्जयो मध्ये पृष्ठे भङ्गो महाहवे ।
चातुरङ्गे कवौ कोटे द्वन्द्वयुद्धे विशेषतः ॥ ३ ॥

इति स्वरोदये वक्रचन्द्रचक्रम् ।

टेढ़े चन्द्र के समान त्रिशूल से युक्त चक्र को बनावे। उसके मध्यमें १२ नक्षत्र और पीठ पर ६ नक्षत्र तथा ९ नक्षत्र त्रिशूल पर लिखे। चन्द्रमा के नक्षत्र से मध्य के शूल से नक्षत्रों को रखकर सव्य मार्ग से योधा के नाम नक्षत्र तक गिने। शृंग में नक्षत्र हो तो मृत्यु, मध्य में हो तो विजय, पृष्ठ में पड़े तो युद्ध में पराजय होता है। चतुरंग सेना, कपट-युद्ध, कोटयुद्ध और द्वन्द्वयुद्ध में विशेषतः विचार करना चाहिये ॥ १–३ ॥




अथ चतुरङ्गसूर्यचक्रम्।

रेखात्रयं त्रिशूलाग्रं तिर्यग्रेखाषडन्वितम्।
एकैककोणगास्तत्र मध्यादौ भानुभादितः ॥ १ ॥

अधस्त्रिके भवेन्मृत्युश्चतुर्भिः कोणगैः शुभम्।
मध्यमा द्वादश प्रोक्ता नवर्क्षं भङ्गकारकम् ॥ २ ॥

इति चतुरङ्गसूर्यचक्रम्।

तीन रेखा सीधी जिसके अग्र में त्रिशूल हो खींचे और ६ रेखा तिरछी खींचे, एक-एक रेखा कोण में खींचकर मध्य रेखा के नीचे से सूर्य के नक्षत्र से नक्षत्रों का न्यास कर फल का विचार करे। नीचे के तीन नक्षत्रों में नाम नक्षत्र हो तो मृत्यु, चारों कोण के नक्षत्रों में शुभ फल और शेष १२ और ९ नक्षत्रों में हानि होती है ॥ १–२ ॥



इति चतुरङ्गसूर्यचक्रम्।

अथ प्रथममातृकाचक्रम् ।

षोडशोर्ध्वगता रेखाः पञ्चरेखाश्च तिर्यगाः ।
कोष्ठकानां भवेत्षष्टिस्तत्राङ्काक्षरयोजना ॥ १ ॥
पूर्णिमादिविलोमाङ्कान् लिखेत्प्रतिपदान्तकान् ।
तदधो मातृकान् लिख्य ङञणान्तस्वरोज्झितान् ॥ २ ॥
योधयोर्नामवर्णाङ्कान् मात्राभेदेन संयुतान् ।
मुनिभिस्तु हरेद्भागं शेषाज्ज्ञेयं बलाबलम् ॥ ३ ॥
मातृहीने भवेद्भङ्गो जयो मात्राधिके रणे ।
मातृकायाः प्रभेदोऽयं तस्माज्ज्ञेयः प्रयत्नतः ॥ ४ ॥

सोलह सीधी रेखा और पाँच तिरछी रेखा को लिखने से ६० कोष्ठ का चक्र होता है जिसमें अंक और अक्षर की योजना करनी चाहिये । पूर्णिमा से प्रतिपदा पर्यन्त विलोम रीति से अंकों को लिखना चाहिये और उसके नीचे मातृका को लिखना चाहिये जिसमें ङ. ञ. ण. वर्ण न हों । योधाओं के नाम के वर्ण और मात्रा के ऊपर के अंकों को एकत्र कर ७ से भाग देने से जो शेष बचे उससे बलाबल का विचार करना चाहिये । इस प्रकार से मात्रांक से न्यून जो होता है उसकी पराजय और जिसका शेष अधिक होता है उसकी विजय होती है । अतः हमेशा मात्रांक का विचार कर युद्ध करना चाहिये ॥ १–४ ॥

१५	१४	१३	१२	११	१०	९	८	७	६	५	४	३	२	१
अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ऋ	ॠ	ऌ	ॡ	ए	ऐ	ओ	औ	अं
क	ख	ग	घ	च	छ	ज	झ	ट	ठ	ड	ढ	त	थ	द
ध	न	प	फ	ब	भ	म	य	र	ल	व	श	ष	स	ह

उदाहरण—जैसे यज्ञदत्त के मात्रांकादि विचार—य = ८, अ = १५, ज्ञ = २३, अ = १५, द = १, अ = १५, त = ३, इन सभी का योग करने से ८० हुआ इसमें ७ का भाग देने से ३ शेष रहा यदि इतने ही शेष वाले अन्य योधा के साथ इसका युद्ध हो तो दोनों में सन्धि हो जायगी ।

अथ द्वितीयमातृकाचक्रम् ।

द्वादशोर्ध्वगता रेखाः पञ्च रेखाश्च तिर्यगाः ।
मातृकां प्रस्तरेत्तत्र षडन्त्यस्वरवर्जिताम् ॥ १ ॥
कोष्ठकाधो लिखेदङ्कान् पञ्चयुग्मं त्रिकन्त्रिकम् ।
षड्द्वन्द्वमष्टकं त्रीणि नवकैकं तथैव च ॥ २ ॥

नामवर्णस्य या संख्या मात्रासंख्या तथैव च ।
पिण्डिता नवभिर्भक्ता जयो मात्राधिके रणे ॥ ३ ॥

वारह खड़ी रेखा और पाँच तिरछी रेखा को लिखने से चक्र बन जाता है। इसमें मातृकाओं को लिखे किन्तु चार वं ऋ ॠ लृ ॡ और अन्तिम अः स्वर को छोड़कर लिखे। कोष्ठों के नीचे क्रम से दो कोष्ठों में पाँच २, तीन कोष्ठों में तीन २, दो कोष्ठों में छ २, तीन कोष्ठों में आठ २ और शेष एक कोष्ठ में ९ इन अंकों को लिखे। नाम के वर्ण और मात्रा की जो संख्या हो उसे एकत्र कर ९ से भाग देने से अधिक शेप वाले योधा का संग्राम में विजय होती है ॥ १–३ ॥

प्रश्न के समय चन्द्रमा के भुक्त नक्षत्र की संख्या को ६० से गुण कर उसमें वर्त्तमान नक्षत्र के भयात को जोड़कर दूना करके ९ से भाग देवे और तीन लब्धि अंश, कला, विकला लावे तो तात्कालिक चन्द्रमा का अंश, कला, विकला होता है। सूर्योदय से जो इष्ट घटी हो उसे ६ से गुण कर अंश स्थान में जोड़कर ३० से भाग देने से तात्कालिक चन्द्रमा का राश्यादि नवांश होता है। चन्द्रमा के ही तरह सभी ग्रहों को तात्कालिक साधन करना क्योंकि तात्कालिक राशि, नक्षत्र, द्रेष्काण और नवांश की आवश्यकता होती है॥ १-३॥

उदाहरण—संवत् २०१७ वैशाख शुक्ल ४ शनिवार को १२ दंड पर प्रश्न हुआ। उक्त दिन मृगशिरा नक्षत्र १८ दंड है। भयात ५४ दंड है और चन्द्र के भुक्त नक्षत्र की संख्या ४ इसको ६० से गुणने से फल २४० नक्षत्र की भुक्त घटी ५४ जोड़ने से २९४ हुआ इसको २ से गुणा किया ५८८ हुआ इसमें ९ से भाग देने से क्रम से अंश, कला, विकला लब्धि हुई ६५। २०'। ०'' इसमें प्रथम स्थान में ६ से गुणकर इष्ट घटी १२ को जोड़ देने से १३७'। २०'। ०' हुआ इसमें ३० का

१. इत आरभ्य ४५ श्लोकपर्यन्ता विषयाः प्रक्षिप्ता इव प्रतिभान्ति।

भाग देने से ४'' । १७ । २०' । ० यह राश्यादि तात्कालिक चन्द्रमा हुआ । इसी प्रकार से अन्य ग्रहों का भी साधन करना चाहिये ।

एताश्च द्वादशावस्था शशाङ्कस्य दिने दिने ।
शुभाशुभेषु कार्येषु फलं नामानुसारतः ॥ ४ ॥
यथोत्तरबलाऽवस्था राशिद्रेष्काणजांशकाः ।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन भागावस्थां निरीक्षयेत् ॥ ५ ॥
नवांशका अमी भव्या हयकर्कितुलाझषाः ।
वृषसिंहोद्भवा मध्याः शेषाः स्युर्मृत्युदायकाः ॥ ६ ॥
स्वक्षेत्रे स्वांशकावस्था शुभदृष्टोथवा युता ।
शुभमध्यगतश्चन्द्रः सर्वकार्येषु शोभनः ॥ ७ ॥
शत्रुक्षेत्रांशनीचस्थः क्रूरदृष्टोऽथवा युतः ।
क्रूरमध्यगतश्चन्द्रः स च हानिकरः स्मृतः ॥ ८ ॥
लग्नाम्बुसप्तमध्यस्थो भवेत्क्रूरग्रहो विधोः ।
आत्मनो बन्धुवर्गस्य जायायाः कर्मणः क्रमात् ।
विनाशो जायते शीघ्रं तद्वेलाकर्मकारकः ॥ ९ ॥
एवं शुभग्रहश्चन्द्राद्यदा भवति केन्द्रगः ।
आत्मबन्धुकलत्राणां कर्मणश्च तदा जयः ॥ १० ॥
षष्ठा ६ ष्ट ८ मांश १२ गाः सौम्याः
पापाः केन्द्रान्त्यवित्तगाः ॥ १ ॥ ४ ।७।१०।१२ । २ ॥
चन्द्रात्प्रयत्नतस्त्याज्या अन्यत्रैव तु शोभनाः[1] ॥ ११ ॥

इस प्रकार से चन्द्रमा की १२ अवस्था प्रतिदिन बनाकर उनके नाम के अनुसार शुभ-अशुभ कार्यों में फल का विचार करना चाहिये । यथाक्रम से अवस्था

---

१. इतोऽग्रे ग्रन्थान्तरे तु—
षष्ठिघ्नं चन्द्रनक्षत्रं तत्कालघटिकान्वितम् ।
वेदघ्नमिषुवेदाप्तमवस्थाभानुभाजिताः ॥
प्रवासनाशौ मरणं जयश्चहास्यारतिक्रीडितसुप्तभुक्ताः ।
ज्वराख्यकंपस्थिरता अवस्था मेषात्क्रमान्नामसदृक्फलाः स्युः ॥
इत्यधिकः पाठः ।

बलवान् होती है राशि-द्रेष्काण और नवांश के क्रम से। इसलिये चन्द्रमा के अंश से अवस्था का विचार अवश्य करना चाहिये। धन, कर्क, तुला और मीन का नवांश श्रेष्ठ वृष, सिंह का मध्यम और शेष नवमांश अशुभ होते हैं। यदि चन्द्रमा स्वक्षेत्र, स्वनवमांश में हो शुभ ग्रह से दृष्ट अथवा युत हो तो अवस्था शुभद होती है यदि शुभग्रह के मध्य में चन्द्रमा हो तो सभी कार्यों में शुभद होता है। यदि शत्रु के गृह में वा नवमांश में हो, क्रूर ग्रह से दृष्ट वा युत हो, क्रूर ग्रह के मध्य में हो तो चन्द्रमा की अवस्था हानिकर होती है। यदि चन्द्रमा से १। ४। ७। १० स्थान में क्रूर ग्रह होवे तो क्रम से अपना या उस समय (प्रश्न के समय) जो अपना कार्य करता हो, बंधु वर्ग का, स्त्रियों का तथा उनके काम करने वालों का और कर्म का नाश होता है। इसी प्रकार यदि चन्द्रमा से केन्द्र में शुभग्रह हो तो क्रम से अपने को, स्त्री को, बंधुगणों को और कर्म में वृद्धि होती है। चन्द्रमा से ६।८।१२ स्थान में शुभग्रह और पाप ग्रह १। ४। ७। १०। १२। २ में हों तो उस दिन प्रयत्न कर कोई कार्य न करे इससे भिन्न स्थान में ग्रह हों तो शुभ फल होता है ॥ ४–११ ॥


चरराश्यंशके चन्द्रे यात्रा भवति निश्चितम्।
स्थिरेषु तु भवेन्नैव द्विःस्वभावे विलम्बता ॥ १२ ॥
नवांशकक्रमेणैव ज्ञेया अक्षरजा ग्रहाः।
तैश्च चन्द्राक्षरं विद्धं रज्जुवेधे निरीक्षयेत ॥ १३ ॥
राशिद्रेष्काणधिष्ण्येंऽशे यस्य यस्याक्षरे स्थितिः।
तस्य तस्य फलं वक्ष्ये शशिना रज्जुवेधतः ॥ १४ ॥
राशितोऽत्र दिशो ज्ञेया नक्षत्रात्स्थाननिर्णयः।
द्रेष्काणैस्तस्करा ज्ञेया द्रव्यनाम नवांशकात् ॥ १५ ॥
मूलमाग्नेयपितृभे द्विदैवतयमाह्वयम्।
पूर्वात्रयं च नवकमधोमुखमिदं स्मृतम् ॥ १६ ॥
पुष्यार्द्रा श्रवणो ब्रह्मा वसुभं शतभं तथा।
उत्तरात्रितयं चैव व्योमास्यं नवकं त्विदम् ॥ १७ ॥
पुनर्वसुर्मृगशिरः सार्पदैवतकं तथा।
हस्तादीनि षड्ऋक्षाणि तिर्यक्पश्यन्ति सर्वदा ॥ १८ ॥
कृष्णः पुमान् रक्तनेत्रो रौद्रः परशुशस्त्रभृत्।
प्रथमः स्त्री दीर्घमुखी लोहिताम्बरधारिणी।

स्थूलोदरैकपादा च द्वितीयः समुदाहृतः ॥ १९ ॥
मेषस्य पुरुषः क्रूरः कपिलो वसुरूपधृक् ।
दण्डहस्ता तृतीयस्तु द्रेष्काणः कथितो बुधैः ॥ २० ॥
कुञ्चितः कचकेशा स्त्री स्थूलोदरसमन्विता ।
दीर्घपादा वृषस्याद्यो द्वितीयः पुरुषाकृतिः ॥ २१ ॥
कलाविद्धेदशाकटकर्मणां कुशली स्मृतः ।
बृहत्कायस्तृतीयस्तु बृहत्पादो नरः स्मृतः ॥ २२ ॥
स्त्रीरूपं मिथुनस्याद्यो रूपयौवनशालिनी ।
नित्यं रजस्वला वन्ध्यालङ्कारेण कृतादरा ॥ २३ ॥
उद्यानस्थः पुमान् धन्वी द्वितीयः कवची स्मृतः ।
पुमान्स्तृतीयो धन्वी च रत्नभूषणभूषितः ॥ २४ ॥
कर्काद्यः पुरुषो हस्ती सूकरस्य मुखः स्मृतः ।
मध्यस्त्री यौवनोपेता सामर्षारण्यसंस्थिता ॥ २५ ॥
सर्पास्यश्च तृतीयस्तु पुरुषः सर्पचेष्टितः ।
सुवर्णाभरणो नौस्थद्रेष्काणः कथितो बुधैः ॥ २६ ॥
सिंहाद्यः श्वा जम्बुकास्गो गृध्रास्यो शाल्मलीतरौ ।
द्वितीयः पुरुषो धन्वी नतनासः स्मृतो बुधैः ॥
नरकूर्चो तृतीयस्तु चण्डकुञ्चितमूर्धजः ॥ २७ ॥

गुरोः कुलं वांछति कन्यका स्त्री कन्या हकाणः प्रथमः प्रदिष्टः ।
पुष्पप्रपूर्णेन घटेन पिष्ट्वा नीलाम्बरैवं मुनिभिः प्रदिष्टः ॥२८॥
श्यामो द्वितीयः पुरुषो हकाणो विस्तीर्णवस्त्रो धृतलेखनीकः ।
धन्वी तृतीयो युवतिस्तु गौरी देवालये कुम्भदुकूलहस्ता ॥
तौली तुलायां पुरुषो हकाणो वीथ्यापणस्थः पुरुषो द्वितीयः ।
कुम्भः करे गृध्रमुखो बिभर्ति कन्दर्पमूर्तिः पुरुषस्तृतीयः ॥ ३०॥

प्रश्न समय यदि चन्द्रमा चर राशि और चरांश में हो तो निश्चय ही यात्रा होती है । स्थिर राशि स्थिरांश में हो तो यात्रा नहीं होती है और द्विस्वभाव-राशि तथा इसके अंश में हो तो यात्रा विलंब से होती है । नवांश के क्रम से अन्तरस्थ ग्रह

को जानकर उससे रज्जुवेध में चन्द्राक्षर के वेध का विचार करना। जिस राशि के द्रेष्काण, नवांश नक्षत्र में जिसके २ अक्षर में उसके स्थितिवश रज्जुवेध से चन्द्र का फल होता है। राशि से दिशा का ज्ञान, नक्षत्र से स्थान का निर्णय, द्रेष्काण से चौर का और नवमांश से द्रव्य का निर्णय होता है। मूल, कृत्तिका, मघा, विशाखा, भरणी, श्लेषा, पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढ़ और पूर्वाभाद्र पद ये ९ नक्षत्र अधोमुख हैं। पुष्य, आर्द्रा, श्रवण, रोहिणी, धनिष्ठा, शतभिष, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ और उत्तराभाद्रपद इन ९ नक्षत्रों का ऊपर को मुख है। पुनर्वसु, मृगशिरा, अश्विनी, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनुराधा, ज्येष्ठा, रेवती इन ९ नक्षत्रों की तिर्यक् दृष्टि है।



मेष के प्रथम द्रेष्काण का स्वरूप—काले वर्ण का पुरुष, रक्तनेत्र, भीषण आकृति, फरसा को धारण करने वाला। दूसरे द्रेष्काण का स्वरूप—लम्बे मुख की स्त्री, काले वस्त्र को धारण करने वाली, बड़े पेट और एक चरण से मजबूत। मेष के तीसरे द्रेष्काण का स्वरूप—क्रूर पुरुष, कपिल वर्ण अनेक रूप को धारण करने वाला, और हाथ में दंड को लिये हुये। वृष के तीनों द्रेष्काण के स्वरूप—टेढ़े शिर के बाल वाली स्त्री, लम्बे पेटवाली, बड़े पैर वाली वृष के प्रथम द्रेष्काण का स्वरूप

है। कला को जाननेवाला, वेद, गाड़ी आदि के काम में कुशल, पुरुष दूसरे द्रेष्काण में और तीसरे में बड़े शरीर का पुरुष बड़े पैर वाला होता है। मिथुन के तीनों द्रेष्काणों का स्वरूप प्रथम में स्त्री रूपवती यौवन से युक्त, नित्य रजस्वला, वंध्या और अलंकार से युक्त होती है। दूसरे में पुरुष धनुष को लिये हुए बगीचे में रहने वाला। तीसरे में पुरुष धनुष को लिये हुये रत्न आभूषण को लिये हुए। कर्क के तीनों द्रेष्काण का स्वरूप—पहले में पुरुष सूकर (सूअर) के समान मुख वाला, दूसरे में स्त्री, युवावस्था, कलह के कारण जंगल में रहने वाली, तीसरे में पुरुष सर्प के समान मुखवाला सर्प ही के समान चेष्टावाला, सुवर्ण के आभूषण से युक्त, नाव पर रहने वाला होता है। सिंह के तीनों द्रेष्काण का स्वरूप—प्रथम में कुत्ते वा सियार अथवा गिद्ध के समान मुख, सेमर के पेड़ के पास रहने वाला होता है। दूसरे में पुरुष धनुष लिये हुये नम्र नाकवाला, तीसरे में कूँचा लिये हुये पुरुष टेढ़े शिर के बाल वाला। कन्या के तीनों द्रेष्काण के स्वरूप—प्रथम में गुरु के कुल को चाहने वाली कन्या पुष्प से भरे हुये घड़े से पीसकर नील रंग के वस्त्र को पहिनने वाली। दूसरे में—श्याम वर्ण का पुरुष बड़े वस्त्र को धारण कर लेखनी (कलम) को लिये हुए। तीसरे में, धनुष को लिये हुये स्त्री, युवा अवस्था वाली गौरी के मंदिर में घड़ा और वस्त्र के साथ जानेवाली। तुला के तीनों द्रेष्काणों का स्वरूप—प्रथम पुरुष तराजू लिये हुये, दूसरे में पुरुष मार्ग में व्यापार को करनेवाला, तीसरे में हाथ में घड़ा लिये हुए गिद्ध के समान मुखवाला, कामदेव के समान शरीर शोभा वाला होता है॥ १२–३०॥

स्थानच्युता सर्पनिबद्धपाला कान्ता विवस्त्रा प्रथमो दृकाणः।
कीटस्य मध्ये युवती सुरूपा स्वतृक्षता सर्पशरीरयष्टिः॥
सा वांछति स्थानसुखं तृतीये एता दृकाणश्चिपिटास्ययुक्तः॥

धनुषः पुरुषो धन्वी प्रथमः स्याद् द्वितीयकः।
गौरवर्णस्तृतीयस्तु दण्डी कूर्ची बृहत्पुमान्॥ ३२॥

मृगादिमो रोमशगात्रयष्टिः स्थूलद्विजो रौद्रमुखो धनुष्मान्।
द्वितीयकः श्यामललोहवर्णालङ्कारयुक्ता युवतिर्दृकाणः॥
तृतीयकस्तस्य पुमान् सतूणो धन्वी तथा दीर्घमुखः प्रदिष्टः॥

कुम्भाद्यः पुरुषो गृध्रतुल्यवक्त्रः सकम्बलः।
मध्यो रक्ताम्बरा जाया श्यामान्त्यो रोमकर्णधृक्॥३४॥

मीनाद्यः पुरुषो नौस्थो गौराङ्गी वरस्थिता।
झषस्तृतीयः पुरुषो नग्नः सर्पावृताङ्गकः॥ ३५॥

इत्यादि स्वयमप्यूह्यं द्रव्यनाम नवांशकात् ।
ग्रहदृष्टिवशाद्वर्णाः संख्या भुक्तिप्रमाणतः ॥ ३६ ॥
जोवज्ञशशिभिर्जीवं धातुपातार्किभूसुतैः ।
मूलमादित्यशुक्राभ्यां मिश्रैर्मिश्रं विनिर्दिशेत् ॥ ३७ ॥
इति चन्द्रे ग्रहैर्दृष्टे कार्यो द्रव्यस्य निर्णयः ।
बलाधिकेन निर्देशः कर्तव्यो मिश्रिते ग्रहे ॥ ३८ ॥
सजीवं जीवचन्द्राभ्यां निर्जीवं बुधवीक्षणात् ।
धाम्याधाम्यं क्रमाद्विद्याद्धातुं पातार्किभूसुतैः ॥ ३९ ॥
मूलमादित्यशुक्राभ्यां शुष्काशुष्कक्रमेण च ।
मिश्रं मिश्रैर्वदेद् द्रव्यं तत्कालेन्दुनिरीक्षणात् ॥ ४० ॥

बिना वस्त्र के नग्न स्त्री सर्प को लपेटे स्थान से च्युत वृश्चिक के प्रथम द्रेष्काण में—दूसरे में रूपवती स्त्री, पति से ताडित, सर्प के समान शरीर वाली। तीसरे में चिपटे मुख वाली स्त्री स्थान सुख को चाहने वाली। धन के द्रेष्काणों का स्वरूप—प्रथम में धनुष लिये हुए पुरुष, दूसरे में गौरवर्ण का पुरुष तीसरे में दंड और कूक्षा को लिये हुवे लंबे कद का पुरुष। मकर के द्रेष्काणों का स्वरूप—प्रथम में रोयें से युक्त शरीर वाला लकड़ी को लिये हुए, मोटे दांतों वाला, भयंकर मुख वाला पुरुष धनुष लिये हुये, दूसरे में श्याम लोहवर्ण के आभूषण को धारण किये हुए युवती, तीसरे में धनुष बाण को लिये हुए लम्बे मुख वाला पुरुष। कुम्भ के द्रेष्काणों का स्वरूप—प्रथम में गिद्ध के समान मुखवाला, कम्बल को लिये हुए पुरुष दूसरे में—मध्यांग, रक्तवस्त्र को धारण किये हुए स्त्री। श्यामवर्ण, कानों में रोम से युक्त स्त्री, तीसरे में होती है। मीन के द्रेष्काणों का स्वरूप—प्रथम में नौका पर बैठा पुरुष, दूसरे में गौर वर्ण की स्त्री, तीसरे में नग्न पुरुष सर्प को लपेटे हुए। नवांश से द्रव्य का नाम और ग्रह-दृष्टि के अनुसार वर्ण, एकपाद-दृष्टि में एक वर्ण, द्विपाद में दो वर्ण, त्रिपाद में तीन वर्ण और ४ पाद में ४ वर्ण, ग्रह के भुक्ति के अनुसार संख्या कहना। गुरु, बुध, चन्द्रमा से जीव, राहु, शनि, भौम से धातु और सूर्य, शुक्र से मूल पदार्थ और मिश्रित ग्रह से मिली हुई वस्तु कहना। इस प्रकार चन्द्रमा के ऊपर ग्रहों की दृष्टि के अनुसार द्रव्य का निर्णय करना, मिश्रित ग्रहों में जो बलवान हो उससे द्रव्य का निश्चय करना। गुरु चन्द्रमा की दृष्टि से सजीव वस्तु, बुध की दृष्टि से निर्जीव वस्तु, और राहु, शनि, भौम से धाम्य, अधाम्य धातु को कहना। सूर्य-शुक्र से शुष्क मूल और हरा मूल कहना, मिश्रित ग्रहों से देखे जाते हुए चन्द्र को मिश्रित द्रव्य कहना ॥ ३१–४० ॥

द्विपदः स्त्री तुलायुग्मे ६ । ७ । ३
चापे ९ कुम्भे ११ पदोनितः ॥
बहंघ्री मीन १२ कर्को ४ ली ८
शेषेऽङ्घ्रिवदौ चतुष्पदः ॥ ४१ ॥
चतुर्धा द्विपदा ज्ञेया देवनृयक्षराक्षसाः ।
एवं मेषादिके चन्द्रे ज्ञातव्यं च भ्रमत्रये ॥ ४२ ॥
मेषसिंहद्वये देवा वृषस्त्रीमकरे नराः ।
नृयुक्तुलाघटे यक्षाः कर्कालिझषभे सुराः ॥ ४३ ॥
अपदानेकपादाश्च द्विधा स्थलजलोद्भवाः ।
ते च राशिस्वभावेन ज्ञातव्या ये ऽगाः पशोः ॥ ४४ ॥
हेमं तारं च ताम्रं च वङ्गं नागारलोहकम् ।
रंगं कांस्यं च विज्ञेयं नवांशकक्रमेण च ॥
गुल्मवल्ली तथा कंदं मेषाद्येकैकसंस्थिते ॥ ४५ ॥
पत्रं पुष्पं फलं मूलं त्वचं त्रिंशांशके विधौ ।
जातिविप्राधिकारी स्त्री अन्त्यजास्तस्कराः क्रमात् ॥४६॥
सूर्यादिगृहगे चन्द्रे चिन्तितः पुरुषो भवेत् ।
सूर्यादिवेश्मगे चन्द्रे कुष्ठं लांछनलोहकम् ॥ ४७ ॥
मशकं तिलकस्फोटं चौरस्य च विनिर्दिशेत् ।
गौरोऽतिगौरः श्यामश्च कृष्णो मर्कटसन्निभः ॥ ४८ ॥
चन्द्रे त्रिंशांशका वर्णा मानवानां विलोमतः ।
ग्रहदृष्टिकृता वर्णास्ते च वर्णाः पुरोदिताः ॥
ज्ञातव्याः सर्ववस्तूनां मुष्टौ वा चिन्तितेपि वा ॥ ४९ ॥
इति वेधतुम्बुरावर्ते द्रेष्काणादिज्ञानम् ।

द्विपदा इति । स्पष्टम् ॥ ४१-४६ ॥

तात्कालिक चन्द्रमा कन्या, तुला और मिथुन के नवांश में हो तो द्विपद जीव, धन और कुंभ को नवांश में हो तो चरण से हीन मीन, कर्क और वृश्चिक

के नवांश में हो तो वहुत चरण वाला जीव शेष नवांशों में चन्द्रमा हो तो चार पैर वाला जीव होता है। द्विपद देवता, मनुष्य, यक्ष और राक्षस चार प्रकार के होते हैं इस प्रकार मेषादि राशियों में चन्द्रमा के क्रम से इनका ज्ञान होता है। मेष, सिंह, धन में देवता, वृष, कन्या, मकर में मनुष्य, मिथुन, तुला और कुंभ में यक्ष, कर्क, वृश्चिक, मीन में देवता को जानना। विना पैर के और अनेक पैर के दो प्रकार के स्थल और जल के जीव होते हैं, वह राशि के स्वभाव के अनुसार जहां का पशु हो उसे जानना। सुवर्ण, चांदी, तामा, वंग, नाग और लोहा, रांगा, कांसा यह नवांश के क्रम से जानना। मेषादि एक-एक राशियों का क्रम से गुल्म, वल्ली, कंद का ज्ञान करना। पत्र, पुष्प, फल, मूल, त्वचा चन्द्रमा के त्रिंशांश से जानना। विप्र, क्षत्रिय, स्त्री, अंत्यज क्रम से चोर को जानना। सूर्यादि ग्रहों के गृह में चन्द्र हो तो चिन्तित पुरुष कहना। सूर्यादि ग्रहों के गृह के अनुसार कुष्ठ, लांछन, लोह, मशक, तिलक, स्फोट, घाव का चिह्न चोर को कहना। गौर, अत्यन्त गौर, श्याम, कृष्ण, मर्कट के समान वर्ण कहना। मनुष्यों से विलोम चन्द्र के त्रिंशांश का फल कहना। इस प्रकार सभी वस्तुओं का मुष्टि में अथवा पृच्छा में समझना ॥ ४१-४९ ॥

अथ भूचरखेचरचक्रम् ।


अधःस्थं भूचरं चक्रमूर्ध्वचक्रं तु खेचरम् ।
स्थिरशीघ्रविभागेन स्थायी यायी बलं क्रमात् ॥ १ ॥
मेषादिद्वादशारेषु वाममार्गेण भूचरम् ।
तस्योर्ध्वं खेचरं चक्रं सव्यमार्गेण विन्यसेत् ॥ २ ॥
ये ग्रहा राहुमार्गस्था भूचक्रे ते व्यवस्थिताः ।
सूर्यमार्गेण ये लग्नाः खेचराः खेचरे स्थिताः ॥ ३ ॥
भूचक्रे संस्थितैः पापैः खे चक्रे सौम्यखेचरैः ।
यायिस्थायिबलं ज्ञेयं क्रमात्स्वरविचक्षणैः ॥ ४ ॥
सौम्याश्च भूचरे चक्रे क्रूराः खेचरगा यदा ।
संहारो जायते तत्र सैन्ययोरुभयोरपि ॥ ५ ॥
भूचरस्था ग्रहा यत्र दृश्यन्ते च शुभाशुभाः ।
यायी संहारमायाति स्थायी चार्धक्षयो जयी ॥ ६ ॥
खेचरे खेचराः सर्वे सौम्याः सौम्यगता यदा ।
स्थायिनो बलसंवर्तो यायी भवति सक्षतः ॥ ७ ॥

खेचरे भूचरे चक्रे यदा मिश्राः शुभाशुभाः ।
तदा मिश्रफलं वाच्यं स्थायिनो यायिनोपि वा ॥ ८ ॥

इति भूचरखेचरचक्रम् ।

अधःस्थं इति । स्पष्टम् ॥ १–८ ॥

अधःस्थित भूचर चक्र और ऊर्ध्वस्थ खेचर चक्र होता है । द्वादशभाव चक्र के अन्दर एक और द्वादशभाव चक्र को बनावे उसमें ऊपर वाले को खेचर और अन्दर



वाले को भूचर कहते हैं । इसी का स्थिर और शीघ्र विभाग करके स्थायी और यायी का बल विचार करते हैं । मेषादि १२ राशियों को बाँये क्रम से चक्र में रखने से भूचर चक्र और दाहिने क्रम से रखने से खेचर चक्र होता है । जो बक्री ग्रह हैं उन्हें भूचर चक्र में रखना चाहिए जो मार्गी ग्रह हैं उन्हें खेचर चक्र में रखना चाहिए । भूचर चक्र में पापग्रह हों और खेचर में शुभ ग्रह हों तो क्रम से यायी और स्थायी बली होते हैं । यदि शुभ ग्रह भूचर चक्र में हों और पाप ग्रह खेचर चक्र में हों तो दोनों के सेनाओं का संहार होता है । यदि भूचर चक्र में शुभग्रह और पाप ग्रह दोनों ग्रह हों तो यायी का नाश और स्थायी का आधा नाश तथा आधा विजय होता है । यदि सभी ग्रह खेचर चक्र में हों शुभ ग्रह शुभ राशि में हों तो स्थायी बलवान होता है और यायी क्षत हो जाता है । खेचर और भूचर चक्र में यदि मिश्रित ग्रह शुभ पाप हों तो स्थायी और यायी दोनों को मिश्रित फल कहना ॥ १-८ ॥

अथ प्रथमपथचक्रम् ।

अश्विन्यादीनि धिष्ण्यानि पंक्तियुक्त्या लिखेद् बुधः ।
नाडीचतुष्टये वेधः सर्पाकारपथाख्यके ॥१॥

क्रूरवेधस्थिता नाडी तद्धिष्ण्येन युते दिने ।
यात्रा युद्धं न कर्तव्यं पथचक्रफलं त्विदम् ॥ २ ॥

इति स्वरोदये प्रथमपथचक्रम् ।

अश्विन्यादीनीति स्पष्टम् ॥ १–२ ॥



सर्प के आकार का चार नाडियों से युक्त एक चक्र बनाकर उसमें अश्विनी आदि नक्षत्र पंक्ति से लिख देवे । जिस नाडी में क्रूर ग्रह वेध करता हो उस नाडी के नक्षत्र वाले दिन में यात्रा, युद्ध, न करे यह पथचक्र का फल है ॥ १-२ ।

अथ द्वितीयपथचक्रम् ।

पथचक्रं प्रवक्ष्यामि ख्यातं यद्ब्रह्मयामले ।
येन विज्ञानमात्रेण सद्यो यात्राफलं वदेत् ॥ १ ॥
अश्विन्यादि लिखेच्चक्रं रेवत्यन्तं त्रिनाडिकम् ।
सर्पाकारे च ऋक्षाणि प्रत्येकं च वदाम्यहम् ॥ २ ॥
अश्विन्यार्द्रादितिर्ज्ञेया तथा चोत्तरफाल्गुनी ।
हस्तो ज्येष्ठा तथा मूलं शतभं पूर्वभाद्रकम् ॥ ३ ॥
प्रथमा नाडिका पश्चाद् भरणीमृगशीर्षके ।
पुष्यः सभाग्यश्चित्रा च मैत्रमाप्यं च वासवम् ॥ ४ ॥
अहिर्बुध्न्यमिति ज्ञेया द्वितीया नाडिका बुधैः ।
तृतीया नाडिका ज्ञेया वह्निब्रह्मभुजङ्गमम् ॥ ५ ॥
मघा स्वाती द्विदैवत्यं विश्वं विष्णुश्च रेवती ।
ग्रहसंयोगतो ज्ञेयमेतासु च शुभाशुभम् ॥ ६ ॥

पथचक्रमिति—स्पष्टम् ॥ १–६ ॥

जो ब्रह्मयामल में पथचक्र कहा हुआ है उसे मैं कह रहा हूँ जिससे जानने से तुरत ही यात्रा का फल प्राप्त होता है । सर्पाकार त्रिनाडी चक्र में प्रत्येक नाडी में अश्विनी आदि नक्षत्रों के लिखने का क्रम कह रहा हूँ । अश्विनी, आर्द्रा, पुनर्वसु,

उत्तराफाल्गुनी, हस्त, ज्येष्ठा, मूल, शतभिष, पूर्वभाद्रपद, ये नक्षत्र प्रथम नाडी के हैं। भरणी, मृगशिरा, पुष्य, पूर्वाफाल्गुनी, चित्रा, अनुराधा, पूर्वाषाढ़, धनिष्ठा, उत्तराभाद्रपद ये दूसरे नाडी के नक्षत्र हैं। और तीसरे नाडी में कृत्तिका, रोहिणी, श्लेषा, मघा, स्वाती, विशाखा, उत्तराषाढ़, श्रवण, रेवती ये नक्षत्र हैं इनमें ग्रहों के संयोग से शुभ-अशुभ फल समझना ॥ १–६ ॥


यात्रिकं यत्तु नक्षत्रं नाड्यां यात्रादिभादितः।
यावती तावती संख्या तत्रस्थग्रहसङ्गुणा ॥ ७ ॥
अक्षभक्ते तु यल्लब्धं योजनं तदुदाहृतम्।
शेषात्क्रोशादिका संख्या विज्ञेया दैवचिन्तकैः ॥ ८ ॥
भङ्गस्तत्र तु विज्ञेयो यत्रांशे पापखेचरैः।
सौम्यसंयोगतः सौख्यं विशेषेणापि तच्छृणु ॥ ९ ॥
त्रासः सूर्याद्भवेन्मृत्युः कुजात्सौराच्च बन्धनम्।
राहुसंयोगतो भङ्ग इति पापविनिर्णयः ॥ १० ॥
स्त्रियः समागमश्चंद्रात्कलावित्सङ्गमो बुधात्।
जीवेन धार्मिकैः शुक्रात्पण्डितैरुक्तमानतः ॥ ११ ॥
द्विघ्नं स्वक्षेत्रमित्रर्क्षे त्रिघ्नं वक्रे तथोच्चगे।
यात्रायां सर्वदा चिन्त्यं पथचक्रमिदं बुधैः ॥ १२ ॥

इति द्वितीयपथचक्रम्।

यात्रिकमिति। यात्रिकं यात्राकर्त्तुः यत् यात्रानक्षत्रं तन्नक्षत्रं नाड्यां यत्रास्ति तस्यादिभादितः अश्विनीतः यावती संख्या तावती संख्या तत्रस्थग्रहसंख्यया संगुणा अत्रेदमवधेयम्। यस्य कस्य नाड्यां प्रथमर्क्षे ग्रहस्थितस्तदा एकैव गुणकः यदा द्वितीये तदा द्वितीयो गुणकः एवं नव संख्या नवर्क्षपर्यन्तं ज्ञेयम्। तत्र गुणनफले अक्षभक्ते पंचभिर्हृते वा ऋक्षभक्ते पाठे सप्तविंशत्या हृते लब्धं योजनं अवशिष्टं ग्रहसंख्यया संगुण्य अक्षभक्ते सति लब्धं क्रोशादिकं विज्ञेयम्। अन्यत्स्पष्टम् ॥ ७–१२ ॥

यात्रा करने वाले का जो यात्रा नक्षत्र है वह अश्विनी से गणना से जहां जिस नाडी में है उस नक्षत्र की संख्या को जिस नाडी में ग्रह बैठा हो उसकी संख्या से अर्थात् प्रथम नाडी में ग्रह हो तो १ से दूसरे में हो तो २ से एवं ग्रह संख्या से गुणकर उसमें ५ का भाग देने से लब्ध योजन और शेष को ग्रह संख्या से गुणकर

पुनः ५ का भाग देने से होता है । जिस अंश में पापग्रह हो वहां पर यात्रा भंग होती है । शुभग्रह के संयोग से सुख विशेष होता है । सूर्य हो तो भय, भौम हो तो मृत्यु, शनि हो तो बन्धन, राहु हो तो भंग होता है । चन्द्रमा हो तो स्त्री समागम, बुध



हो तो कलाविदों से समागम, गुरु से धार्मिकों से, शुक्र से पंडितों से उक्त दूरी पर समागम या सुख होता है। यदि ग्रह अपने गृह या मित्र के गृह में हो तो दूरी को दूना उच्च या वक्र हो तो तिगुना यात्रा में इस चक्र से विचार करना चाहिए ॥ ७–१२ ॥

अथ खेचरभूचरचक्रम् ।

खेचरं भूचरं वक्ष्ये मृगयासिद्धिदं नृणाम् ।
ऊर्ध्वं तु खेचरं चक्रमधो भूचरमुच्यते ॥ १ ॥
पापरिष्टकरैर्योगैर्मृगयासिद्धिरुत्तमा ।
द्यूने हीनबलैः पापैर्युद्धयोगैर्बलान्वितैः ॥ २ ॥
पञ्चाङ्गसंघैर्दुष्टैः स्याद्योगैः पापाद्यगोचरैः ।
विशेषाद् द्यूनलग्नेशौ ज्ञेयौ हेतू वदामि तौ ॥ ३ ॥
सिद्धियोंगे द्वयोः केन्द्रे क्लेशानर्थप्रदौ च तौ ।
पापांशगौ कुजज्ञौ तु तल्लोपे मृगया नहि ॥ ४ ॥
सौम्यो लग्नपतिः सिद्धिः क्रूरो द्यूनपतिर्यदि ।
जलर्क्षे जलजैः खेटैर्जलैः स्यान्मृगया स्फुटम् ॥ ५ ॥
शुभैर्लग्नगतैर्द्यूनं यावद्भिश्चेक्षितं ग्रहैः ।
तत्संख्याः प्राणिनो वध्या वक्रोच्चस्थैस्त्रिसंगुणाः ॥ ६ ॥
कुशलं शुभनक्षत्रे क्लेशोऽनर्थस्तथा शुभे ।
शुभपापेन विद्धं चेत्तदा दोषः प्रजायते ॥ ७ ॥
चन्द्राखेटकयोर्मध्ये यावद्धान्यशुभग्रहैः ।
अधिष्ठितानि तत्संख्यप्राणिनां वधमादिशेत् ॥ ८ ॥

शुभयुक्तैश्च तत्संख्यप्राणिनां च पलायनम् ।
नक्षत्रजातिवज्जातिमाकृतिं वर्णसंस्थिताम् ।
पापसंयोगतो ब्रूयाद्राशिभिर्वा यथाक्रमात् ॥ ९ ॥
द्विगुणं स्वांशमित्रांशे वक्रोच्चे त्रिगुणं वदेत् ।
ऋक्षपादचतुष्के तु ग्रहयोगक्रमाद्वदेत् ।
प्रहारं प्राणिनां जातं प्राक्पश्चात्पृष्ठपार्श्वगम् ॥ १० ॥

खेचरमिति—स्पष्टम् ॥ ९-१० ॥

मृगया (आखेट) में सिद्धि के लिये खेचर भूचर चक्र को कह रहा हूँ। द्वादश चक्र में ऊपर के ६ भाव खेचर और नीचे के ६ भाव भूचर होते हैं। अर्थात् जिस लग्न में मृगया के लिये यात्रा की जाती है उससे ६ राशि पर्यन्त खेचर और सप्तम से लग्न पर्यन्त भूचर होता है। जातकोक्त पापग्रहों से उत्पन्न अरिष्ट योग में यात्रा करने से आखेट की सिद्धि होती है अथवा सप्तम में निर्बल ग्रह हों बली पापग्रह से उत्पन्न युद्ध योग में भी यात्रा सिद्ध होती है। पंचांग-समूह तिथि, नक्षत्र, योग, करण और वार के दुष्ट होने में तथा सप्तमस्थ हीनबल पापग्रह अपितु युद्धयोग में बली होने से मृगया की सिद्धि होती है, विशेषतः सप्तमेश और लग्नेश मृगया के सिद्धि में कारण हैं। सिद्धि योग और केन्द्र में शुभग्रहों के होने से क्लेश और अनर्थ होता है, भौम और बुध पापांश में हों और अस्त हों तो आखेट नहीं होता है। शुभग्रह



लग्नेश हो क्रूरग्रह सप्तमेश हो तो मृगया की सिद्धि होती है, यदि जलचर ग्रह जलचर[1] राशि में हो तो जल में मृगयार्थ-सिद्धि होती है। जितने शुभग्रह सप्तम लग्न को देखते हों उतनी ही संख्या के प्राणियों का वध आखेट में होता है, यदि वे ग्रह वक्री या उच्च राशि में हों तो संख्या को तिगुना समझना। शुभ नक्षत्र अर्थात् आखेट करने वाले के नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनने से यदि उस दिन ३।५।७ तारा

१. वृश्चिकवृषकर्कटकास्तुलामकरमीनकुम्भधराः सजला राशयः। शुक्रचन्द्रौ जलात्मकौ ग्रहौ।

नहीं है तो आखेट सुन्दर होगा अन्यथा क्लेश, अनर्थ आदि होगा। यदि शुभ नक्षत्र पापग्रह से बोधित हो तो दोष होता है। चन्द्रमा और आखेटकर्त्ता के नक्षत्रों के मध्य में जितने पापग्रहों से युक्त नक्षत्र हों उतने संख्यक प्राणियों का वध मृगया में कहना। जितने शुभग्रह से युक्त नक्षत्र हैं उतने संख्यक प्राणियों का पलायन कहना। नक्षत्रों की जो जाति हो उससे जाति, आकृति, वर्ण, पापसंयोग से कहना अथवा राशि से कहना। नक्षत्र के चार चरण के अनुसार चन्द्रराशि और आखेटकर्त्ता के राशि के मध्य में जो राशियां पापग्रहाक्रान्त हों उसी आकृति के प्राणियों का वध होगा। यदि ग्रह अपने नवांश या त्रिंशांश में हो तो दूना। वक्र या उच्च राशि में हो तो तिगुना कहना। लग्न से ६ राशि के अन्दर पापग्रह हों तो पूर्वाङ्ग में घात और सप्तम से लग्न के मध्य में पापग्रह हों तो पश्चाद् भाग में घात कहना ॥ १–१० ॥

छागौ तु कृत्तिकापुष्यौ सर्पभं रोहिणीमृगौ।
आर्द्रामूले तथा श्वानौ मूषकौ पितृवासवौ ॥ ११ ॥
सर्पादिती च मार्जारौ व्याघ्रौ चित्राविशाखके।
अर्यमे तोयभे गावौ मैत्रे शाक्रे तथा मृगौ ॥ १२ ॥
हस्तस्वाती च महिषौ तुरङ्गावश्विवारुणौ।
मर्कटौ विष्णुविश्वाख्यौ याम्यपौष्णे मतङ्गजौ ॥ १३ ॥
भगाहिर्बुध्न्यभे सिंहौ विज्ञेयौ दैवचिन्तकैः।
पूभाद्राभिजितो बभ्रुर्भानां जातिरितीरिता ॥ १४ ॥
अथवा गणयेद्धीमान्वक्ष्यमाणक्रमेण तु।
तस्मिन्नहनि यो वारस्तिथिर्या तद्दिने तु तत् ॥ १५ ॥
एकीकृत्य भवेदेवं वर्गितं दलितं भजेत्।
त्रिघनेन च शेषांकसंख्यप्राणिवधं दिशेत् ॥ १६ ॥
दले शेषे विजानीयाद्युद्धादेकः पलायते।
वक्रितैरपि निर्देश्यं प्राणिनां ते पलायनम् ॥ १७ ॥
अथवापि तिथिर्वारं युक्तं कृत्वा तु वर्जितम्।
दलितं चेष्टनाडीभिर्भक्तं शेषाङ्कसंख्यया।
प्राणिनां वधमादेश्यमाकृतिं राशिऋक्षवत् ॥ १८ ॥
स्खलनं जन्मभे वाच्यं दुःखं चैव विपत्कभे।
अङ्गभेदाश्च निधने प्रत्यरौ पतनं दिशेत् ॥ १९ ॥

शेषे तु शोभनं वाच्यं फलं दैवविदा सदा।
खेचरं भूचरं प्रोक्तं नृपाणां मृगयार्थिनाम् ॥ २० ॥
इति नरपतिजयस्वरोदये खेचरभूचरचक्रम् ॥

छागौ इति ॥ ११–२० ॥

नक्षत्रों से जीव का ज्ञान—कृत्तिका और पुष्य में छाग, रोहिणी-मृगशिरा में सर्प, आर्द्रा-मूल में कुत्ता, मघा-धनिष्ठा में मूषक। श्लेषा-पुनर्वसु में मार्जार (बिलार), चित्रा-विशाखा में व्याघ्र, उत्तराफाल्गुनी-पूर्वाषाढ़ में गौ, अनुराधा-ज्येष्ठा में मृग। हस्त-स्वाती में महिष (भैंसा), अश्विनी-शतभिष में घोड़ा, श्रवण-उत्तराषाढ़ में बन्दर, भरणी-रेवती में हाथी। पूर्वाफाल्गुनी-उत्तराभाद्रपद में सिंह, पूर्वाभाद्रपद-अभिजित् में नकुल, ये नक्षत्रों की जाति कही गयी है। अथवा जिस दिन आखेट को जाना है उस दिन जो वार और तिथि है दोनों की संख्या को एकत्र कर उसमें एक घटाकर शेष का वर्ग कर आधा करके उसमें २७ से भाग देने से जो शेष बचे उसी के तुल्य जीवों का वध होता है। शेष को आधा करने से यदि एक हो तो युद्ध से भाग जाता है। यदि नक्षत्र पर वक्रीग्रह हो तो भी एक भाग जाता है। अथवा तिथि-वार की संख्या को जोड़कर वर्ग कर दें, अथवा योगफल को ३ गुणाकर आधा करके इष्ट नाडी (सूर्योदय से जितने घटी पर यात्रा करे उसे इष्ट नाडी कहते हैं) से भाग देने से शेषांक संख्या तुल्य प्राणियों का वध कहना, प्राणियों की आकृति राशि-नक्षत्र के अनुसार कहना। यात्रा-समय जन्मतारा हो तो सवारी आदि से गिरना, विपत्तारा हो तो हाथ में कष्ट, निधन तारा हो तो किसी अंग में कष्ट और प्रत्यरि तारा हो तो पतन होता है। शेष ताराओं में शुभफल होता है यह खेचर-भूचर चक्र राजाओं के मृगया के लिये कहा है ॥ ११–२० ॥

अथ पञ्चाङ्गम्।

अथ वक्ष्यामि पञ्चाङ्गं तात्कालिकमनुत्तमम्।
येन विज्ञातमात्रेण यातुर्यात्राफलं भवेत् ॥ १ ॥
वारादिकं च पञ्चाङ्गमुच्यते तत्र तच्छृणु।
वारस्तिथिश्च ऋक्षाणि योगश्च समुहूर्तकः ॥ २ ॥
वारादिकं हि पञ्चाङ्गं गतनाडीगुणाः क्रमात्।
अष्टौ सविंशतिर्वारे तिथौ त्रिंशच्च भे तथा ॥ ३ ॥
ऋक्षाणि योगे भान्येवं मुहूर्ते तिथयो हताः।
गतनाडी हता षष्ट्या भक्ता युक्ते स्वसंख्यया ॥ ४ ॥

अष्टाविंशत्तथा त्रिंशत्सप्तविंशत्तथा तिथिः ।
षष्टिभागे फलं लब्धं स्वस्वसंख्यायुतं भवेत् ॥ ५ ॥
इष्टकालिकपञ्चाङ्गं वाराद्यैः शेषिते भवेत् ।
सामान्येन प्रमाणं स्यात्पञ्चाङ्गं यदि तत्र किम् ॥ ६ ॥
शुभाशुभानि तत्र स्युरेकस्मिन्नपि वासरे ।
तस्मात्सूक्ष्ममिदं ज्ञेयमेकस्मिन्नपि वासरे ॥ ७ ॥
स्थूलवत्सर्वकार्याणि विधेयान्यत्र सर्वदा ।
वर्तमानं तु पञ्चाङ्गं तत्कालघटिकादलैः ॥ ८ ॥
युक्तं तत्कालपञ्चाङ्गं तदग्रे प्रत्ययो भवेत् ॥ ९ ॥

इति श्रीनरपतिजयचर्यायां तात्कालिकतिथ्यादिपञ्चाङ्गचक्रं समाप्तम् ।

अथेति । स्पष्टम् ॥ १–८ ॥

अब मैं उत्तम पंचांग को कहता हूँ जिसके ज्ञान से यात्रा करनेवाले को यात्रा का फल होता है । वार, तिथि, नक्षत्र, योग और मुहूर्त्त को पंचांग कहते हैं । गतनाडी (इष्टघटी) को वारादि के ध्रुवांकों से गुणकर ६० का भाग देवे लब्धि में अपनी-अपनी संख्या को जोड़ दे तो इष्टकालिक पंचांग हो जाता है । वार का ध्रुवा २८ तिथि का ३०, नक्षत्र और योग का २७, तिथि और मुहूर्त्त का १५ ध्रुवा है । वारादि में अपनी-अपनी संख्या से भाग देने से इष्टकालिक पंचांग हो जाता है । एक ही दिन में यह शुभ-अशुभ विचार करने के लिये यह उत्तम पंचांग साधन है । इस पंचांग से जैसे स्थूल पंचांग से सभी कार्य करते हैं वे सभी कार्य इस सूक्ष्म पंचांग से भी करना चाहिये । इसके आगे नामकरण की आवश्यकता तात्कालिक पंचाङ्ग में होती है ॥ १–८ ॥


उदाहरण—जैसे शनिवार को इष्टघटी १० है इसको वार के ध्रुवांक २८ से गुणा किया तो २८० हुये इसमें ६० से भाग देने से लब्धि ४ और शेष ४० रहे । लब्धि में इष्टवार संख्या ७ जोड़ने से ११ हुये । सात से अधिक होने से ७ से भाग देने से शेष ४ बचा । इष्ट वार से गिनने से वर्तमान भौमवार हुआ जिसका भोग्य १० दंड के ऊपर ४० दंड तक रहेगा ।

अथ नाडीचक्रम् ।

आर्द्रादिकं लिखेच्चक्रं मृगान्तं च त्रिनाडिकम् ।
भुजङ्गसदृशाकारं मध्ये मूलं प्रकीर्तितम् ॥ १ ॥
यद्दिने एकनाडीस्थाश्चन्द्रनामर्क्षभास्कराः ।
तद्दिने वर्जयेत्तत्र विवादे विग्रहे रणे ॥ २ ॥

आर्द्रादिकमिति। स्पष्टम् ॥ १-२ ॥

आर्द्रा से मृगशिरा तक त्रिनाड़ी चक्र सर्पाकार लिखे मध्य में मूल नक्षत्र को लिखे। जिस दिन 'चन्द्रमा', का नक्षत्र, नाम का नक्षत्र और सूर्य का



नक्षत्र एक ही त्रिनाडी के नक्षत्र में हो उस दिन, विवाद, विग्रह और संग्राम न करे ॥ १-२ ॥

इति नाडीचक्रम्।

अश्विन्यादि लिखेच्चक्रं सर्पाकारं त्रिनाडिकम्।
तत्र वेधवशाज्ज्ञेयं विवाहादि शुभाशुभम् ॥ १ ॥
नाडीवेधेन नक्षत्राण्यश्विन्यार्द्रादिउत्तराः।
हस्तेंद्रमूलवारुण्याः पूर्वाभाद्रपदा तथा ॥ २ ॥
याम्यं सौम्यं गुरुर्योनिश्चित्रा मित्रजलाह्वये।
धनिष्ठा चोत्तराभाद्रा मध्यनाडीव्यवस्थिता ॥ ३ ॥
कृत्तिका रोहिणी सार्पं मघा स्वातीविशाखिके।
उषा च श्रवणं पूषा पृष्ठनाडीव्यवस्थिता ॥ ४ ॥
अश्व्यादिनाडीवेधर्क्षं षष्ठे च द्वितयं क्रमात्।
याम्यादि तुर्यतुर्यं च कृत्तिकादि द्विषष्ठकम् ॥ ५ ॥

अश्विन्यादि इति। सुगमम् ॥ १-५ ॥

अश्विनी से सर्पाकार त्रिनाडी चक्र को लिखकर उसमें विवाहादि शुभकार्यों में वेध के विचार से शुभ-अशुभ का विचार करे। नाडी वेध में अश्विनी, आर्द्रा, उत्तरा-फाल्गुनी, हस्त, ज्येष्ठा, मूल, शतभिष, पूर्वाभाद्रपद, पुनर्वसु इनकी आदि नाडी है। भरणी, मृगशिरा, पुष्य, पूर्वाफाल्गुनी, चित्रा, अनुराधा, पूर्वाषाढ़, धनिष्ठा, उत्तरा-भाद्रपद, इनकी मध्य नाडी है। कृत्तिका, रोहिणी, श्लेषा, मघा, स्वाती, विशाखा, उत्तराषाढ़, श्रवण, रेवती इनकी अंत्यनाडी है। अश्विनी के नक्षत्र से दूसरे नक्षत्र का, भरणी से ४थे नक्षत्र का, कृत्तिका से ६ठें और दूसरे का वेध होता है ॥ १-५ ।

एवं निरीक्षयेद्वेधं
कन्या मन्त्रे गुरौ सुरे ।
पण्यस्त्रीस्वामिमित्रेषु
देशे ग्रामे पुरे गृहे ॥ ६ ॥


एकनाडीस्थऋक्षाणि
यदा स्युर्वरकन्ययोः ।
तदा वेधं विजानीयाद्
गुर्वादिषु तथैव हि ॥ ७ ॥

प्रकटं यस्य जन्मर्क्षं
तस्य जन्मर्क्षतो व्यधः ।
प्रनष्टं जन्मभं यस्य
तस्य नामर्क्षतो भवेत् ॥ ८ ॥

द्वयोर्जन्मभयोर्वेधो
द्वयोर्नामभयोस्तथा ।
जन्मनामर्क्षयोर्वेधो
न कर्तव्यः कदाचन ॥ ९ ॥

एकनाडीस्थिता दुष्टा
भर्तुश्चैव कुलाङ्गना ।
तस्मान्नाडीव्यधो वीक्ष्यो
विवाहे शुभमिच्छता ॥१०॥

हृन्नाडीवेधने भर्ता
मध्यनाडीव्यधे द्वयम् ।
पृष्ठनाडीव्यधे कन्या
म्रियते नात्र संशयः ॥११॥



समासन्ने व्यधे शीघ्रं दूरवेधे चिरेण तु ।
वेधान्तरसमानेन वेधे दुष्टं प्रजायते ॥ १२ ॥
एकर्क्षे जायते यत्र विवाहे वरकन्ययोः ।
मूलवेधो भवेत्तत्र महादुष्टफलप्रदः ॥ १३ ॥
एकनाडीस्थिता यत्र गुरुमन्त्राश्च देवताः ।
तत्र द्वेषं रुजं मृत्युं क्रमेण फलमादिशेत् ॥ १४ ॥
प्रभुः पण्याङ्गना मित्रं देशं ग्रामं पुरं गृहम् ।
एकनाडीगता भव्या विरुद्धा वेधवर्जिताः ॥ १५ ॥
क्रूरग्रहाक्रान्तनाड्यां यस्य जन्मर्क्षसम्भवः ।
तस्य मृत्युर्न सन्देहो यात्रायुद्धे रुगुद्भवे ॥ १६ ॥
द्व्यादिक्रूरव्यधो यस्य जन्मर्क्षे च त्रिनाडिके ।
हानिर्विघ्नं भयं क्लेशो जायते वेधबन्धनम् ॥ १७ ॥
एवं सौम्यव्यधो यस्य जन्मऋक्षे प्रजायते ।
जयो लाभं सुखं तस्य जायते नात्र संशयः ॥ १८ ॥
शुभाशुभग्रहैर्विद्धा यस्य जन्मर्क्षनाडिका ।
तस्य मिश्रं फलं वाच्यं नाडीचक्रं स्वरज्ञकैः ॥ १९ ॥
एकांशेन व्याधिमृत्युः स्वल्पं दुष्टं द्वितीयकम् ।
एतच्चक्रं समालिख्य अश्विन्याद्यं त्रिपंक्तितः ॥ २० ॥

एवमिति । स्पष्टम् ॥ ६-२० ॥

इस प्रकार कन्या, मंत्र, गुरु, देवता, पण्य, स्त्री, स्वामी, मित्र, देश, ग्राम, पुर और गृह में देखना चाहिये। यदि एक नाडी के जो नक्षत्र हैं इसमें यदि दोनों वर-कन्याओं के नक्षत्र हों तो वेध होता है इसी प्रकार गुरु आदि में भी विचार करना। जिसका जन्मर्क्ष ज्ञात हो उसके जन्म-नक्षत्र से और जिसका जन्म-नक्षत्र न ज्ञात हो उसके नाम-नक्षत्र से वेध का विचार करना चाहिये। दोनों के जन्मनक्षत्र से अथवा दोनों के नाम-नक्षत्र से वेध देखना चाहिये। एक के जन्म-नक्षत्र से और दूसरे के नाम-नक्षत्र से कभी भी वेध का विचार नहीं करना चाहिये। एक ही नाडी में पति-पत्नी दोनों का नक्षत्र हो तो कुलांगना पति के लिये हानिकारक होती है। इसलिये विवाह से कल्याण चाहने वालों को नाडी का वेध अवश्य देखना चाहिये। आदि नाडी के वेध में पति, मध्य नाडी के वेध में दोनों और पृष्ठ अंत्यनाडी के वेध में

कन्या का मरण होता है। यदि वेध आसन्न में हो तो शीघ्र हो, दूर में हो तो देर से, वेध के अंतर तुल्य नक्षत्र से वेध का फल होता है। यहाँ विवाह में दोनों वर-कन्या का एक ही नक्षत्र होता है उसे मूलवेध कहते हैं जो कि परम दुष्ट फल को देता है।

अथ विवाहाद्यंशाचक्रम्

चु	चे	चो	ल	लि	लु	ले	लो	अ	इ	उ	ए
छ	ङ	घ	कु	कि	क	वो	वे	वु	वि	व	ओ
के	को	ह	ही	हु	हे	हो	ड	डि	डु	डे	डो
पि	प	टो	टे	टु	टि	ट	मो	मे	मु	मि	म
पु	ष	ण	ठ	पे	पो	र	रि	रू	रे	रो	त
यु	यि	य	नो	ने	नु	नि	न	तो	ते	तु	ति
जे	जो	भ	भि	भु	ध	फ	ढ	भे	भो	ज	जि
शु	शि	श	गो	गे	गु	गि	ग	षो	षे	षु	षि
शे	शो	द	दि	दु	थ	झ	ञ	दे	दो	च	चि

गुरु, मंत्र और देवता का एक नाडी हो तो आपस में द्वेष, रोग और मृत्यु ये फल क्रम से होता है। प्रभु, पण्य, स्त्री, मित्र, देश, ग्राम, पुर, गृह इनकी एक नाडी शुभद होती है। क्रूरग्रह से आक्रांत नाडी के नक्षत्र में जिसका जन्मनक्षत्र होता है उसकी मृत्यु होती है इसमें संशय नहीं है और यात्रा तथा युद्ध अथवा रोगोत्पत्ति में भी मृत्यु होती है। जिसके जन्मनक्षत्र पर दो तीन आदि क्रूरग्रहों का वेध त्रिनाडी चक्र में होता हो तो उसे हानि विघ्न, भय, क्लेश, बन्धन का अनुभव होता है। इसी प्रकार जिसके जन्मनक्षत्र पर शुभग्रह का वेध होता हो उसको जय, लाभ और सुख होता है। जिसके जन्मनक्षत्र की नाडी शुभ पाप दोनों से विद्ध हो उसको मिश्र फल कहना। एकांश में व्याधि और मृत्यु और दूसरे में थोड़ा अनिष्ट फल होता है। अश्विनी से इस चक्र को तीन पंक्ति में लिखकर फल का विचार करना चाहिये ॥ ६–२० ॥

वेधो द्वादशनाडीभिः कर्तव्यः पन्नगाकृतिः।
आद्यांशेन चतुर्थांशं चतुर्थांशेन चादिमम्।
द्वितीयेन तृतीयं तु तृतीयेन द्वितीयकम् ॥ २१ ॥

एवं भांशव्यधो येषां जायते वरकन्ययोः।
तेषां मृत्युर्न सन्देहः शेषांशाः स्वल्पदुष्टदाः ॥ २२ ॥
गुरुमन्त्राश्च देवाश्च वेधांशस्था न शोभनाः।
अन्यांशकगता भव्या ज्ञातव्याः सर्वदा बुधैः ॥ २३ ॥
प्रभुः पण्याङ्गनामित्रं देशं ग्रामं पुरं गृहम्।
अंशवेधस्थितं भव्यं विरुद्धं वेधवर्जितम् ॥ २४ ॥
एवं जानाति यश्चक्रं चक्रराजं त्रिनाडिकम्।
तस्य पाणितले ज्ञानं सर्वदैव प्रतिष्ठितम् ॥ २५ ॥

इति द्वादशनाडीचक्रम्

वेध इति। स्पष्टम् ॥ २१-२५ ॥

इस प्रकार बारह नाडियों का सर्पाकार वेध होता है। प्रथम चतुर्थ का और चतुर्थ प्रथम का अर्थात् एक नाडी स्थित दो नक्षत्रों में एक का एक नक्षत्र के ४ थे चरण में जन्म हो और दूसरे का दूसरे नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो वेध होता है। और दूसरा और तीसरा चरण हो ऐसा जहां वर-कन्या का एक नाडी में वेध होता हो वहां उनकी मृत्यु होती है इसमें संदेह नहीं है। गुरु, मंत्र और देवता एकांश में हों तो शुभद नहीं होता। अन्यांश में हों तो शुभद होता है। स्वामी, पण्यस्त्री, मित्र, देश, ग्राम, पुर और गृह इनके नक्षत्र अंश वेध में हों तो शुभद होता है किन्तु विरुद्ध वेध से रहित हों। इस प्रकार के चक्रराज को जो जानता है उसके पाणितल में सभी पदार्थ अवगत होते हैं ॥ २१–२५ ॥

इति द्वादश नाडी चक्रम्।

अथ अहिवलयचक्रम्


अहिचक्रं प्रवक्ष्यामि यथा सर्वज्ञभाषितम्।
द्रव्यं शल्यं तथा शून्यं येन जानन्ति साधकाः ॥ १ ॥
निधिर्निवर्तनैकस्थः सम्भ्रान्तो यत्र भूतले।
तत्र चक्रमिदं स्थाप्यं स्थानद्वारमुखस्थितम् ॥ २ ॥
ऊर्ध्वरेखाष्टकं लेख्यं तिर्यक् पञ्च तथैव च।
अहिचक्रं भवत्येवमष्टाविंशतिकोष्ठकम् ॥ ३ ॥
तत्र पौष्णाश्वियाम्यर्क्षं कृत्तिकापितृभाग्यकम्।
उत्तराफाल्गुनी लेख्यं पूर्वपंक्त्यां भसप्तकम् ॥ ४ ॥

अहिर्बुध्न्याजपादर्क्ष शतभं ब्राह्मसार्पभम् ।
पुष्यं हस्तं समालेख्यं द्वितीयां पंक्तिमास्थितम् ॥ ५ ॥
विधिर्विष्णुर्धनिष्ठाख्यं सौम्यरौद्रपुनर्वसू ।
चित्राभं च तृतीयायां पंक्तौ धिष्ण्यस्य सप्तकम् ॥ ६ ॥
विश्वर्क्षं तोयभं मूलं ज्येष्ठा मैत्रविशाखिके ।
स्वाती पंक्त्यां चतुर्थ्यां च कृत्वा चक्रं विलोकयेत् ॥ ७ ॥
एवं प्रजायते चक्रे प्रस्तारः पन्नगाकृतिः ।
द्वारशाखे मघायाम्ये द्वारस्था कृत्तिका मता ॥ ८ ॥
अश्वीशपूर्वाषाढादित्रिकं पञ्च चतुष्टयम् ।
रेवती पूर्वाभाद्रेंदोर्भानि शेषाणि भास्वतः ॥ ९ ॥
उदयादिगता नाड्यो भग्नाः षष्ठ्याप्तशेषके ।
दिनेन्दुभुक्तियुक्तोऽसौ भवेत्तत्कालचन्द्रमाः ॥ १० ॥

अहिचक्रमिति । तदहिचक्रम् प्रवक्ष्यामि सर्वज्ञभाषितं यथा तथेति । येन चक्रेण द्रव्यं शल्यं तथा शून्यं साधका जानन्ति । निधिरिति । निवर्त्तनैकस्थो निधिर्यत्र सम्भ्रान्तो सम्भ्रमो विषयः । तथात्र इदं चक्रं स्थाप्यम् । सप्तहस्तेन दण्डेन त्रिशद्दण्डो निवर्त्तनमिति स्मरणात् । कीदृशं स्थानं द्वारमुखस्थितं-स्थानस्य गृहादेर्यद्द्वारं तन्मुखेन स्थितं, प्रश्ने सति क्षेत्रादौ द्वाराज्ञाते एवं प्रजायते । चक्रे प्रस्तारः पन्नगाकृतिरित्युपसंहारवचनादर्थतो भाद्रादित्रिमासेन पूर्वादिचतुर्दिक्षु शिरःकल्पनादसौ शेते तेन तदनुमानेन प्रश्ने सति तस्यां तस्यां दिशि अहिचक्रमुखं कृत्तिकादिनक्षत्रव्यवस्थितं कृत्वा व्यवहरणीयमित्युपदेशः इति नरहरिः । लक्ष्मीधरस्तु—तात्कालिकर्क्षं संगुण्य षष्ट्या संविभजेत् सुधीः । बाणवेदैश्च शिष्टांके भास्करादीन् विशोधयेत् । अशुद्धांकेन पूर्वादिकाष्ठा सूरगजद्विका । भास्करा १२ शुभ बाणा ५ । ५ सु ५ मार्गणे ५ युगद्वयं ४ । ४ इति । ऊर्ध्वेति–ऊर्ध्वं रेखाष्टकमूर्ध्वक्रमेण रेखाष्टकं लेख्यम् । तथैव पञ्चरेखास्तिर्यक् क्रमेण लिखेत् । एवमहिचक्रमष्टाविंशतिकोष्ठकं भवेत् । तत्रेति–तत्र कोष्ठकेषु पौष्णरेवती । अश्विनी । याम्यर्क्षभरणी । कृत्तिका । मघा । भाग्यपूर्वाफाल्गुनी चेति सप्तनक्षत्राणि पूर्वपंक्त्यां प्रथमपंक्त्यां लेखनीयानि । अहिर्बुध्न्येति–अहिर्बुध्न्यमुत्तराभाद्रपदा । अजपादर्क्षपूर्वाभाद्रपदा शतभं शतभिषक् । ब्राह्मरो-हिणी । सार्पभमश्लेषा । पुष्यो । हस्तः । स्वाती नक्षत्रसप्तकं द्वितीयपंक्तिस्थं

लेख्यम्। विधिरिति—विष्णुश्रवणः धनिष्ठासौम्यम् मृगशिरः विधिरभिजित्। विष्णुः श्रवणः धनिष्ठा सौम्यं मृगशिरः। रौद्रमार्द्रा। पुनर्वसुचित्रा चेति नक्षत्रसप्तकं तृतीयपङ्क्तौ समालेख्यम्। विश्वर्क्षमिति।—विश्वर्क्षमुत्तरापाढतोयभं पूर्वाषाढा। जेष्ठा। अनुराधा। विशाखा। स्वाती चेति नक्षत्रसप्तकं चतुर्थपंक्तिमास्थितम् कृत्वा चक्रं विलोकयेत्। चिन्तयेदित्यर्थः। एवमिति—एवमनेकप्रकारेण चित्रादिनक्षत्रात्तु क्रमस्थित्या पन्नगाकृतिः सर्पाकृतिः प्रस्तारो भवति। प्रजायतेत्यर्थः, द्वारशाखेति—मघायाम्ये मघाभरणी द्वारशाखे द्वारोभयपार्श्वस्थिते ज्ञातव्ये। कृत्तिका द्वारस्था मता। कृत्तिकाद्वारमुखं। अश्वीशेति ईश आर्द्रा। पूर्वाषाढा एतानि त्रिनक्षत्राणि आदिभूतानि, अनुक्रमेण त्रिकपञ्चचतुष्टयं नक्षत्रम्। यथा। अश्वनीभरणीकृत्तिका त्रीणि अर्द्रापुनर्वसु पुष्याश्लेषा मघा चेति पञ्चपूर्वाषाढोत्तराषाढाभिजिन् श्रवणेति चत्वारि नक्षत्राणि तेथाश्वनीभरणीकृत्तिकार्द्रापुनर्वसुपुष्यश्लेषामघापूर्वाषाढोत्तरापाढभिजित्। श्रवणरेवतीपूर्वभाद्रपदाः। एतानि नक्षत्राणि इन्दोश्चन्द्रस्य शेषाणि भानि भास्वतः सूर्यस्य ज्ञातव्यानि। उदयादिति—उदयेत्यत्रोदयशब्देन सूर्योदयो गृह्यते। तेन यदा प्रश्नो भवति तदोदयगता नाड्यस्ताः सप्तविंशत्या गुणिताः पश्चात् षष्ट्या भाजिता यदाप्तं तानि नक्षत्राणि शेषांशाः ततश्चन्द्रेण यानि नक्षत्राणि भुक्तानि येंशा भुक्तास्तानि पूर्वगतनक्षत्रेपु येपु तेन पूर्वगतांशेपु मेलनीयाः स्वनक्षत्रे सूर्यनक्षत्रे वास्तीति॥ १–१०॥

सर्वज्ञों से कहे हुये अहिचक्र को कह रहा हूँ। जिससे साधक यह जानते हैं कि द्रव्य, हड्डी, तथा शून्य इनमें से क्या पदार्थ इस भूमि में है॥१॥ जिस निवर्तन भूमि में रखी हुई द्रव्य भूल गई है वहां पर इस चक्र को स्थान के द्वार पर मुख करके स्थापित करे॥२॥ आठ रेखा खड़ी और ५ पांच रेखा तिरछी लिखने से २८ कोष्ठ का यह अहिचक्र हो



जाता है। इसमें प्रथम पंक्ति में रेवती, अश्विनी भरणी, कृत्तिका, मघा, पूर्वाफाल्गुनी, उत्तराफाल्गुनी इन सात नक्षत्रों को स्थापित करे। दूसरे पंक्ति में उत्तराभाद्रपद,

पूर्वाभाद्रपद, शतभिष, रोहिणी, श्लेषा, पुष्य, हस्त को लिखना। तीसरे पंक्ति में अभिजित्, श्रवण, धनिष्ठा, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, चित्रा, इन सात नक्षत्रों को लिखना। चौथे पंक्ति, में उत्तराषाढ़, पूर्वाषाढ़, मूल, ज्येष्ठा, अनुराधा, विशाखा, स्वाती इनको लिखना चाहिये। इस प्रकार से नक्षत्रों की स्थापना करने से सर्प की आकृति का चक्र होता है जिसमें द्वार की शाखा (बाजू) में मघा और भरणी तथा द्वार में कृत्तिका नक्षत्र रहता है। अश्विनी, आर्द्रा, पूर्वाषाढ़ से क्रम से तीन, पांच और चार नक्षत्र अर्थात् अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, श्लेषा, मघा, पूर्वाषाढ़, उत्तराषाढ़, अभिजित्, श्रवण रेवती और पूर्वाभाद्रपद ये १४ नक्षत्र चन्द्रमा के हैं और शेष १४ नक्षत्र सूर्य के हैं। उदय से चन्द्र के भुक्तर्क्ष घटी को २७ से गुणा कर ६० से भाग देने से लब्धि में चन्द्र के भुक्तनक्षत्र की संख्या को जोड़ देने से तात्कालिक चन्द्रमा का नक्षत्र होता है ॥ १–१० ॥

चन्द्रवत्साधयेत्सूर्यमृक्षस्थं[1] चेत्तात्कालिकम्।
पश्चाद्विलोकयेत्तौ च स्वर्क्षे वा चान्यभे स्थितौ ॥ ११ ॥
चन्द्रऋक्षे यदार्केन्दू तत्रास्ति निश्चितं निधिः।
भानुऋक्षे स्थितौ तौ चेत्तदा शल्यं च नान्यथा ॥ १२ ॥
स्वस्वभे द्वितयं ज्ञेयं नास्ति किञ्चिद्विपर्यये।
नवांशकानुमानेन भूमानं तस्य कल्पयेत् ।
स्थितं न लभते द्रव्यं चन्द्रे क्रूरग्रहान्विते ॥ १४ ॥
पुष्टे चन्द्रे भवेन्मुद्रा क्षीणे चन्द्रेऽल्पको निधिः।
ग्रहदृष्टिवशात्सोपि विज्ञेयो नवधा बुधैः ॥ १५ ॥
हेम तारं च ताम्रारं रत्नं कांस्यायसं त्रपु।
नागं चन्द्रे विजानीयाद्भास्करादिग्रहेक्षिते ॥ १६ ॥
मिश्रैर्मिश्रं भवेद् द्रव्यं शून्यं दृष्टिविपर्यये।
सर्वग्रहेक्षिते चन्द्रे निर्दिष्टोसौ महानिधिः ॥ १७ ॥
शुभक्षेत्रगते चन्द्रे लाभः स्यान्नात्र संशयः।
पापक्षेत्रे न लाभो हि विज्ञेयः स्वरपारगैः ॥ १८ ॥
हेम तारं च ताम्रं च पाषाणं मृन्मयायसम्।
सूर्यादिग्रहगे चन्द्रे द्रव्यभाण्डं प्रजायते ॥ १९ ॥

१. षष्टिघ्नं तं निशानाथं शरवेदाप्तवं पुनः। युगैः शेषं भवेद्यत्तत्प्रागादिचक्रवक्रगम् ॥

भुक्तराश्यंशमानेन भूमानं कामिकैः करैः।
नीचे छिद्रं परं नीचे जलस्थोऽसौ भवेन्निधिः ॥ २० ॥
स्वोच्चस्थे भूर्ध्वगं द्रव्यं नवांशकक्रमेण च।
परभोचे परे तुङ्गे भित्तिस्थमृक्षसंक्रमे ॥ २१ ॥

चन्द्रवदिति—ऋक्षस्थं नक्षत्रस्थं चेष्टनाडीकं भं प्रश्नसमये इष्टदण्डकं कृत्वा एवं द्वित्रिदिनं षष्टिदण्डात्मकं नक्षत्रस्य प्रश्नकाले सूर्येण यावन्तो दण्डा भुक्तास्तान् दण्डान् सप्तविंशत्या संगुण्य षष्टिहरणाल्लब्धं शेषं भवति। लब्धाश्च सूर्यभुक्ताश्विन्यादिनक्षत्रसंख्याः संयोज्य सप्तविंशत्यधिके सप्तविंशतिभक्तस्यावशिष्टं भुक्तनक्षत्रसंख्या अश्वनीतो भवति षष्टिहरणशेषभुज्यमाननक्षत्रशरीरं तन्नक्षत्रस्थः तात्कालिकः सूर्यो लेखनीयः। पश्चात् स्वनक्षत्रचन्द्रनक्षत्रयोरवस्थितिश्चिन्तनीया। नक्षत्रे सूर्यभुक्ते दण्डे सूर्यभुक्तचतुर्दशदिने सकालनक्षत्रभोगः प्रत्यहं सप्तदशपलाधिकाश्चत्वारो दण्डा भवन्ति। न्यूनभोगेन कानिचिद्विपलानि ह्रसन्ति। तेन नक्षत्रभोगप्रवृत्तिसमयादारभ्य प्रश्नसमयेन यावन्तो दण्डास्ते प्रतिषष्टि चत्वारो दण्डाः सप्तदशपलानि षष्टिन्यूने तदनुमानेन न्यूनतासूक्ष्मकालस्य सूर्यमंगलादिग्रहनक्षत्रतात्कालिकीकरणे नक्षत्रे इष्टदण्डानयनपूर्वकं पितामहश्लोको लिख्यते। ऋक्षप्रवेशादिष्टं ता नाड्यः पञ्च्याभिस्ताडिताः। ऋक्षप्रवेशादागत्य घटिकाभिर्विभाजिताः। लब्धं दण्डादिकं यस्तद्भुक्तं षष्टिभिर्हृतम्। अश्विन्यादीनभुक्तेन युक्तस्तात्कालिको रविः। व्याख्यानमेतयोस्तात्कालिकाद्धुकालानलचक्रे कृतमन्वेषणीयमिति। पश्चात् तात्कालिकीकरणानन्तरं तौ सूर्यचन्द्रमसौ स्वऋक्षे स्वनक्षत्रे परभे परनक्षत्रे वा व्यवस्थितौ विलोकयेत्। इति नरहरिः। चन्द्र इति—चन्द्रनक्षत्रेऽश्विन्या इत्यादि कथित अर्केन्दुतात्कालिकौ स्तस्तदा निधिर्नियतं निश्चितमस्ति। विरोधादिति—चेद्यदि भानुनक्षत्रे सूर्यनक्षत्रे तौ सूर्यचन्द्रमसौ स्थितौ तदा शल्यं भवति अन्यथा नेदमित्यर्थः। स्वस्वभ इति—चन्द्रे रवौ च स्वस्वनक्षत्रे स्थिते द्वितयं निधिशल्यं चन्द्रस्थाने निधिः सूर्यस्थाने शल्यं ततः शशांके चन्द्रमसि द्रव्यं भवति सूर्यभे शल्यं भवति नास्ति किंचित् विपर्ययम्। चन्द्रभे सूर्यभे चन्द्रे निधिः शल्यं च नास्ति स्थितमिति—क्रूरग्रहान्विते तात्कालिकचन्द्रे स्थितं द्रव्यं न लभ्यते। परिशेषाच्च शुभग्रहयोगाल्लभ्यते इति। एवं चन्द्रस्थितौ किं द्रव्यमित्याकांक्षायामाह। हेमेति-सूर्यादिनवग्रहनिरीक्षिते तात्कालिकचन्द्रे हेमादि द्रव्यं जानीयात्, यथा सूर्यनिरीक्षिते हेम सुवर्णम्। स्थूलचन्द्रेक्षिते तारं रजतम्। कुजेक्षिते ताम्रम्। बुधेक्षितं आरं पित्तलम्। जीवेक्षिते पाषाणम्। शुक्रेक्षिते मृतम् एवं राहुकेतौ त्रपुनागं विजानीयात् इति। मिश्रैरिति—

मिश्रैर्नानाग्रहैर्दृष्टिविवर्जित चन्द्रे शून्ये न किमपि भवतीत्यर्थः। सर्वग्रहेक्षिते चन्द्रे असौ महानिधिर्निर्देश्यः। पुष्ट इति–चन्द्रपुष्टे पुष्टश्चन्द्रः शुक्लपक्षैकादशीतः कृष्णपक्षपञ्चमीपर्य्यन्तं भवति भाण्डस्थमुद्राद्रव्यं भवति। क्षीणचन्द्रे भवत्येव स्वल्पनिधिः क्षीणचन्द्रः कृष्णैकादशीतः शुक्लपञ्चमीं यावदिति, उभयपक्षषष्ठीतो-दशमीपर्य्यन्तं मध्यबलत्वात्तेन तादृशे चन्द्रे मध्यत्वं द्रव्यस्यैव। सोऽपि निधिः-सूर्य्यादीनां नवानां दृष्टिवशान्नवधा नवप्रकारेण बुधैर्ज्ञेयः। स च यथा भवति तथा पूर्वश्लोकद्वयेन कथित एव। द्रव्याधारमाह हेमेति–चन्द्रे सूर्यादिगृहे स्थिते सूर्यादिदिशि स्थिते द्रव्याधारभाण्डमाधारभाजनं प्रजायते। यथा सूर्यगृहे सिंहे हेम चन्द्रगृहे कर्कटे रजतम्, कुजगृहे मेषे, वृश्चिके वा ताम्रम्, बुधगृहे कन्यायां मिथुने वा तारं पित्तलम्, गुरुगृहे धनुषि मीने वा पाषाणम्, शुक्रगृहे तुलायां वृषे वा मृन्मयम्, शनिगृहे मकरे कुम्भे वा आयसं लौहम्, राहुगृहे कन्यायां तत्र बुधदृष्टिविहीने त्रपुः रंगः। एवं कन्यायां सप्तमं गृहं मीनः केतुगृहे मीने जीवावलोकिते शीशकं इति। शुभक्षेत्रेति–चन्द्रगुरुबुधशुक्राणां गृहगते चन्द्रे लाभो निःसंशय एव। एवं पापगृहे पापक्षेत्रे गते पापराशिगते चन्द्रे न लाभो भवतीति स्वरवेदिभिर्ज्ञातव्यम्। भुक्तराश्यंशमाने तात्कालिक-चन्द्रेण यावन्तो राश्यंशाः भुक्तास्तन्मानेन तत्संख्यायाः कामिकैर्वद्धमुष्टिभिः करैर्हस्तैर्भूमानं धृतद्रव्यगर्तभूमानम्। नीचे द्विघ्नम्, द्विगुणितं, परं नीचे वृश्चि-कतृतीयांशे चन्द्रेऽसौ निधिर्जलस्थो द्रष्टव्यः। तावत् खातं भवतीति यावत् जलस्थं द्रव्यं भवतीति स्वोच्चस्थ इति––तु पुनरुच्चस्थिते वृषराशिस्थिते चन्द्रे तदंशकक्रमेण यावन्तो नवांशका भुक्तास्तावद्धस्तैः पूर्ववद्धद्धगर्त बाहूर्ध्वगं प्रथम हस्तात्परम् परमोच्चे वृषतृतीयांशे चन्द्रे स्थिते परे तुंगे। अत्युच्चप्रदेशे द्रव्य-मस्तीति। ऋक्षसंक्रमे तात्कालिकनक्षत्रशेषपलगते चन्द्रे भित्तिस्थं द्रव्यं भवति॥ ११–२१॥

चन्द्रमा के ही भांति इष्टकालिक सूर्य के नक्षत्र का भी साधन करे। पीछे यह देखना चाहिये कि दोनों अपने नक्षत्र में हैं अथवा दूसरे के नक्षत्र में यदि चन्द्रमा के नक्षत्र में सूर्य और चन्द्र दोनों हों तो उस स्थान में निश्चय ही द्रव्य है। सूर्य के नक्षत्र में दोनों हों तो हड्डी है और कोई पदार्थ नहीं है। यदि दोनों अपने २ नक्षत्र में हों तो दोनों पदार्थ हैं इससे विपरीत हो तो कुछ नहीं है। नवांश के अनुमान से भूमि का अनुमान करना चाहिये। यदि चन्द्रमा क्रूरग्रह से युक्त हो तो द्रव्य नहीं मिलता है। पूर्णचन्द्रमा हो तो पूर्ण द्रव्य, क्षीण चन्द्र हो तो अल्पद्रव्य होता है। ग्रह दृष्टि के अनुसार द्रव्य नव प्रकार का होता है। सूर्यादि ग्रहों का क्रम से सुवर्ण, चांदी, तामा, पित्तल, रत्न, कांसा, लोहा, शीशा और नाग ये ९ प्रकार के द्रव्य हैं चन्द्रमा को जो ग्रह देखता हो उसके द्रव्य को कहना। मिश्रग्रह देखते हों तो मिश्रित

द्रव्य कहना। दृष्टि विपर्यय हो तो शून्य कहना। सभी ग्रहों से चन्द्रमा दृष्ट हो तो निश्चय ही वहाँ निधि है। चन्द्रमा शुभग्रह की राशि में हो तो द्रव्य का अवश्य लाभ होता है। पापग्रह की राशि में हो तो लाभ नहीं होता है। सूर्यादि ग्रहों की राशि में चन्द्रमा हो तो क्रम से सोना, चांदी, तामा, पत्थल, मिट्टी और लोहे के वर्तन में द्रव्य कहना। चन्द्रमा के भुक्त राशि अंश के मान से भूमि का मान कार्यकर्त्ता के हाथ से, नीच राशि में चन्द्रमा हो तो दूने हाथ और परमनीच में हो तो जल में द्रव्य है। अपने उच्चराशि में हो तो ऊपर और परम उच्च में हो तो दीवार में उच्च-स्थान में द्रव्य होता है। ॥ ११–२१ ॥

चन्द्रांशभुक्तमानेन द्रव्यसंख्या विधीयते।
तस्या दशगुणा वृद्धिः षड्वर्गेषु बलक्रमात् ॥ २२ ॥
अधिष्ठितं भवेद्द्रव्यं यत्र चन्द्रो ग्रहान्वितः।
तदधिष्ठापको ज्ञेयो भास्करादिग्रहैः क्रमात् ॥ २३ ॥
ग्रहो मुग्धे ग्रहश्चैव क्षेत्रपालं च मातृकाः।
दीपेशं भीषणं रुद्रं यक्षं नागं विदुः क्रमात् ॥ २४ ॥
ग्रहे होमः प्रकर्तव्यो मुग्धे नारायणीबलिः।
क्षेत्रपाले सुरामांसं मातृकायां महाबलिः ॥ २५ ॥
दीपेशे दीपजा पूजा भीषणे भीषणार्चनम्।
रुद्रे च रुद्रजो जाप्यो यक्षे यक्षादिशान्तयः ॥ २६ ॥
नागे नागग्रहाः पूज्या गणनाथेन संयुताः।
लक्ष्मीधरादिलस्थानि सर्वकार्येषु पूजयेत् ॥ २७ ॥
एवं कृते विधानेति निधिःसाध्योपि सिध्यति।
निधिप्राप्ता नरा लोके वन्दनीया न संशयः ॥ २८ ॥

चन्द्रभुक्तांशेति—चन्द्रांशभुक्तमानेन तात्कालिकचन्द्रराशेर्वा यावन्तोंऽशा भुक्तास्तन्मानेन संख्या विधीयते प्रत्येकभुक्तांशेदशसंख्या षड्वर्गे होराद्रेष्काण नवांश द्वादशांश त्रिंशांशेषु बलक्रमाद्दशगुणा वृद्धिः। यदि स्वकीय षड्वर्ग भागे तिष्ठति तदंशानुमिते द्रव्यं दशगुणं भवति। अधिष्ठितमिति—यत्र प्रश्ने चन्द्रो ग्रहान्वितो भवति तत्र द्रव्यमधिष्ठितं भवति। वक्तव्यम्। भास्करादि-ग्रहैः प्रत्येकसहिते क्रमात्तदधिष्ठापको द्रव्याधिष्ठापको द्रव्याधिष्ठाता ज्ञेयः। यथा चन्द्रे सूर्यान्विते ग्रहः (मुग्धग्रहः) कुजसहिते क्षेत्रपालः बुधसहिते मातृकाः। गुरुसहिते दीपेशः। शुक्रसहिते भीषणः। शनिसहिते रुद्रः।

राहुसहिते यक्षः। केतुसहिते नाग इति क्रमात्। ग्रह इति—ग्रहेऽधिष्ठितरि होमो ग्रहस्यैव कर्त्तव्यस्तद्यथा मुग्धे मुग्धे ग्रहे नारायणी नारायण संमुखब-लित। पूजोपहारादिः, क्षेत्रपालेऽधिष्ठातरि तस्मै सुरामांसं च देयमिति। मात्रि-कायामधिष्ठात्र्यां महाबलिर्मानुषबलिर्देयः। तदसम्भवे छागादि योग्यविरुद्ध-बलित्वेनोपकल्प्यम्। दीपेशेऽधिष्ठातरि दीपप्रधानपूजा दीपजा पूजा भीषणे भीषणार्चनं भयजनकमर्चनं लोहितपुष्पादिकृतम्। रुद्रेऽधिष्ठातरि रुद्रजमंत्रस्य जपः जपो रुद्राध्यायः, यक्षेऽधिष्ठातरि यक्षादिपूजनम्। नागेति—नागेऽधिष्ठातरि नागग्रहाः पूज्याः। गणनाथेन गणेशेन संयुतः। प्रतिशान्तिके गणेशपूजा लक्ष्मीधरादितत्त्वानि पंचविंशतिसंख्यकानि सर्वकार्येषु पूजयेत्। अथ पक्षत्रयेण निधिस्थानद्वारज्ञानं टीकाकारोक्तं लिख्यते। अहिबलचक्रमिदम्। अहिः शेषनागः सतु भाद्राद्यैस्त्रिभिस्त्रिभिर्मासैः पूर्वादि शिरः कृत्वा वामपार्श्वेण शेते तेन यत्र तस्य शिरः। तत्र निधिस्थानस्य द्वारं तेन तन्मासेषु प्रश्ने सति तस्यां तस्यां दिशि अहिचक्रमुखं कृत्तिकानक्षत्रं व्यवस्थितम्। कृत्वा व्यवहरणीयम् इत्युपदेशः। अथान्यपक्षः। चन्द्राधिष्ठितं तत्कालनक्षत्रे यद्दिग्द्वारभं भवति। कृत्तिकादि सप्तसप्तव्यवस्थितात्तद्दिग्द्वारं निधिस्थानस्य अथवा प्रश्नकर्त्ता निधि-नाथो यत्र दिशि तत्र स्थाने प्रविशति तद्द्वारं निधिस्थानस्य। इदमेव पक्षत्रया-दपि कृतं निधिं साधयेत्। पद्मासने चन्द्रातपेन ॐ ऐं ह्रीं क्लीं हूं वद वद वाग्वादिनि स्वाहा। इति मन्त्रं त्रिसंध्यं षण्मासपर्यन्तं जपेत्। निधिप्राप्ति-र्भवति। एवमिति एवं विधानेन यथाविधानक्रमेण एवं कृते पूजाहोमादौ त्वसाध्यो निधिः साध्यते। एवन्निरूपकस्य निधिप्रयोजनमाह। एवं प्रकारेण नरो मनुष्यो निधिप्राप्ता वन्दनीयो नमस्करणीयःस्तुत्यो भवत्यत्र संशयो न निश्चय एवेत्यर्थः॥ २२–२८॥

इति स्वरोदयविवृतौ अहिचक्रविवरणम्।

चन्द्रमा के भुक्त अंश के तुल्य द्रव्य की संख्या कहना। षड्वर्ग से चन्द्रमा बलवान् हो तो अंश संख्या से दशगुनी वृद्धि होती है। चन्द्रमा जिस राशि में हो वहीं द्रव्य होता है उसके स्वामी सूर्यादि होते हैं। ग्रह उपग्रह (पातादि), क्षेत्रपाल, मातृका, दीपेश, भैरव, रुद्र, यक्ष, नाग क्रम से अधिपति होते हैं। ग्रह हों तो हवन, उपग्रह (पात) हों तो नारायण बलि, क्षेत्रपाल हों तो शराब और मांस मातृका हों तो नरबलि। दीपेश हों तो दीप की पूजा, भैरव हों तो भैरव की पूजा, रुद्र हों तो रुद्र का जप, यक्ष हों तो यक्ष की पूजा, नाग हों तो नाग की पूजा करनी चाहिये किन्तु सबके साथ गणेश का भी पूजन होना आवश्यक है। लक्ष्मी-धरादि तत्वों का पूजन सभी कार्यों में करना चाहिये। ऐसा विधान करने से असाध्य

निधि भी साध्य हो जाती है निधि को पाकर मनुष्य लोक में वंदनीय हो जाता है ॥ २२–२८ ॥

उदाहरण—जैसे संवत् २०१७ वैशाख कृष्ण ८ भौमवार इष्टघटी १०।५० पर को किसी ने प्रश्न किया कि मेरे घर में द्रव्य है या नहीं यह विचारिये। प्रश्न समय श्रवण नक्षत्र का भयात ११।५१ है इसको २७ से गुणने से गुणन फल ३१९।५७ हुआ। इसमें ६० का भाग देने से लब्धि ५ और शेष १९।५७ हुआ। लब्धि में चन्द्रमा के गत नक्षत्र की संख्या २१ जोड़ दिया तो तात्कालिक चन्द्र नक्षत्र २६ हुआ।

सूर्य साधन का उदाहरण—वैशाख कृष्ण २ बुधवार को १०।५४ पर अश्विनी में सूर्य हुये। इसे ६० में घटाने से शेष ४९।६ यह अश्विनी का भोग्य हुआ। और वैशाख शुक्ल १ भौमवार को ५२।९ पर भरणी में सूर्य होंगे। दोनों का योग करने से १।११।१५ इसमें दोनों के मध्य के दिन १२ जोड़ देने से १३।११।१५ यह संपूर्ण अश्विनी का भोग्य दिन हुआ। इसमें ६० से भाग देने से एक दिन का भोग दिनादि ०।१३।४१।१५ हुआ। अश्विनी का भोग्य घटी ४९।६ इसमें इष्टघटी को जोड़ देने से ५९।५६ हुये इसमें इष्टदिन पर्यन्त दिन संख्या ५ को जोड़ देने से ५।५९।५६ यह इष्टकाल तक सूर्य का अश्विनी नक्षत्र का भुक्त दिनादि हुआ। इसको सवर्णन करने से १२९५७६० हुआ इसमें एक दिन के भोग से सवर्णन करके ४९२७५ से भाग देने से २६।२ प्राप्त हुआ यही सूर्य का उदयादिगत घटिका हुई। इसको २७ से गुणा किया तो ७०२।१४ हुआ। इसमें ६० से भाग देने से ११ लब्धि और शेष ४२।५४ हुए। लब्धि में सूर्य के भुक्त नक्षत्र संख्या ० जोड़ देने से ११ हुए यही सूर्य का नक्षत्र अर्थात् उत्तराफाल्गुनी में सूर्य हुआ।

पद्मासने चन्द्रातपेन ऐं क्लीं ह्रूँ वदवद वाग्वादिनि स्वाहा
इति ब्रह्मयामलीयस्वरोदये अहिवलचक्रं समाप्तम् ।

पद्मासन से रात में बैठकर ऐं क्लीं ह्रूँ वदवद वाग्वादिनी स्वाहा इस मन्त्र को ६ मास तक तीनों संध्याओं (प्रातः मध्याह्न और सायं) में जप करने से निधि का लाभ होता है ॥ २९ ॥

इति स्वरोदये अहिवलयचक्रम् ।


अथ लाङ्गलचक्रम्

लाङ्गलं दण्डिका यूकं योक्त्रद्वयसमन्वितम् ।
दण्डिकादि लिखेद्भानि दिनेशाक्रान्तभादितः ॥ १ ॥

दण्डिकाहलयूकानां द्विद्विस्थाने त्रिकं त्रिकम् ।
योक्त्रयोः पञ्चके तत्र गणना चक्रलाङ्गले ॥ २ ॥
दण्डस्थे तु गवां हानिर्यूकस्थे स्वामिनो भयम् ।
लक्ष्मीर्लांगलयोक्त्रस्थे क्षेत्रारम्भदिनर्क्षके ॥ ३ ॥

लांगलमिति—लांगलं हलाकारं चक्रं लिखेत् । कीदृशं योक्त्रद्वयसमन्वितम् । यूपं यूपकाष्ठं योक्त्रं वृषभारोधकं काष्ठद्वयं तत्सहितम् । तत्र दण्डिकामुपक्रम्य सूर्यभादितः । सूर्याक्रान्तनक्षत्राद्दण्डिकायां हले यूपे च प्रत्येकं द्वि द्वि स्थानद्वये त्रिकं त्रिकं नक्षत्राणां लिखेत् । योक्त्रयोस्त्रीणि त्रीणि नक्षत्राणि अग्रके द्वयं नक्षत्रस्येति । नक्षत्रलेखनस्यायमनुक्रमः । एवमभिजिता सह अष्टाविंशतिनक्षत्राणि मध्ये पंचदशाऋक्षाणि सन्निविष्टानि भवन्ति । दण्डस्था इति । क्षेत्रारम्भादिनक्षत्रके क्षेत्रारम्भादिनक्षत्रे दण्डस्थे त्रिसंख्यके गवां वृषभानां हानिर्विनाशो भवति । यूपस्थे यूपाष्टभागद्वयस्थे षट्संख्याके स्वामिनो भयम् । कृषिकर्त्तुर्मृतिः । अन्येषु नक्षत्रेषु लक्ष्मीर्भवतीति ॥ १–३ ॥

हल जूआ दो खूटे के साथ होता है । सूर्य के नक्षत्र से दिन नक्षत्र (जिस दिन



हल चलाना हो) तक क्रम से सव्य मार्ग से दंडिका, हल और जूआ में दो स्थानों में ३ तीन और जूआ में पांच २ नक्षत्र देना चाहिये ।१।२। दंड के नक्षत्र में हल चलाने से गौ की हानि, जूआ के नक्षत्र में स्वामी को भय, लांगल में हल चलाने से लक्ष्मी का लाभ होता है ॥ १–३ ॥

इति लांगलचक्रम्[1] ।

अथ बीजोप्तिचक्रम् ।

सूर्यभादुरगः स्थाप्यस्त्रिनाड्येकान्तरः क्रमात् ।
मुखे त्रीणि गले त्रीणि भानि द्वादश चोदरे ॥ १ ॥

---

१. मतांतरेण लाङ्गलचक्रम् ।
त्रिकं त्रिकं त्रिकं पञ्च त्रिकं पञ्च त्रिकं त्रिकम् ।
सूर्यादिदिननक्षत्रमशुभं च शुभं क्रमात् ॥ १ ॥
अन्यच्च
रामरामगुणाः पञ्च रामपञ्चगुणा गुणाः ।
विज्ञेयं लाङ्गलं चक्रम् अशुभं शुभमुच्यते ॥ २ ॥

पुच्छे तुर्यं बहिः पञ्च दिनभाच्च फलं वदेत् ।
वदने कुफले विंद्याद्गलकेऽङ्गारकस्तथा ॥ २ ॥
उदरे धान्यवृद्धिश्च पुच्छे धान्यक्षयो मतः ।
ईति रोगभयं बाह्ये चक्रे बीजोऽप्तिसंज्ञके ॥ ३ ॥

इति बीजोप्तिचक्रम् ।

सूर्य के नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनकर त्रिनाडी सर्पाकार चक्र में मुख में ३ नक्षत्र, गले में ३ नक्षत्र, १२ नक्षत्र पेट में, ४ नक्षत्र पूँछ में, और बाहर ५ नक्षत्र



रखकर फल को कहे। यदि दिन नक्षत्र मुख में पड़े तो रूई के सदृश अनाज होता है, गले में हो तो (आग से) जल जाय। पेट में हो तो अन्न की वृद्धि, पूँछ में हो तो अन्न की हानि और बाहर हो तो टिड्डी आदि और रोग का भय होता है ॥ १–३ ॥

इति बीजोप्तिचक्रम्[1] ।

अथ वृषभचक्रम्

वृषचक्रं वृषाकारं[2] सर्वावयवसंयुतम् ।
लिखित्वा विन्यसेद्भानि वृषनामर्क्षपूर्वकम् ॥ १ ॥

---

१. राहुभादष्टमं यावत्सूर्यभूपनखानि च ।
बीजोप्तिं वर्जयेत्तासां पुच्छस्यापि च चतुष्टयम् ॥ १ ॥
मूर्ध्नि त्रीणि गले त्रयं च जठरे धिष्ण्यानि च द्वादश ।
स्यात्पुच्छे च चतुष्टयं बहिरथो भानां स्थितं पञ्चकम् ।
सिक्तं कज्जलमन्नवृद्धिमधिकं निस्तण्डुलानि क्रमा-
त्स्यादीतिप्रभवं भयं च फणितो बीजोप्तिकालेऽर्कभात् ॥ २ ॥
राहुस्थिते तु नक्षत्रं गण्यते च विलागमैः ।
राहुक्रान्तिं विजानीयात्सर्वबीजानि वापयेत् ॥ ३ ॥

२. वृषवास्तु प्रवक्ष्यामि यत्रादावुत्तमं स्मृतम् ।
यस्मिन्धिष्ण्ये स्थिते चन्द्रे तत्रादौ त्रीणि चास्यके ॥ १ ॥

मुखाक्षिकर्णशीर्षेषु शृङ्गे स्कन्धे द्विकं द्विकम् ।
त्रीणि पृष्ठे त्रिकं पुच्छे द्वे द्वे पादोदरे न्यसेत् ॥ २ ॥
हलप्रवाहबीजोप्तिप्रारम्भादि दिनर्क्षके ।
यत्रांशे संस्थितश्चन्द्रस्तस्माद्वक्ष्ये शुभाशुभम् ॥ ३ ॥
हानिर्वक्त्रगते सुखानि नयने कर्णे तु भिक्षाटनं शीर्षे
स्याद् धृतिरत्र शृङ्गयुगले स्कन्धस्थिते शोभनम् ।
पृष्ठे राजभयं च पुच्छभगते पादे श्रमं हृत्सुखं
चैवं चन्द्रभजं फलं प्रकटितं चक्रे वृषाख्ये नृणाम् ॥ ४ ॥

इति वृषभचक्रम् ।

वृष (बैल) के समान सभी अवयवों से युक्त वृषचक्र को बनाकर वृष के नाम के नक्षत्र से दिन नक्षत्र पर्यन्त गिनकर नक्षत्रों का न्यास करे । मुख, आंख, कान, शिर, सींघ, कंधे पर दो दो नक्षत्र, ३ नक्षत्र पीठपर, दो नक्षत्र पूँछ पर और दो-दो


क्रमाच्चत्वारि धिष्ण्यानि वृषस्य पूर्वपादयोः ।
चत्वारि वामपादे च दक्षिणे च चतुष्टयम् ॥ २ ॥
ऋक्षाणां च त्रयं पुच्छे चतुष्कं पश्चिमांघ्रयोः ।
शिरसि त्रीणि पृष्ठे च विन्यसेत्त्रीणि पूर्ववत् ॥ ३ ॥
मुखे च स्वामिनो मृत्युरुद्वासः पूर्वपादयोः ।
वामपादे दरिद्रं स्याद्दक्षिणे च धनागमः ॥ ४ ॥
रोगव्याधिभयं पुच्छे स्थिरः पश्चिमपादयोः ।
मूर्ध्नि पृष्ठे श्रियं विद्यात् फलं वृषभवास्तुके ॥ ५ ॥
देवागारग्रहस्तंभे प्रतिष्ठादौ विधीयते ।
अन्यकार्यं विधातव्यं संप्रोक्तं पूर्वसूरिभिः ॥ ६ ॥

अन्यच्च—

मुखैकं दिक्षु चत्वारि गर्भे चत्वारि चैव च ।
कंठे त्रीणि गुदे त्रीणि रव्यादि स्थापयेत् क्रमात् ॥ १ ॥
मुखैकं स्वामिनो घातं पूर्वे उद्वासनं भवेत् ।
दक्षिणे चार्थलाभश्च पश्चिमे संततिर्भवेत् ॥ २ ॥
उत्तरे कलहं विद्याद्गर्भे गर्भो विनश्यति ।
कंठे च श्रियमाप्नोति गुदे रोगे मृतिर्भवेत् ॥ ३ ॥

इति कलशवृषभचक्रम् । वृषभवास्तुचक्रञ्च ।

नक्षत्र पैर और पेट में लिखे। यह नक्षत्र न्यास हलप्रवाह, और वीजोप्ति दिन के नक्षत्र से इष्टदिन पर्यन्त न्यास करे। नक्षत्र के जिस अंश में चन्द्रमा हो उससे शुभ अशुभ फल को कहे। मुख के नक्षत्र में हानि, नेत्र में सुख, कान के नक्षत्र में



भिक्षाटन, शिर के नक्षत्र में मृत्यु, दोनों शृङ्ग और कंधे के नक्षत्र में शुभ फल, पीठ में राजभय, पैर में भ्रमण और हृदय के नक्षत्र में सुख होता है। यही चन्द्र के नक्षत्र से वृषभचक्र का फल है ॥ १–४ ॥

इति वृषभ चक्रम्।

अथ सप्तनाडीचक्रम्।


अथातः संप्रवक्ष्यामि चक्रं यत् सप्तनाडिकम्।
यस्य विज्ञानमात्रेण वृष्टिं जानंति साधकाः ॥ १ ॥
कृत्तिकादि लिखेद्भानि साभिजितिक्रमेण च।
सप्तनाडीत्र्यधस्तत्र कर्तव्यः पन्नगाकृतिः ॥ २ ॥
ताराचतुष्कवेधेन नाडिकैका प्रजायते।
तेषां नामान्यहं वक्ष्ये तथा चैव फलानि च ॥ ३ ॥
कृत्तिका च विशाखा च मैत्राख्यं भरणी तथा।
उर्ध्वगा शनिनाडी स्याच्चंडनाड्यभिधीयते ॥ ४ ॥
रोहिणी स्वातिज्येष्ठाश्विद्वितीया नाडिका मता।
आदित्यप्रभवा नाडी वायुनाडी तथैव च ॥ ५ ॥
सौम्यं चित्रा तथा मूलं पौष्णमृक्षं चतुर्थकम्।
तृतीयांगारका नाडी दहनाख्या तथैव च ॥ ६ ॥

रौद्रं हस्तं तथा पूर्वाषाढा भाद्रा तथोत्तरा ।
चतुर्थी जीवनाडी स्यात्सौम्यनाडी प्रकीर्तिता ॥ ७ ॥
पुनर्वसूत्तराफल्गुन्युत्तराषाढतारकाः ।
पूर्वाभाद्रा च शुक्राख्या पंचमी नीरनाडिका ॥ ८ ॥
पुष्यर्क्षं फल्गुनीपूर्वा अभिजिच्छततारका ।
षष्ठी नाडी च विज्ञेया बुधस्य जलनाडिका ॥ ९ ॥
आश्लेषार्क्षं मघाकर्णधनिष्ठा च तथैव च ।
अमृताख्या हि विज्ञेया सप्तमी चंद्रनाडिका ॥ १० ॥
मध्यमार्गे स्थिता सौम्या नाडी तस्याग्रपृष्ठतः ।
सौम्ययाम्यगतं ज्ञेयं नाडिकानां त्रिकं त्रिकम् ॥ ११ ॥
क्रूरा याम्यगता नाड्यः सौम्याः सौम्यदिगाश्रिताः ।
मध्यनाडी च मध्यस्था ग्रहरूपफलप्रदा ॥ १२ ॥
एकनाडी गताश्चेत्स्याद् ग्रहाः क्रूराः शुभा यदि ।
ततो बोधफलं वाच्यं शुभं वा यदि वाशुभम् ॥ १३ ॥
ग्रहाः कुर्युर्महावातं गताश्चंडाख्यनाडिका ।
वायुनाडीगता वायुं दहन्यामतिदाहकाः ॥ १४ ॥
सौम्यनाडीगता मध्या नीरस्था मेघवाहकाः ।
जलायां वृष्टिदश्चंद्रोऽमृते चाप्यतिवृष्टिदाः ॥ १५ ॥

अथातः इति । अथानन्तरं वृषचक्रकथनानन्तरं सप्तनाडीचक्रं प्रवक्ष्यामि येन ज्ञातमात्रेण विदो ज्योतिर्विदोवृष्टिं जानन्ति । कृत्तिकादीति—कृत्तिकादि कृत्तिकामुपक्रम्य साभिजित्सहितानि भानि क्रमेण लिखेत् । तत्र पन्नगाकृतिः सर्पाकृतिः सप्तनाडीभिः सप्तरेखाभिर्वेधः कर्त्तव्यः । तारेति—ताराचतुष्टयवेधेन चतुर्नक्षत्रवेधेन एकैकनाडी जायते प्रतिनाडि चत्वारि चत्वारि नक्षत्राणि भवन्ति । तासां नाडिकानां नामान्यहं वक्ष्ये तथा तासां फलानि च वक्ष्ये । कृत्तिका चेति—कृत्तिकाऽनुराधाविशाखा भरण्यः उर्ध्वा उपरि स्थिता आद्याः शनिनाडी सचन्द्रानाडीनाम्ना मता ख्याता । रोहिणीति—रोहिणीस्वाती ज्येष्ठाऽश्विनेति द्वितीया नाडिका मताः । इयमादित्यप्रभवा नाडी वायुनाडीति । सौम्यमृगशिरश्चित्रामूलरेवत्य एतच् चतुष्टयं तृतीया अंगारका नाडी । दहनाख्या दहनानाम्नीति । रौद्रमिति—रौद्रादिनक्षत्रं हस्तपूर्वाषाढ उत्तराभाद्रपदाचेति

चतुर्थी जीवनाडी स्यात् सौम्यानाम्ना नाडी प्रकीर्तिता कथिता । पुनर्वस्विति–पूर्नवसूत्तरा फाल्गुनी उत्तरापाढा पूर्वाभाद्रपदा चेति शुक्राख्या शुक्रनाडी पञ्चमी-नीरानाडी नाडिका । पुष्यर्क्षमिति–पुष्यपूर्वाफाल्गुनी अभिजित् शतभिषा चेति षष्ठी नाडी बुधाख्या बुधनाडी जलनाडिका विज्ञेयाः । आश्लेषार्क्षमिति–श्लेषामघाश्रवणधनिष्ठा चेति सप्तमी चन्द्रनाडी अमृतानाडिका अमृतानाम्नीति संज्ञिता ततो वेधफलं वाच्यं शुभं वा शुभम् । मध्यमार्गमिति–सौम्यनाडी मध्यमार्गस्थिता भवन्ति सौम्यनाडीमध्यस्था । एवं सर्वनाडी ग्रहरूपफलप्रदा भवन्ति । क्रूरयाम्यगतेति–स्पष्टम् । एकनाडीगतेति—द्व्याद्याः क्रूराः शुभा वा यदैकनाडीगता भवन्ति तदातः शुभाशुभफलं वक्तव्यम् । ग्रहेति–नाडिकां चन्द्राख्यां गता ग्रहा महावातान् कुर्युः वायुनाडीगता ग्रहा वायुं, दहननाडीगता दाहम् । सौम्येति–नाडीमध्यमा तद्गता मध्यफलप्रदा इति भावः । नीरस्था नीरनाडीगता मेघवाहकाः भवन्ति । जलायामिति–जलनाडीगतो चन्द्रो वृष्टिदश्चन्द्रनाडी तत्र-चन्द्रोऽतिवृष्टिं ददातीत्यर्थः ॥ १–१५ ॥

अब मैं सप्तनाडी चक्र को कहता हूँ, जिसके ज्ञान से वृष्टि का ज्ञान साधकों को होता है । कृत्तिकादि अभिजित् के सहित क्रम से नक्षत्रों को लिखकर सप्तनाडी का वेध सर्प के आकार का करना चाहिये । एक २ नाडी में चार २ नक्षत्रों का वेध होता



है उनके नाम को और फल को मैं कह रहा हूँ । कृत्तिका, विशाखा, अनुराधा, भरणी इनकी प्रथम चंडनाडी और इसके स्वामी शनि हैं । रोहिणी, स्वाती, ज्येष्ठा, अश्विनी की दूसरी वायुनाडी और इसके स्वामी सूर्य हैं । मृगशिरा, चित्रा, मूल, रेवती इनकी तीसरी दहननाडी और इसके स्वामी भौम हैं । आर्द्रा, हस्त,

पूर्वाषाढ़, उत्तराभाद्रपद, इनकी चौथी गुरु की सौम्य नाम की नाडी होती है। पुनर्वसु, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़, पूर्वाभाद्रपद इनकी पांचवीं नीरनाडी शुक्र की है। पुष्य, पूर्वाफाल्गुनी, अभिजित्, शतभिषा इनकी छठी जलनाडी बुध की है। श्लेषा, मघा, श्रवण, धनिष्ठा इनकी अमृत नाडी चन्द्रमा की सातवीं है। मध्य में सौम्य नाडी है उसके आगे और पीछे उत्तर और याम्य संज्ञक तीन-तीन नाडियां हैं। क्रूरग्रह याम्यनाडी में हो और शुभग्रह सौम्यनाडी में हों मध्यनाडी ज्यों की त्यों हो तो ग्रह के अनुसार फल होता है। एक नाडी में दो-तीन आदि ग्रह गये हों चाहे वे क्रूर हों अथवा शुभ हों तो नाडी का शुभ या अशुभ फल होता है जिसे कहता हूँ। चंडनाडी में ग्रह हों तो महावायु, वायुनाडी में हो तो वायु और अग्नि नाडी (दहन) में हों तो अत्यन्त गर्म पड़ता है। मध्य की सौम्यनाडी में अथवा नीरनाडी में ग्रह हों तो मेघ का आगमन, जल नाडी में अथवा चन्द्रनाडी में ग्रह हों तो अतिवृष्टि होती है ॥ १–१५ ॥

एकोऽप्येतत्फलं दत्ते स्वनाडीसंस्थितो ग्रहः।
सुभूतः सर्वनाडीस्थो दत्ते नाडयुद्भवम्फलम् ॥ १६ ॥
प्रावृट्काले समायाते रौद्रऋक्षगते रवौ।
नाडीवेधसमायोगाज्जलयोगं वदाम्यहम् ॥ १७ ॥
यत्र नाडीस्थितश्चन्द्रस्तत्रस्थाः खेचरा यदि।
क्रूरसौम्यविमिश्राश्च तद्दिने वृष्टिरुत्तमा ॥ १८ ॥
एकऋक्षसमायुक्ताः जायते यदि खेचराः।
तत्र काले महावृष्टिर्यावत्तस्यांशके शशी ॥ १९ ॥
केवलैः सौम्यपापैर्वा ग्रहैर्विद्धो यदा शशी।
तदातितुच्छं पानीयं दुर्दिनं तु भवेद् ध्रुवम् ॥ २० ॥
यस्य ग्रहस्य नाडीस्थश्चन्द्रमास्तद् ग्रहेण चेत्।
दृष्टो युक्तः करोत्यम्भो यदि क्षीणो न जायते ॥ २१ ॥

एकोऽपीति—एकोऽपि स्वनाडीस्थः स्वनाडियुक्तं फलं करोति। पापोऽयं शनिः स्वनाडीस्थः कृत्तिकाच विशाखा मैत्राख्यं भरणी तथेत्यत्राद्य स्वनाडीस्थश्चण्डाख्यनाडीस्थशनिश्चन्द्रो वायुं करोति एवं सूर्यः स्वनाडीस्थो वायु, भौमः स्वनाडीस्थो दाहं करोति। जीवः स्वनाडीस्थो मध्यमं, नीरनाडीगतः शुक्रो नीरं बुधो जलनाडीस्थो जलं चन्द्रोऽमृतनाडीगतोऽमृतं जलं–प्रकृत्यैकोऽपि भौमः पुनः पुनः प्रावृट्काले सर्वनाडीगतः सर्वफलं चन्द्राख्यादि करोति। सर्व-

स्थानुसरणीयः सर्वदैव चिन्त्यः। प्रावृट्काले वर्षाकाले प्राप्ते रवौ रौद्रर्क्षगते नाडीनक्षत्रगते सति नाडीवेधसमायोगे सति अहं जलयोगं वदामि। यत्रेति—यत्र नाड्यां चन्द्रः स्थितः तत्र सर्वे खेचराः सर्वे ग्रहा भवेयुः क्रूराः क्षीणचन्द्र-कुजसूर्यशनयः सौम्याः पूर्णचन्द्रबुधगुरुशुक्राविति मिश्राः पापाशुभाश्च भवन्ति-तद्दिने उत्तमा वृष्टिर्भवति। एकत्रेति—सौम्यैः पापग्रहैः केवलं सौम्यपापै-रन्योन्यमिलितैः यदा शशी मिलितो भवति तदा पानीयं तुच्छमल्पं भवतीति ध्रुवं निश्चितं दुर्दिनं भवेत्। एकऋक्षेति—स्पष्टम्। केवलैरिति—स्पष्टम्। यस्येति—चन्द्रमा यस्य ग्रहस्य नाड्यां स्थितो भवति तद्ग्रहेण तेन ग्रहेण दृष्टो युक्तः सन् अंभो जलं करोति। यदि चन्द्रः क्षीणो दृष्टो युक्तस्तदा जलं न जायते पुष्टश्चेद्भवतीति॥ १६–२१॥

एक भी ग्रह अपने नाडी में हो तो उस नाडी का फल देता है। भौम सभी नाडियों में उन २ नाडियों का फल देता है। वर्षाकाल में आर्द्रा नक्षत्र में रवि के होने से नाडीवेध होने से जलयोग होता है उसे कह रहा हूँ। जिस नाडी में चन्द्रमा है उसी में यदि क्रूरग्रह, शुभग्रह या दोनों हों तो उसदिन उत्तम वृष्टि होती है। एक ही नक्षत्र में यदि ग्रह हों और उसी नक्षत्र में चन्द्रमा हो तो उसदिन अतिवृष्टि होती है। केवल शुभग्रह अथवा पापग्रह से चन्द्रमा विद्ध हो तो अत्यन्त तुच्छ वृष्टि होती है और उसदिन दुर्दिन होता है। जिस ग्रह के नाडी में चन्द्रमा हो यदि उस ग्रह से चन्द्रमा दृष्ट और युत हो किन्तु चन्द्रमा क्षीण न हो तो उसदिन वृष्टि होती है॥ १६–२१॥

पीयूषनाडिगश्चन्द्रस्तत्र खेटाः शुभाशुभाः।
द्विचतुःपञ्चपानीयं दिनान्येकत्रिसप्तकम्॥ २२॥
एवं जलाख्यनाडीस्थे चन्द्रे मिश्रग्रहान्विते।
दिनार्धं दिवसं पञ्चदिनानि जायते जलम्॥ २३॥
नीरनाडिगते चन्द्रे तत्रस्थैः पूर्ववद्ग्रहैः।
यामं दिनार्धकं त्रीणि दिनानि जायते जलम्॥ २४॥
अमृतादित्रये यत्र भवन्ति सर्वखेचराः।
तत्र वृष्टिः क्रमाज्ज्ञेया धृत्यर्करसवासरैः॥ २५॥
सौम्यनाडीगताः सर्वे वृष्टिदास्ते दिनत्रयम्।
शेषनाड्यां महावातदुष्टवृष्टिप्रदा ग्रहाः॥ २६॥
निर्जला जलदा नाडी भवेद्योगे शुभाधिके।
क्रूराधिकसमायोगे जलदोप्यम्बुदाहकः॥ २७॥

याम्यनाडीस्थिताः क्रूरा अनावृष्टिप्रसूचकाः ।
शुभयुक्ता जलस्थास्तेऽतिवृष्टिप्रदा ग्रहाः ॥ २८ ॥
एकनाडीसमारूढौ चन्द्रमाधरणीसुतौ ।
यदि तत्र भवेज्जीवस्तदा वारिमयी मही ॥ २९ ॥
बुधशुक्रौ यदैकत्र गुरुणा च समन्वितौ ।
चन्द्रयोगे तदा काले जायते वृष्टिरुत्तमा ॥ ३० ॥
जलयोगे समायाते यदा चन्द्रसितौ ग्रहौ ।
क्रूरैर्दृष्टौ युतौ वापि तदा मेघोल्पवृष्टिदः ॥ ३१ ॥
उदयास्तमये मार्गे वक्रयुक्ते च संक्रमे ।
जलनाडीगताः खेटा महावृष्टिप्रदायकाः ॥ ३२ ॥

व्रजति यदि कुजः पतङ्गमार्गे घट इव भिन्नतले जलं ददाति ।
यदि भवति च भास्कराग्रगामी प्रलयघनानपि शोषितुं समर्थः ॥

इति श्रीयामलीयस्वरोदये सप्तनाडीचक्रम् ।

पीयूषेति—प्रावृट्काले अमृताख्यनाड्यांगतश्चन्द्रः पुनस्तत्रैव भवति । नाड्यां शुभाऽशुभादि मिश्रा द्विचतुःपञ्चग्रहा भवन्ति तदा पानीयम् । कतिदिनानि पानीयं भवति तत्र द्विचतुर्भिर्ग्रहैः पापद्वयमेव चतुर्भिर्ग्रहैर्युक्तो वेधितश्च पीयूषनाडीगतश्चन्द्रस्तदा चतुर्भिर्दिनानि पानीयं वाच्यम् । पञ्चभिः शुभपापैस्तदा पञ्चदिनानि वाच्यं पानीयम् । अथैकनक्षत्रस्थचन्द्रमेकदिनवर्षणं युक्तमेतत् । द्विचतुःपञ्चपानीयं इति कथनं कथं सम्पद्यते । तत्रोच्यते प्रावृट् अयं वर्षणयोगः यदा एवंविधो योगश्चन्द्राद्भवति द्विचतुःपञ्चभिर्ग्रहैः यथासंख्यं द्विदिनं चतुर्दिनं पञ्चदिनानि पानीयमिति योग्यम् । नरहरिस्तु पीयूषनाडिगोऽमृतनाडीगतश्चन्द्रः शुभाऽशुभाः सौम्यक्रूरखेटाः ग्रहाः द्विचतुःपञ्च भवति । द्वौ वा पापशुभौ चत्वारः पापशुभाः पञ्चपापशुभास्तदा एकत्रिसप्तदिनानि पानीयं पतति । त्रिग्रहकृतयोगे एकदिनं, चतुर्ग्रहकृतयोगे पञ्च. पञ्चग्रहकृतयोगे सप्तदिनानि वृष्टिरिति । एवेति—एवं द्विचतुःपञ्चक्रमेण मिश्रग्रहान्विते चन्द्रे जलनामनाडीस्थे दिनानि द्विदिवसं पञ्चदिनानि व्याप्य जलं पतति द्विग्रहयोगे दिनार्धं चतुर्ग्रहयोगे दिवसं पञ्चग्रहयोगे पञ्चदिनानि व्याप्य वृष्टिरनुक्रमेण भवतीत्यर्थः । नीरनाडीस्थित इति—चन्द्रे नीरनाडीस्थिते तत्र पूर्ववद्विचतुःपञ्चसंख्याकाः पापशुभग्रहाः स्थिता नीरनाडीस्था भवन्ति तदा यामं दिनार्धम् त्रीणि दिनानि व्याप्य वृष्टिर्भवति । यामप्रहर अमृतादिमय इति । अमृतादि त्रिनाडीक्रमेण अमृतज-

लनीरनाडीत्रयेषु यदि सर्वे खेचराः सर्वे ग्रहाः प्रभवेयुस्तदा धृत्यर्कवासरैः समास्तुल्यवासरास्तदवधि वृष्टिर्भवति। पराऽमृतनाडीस्थाः सर्वे ग्रहास्तदा अष्टादशवासरावधिर्भवति यदि जलनाड्यां सर्वे ग्रहास्तदार्कवासरै द्वादशदिनैः समा यावद्द्वादशवासरं च वृष्टिर्भवति। यदा नीरनाड्यां सर्वे ग्रहास्तदा रसवासरैः षड्भिर्दिनैः समा षड्भिर्दिनानि यावद् वृष्टिर्भवतीति। सौम्येति–सौम्यनाडीचतुर्थनाडिकातः हताः सर्वे ग्रहा भवन्ति तदा दिनत्रयं वृष्टिदाः शेषनाड्यां वायुदहनचन्द्रनाड्यां स्थिताः सर्वे ग्रहा भवन्ति तदा दिनत्रयं वृष्टिदाः। शेषनाड्यां वायुदहना चन्द्रनाड्यां स्थिताः सर्वे ग्रहा वायुसहिता वृष्टिप्रदा भवन्ति। एवं वातादिवृष्टिसमयो ज्ञातः प्रत्यक्षीभवेदिति तात्पर्यम्। निर्जलेति–नाडीशुभाधिकाः सर्वेऽतिजलदो मेघो निर्जलो भवेत्, जलनाड्यां क्राधिकसमायोगे सति क्रूरा यद्यधिका भवति शनेश्च नाड्यां कृत्तिकाविशाखानुराधा भरणीति, रवेः नाड्यां रोहणीस्वाती ज्येष्ठाऽश्विनीति। कुजस्य दहना मृगशिरश्चित्रामूलं रेवतीति गुरोश्च सौम्यनाड्यो आर्द्राहस्तपूर्वाषाढोत्तराभाद्रेति, शुक्रस्य पञ्चमीपुनर्वसूत्तराफाल्गुनी उत्तराषाढापूर्वभाद्रपदेति। बुधस्य षष्ठी जलनाड़ी पुष्यपूर्वाफाल्गुनी अभिजित् शतभिषेति चन्द्रस्य सप्तमी अमृतनाडीति। श्लेषामघाश्रवणो धनिष्ठेति। याम्या नाडीति—क्रूराः रविशनिभौमराहुकेतवः याम्यनाडी गता चन्द्रेवायुदहननाडीगता यावत्कालं तावत् अनावृष्टिप्रसूचका अनावृष्टिं सूचयंति ते यदि जलसंस्था भवन्ति तदा जलराशयो मकारार्धकुम्भमीनकर्कस्तन्नवांशगतास्तथा शुभयुक्ता शुभो गुरुबुधशुक्र पूर्णचन्द्रस्ते अतिवृष्टिप्रदाः। विशेषतः सौम्यनाडीस्थैरिदं फलं वाच्यम्। एकनाडी इति—चन्द्रो धरणीसुतो भवतस्तत्र चेज्जीवो बृहस्पतिर्भवेत् तदा मही वारिजलपूर्णेत्यर्थः। बुधशुक्राविति–यदि बुधशुक्रौ गुरुणा समन्वितौ एकनाडीस्थितौ भवतः अर्थात् गुरुशुक्रबुधा एकनाड्यां भवन्ति तत्रचेति चन्द्रो भवति तदातस्मिनकाले उत्तमा वृष्टिः जायते। जलयोगेति—जलयोगे समायाते–को अर्थः—यस्मिन्योगे विचारितः तस्मिन्योगे यदि चन्द्रशुक्रौ द्वादशारचक्रे क्रूरदृष्टौ अथवा क्रूरैर्युक्तौ तदा अल्पवृष्टि पूर्णयोगे स्वल्पवृष्टिं करोति। उदयास्तेति—ग्रहाणामुदयेस्तमेने च तथा मार्गे तथा वक्रगे संक्रमणे मंगलसंक्रमे। तथा जलनाडीगताः खेटाः महावृष्टिप्रदामताः कथिताः। व्रजतीति–स्पष्टम्॥ २२–३३॥

पीयूष (अमृत) नाडी में चन्द्रमा हो और उसमें शुभ पाप दोनों हों तो एक, तीन, सातदिन तक तीन, चार, पांच वार पानी वरसता है। इसी प्रकार जलनाडी में चन्द्रमा मिश्रित ग्रह (शुभ-पाप) से युत हो तो डेढ़ दिन या ५ दिन तक वृष्टि होती है। नीरनाडी में चन्द्रमा हो और उसमें मिश्र ग्रह हों तो तीन दिन डेढ़ प्रहर तक वृष्टि होती है। अमृतादि तीन नाडियों में सभी ग्रह हों तो क्रम से १८, १२, ६ दिन तक वृष्टि होती है। सौम्य नाडी में सभी ग्रह तीन दिन तक वृष्टि करते हैं।

शेषनाडियों में महावायु और दुष्टवृष्टि को करते हैं। निर्जल नाडी में अधिक शुभग्रह हों तो जलद नाडी हो जाती है। जलद नाडी में अधिक पापग्रहों का योग हो तो जलद नाडी केवल बादल ही करके रह जाती है। याम्यनाडी में क्रूर ग्रह हों तो अनावृष्टि के सूचक होते हैं। शुभयुक्त और जलांश में हों तो वे अधिक वृष्टि करते हैं। एक ही नाडी में चन्द्रमा और मंगल हों यदि उसी में गुरु भी हो तो वृष्टि से पृथ्वी समुद्र के समान हो जाती है। बुध शुक्र एक राशि पर गुरु के साथ हों यदि चन्द्रमा योग करे तो उत्तम वृष्टि होती है। जलयोग में चन्द्रमा और शुक्र को क्रूरग्रह देखता हो तो मेघ अल्पवृष्टि को देते हैं। ग्रह के उदय या अस्त समय में मार्गी के समय वक्री के समय में संक्रान्ति के समय जलनाडी में स्थित ग्रह अधिक वृष्टि करते हैं। यदि भौम सूर्य के साथ हो तो दूसरे देश में वृष्टि होती है और सूर्य से आगे हो तो प्रलय के बादलों को भी सोखने में समर्थ होता है ॥ २२-३२ ॥

इति सप्तनाडीचक्रम्

अथ समुद्रचक्रम्।

कृत्तिकादिलिखेच्चक्रं मेषसंक्रान्तिवासरात्।
दिनक्षं भवेद्यत्र तत्र वृष्टिफलाफलम् ॥ १ ॥
अतिवृष्टिः समुद्रे च तटे वृष्टिस्तु शोभना।
सन्धौ च खण्डवृष्टिः स्यादनावृष्टिश्च पर्वते ॥ २ ॥

इति समुद्रचक्रम्।

मेष संक्रांति के दिन जो नक्षत्र हो वहाँ से अभिजित् के सहित २ नक्षत्र समुद्र में २ नक्षत्र तट प्रदेश में १ नक्षत्र पर्वत में और २ नक्षत्र संधि में चारों दिशाओं में दो २

२ तट		२ संधि
१ गिरि	२ समुद्र	१ गिरि
२ संधि		२ तट
२ समुद्र	मेषार्कदिनभा दत्रदिनर्चम्	२ समुद्र
२ तट		२ संधि
१ गिरि	२ समुद्र	१ गिरि
२ संधि		२ तट

नक्षत्र लिखे जैसा कि चक्र में दिया हुआ है। जिस दिन वृष्टि का विचार करना हो उस दिन का जो नक्षत्र है वह जिस भाग में हो उससे वर्षा का विचार करे। दिन नक्षत्र समुद्र मे हो तो अत्यन्त वृष्टि, तट प्रदेश में हो तो शुभद वृष्टि, संधि में हो तो खंड वृष्टि और पर्वत में हो तो अनावृष्टि होती है ॥ १-२ ॥

इति समुद्रचक्रम्

अथ स्त्रीपुंनक्षत्राणि ।

आर्द्रादिदशकस्त्रीणां विशाखात्रि नपुंसकम् ।
मूलाच्चतुर्दशाः पुंसां नक्षत्राणि क्रमाद्बुधैः ॥ १ ॥
वायुर्नपुंसके मे च स्त्रीणां मे चाभ्रदर्शनम् ।
स्त्रीणां पुरुषसंयोगे वृष्टिर्भवति निश्चितम् ॥ २ ॥

इति स्त्रीपुंनक्षत्राणि ।

आर्द्रा से १० नक्षत्र स्त्री संज्ञक, विशाखा से ३ नक्षत्र नपुंसक संज्ञक और मूल से १४ नक्षत्र पुरुष संज्ञक होते हैं, उसका फल इस प्रकार है। संक्रांति के दिन रवि

स्त्री संज्ञक	पुरुष संज्ञक	नपुंसक संज्ञक
आ. पुन. पु. श्लो. म. पू. फा. उ. फा. ह. चि. स्वा.	मू. पूषा. उषा. श्र. धनि. शत. पू. भा. उभा. रे. अश्वि. भर कृ. रो. मृग.	वि. अनु. ज्यो

चन्द्रमा नपुंसक नक्षत्र में हों तो उस मास में वायु अधिक होती है। स्त्री संज्ञक नक्षत्र में हों तो मेघ घिरे रहें और स्त्री-पुरुष का संयोग हो तो अत्यन्त वृष्टि होती है ॥ १–२ ॥

इति स्त्री पुंयोगः

अथ रविचन्द्रयोगचक्रम् ।

ऋक्षप्रवेशो यदि भास्करस्य चन्द्रे त्रिकोणे यदि केन्द्रगे वा ।
जलालयस्थे भृगुजे क्षितौ युतो सम्पूर्णमेघा जलदा भवन्ति ॥१॥
मत्स्यः कुलीरे मकरे बहूदकं कुम्भे वृषे चापजलार्धमात्रम् ।
अलौ च तौली जलसंज्ञमाहुः सिंहादिशेषा अजला भवन्ति ॥२॥
कृत्तिकादित्रयं ऋक्षमारुद्रात्पञ्चभिः सह ।
पूर्वाषाढाच्चतुष्कं च पूर्वाभाद्रपदान्तिमे ॥ ३ ॥
इत्येव चन्द्रनक्षत्रं शेषं सूर्यस्य उच्यते ।
सूर्ये सूर्ये भवेद्वायुश्चन्द्रे चन्द्रे न वर्षति ॥ ४ ॥
चन्द्रसूर्यसमायोगस्तदा वर्षति माधवः ॥ ५ ॥

इति चन्द्रसूर्ययोगः ।

सूर्य के नक्षत्र प्रवेश के समय चन्द्रमा त्रिकोण या केन्द्र में हों और जलचर राशि में शुक्र से देखा जाता हो या युत हो तो सम्पूर्ण मेघ जल देते हैं। मीन, कर्क, मकर राशि में हों तो अत्यन्त जल, कुम्भ, वृष, घन राशि में हों तो आधा जल और वृश्चिक, तुला में हों तो स्वल्प जल और सिंहादि शेष राशियों में हों तो जल नहीं बरसता है। कृत्तिका से ३ नक्षत्र, आर्द्रा से ५, और पूर्वाभाद्रपद से ३ नक्षत्र ये ११ नक्षत्र चन्द्रमा के हैं शेष नक्षत्र सूर्य के हैं, संक्रांति के समय दोनों रवि चन्द्र सूर्य के ही नक्षत्र में हों तो वायु, दोनों चन्द्र नक्षत्र में हों तो वर्षा नहीं, चन्द्र सूर्य का योग हो तो वर्षा होती है ॥ १–५ ॥

अथ वृष्टियोगाः।

तदनुग्रहयोगः[1]

स्वातीपयोत्तरा रौद्रे प्रजापत्युत्तरासु च।
यावत्तिष्ठति भूमीजस्तावदेव न वर्षति ॥ १ ॥
इन्दौ शनौ गिरौसंस्थौ भानुर्वा भूमिनन्दनः।
शिशोरिवायुर्वा वर्षं भूलोके भूतिदं भवेत् ॥ २ ॥
कनकं पुरतो गच्छेद्भानुभार्गवयोरपि।
तुषारवर्षः पर्जन्यो वर्षेयुः खण्डमण्डलम् ॥ ३ ॥
जलराशिस्थिते चन्द्रे जामित्रे नवमे तथा।
अर्कसूनुश्च भौमश्च अतिवृष्टिं च मुञ्चति ॥ ४ ॥
कुजज्ञौ रविजश्चैव शुक्रस्याग्रे सदा यदि।
शुद्धोतिवायुर्दुर्भिक्षं जलनाशकरस्तथा ॥ ५ ॥
प्रावृषींदुसितः सप्तमराशिगः शुभवीक्षितः।
मन्दत्रिकोणसप्तस्थो अथवा वृष्टिकृद्भवेत्।
भृगोः सुते प्रवृष्टिश्च शीतरश्म्यंतरस्थितः ॥ ६ ॥

---

१. ग्रन्थान्तरे रोहिणी वासचक्रम्—
मेषार्कदिनभाद्दत्तद्वयमब्धौ द्वयं तटे।
एकं गिरौ द्वयं सन्धौ विदिक्षु च तथा न्यसेत् ॥ १ ॥
साभिजिच्च क्रमेणैतत्फलं दद्यात्तु रोहिणी।
बहुवृष्टिः समुद्रे स्यात्तटे वृष्टिश्च शोभना ॥
गिरौ सन्धौ स्वल्पवृष्टिरित्याहुः पूर्वसूरयः ॥ २ ॥

सौम्ये त्रिकोणेण पतङ्गपुत्राद्यदि त्रिकोणे यदि केन्द्रगे वा ।
जलालयस्थे भृगुजेक्षिते वा मेघाश्च सम्पूर्णजला भवन्ति ॥७॥

गुरौ चन्द्रे च जामित्रे सितादर्काद् गुरावपि ।
जामित्रेऽर्कौ ग्रहाः सर्वे अनावृष्टिर्भवेत्तदा ॥ ८ ॥

अत्र च—वृष्टिः शीतकरो भृगुपुत्रात्सप्तमराशिगतः शुभदृष्टः ।
सूर्यसुतान्नवपञ्चमगो वा सप्तमगश्च जलागमनाय ॥ ९ ॥

पूर्वे स्वातित्रये भानौ पश्चिमे पितृपञ्चकम् ।
अनावृष्टिर्विजानीयाद्विपरीते प्रवर्षणम् ॥ १० ॥

पुरोऽङ्गारमनावृष्टिः पुरो शुक्रप्रवर्षणम् ।
पुरो देवगुरौ वह्निः पुरो सौम्योथवानिलः ॥ ११ ॥

ज्येष्ठमासि सिते पक्षे रौद्रादि दशतारकाः ।
सजला निर्जला ज्ञेया निर्जला सजला भवेत् ॥ १२ ॥

इति वृष्टियोगफलम् ।

स्वाती, पूर्वाषाढ़, उत्तराषाढ़, आर्द्रा, रोहिणी, उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में जब तक मङ्गल रहता है तब तक वृष्टि नहीं होती है। चन्द्रमा शनि गिरि (पर्वत) में हों, सूर्य, मङ्गल हों तो भूलोकवासियों को ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। सूर्य और शुक्र से आगे गुरु हो तो पाला की वर्षा खण्ड मण्डल (कहीं-कहीं) होती है। चन्द्रमा जल राशि में और शनि मङ्गल सातवें या नवम में हों तो अत्यन्त वर्षा होती है। यदि भौम बुध शनि शुक्र से आगे हों तो अत्यन्त वायु चले, दुर्भिक्ष और अनावृष्टि हो। प्रावृट् ऋतु में चन्द्रमा शुक्र सातवें राशि में हों और शुभ ग्रह से देखे जाते हों अथवा शनि त्रिकोण या सप्तम में हो तो वर्षाकारक होता है। शुक्र चन्द्रमा के रश्मि के अन्तर्गत हो तो वृष्टि होती है। विशेषकर शनि से त्रिकोण या केन्द्र में बुध हो और जलचर राशि में गये हुये शुक्र से देखा जाता हो तो प्रभूत वृष्टि होती है। शुक्र से सातवें भाव में गुरु और चन्द्रमा हों, सूर्य से सातवें भाव में गुरु हो अथवा सातवें भाव में सूर्यादि सभी ग्रह हों तो अवर्षण होता है। शुक्र से सातवें भाव में चन्द्रमा शुभग्रह से दृष्ट हो तो वृष्टि होती है। शनि से ९।५ वा ७ भाव में चन्द्रमा हो तो वृष्टि होती है। स्वाती से ३ नक्षत्र पूर्व में, मघा से ५ नक्षत्र पश्चिम में, सूर्य के रहने से वृष्टि होती है। इससे विपरीत नक्षत्र में सूर्य हों तो अनावृष्टि होती है। सूर्य से आगे भौम हो तो अनावृष्टि, शुक्र हो तो वृष्टि, गुरु आगे हो तो गर्मी अधिक, बुध हो तो वायु चलती है। ज्येष्ठ मास के शुक्र पक्ष में आर्द्रा नक्षत्र से १० नक्षत्र क्रम से सजल और निर्जल होते हैं ॥ १–१२ ॥

इति वृष्टियोगफलम् ।

अथ शुक्रोदयास्तफलम् ।

आदित्ये बहुवातं च भूमिजे शत्रुपीडनम् ।
बुधे चैव तु दुर्भिक्षं शनिवारे महद्भयम् ॥ १ ॥
सोमे शुक्रे गुरौवापि सुभिक्षं जायते ध्रुवम् ।
उदयं भार्गवे चैत्रे वज्रिराजव्यवस्थिते ॥ २ ॥
वैशाखे च भवेन्नाशो सर्वनाशं चतुष्पदम् ।
ज्येष्ठे च सजला पृथ्वी आषाढे जलशोषके ॥ ३ ॥
श्रावणे कम्पिता भूमौ धनधान्यं नभस्यके ।
आश्विने कार्तिके मार्गे सहितं च प्रवर्तते ॥ ४ ॥
पौषे चैव तथा माघे राष्ट्रभङ्गंविनिर्दिशेत् ।
फाल्गुने अल्पवृष्टिश्च उदयास्तभृगोः फलम् ॥ ५ ॥

इत्युदयास्तफलानि ।

यदि शुक्र का उदय या अस्त रविवार को हो तो अधिक वायु चले। भौमवार को शत्रुपीडा, बुधवार को हो तो दुर्भिक्ष, शनिवार को हो तो भय और सोमवार, शुक्रवार, गुरुवार को हो तो सुभिक्ष होता है। यदि चैत्र मास में शुक्र का उदय या अस्त हो तो वज्रवत शासन हो। वैशाख मास में चतुष्पदों का नाश, ज्येष्ठ मास में वर्षा, आषाढ़ मास में जल का अभाव, श्रावण मास में भूकम्प, भाद्रपद में धनधान्य की वृद्धि, आश्विन, कार्त्तिक और मार्गशीर्ष मास में हितकर और पौष तथा माघ मास में राष्ट्र का भङ्ग और फाल्गुन मास में अल्पवृष्टि होती है ॥ १–५ ॥

इत्युदयास्तफलम् ।

अथ मेघद्वाराणि ।

भरण्याद्यष्टऋक्षाणि मेघद्वारं प्रकीर्तितम् ।
प्रभूतं वर्षते मेघः सुभिक्षं जायते ध्रुवम् ॥ १ ॥
मघादि पञ्च ऋक्षाणि वायुद्वारं प्रकीर्तितम् ।
उन्नता चैव मेघाश्च न वर्षन्ति कदाचन ॥ २ ॥
स्वात्यादित्रीणि ऋक्षाणि धर्मद्वारं प्रकीर्तितम् ।
सुभिक्षं क्षेममारोग्यं बहुवृष्टिश्च जायते ॥ ३ ॥
ज्येष्ठादि पञ्चऋक्षाणि रेतद्वारं प्रकीर्तितम् ।
उन्नता अल्पमेघाश्च अल्पसस्यश्च जायते ॥ ४ ॥

धनिष्ठादिषड्क्षाणि हेमद्वारं प्रकीर्तितम् ।
सुभिक्षं जायते सर्वं मेघा वर्षंति तु ध्रुवम् ॥ ५ ॥
इति स्वरोदये मेघद्वाराणि ।

भरणी से आठ नक्षत्र मेघ द्वार संज्ञक होते हैं। इसमें संक्रांति हों तो अत्यन्त वर्षा होती है। मघा से पाँच नक्षत्र वायु द्वार संज्ञक हैं इसमें संक्रांति होने से बड़े बड़े मेघ दिखाई पड़ते हैं किन्तु वर्षा नहीं होती है। स्वाती से ३ नक्षत्र धर्मद्वार संज्ञक होते हैं इसमें संक्रांति होने से सुभिक्ष, कल्याण, आरोग्यता और अत्यन्त वृष्टि होती है। ज्येष्ठा से ६ नक्षत्रों की रेतद्वार संज्ञा है इसमें संक्रांति होने से बड़े-बड़े मेघ दिखाई पड़ते हैं अल्पवृष्टि और अल्प उपज होती है। धनिष्ठा से ६ नक्षत्र हेमद्वार कहा जाता है इसमें संक्रांति होने से सुभिक्ष और सुवृष्टि होती है ॥ १–५ ॥

अथ वृष्टिलक्षणम् ।

अतिवातं च निर्वातमत्युष्णं शीतशीतलम् ।
अत्यभ्रं च निरभ्रं च षड्विधं मेघलक्षणम् ॥ १ ॥
यावत् काकोदरा मेघा यावत्सूर्यः शशी समः ।
यावन्नैर्ऋतिको वायुस्तावद्देवो न वर्षति ॥ २ ॥
चित्रास्वातिविशाखासु श्रवणेति जलं तथा ।
तदा स्तुत्यादिकं कृत्वा नदीतीरे उपासनात् ॥ ३ ॥
श्रवणे स्वातिपश्चम्यामस्तं याति दिवाकरः ।
अवृष्टिर्यदि पर्जन्यो जलसादपि सर्वथा ॥ ४ ॥
उदयं सोमजो याति चास्तं याति भृगोः सुतः ।
श्रावणे चैत्रमासे तु तत्र पातं च दुर्लभम् ॥ ५ ॥
उत्तरा पूर्वसस्या च परसस्या च रेवती ।
अश्विनी सर्वसस्या च यदि वर्षति कृत्तिका ॥ ६ ॥
रेवती तोयनाशाय धान्यनाशाय चाश्विनी ।
भरणी सर्वनाशाय यदि वर्षति कृत्तिका ॥ ७ ॥
स्वाती ज्येष्ठा मघार्द्रा च रोहिण्युत्तरमेव च ।
भूमिजस्तत्र चायाति ह्यनावृष्टिकरः स्मृतः ॥ ८ ॥
इति वृष्टिलक्षणम् ।

अतिवात, निर्वात, अत्युष्ण, शीतशीतल, अत्यभ्र, निरभ्र—ये ६ प्रकार के मेघ होते हैं। जब तक काक के उदर के समान मेघ हो, और सूर्य चन्द्रमा तुल्य होते हैं तब तक वृष्टि नहीं होती है। चित्रा, स्वाती, विशाखा श्रवण नक्षत्र जल के हैं यदि इनका योग हो तो प्रार्थना आदि करने से वृष्टि होती है। श्रावण मास में पञ्चमी तिथि स्वाती नक्षत्र में सूर्य का अस्त हो तो अवृष्टि होती है। बुध का उदय और शुक्र का अस्त यदि श्रावण या चैत्र मास में हो तो ओला आदि गिरते हैं। उत्तरा पूर्वसस्या और रेवती परसस्या और अश्विनी सर्वसस्या है। रेवती जलनाशक, अश्विनी धान्यनाशक, भरणी सर्वनाशक और कृत्तिका भी सर्वनाशक है। इनमें जलवर्षण से उक्त फल होते हैं। स्वाती, ज्येष्ठा, मघा, आर्द्रा, रोहिणी, तीनों उत्तरा, इनमें मङ्गल हो तो अनावृष्टि होती है ॥ १–८ ॥

इतिवृष्टिलक्षणम् ।


अथ कालदंष्ट्राचक्रम् ।

नवोर्ध्वगानि धिष्ण्यानि नवतिर्यग्गतानि च ।
अधोगतानि धिष्ण्यानि नव चैवं विनिर्दिशेत् ॥ १ ॥
चतुर्नाडीगतो वेधो मध्ये ऋक्षत्रयोज्झितः ।
सर्पाकारस्य चक्रस्य कालचक्रं प्रजायते ॥ २ ॥
त्रीणि मध्यगतर्क्षाणि तानि कालमुखानि तु ।
कोणस्थिते च द्वे धिष्ण्ये ते च दंष्ट्राद्वयं मतम् ॥ ३ ॥
दिनर्क्षमादितः कृत्वा नामर्क्षं यत्र संस्थितम् ।
मुखदंष्ट्रागते मृत्युः शुभमन्यत्र संस्थिते ॥ ४ ॥
ज्वरिते नष्टदष्टे च विवाहे विग्रहे रणे ।
कालदंष्ट्रास्यगे मृत्युर्वामर्क्षे तु महद्भयम् ॥ ५ ॥

इति कालदंष्ट्राचक्रम् ।

नवोर्ध्वगानीति ।—दिननक्षत्रादारभ्य नव ऋक्षाणि नक्षत्राणि ऊर्ध्वगानि अधःप्रदेशादूर्ध्वक्रमेण लिखितानि एवं नव नक्षत्राणि अधोगतानि लेख्यानि। चतुरिति। तस्य सर्पाकारस्य चक्रस्य चतुर्नाडीगतो वेधः कर्त्तव्यः। कीदृशः मध्यऋक्षत्रयोज्झितः मध्ये स्थानत्रये ऋक्षत्रयोज्झितः मध्ये भिन्न-भिन्न-स्थान ऋक्षत्रयेण रहितः। एवंविधं कुर्यादित्यर्थः। एवं व्यवस्थया कालचक्रं प्रजायते। अन्यत्स्पष्टम् ॥ १–५ ॥

नव नक्षत्र ऊपर को, नवनक्षत्र तिरछे पंक्ति में और नवनक्षत्र अधोगत लिखने से। चारनाडी से युक्त यह सर्पाकार कालदंष्ट्रा चक्र होता है जिसमें मध्य के ३ नक्षत्रों को छोड़कर वेध का विचार करना चाहिये। जो मध्य के तीन नक्षत्र हैं वे कालदंष्ट्रा के मुख में है, और कोण में जो दो नक्षत्र हैं वे दोनों दांत हैं। दिन नक्षत्र



से गणना करने से नाम का नक्षत्र जहां हो उससे फल का विचार करे यदि मुख और दांत में नाम नक्षत्र हो तो मृत्यु होती है अन्यत्र हो तो शुभद होता है। ज्वर में, नष्ट वस्तु के खोजने में, सर्प के काटने में विवाह में, विग्रह में अथवा संग्राम में काल के दांत में जिसका नाम होता है उसको बड़ा भय या मृत्यु होती है ॥ १–५ ॥

इति कालदंष्ट्रा चक्रम्।

अथ सूर्यफणिचक्रम्।

सप्तविंशति भान्यत्र पंक्तियुक्ता क्रमेण च।
त्र्यन्तरे त्र्यन्तरे वेधः फणिचक्रं त्रिनाडिकम् ॥ १ ॥
यत्र ऋक्षे स्थितो भानुस्तदादौ गणयेद्बुधः।
नाम ऋक्षं स्थितं यत्र ज्ञेयं तत्र शुभाशुभम् ॥ २ ॥
कुर्यान्मृत्युं च रोगं च नाडीवेधगतं नृणाम्।
वर्जयेत्सर्वकार्येषु युद्धकाले विशेषतः ॥ ३ ॥
निर्वेधऋक्षमध्यस्थं यस्य नाम प्रजायते।
सिध्यन्ति सर्वकार्याणि संग्रामे विजयी भवेत् ॥ ४ ॥

इति यामले स्वरोदये सूर्यफणिचक्रम्।

सप्तविंशति इति स्पष्टम् ॥ १–४ ॥

२७ नक्षत्रों को पंक्ति में लिखना चाहिये, तीन २ नक्षत्रों के बाद नाडी वेध होता है। जिस नक्षत्र में सूर्य हो वहां से नाम नक्षत्र तक गिनकर शुभ अशुभ फल देखना



चाहिये। नाडीवेध होता हो तो मृत्यु और रोग होता है, सभी कार्यों में तथा विशेष कर युद्धकाल में इसका विचार करना चाहिये। निर्वेध नक्षत्र के मध्य में जिसके नाम का नक्षत्र हो उसके सभी काम सिद्ध होते हैं विशेषतः युद्ध में विजयी होता है ॥ १–४ ॥

इति सूर्यफणि चक्रम्।

अथ चन्द्रफणिचक्रम्

सूर्ये फणीश्वरे चक्रे यदुक्तं च शुभाशुभम्।
चन्द्रादौ तत्फलं सर्वं ज्ञेयं चन्द्रफणीश्वरे ॥ १ ॥
यदीन्दुजन्मनक्षत्रमेकनाड्यां स्थितं भवेत्।
तदासौ जायते मृत्युः कालज्ञानेन भाषितम् ॥ २ ॥

इति चद्रफणीश्वरचक्रम्

सूर्ये इति स्पष्टम् ॥ १–२ ॥

सूर्य फणिचक्र में जो शुभ अशुभ कहा है वह सब यहां भी जानना। गणना चन्द्रमा के नक्षत्र से चक्रफणीश्वर चक्र में करना चाहिये। यदि चन्द्रमा और जन्म का नक्षत्र एक ही नाड़ी में हो तो मृत्यु कहना चाहिये।

इति चन्द्रफणीश्वरचक्रम्।

अथ कविचक्रम्

हीनसैन्यः सदा स्थायी यायी सैन्याधिकः सदा।
अबलस्य बलोपायं वक्ष्येहं कविसङ्गरे ॥ १ ॥
प्रयाणे चोत्प्रयाणे च निशीथे मृगयां गते।
शोकार्ते व्यसने प्राप्ते हीने सैन्ये विनायके ॥ २ ॥
अष्टधा कविकालस्तु कथितो दुर्बले नृपे।
इह युद्धं प्रकुर्वीत जयतीह न संशयः ॥ ३ ॥

कविः शिखी पिङ्गलिका कपोत्यर्कात्प्रवेशने ।
युद्धार्णवात्तु निर्याणे उल्लेकी धकरी बकी ॥ ४ ॥
कवियुद्धे यत्र धिष्ण्ये तदग्रक्षें त्रिपावकः ।
तदा भवेन्मार्गगमो मार्ग्गरोधस्तु पृष्ठके ॥ ५ ॥
जीववारेऽर्कभे शिख्यां समयुद्धम्प्रजायते ।
स्यात्यां चार्केह्नि पिङ्गल्यां यायिनो वह्निजं भयम् ॥ ६ ॥
पुनर्वसौ भौमदिने कपोत्यां यायिनो मृतिः ।
युद्धार्णवायां मन्देह्नि वह्निभे म्रियते गमी ॥ ७ ॥
वैश्वे चन्द्रेह्नि चोल्लेख्यां हयं त्यक्त्वा व्रजेद्गमी ।
धकर्व्यां वारुणे ज्ञेह्नि यायिनस्सैन्ययोर्मृतिः ॥ ८ ॥
बक्यां पुष्ये भृगुदिने यायी बन्धमवाप्नुयात् ।
सदोषामपि निर्दोषामुल्लेखीं वर्ज्जयेत्कवौ ॥ ९ ॥
उदयास्तौ स्वरौ येषां जन्मस्थः सप्तमो विधुः ।
तद्दिने ते भटाः सर्वे वर्ज्जनीयाः कवौ रणे ॥ १० ॥
जन्मस्थः सप्तमश्चन्द्रः पञ्चमो नवमोपि वा ।
पुरस्य पुरनाथस्य तत्काले भङ्गमादिशेत् ॥ ११ ॥
चतुरस्रं त्रिनाडीकं कविचक्रं लिखेद्भुवि ।
प्रवेशनिर्गमे भानि स्थानधिष्ण्यादि विन्यसेत् ॥ १२ ॥
यदि नाभोज्झिते स्थाने शत्रुसैन्यं व्यवस्थितम् ।
तत्र चक्रं समालेख्यं सेनाध्यक्षर्क्षपूर्वकम् ॥ १३ ॥
त्रीणि त्रीणि प्रवेशे च ईशादौ विदिशि क्रमात् ।
निर्गमे चतुष्कं च पूर्वाशादिक्रमेण च ॥ १४ ॥
ईशादौ बाह्यतो मध्यं मध्याद्बाह्यं तु पूर्वतः ।
प्रवेशो बाह्यतः कोणे मध्यादिक्षु विपर्ययः ॥ १५ ॥
सौम्याः क्रूरग्रहास्तत्र प्रवेशे निर्गमे तथा ।
वक्रातिचारगत्या च ज्ञात्वा कविरणं कुरु ॥ १६ ॥


जीवपक्षे स्थिते चन्द्रे अकुलर्क्षे प्रवेशके।
यानं कविरणे प्रोक्तं ज्ञात्वा प्रावेशनिर्गमौ ॥ १७ ॥
उदितास्तस्वरो येषां जन्मऋक्षेंदुसंभवः।
तद्दिने ते भटाः सर्वे वर्जनीयाः कवौ रणे ॥ १८ ॥
क्रूरे शीघ्रे प्रवेशर्क्षे यत्र तत्र त्रिशोद्गणम्।
वक्रेस्ते निर्गमे सौम्ये तद्दिशानिर्गमं कुरु ॥ १९ ॥
प्रवेशर्क्षे प्रवेशं च निर्गमे निर्गमस्तथा।
भूबलं पृष्ठतः कृत्वा प्रोक्तः कविरणे जयः ॥ २० ॥

इति कविचक्रम्

हीनसैन्य इति। स्थायी कोटस्थः नृपः सदा हीनसैन्यः। यायी च सर्वदा सैन्याधिकः अर्थात् सदा सैन्याधिकया सह प्रयाणं करोतीति। ततोऽवलस्य कविसंगरे युद्धे बलोपायं बलैकजनकमुदमुपायं प्रकारं वक्ष्ये। कविसंगरे डाकयुद्धमिति प्रसिद्धम्। प्रयाणे इति। प्रयाणे गमनसमये उत्प्रयाणे संचारांतरं निशीथेऽर्द्धरात्रे मृगयां गते आखेटके गते शोकार्त्ते शोकजनितपीडायां व्यसने प्राप्ते उपस्थिते, सैन्य हीने अनायके स्वामिहीने सैन्ये अन्यत्स्पष्टम् ॥ १–२० ॥

कोट में रहने वाला राजा (स्थायी) हमेशा थोड़ी सेना वाला होता है और उस पर चढ़ाई करने वाला (यायी) राजा हमेशा अधिक सेना वाला होता है। जो निर्बल है उसे बलवान् होने का उपाय कह रहा हूँ विशेष कर कवि संग्राम में। लोक में कविसंग्राम को डाक बोलना कहते हैं जैसे कोई कहता है डाक बोलकर लूट लिया आदि। यात्रा करते समय अथवा पुनः दूसरे यात्रा का विचार, अर्धरात्रि के समय, आखेट के लिये यात्रा में। शोक के समय, दुर्व्यसन में, निर्वल सैन्य में, अथवा सेनापति के अभाव में। आठ प्रकार का कवि काल होता है जो फिर दुर्वल राजाओं को वल देता है। इसमें युद्ध आरम्भ करने से विजय होती ही है इसमें संशय नहीं है। सूर्य से प्रवेश और निर्याण दोनों में क्रम से कवि, शिखी, पिंगलिका, कपोती, युद्धार्णव, उल्लेखी, घटकी, वक्री यही आठ भेद हैं। कवियुद्ध जिस नक्षत्र में आरम्भ हो उसके आगे के तीन नक्षत्र पावक (शिखी) हैं इस में युद्ध आरम्भ होने से मार्ग मिलता जाता है। उससे पीछे के नक्षत्र में मार्ग का अवरोध होता है। गुरुवार के दिन हस्त नक्षत्र में शिखी अवस्था में तुल्य युद्ध होता है। रविवार के दिन स्वाती नक्षत्र में पिंगला अवस्था में यायी को अग्नि का भय होता हैं। भौमवार पुनर्वसु नक्षत्र में कपोती अवस्था में यायी की मृत्यु होती है। शनिवार कृत्ति का नक्षत्र में युद्धार्णव में यायी की मृत्यु होती है। सोमवार उत्तराषाढ में उल्लेख अवस्था में घोड़े की

छोड़कर यायी भाग जाता है। बुधवार शतभिषा नक्षत्र चटकी में यायी के सेना की मृत्यु होती है। शुक्रवार को पुष्य नक्षत्र में वक्री अवस्था में यायी बंध जाता है। दोषपूर्ण होते हुए भी निर्दोष उल्लेखा अवस्था को कवियुद्ध में त्याग देना चाहिये। जिन योद्धाओं का उदित और अस्तस्वर हो और जन्मराशि से सातवें चन्द्रमा हों उनको उस दिन कवियुद्ध नहीं करना चाहिये। जन्मराशि पर या सातवें, पाचवें अथवा नवें चन्द्रमा जिस पुर से अथवा पुर के स्वामी से हों तो उन दोनों का नाश होता है। चौखूटा तीन रेखाओं युक्त कविचक्र को भूमिपर लिखकर स्थान के नक्षत्र से प्रवेश और निर्गम के नक्षत्र को लिखै। जिस (नामोल्लिखित) अप्रसिद्ध स्थान में शत्रु की सेना हो वहां सेनापति के नाम नक्षत्र से चक्र को लिखे। ईशान कोण से ३ तीन २ नक्षत्र विदिशाओं में प्रवेश के और पूर्वादि दिशाओं में चार-चार नक्षत्र निर्गम संज्ञक लिखे।



ईशान कोण से पहले बाहर से मध्य में, पुनः पूर्वादि दिशाओं में मध्य से बाहर के तरफ नक्षत्रों को लिखे। बाहर से मध्य के नक्षत्र कोण के प्रवेश संज्ञक और मध्य से दिशाओं के नक्षत्र को निर्गम नक्षत्र कहते हैं। शुभग्रह, क्रूरग्रह क्रम से प्रवेश और निर्गम में हो वक्री या अतिचार के हों इसको जानकर कवियुद्ध को करे। जीव पक्ष के नक्षत्रों में अकुल संज्ञक नक्षत्र में चन्द्रमा प्रवेश के नक्षत्र में हो तो प्रवेश और निर्गम नक्षत्र के ज्ञान से कवियुद्ध को आरम्भ करे। जन्मनक्षत्र के अनुसार

जिस दिन चन्द्रमा का उदित और अस्तस्वर जिन योधाओं का हो उस दिन उन योधाओं को कवियुद्ध नहीं करना चाहिए। जिस स्थान में क्रूरशीघ्रगतिग्रह प्रवेश के नक्षत्र में हो वहां से संग्राम में प्रवेश करे। वक्री शुभग्रह जहां निर्गम के नक्षत्र में हो वहां उस दिशा से निर्गम करे। प्रवेश के नक्षत्र में प्रवेश और निर्गम के नक्षत्र में निर्गम, भूमिबल को पीछे कर कवि संग्राम में विजयी होता है ॥ १-२० ॥

इति कविचक्रम्।

अथ खलचक्रम्

चतुरस्रं चतुर्द्वारं खलचक्रं लिखेद् बुधः।
नन्दादितिथयो न्यस्य पूर्वद्वारक्रमेण च ॥ १ ॥
पूर्वाशादिचतुष्केषु सप्तसप्तक्रमेण च।
कृत्तिकादि लिखेन्मध्ये खले भान्यष्टविंशतिः ॥ २ ॥
शनिचन्द्रौ कुजः सौम्यो भानुशुक्रौ गुरुस्तमः।
मध्ये बहिर्गता ज्ञेया अपसव्यदिशां क्रमात् ॥ ३ ॥
यद्दिने यद्दिशि स्युस्ते तिथिधिष्ण्यदिनाधिपाः।
प्रवेशः खलकद्वारे कर्तव्यस्तद्दिशां सदा ॥ ४ ॥
खलकाभ्यन्तरे जालः शनिसूर्येज्यमङ्गलैः।
बुध शुक्रेंदुभिर्बाह्ये स्थायी यायी क्रमाज्जयी ॥ ५ ॥
खलके मध्यनक्षत्रे यो ग्रहो यत्र संस्थितः।
तत्र स्थानगते चन्द्रे फलं वक्ष्ये शुभाशुभम् ॥ ६ ॥
सूर्यस्थानगतः शूरो म्रियते चन्द्रमिश्रिते।
भौमस्थाने महाक्रोधी बुधस्थाने महद्भयम् ॥ ७ ॥
गुरुस्थाने मतिस्थैर्यं भङ्गमायाति भार्गवे।
शनिस्थाने क्षतं युद्धं राहुस्थे मरणं ध्रुवम् ॥ ८ ॥
वक्रस्थाने भवेद्भङ्गः शीघ्रस्थाने च धावति।
समाचारगते स्थायी क्षीणेन्दाववगूहति ॥ ९ ॥
क्रूरे पृष्ठे जयो युद्धे सौम्ये पृष्ठे पराजयः।
क्रूरे च सन्मुखे मृत्युर्जयः सौम्येऽग्रसंस्थिते ॥ १० ॥


योधयोः पृष्ठगाः क्रूरा उभयोर्मृत्युकारकाः ।
सौम्याः सन्धिप्रदा युद्धे मिश्रामिश्रफलप्रदाः ॥ ११ ॥

दिननक्षत्रमारभ्य त्रिभिः सुप्तो द्विशेषके ।
शून्यैकशेषे ग्राह्यस्तु जागर्तीति विनिश्चितम् ॥ १२ ॥

इति श्रीब्रह्मयामले स्वरोदये षडंगेन नरपतिजयचर्यायां
खलचक्रं समाप्तम्

चौखूटा चार द्वार से युक्त खलचक्र को लिखना चाहिये । उसमें नन्दा आदि तिथि पूर्वद्वार से क्रम से लिखे । पूर्वादि दिशाओं में क्रम से कृत्तिकादि सात २ नक्षत्र को खलचक्र के मध्य में २८ नक्षत्रों को लिखे । अपसव्य (दक्षिण) क्रम से मध्य-बहिः के क्रम से अर्थात् पूर्वोत्तर, पश्चिम-दक्षिण क्रम से ग्रहों का न्यास करे, जैसे पूर्वदिशा में द्वारमध्य में शनि और बाहर चन्द्रमा, उत्तरदिशा में द्वारमध्य में भौम

खलकोट-चक्रम्



और बाहर बुध, पश्चिम दिशा में द्वार मध्य में सूर्य और बाहर शुक्र, एवं दक्षिण दिशा में द्वारमध्य में गुरु और बाहर राहु को लिखना । जिस दिन जिस दिशा में तिथि-नक्षत्र-दिन के अधिपति हों उस दिन उसी दिशा से खलचक्र में प्रवेश करना चाहिये । जैसे पूर्व दिशा में कृत्तिकादि ७ नक्षत्र, १।५।९।१३ तिथियां और शनि-चन्द्र

वार को पूर्व के द्वार से प्रवेश करना चाहिये। कोट के भीतर रहने वाले (स्थायी) के लिये शनि सूर्य, गुरु, भौम ये चार काल हैं और बाहर रहने वाले (यायी) को बुध, शुक्र और चन्द्रमा ये चार काल हैं। खलक के मध्य में जो नक्षत्र कहे गये हैं उसमें जो ग्रह जहाँ जिस नक्षत्र पर है उस स्थान पर चन्द्रमा के जाने से शुभ-अशुभ फल को कहता हूँ। सूर्य के स्थान पर चन्द्रमा हो तो शूर-वीर मर जाता है। भौम के स्थान में अत्यन्त क्रोध, बुध के स्थान पर अधिक भय। गुरु के स्थान पर बुद्धि की स्थिरता, शुक्र के स्थान पर हानि, शनि के स्थान पर युद्ध और राहु के स्थान पर मृत्यु होती है। वक्रीग्रह के स्थानपर चन्द्र हो तो हानि और शीघ्रीग्रह के स्थान पर हो तो दौड़ होती है। समगति के स्थान पर चन्द्र हो तो स्थायी और क्षीण-चन्द्र हो तो युद्ध बढ़ता है। क्रूरग्रह पीछे हो तो युद्ध में विजय, शुभग्रह पीछे हो तो पराजय होता है। यहां नक्षत्रानुसार और दिशा के अनुसार पृष्ठस्थ दिशा लेनी चाहिये। योधाओं के पीछे क्रूरग्रह हों तो दोनों की मृत्यु होती है। शुभग्रह पीछे हों तो सुलह (संधि) होती है और मिश्रित ग्रह हों तो मिश्र फल होता है ॥ १-१२ ॥

इति खलकचक्रम्।

अथ समचतुरस्रादिकोटचक्राणि।

अथातः संप्रवक्ष्यामि कोटयुद्धस्य निर्णयम्।
स्तोकारिः कुरुते यत्र भूरिसैन्यपराभवम् ॥ १ ॥
यस्याश्रयबलादेव राज्यं कुर्वंति भूतले।
विग्रहं चतुराशासु सीमास्थैः शत्रुभिः सह ॥ २ ॥
विषमं दुर्गमं घोरं चक्रं भीरुभयावहम्।
कपिशीर्षैस्तु शोभाढ्यं रौद्राट्टालकमंडितम् ॥ ३ ॥
प्रतोली यस्य काला स्यात्परिखा कालरूपिणी।
रणतूर्यकृताटोपं टिंकुलीयंत्रयंत्रितम् ॥ ४ ॥
मुशलैर्मुद्गरैः पाशैः कुन्तखड्गैर्धनुःशरैः।
संयुतैः सुभटैः शूरैरिति दुर्गं समादिशेत् ॥ ५ ॥
दुर्गस्थो दुर्गमः शत्रुरसाध्यो येन सिध्यति।
कोटचक्रं प्रवक्ष्यामि विशेषादष्टधा पुनः ॥ ६ ॥

अथात इति। अथातः कोटयुद्धस्य निर्णयं संप्रवक्ष्यामि यत्र कश्चित्कोटे स्तोकः स्वल्पोऽरिर्भूरिसैन्यपराभवं कुरुत इति। यस्येति। यस्य कोटस्याश्रय-

बलादेव भूतले राजानो राज्यं कुर्वन्ति । चतुराशासु चतुर्दिक्षु सीमास्थैः संन्निहित-राजभिः सह विग्रहं युद्धं कुर्वन्ति । त्रिषमसिति । इति प्रकारेण दुर्गभंगं तत्र समादिशेत् । किंविशिष्टं विषमसाध्यम् । दुर्गमं दुःखगम्यम् । चक्रैर्लोहनिर्मिता-स्त्रविशेषैर्भीरुभयावहम् । रौद्रं बहुभयजनकं तेन वेष्टितम् । कपिशीर्षैः कोशिश, इति प्रसिद्धम् । मृत्स्थानैःशोभाढ्यैः शोभनैः स्वशोभाभिर्लक्षितम् । रौद्राट्टाल-कमंडितम् रौद्रं भयजनकं यदट्टालकं तेन मंडितम् । यस्येति । यस्य प्रतोली जलनिस्सरणमार्गः कालाख्यं कालो यमस्तन्मुखं घातकत्वात् । 'रथ्या प्रतोली विशिखे'त्यमरः । यस्य परिखा कालरूपिणी पर्वतान् कल्पान्तवर्ति-जलकृतमार्ग इव कालरूपिणी परिखा दुर्गावेष्टकः खातविशेषः । प्रसिद्धरणमंडलकृताटोपं रणस्था राजकेषु कृत आटोप आरम्भो यत्र संग्रामकरणाय कृत आटोपो यत्र यस्योपरि चतुर्दिक्षु कोटिशः शरप्रक्षेपमार्गालङ्कृत-किरीटाकृतिपाषाणनिर्मित-रणकरण-मंडितमंडलानि शोभन्ते यदन्तर्धानं गता योद्धारो भटा युध्यन्ते तैः शोभितम् । पुनः टिंकुलीयंत्रयंत्रितं कोटिशः प्रक्षेपणीयपाषाणगोलकप्रक्षेपण-यंत्रं टिंकुली-यंत्रितं सहितम् । मुशलैर्शितमुशलादिभिरस्त्रैः सुभटैः सर्वयोधैः संयुतम् कीदृशैः धनुर्धरैः धनुष्पाणिभिः शूरैः शत्रुकृतभयंकरैः ॥ १–६ ॥

अब मैं कोट-युद्ध का निर्णय कहूँगा जिसमें अल्प सैन्यवाला भी अधिक सेनावाले राजा का नाश करता है। जिस कोट के आश्रय से ही चारों दिशाओं में स्थित सीमास्थित राजाओं से शत्रुता होते हुए भी राजा राज करता है। यह कोट असाध्य, दुःख से गम्य, लोहनिर्मित चक्रों से भीरुओं को भय देने वाला। कसीस के रंग से रंगा हुआ शोभायमान, अथवा बन्दर के शिरतुल्य पत्थरों से बना हुआ शोभायमान, बड़े भयंकर अट्टालिकाओं से युक्त। जिसके पनाले का मुख यमराज के मुख के समान, जिसकी परिखा (कोट के चारों तरफ की खाई, जिसमें जल भरा रहता है और उसमें अनेक प्रकार के भयंकर जीव रहते हैं) कालस्वरूप है, रण करने वाले योद्धाओं से शोभित, जिसमें पाषाण के गोले फेकने वाले अनेक टिंकुली नाम के यन्त्र हैं। जिसमें मुशल, मुद्गर, पाश, भाला, तलवार, धनुष, बाण-युत अच्छे-अच्छे योद्धा शत्रुओं को भय उत्पन्न कराने वाले हैं ऐसे दुर्ग को कह रहा हूँ। दुर्गस्थ भयंकर असाध्य शत्रु जैसे साध्य हो जाय ऐसे ८ प्रकार के कोट-चक्र को कहता हूँ ॥ १–६ ॥


प्रथमं मृन्मयं कोटं जलकोटं द्वितीयकम् ।
तृतीयं ग्रामकोटं च चतुर्थं गिरिगह्वरम् ॥ ७ ॥
पंचमं गिरिकोटं च षष्ठं कोटं च डामरम् ।
सप्तमं वक्रभूमिस्थं विषमाख्यं तथाष्टमम् ॥ ८ ॥

मृन्मये साधयेत् खंडिं जलस्थे बंधमोक्षणम् ।
ग्रामदुर्गेऽग्निदाहं च प्रवेशं गह्वरे तथा ॥ ९ ॥
पर्वते स्थानभेदं च भूबलं भूपडामरे ।
वक्राख्ये कवियोगं च विषमे स्थायियायिनाम् ॥ १० ॥
अतिदुर्गं कालकर्णं चक्रावर्तं च टिपुरम् ।
तलावर्तं च पद्माख्यं यक्षभेदं शमाख्यकम् ॥ ११ ॥
एतन्नामाष्टकं ज्ञेयं वर्गाष्टकक्रमेण च ।
यस्य वर्गस्य यो भक्ष्यः स वर्गस्तस्य भंगदः ॥ १२ ॥
अ-गरुडः क-मार्जारश्च सिंहश्च, ट-शुनीसुतः ।
त-सर्पश्च प-आखुश्च य-मृगः श-अजात्मजः ॥ १३ ॥
तार्क्ष्यस्य भक्ष्यो भुजगो बिडालस्य च मूषकः ।
सिंहस्य भक्ष्यो हरिणः शुनो भक्ष्य स्त्वजात्मजः ॥ १४ ॥
दुर्गवर्गस्य ये भक्ष्या वर्गास्तन्नामजा नराः ।
तद्दुर्गे ते रणे त्याज्या न कर्तव्या गढाधिपाः ॥ १५ ॥
स्ववर्गात्पंचमे स्थाने खंडिभंगश्च जायते ।
अवर्गाद्यष्टकं ज्ञेयं पूर्वाद्यष्टदिशि क्रमात् ॥ १६ ॥
कोटचक्रं लिखेच्चादौ चतुरस्रं त्रिनाडिकम् ।
कृत्तिकादीनि धिष्ण्यानि साभिजिन्ति न्यसेद् बुधः ॥१७॥
बहिः कोटे च मध्ये च दुर्गमध्ये बहिः पुनः ।
प्रवेशो निर्गमस्तत्र ज्ञातव्यः स्वरवेदिभिः ॥ १८ ॥

प्रथममिति । स्पष्टम् । अतिदुर्गमिति । एतेन अवर्णाक्षरं नाम दुर्गं प्रथमम् । कालकर्णमिति । कवर्गाक्षरं नाम द्वितीयम् । चक्रावर्तमिति चवर्गाक्षरं नाम तृतीयम् । टिपुरमिति टवर्गाक्षरं नाम चतुर्थम् । तलावर्तमिति । तवर्गाक्षरं नाम पंचमम् । पद्माख्यमिति, पवर्गाक्षरं नाम षष्ठं दुर्गम् । यक्षभेदमिति यवर्गाक्षरं सप्तमम् दुर्गम् । शमाख्यमिति शवर्गाक्षरं नामाष्टमं दुर्गमिति । इति मृन्मयादष्टकोटस्य नामानि । एतदिति । एतन्नामाष्टकं वर्णाष्टकक्रमेण अ क च ट त प य श अष्टौ वर्गाष्टकाद्यक्षराणि । यस्य वर्गस्य यो भक्ष्यः पंचमः स तस्य भेदभाक् भवति ॥ ७–१८ ॥

पहला मिट्टी से बना हुआ कोट। दूसरा जल से। तीसरा ग्राम से। चौथा पर्वतों की गुफा से। पांचवा पहाड़ से। छठा डामर पहाड़ का गड्डा। सातवां टेढ़ी भूमि में बना हुआ। और आठवां विषम (ऊँचा-नीचा) बना हुआ। पहले दुर्ग का खंडन। दूसरे में जल को निकाल देने से। तीसरे में ग्राम के आठों दिशा में आग लगा देने से। चौथे में गुफा में प्रवेश से। पांचवें में पत्थरों को काटकर। छठे में समतल करके। सातवें में कवियुद्ध से और आठवें में स्थायी और

समचतुरस्रकोटचक्रम्



यात्री के अनुसार युद्ध करने से विजय होती है। इन आठों कोटों का अवर्गादि आठ वर्गों के अनुसार क्रम से अतिदुर्ग पहले का इसका स्वामी अवर्ग। कालकर्ण दूसरे का और कवर्गस्वामी, तीसरे का चक्रावर्त, चवर्ग-स्वामी। चौथे का टिंपुर टवर्ग-स्वामी। पाचवें का तलावर्त्त, तवर्गस्वामी, छठे का पद्मावर्त्त, पवर्ग-स्वामी, सातवें का यत्तभेद, यवर्गस्वामी और आठवें का शम नाम शवर्ग-स्वामी होता है।

जिस वर्ग का जो भक्ष्य होता है वही उसको हानि कारक होता है। अवर्ग के स्वामी गरुड़, कवर्ग के मार्जार, चवर्ग का स्वामी सिंह, टवर्ग का श्वान, तवर्ग का सर्प, पवर्ग का मूसा, यवर्ग का मृग और शवर्ग का भेड़ा स्वामी होता है। गरुड़ का भक्ष्य सर्प, बिलार का मूसा, सिंह का हरिण, कुत्ता का भक्ष्य भेड़ा होता है। दुर्ग के वर्ग का जो भक्ष्य वर्ग उस वर्ग के अक्षर के नाम का जो व्यक्ति उस व्यक्ति को उस दुर्ग में संग्राम के लिये न भेजे और उस दुर्ग का स्वामी भी न बनावे। जैसे अमरगिरि नाम का दुर्ग है। यह अवर्ग का है इसमें तेजसिंह तवर्ग का व्यक्ति युद्ध के लिये न भेजे क्योंकि दुर्ग स्वयं इनका भक्षक है। इन अक्षर वालों को गढाध्यक्ष भी नहीं बनाना चाहिये। अवर्गादि आठो वर्ग क्रम से पूर्व आदि आठों दिशा में स्थापित करना। अपने वर्ग से पांचवां वर्ग शत्रु होता है—शत्रु की दिशा में स्थित होकर युद्ध करने से भंग-हानि होती है। कोट-चक्र—चतुरस्र तीन नाडी का लिखे। उसमें कृत्तिकादि अभिजित् के सहित नक्षत्रों को लिखना। बाहर, कोट और मध्य में, दुर्गमध्य में और बाहर इस क्रम से नक्षत्रों को लिखे, प्रवेश और निर्गम स्वरशास्त्रज्ञों को जानना चाहिये ॥ ७–१८ ॥

बहिर्द्वादशभान्यत्र प्राकारे तारकाष्टकम्।
दुर्गमध्ये तथा चाष्टौ मध्ये स्तंभचतुष्टयम् ॥ १९ ॥
कृत्तिका पुष्यसार्पे च मघा स्वातीविशाखिके।
अनुराधाभिजित्कर्णौ धनिष्ठाश्वियमाह्वयम् ॥ २० ॥
ब्राह्मं पुनर्वसुर्भाग्यं चित्रा ज्येष्ठोत्तरा तथा।
शतभं रेवती चैव प्राकारे तारकाष्टकम् ॥ २१ ॥
मृगं रौद्रोत्तराहस्तं मूलमाषाढपूर्वकम्।
पूर्वोत्तरा तथा भाद्रा मध्ये ऋक्षाष्टकं त्विदम् ॥ २२ ॥
पूर्वे रौद्रं यमे हस्तं पूर्वाषाढा च वारुणे।
उत्तरे उत्तरा भाद्रा एतत्स्तंभचतुष्टयम् ॥ २३ ॥
कृत्तिकाद्यं मघाद्यं च मैत्राद्यं वासवादिकम्।
त्रीणि त्रीणि प्रवेशे च द्वादशान्यानि निर्गमे ॥ २४ ॥
कृत्तिकादिरयं न्यासः सुबोधार्थं प्रदर्शितः।
दुर्गभाद्गणना चात्र ग्रहैर्वाच्यं ततः फलम् ॥ २५ ॥
दुर्गनामस्थितं वर्णं यद्वर्गोदीरितं स्फुटम्।

तदीशादि लिखेच्चक्रं क्रमात्स्वरविचक्षणः ॥ २६ ॥

बाहर के प्रकार में १२ नक्षत्र और मध्य में ८ नक्षत्र और दुर्गमध्य में ८ नक्षत्र एवम् मध्य के चार नक्षत्र स्तम्भ-स्वरूप हैं। कृत्तिका, पुष्य, श्लेषा, मघा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा, अभिजित्, श्रवण, धनिष्ठा, अश्विनी, भरणी ये १२ नक्षत्र बाहर के हैं। रोहिणी, पुनर्वसु, पूर्वाफाल्गुनी, चित्रा, ज्येष्ठा, उत्तराषाढ, शतभिष, रेवती ये ८ नक्षत्र प्राकार के भीतर के हैं। मृगशिरा, आर्द्रा, उत्तराफाल्गुनी, हस्त, मूल, पूर्वाषाढ, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद ये ८ नक्षत्र दुर्ग के भीतर के हैं। आर्द्रा, भरणी, हस्त, पूर्वाषाढ, उत्तराभाद्रपद ये पूर्वादि दिशाओं के चार स्तम्भ के नक्षत्र हैं। कृत्तिका से ३ नक्षत्र, मघा से ३ नक्षत्र, अनुराधा से ३ नक्षत्र और धनिष्ठा से ३ नक्षत्र ये सब १२ नक्षत्र प्रवेश के हैं शेष निर्गम के हैं। यह कृत्तिका से नक्षत्रों का न्यास सुख से ज्ञान के लिये कहा है। दुर्ग के नक्षत्र से गणना कर ग्रहों से फल कहना चाहिये। दुर्ग के नामादिवर्ण जिस वर्ण का हो उस वर्ग की दिशा से क्रम से चक्र को लिखना चाहिये ॥ १९–२६ ॥

चतुरस्रं चतुर्दीर्घं त्रिकोणं वृत्तदीर्घकम् ।
अर्धचंद्रं तथा ज्ञेयं गोस्तनं धनुराकृतिः ॥ २७ ॥
चतुरस्रे यथान्यासो भूमिभागक्रमेण च ।
प्रवेशनिर्गमस्तंभास्तथावृत्तादि सप्तके ॥ २८ ॥
दुर्गभित्तिविभागेन दातव्यं धिष्ण्यमंडलम् ।
तत्रस्थैः खेचरैः सर्वैः फलं वाच्यं यथोदितम् ॥ २९ ॥
बाह्यभे मध्यभे चैव यत्रस्थाः क्रूरखेचराः ।
तत्र स्थाने कृते यत्ने हन्ति दुर्गं ससैन्यकम् ॥ ३० ॥

चतुरस्र (चतुष्कोण), चार दीर्घरेखावाला, त्रिकोण, वृत्ताकार। दीर्घवृत्त, अर्धचन्द्र, गोस्तन के आकार का एवं धनुष के आकार का कोट होता है। जिस प्रकार से भूमिभागक्रम से चतुरस्र में नक्षत्रों का न्यासकर प्रवेश निर्गम एवं स्तम्भों का निर्णय किया गया है उसी प्रकार से वृत्तादि सातों कोटों में करना चाहिये। उनमें दुर्ग के भीत के विभाग से नक्षत्रों का न्यास कर उन पर स्थित ग्रहों से फल कहना चाहिये। बाह्य और मध्य के नक्षत्र में जहां क्रूरग्रह हों उसी स्थान पर यत्न करने से सेना के सहित दुर्ग का भंग हो जाता है ॥ २७–३० ॥

बुधशुक्रेन्दुजीवाश्च सदा सौम्यग्रहा मताः ।
शन्यर्कराहुमाहेयाः केतुः क्रूरग्रहा मताः ॥ ३१ ॥

त्रिःप्रकारो ग्रहे चारो वक्र-शीघ्र-समो मतः ।
उच्चनीचसमास्ते च त्रिधा चक्रे भ्रमन्ति च ॥ ३२ ॥
ऊर्ध्वं चाधः समस्तिर्यग् दृष्टिभेदश्चतुर्विधः ।
स्वर्क्षं मित्रं समं शत्रुः स्थानभेदश्चतुर्विधः ॥ ३३ ॥
इज्यो भौमो भृगुर्यत्र बुधः पूर्वादिदिक्स्थितः ।
कुर्याद् भङ्गं वाऽथ भङ्क्ता क्रूरश्चन्द्रसमन्वितः ॥ ३४ ॥
सूर्यमुक्ता उदीयन्ते शीघ्रगाश्च द्वितीयगे ।
समास्तृतीयगे ज्ञेया मन्दा भानौ चतुर्थगे ॥ ३५ ॥
वक्राः पंचमषष्ठेऽर्के त्वतिवक्राष्टसप्तमे ।
नवमे दशमे भानौ जायते कुटिला गतिः ॥ ३६ ॥
शीघ्रगाश्च भवन्त्येते द्वादशैकादशे तथा ।
राहुकेतू सदा वक्रौ रवींदू शीघ्रगौ सदा ॥ ३७ ॥
शीघ्रोऽतिचारगत्या च समश्च सममन्दयोः ।
वक्रातिवक्रकुटिला वक्रगत्या ग्रहा मताः ॥ ३८ ॥
क्रूरोऽतिक्रूरतां याति सौम्यो याति सुसौम्यताम् ।
वक्रचारे समुत्पन्ने शीघ्रेऽप्येवं विपर्ययः ॥ ३९ ॥
मेषो वृषो मृगः कन्या कर्कमीनतुलाः क्रमात् ।
आदित्यादिग्रहेषूच्चं नीचं यत्तस्य सप्तमम् ॥ ४० ॥
उच्चान्नीचाच्च यत्तुर्यं समस्थानं तदुच्यते ।
उच्चस्थं मध्यगं नीचं चक्रे चात्र व्यवस्थितम् ॥ ४१ ॥
ऊर्ध्वदृष्टी च भौमार्कौ केकरौ बुधभार्गवौ ।
समदृष्टी च जीवेन्दू शनिराहू त्वधोदृशौ ॥ ४२ ॥

बुध, शुक्र, चन्द्रमा, बृहस्पति ये सर्वदा शुभ ग्रह हैं। शनि, सूर्य, राहु, भौम, केतु, ये क्रूरग्रह हैं। ग्रहों का संचार ३ प्रकार का होता है; वक्र १ शीघ्र २ सम ३। वे उच्च, नीच और सम विभाग से चक्र में घूमते हैं। ऊपर, नीचे, सम, तिर्यक् यह ४ प्रकार की दृष्टि होती है। गुरु, भौम, शुक्र, बुध ये पूर्वादि दिशाओं में हों यदि क्रूरग्रह के साथ वहीं चन्द्रमा भी हो तो कोटका भंग अथवा भंग करने वाले का भंग होता है। सूर्य को छोड़कर दूसरी राशि में उदय होने वाले को शीघ्र,

तीसरे में सम, चौथे में मंद, पांचवें-छठे में वक्र और आठवें-सातवें में अतिवक्र, नवम दशम में कुटिलगति बारहवें ग्यारहवें में शीघ्रगति। राहु-केतु सर्वदा वक्रगति और सूर्य-चन्द्र सर्वदा शीघ्रगति वाले होते हैं। अतिचार गति से शीघ्र, सम, सममंद, वक्र, अतिवक्र, कुटिल ये ही गति होती हैं। क्रूरग्रह वक्र होने से अत्यन्तक्रूर, शुभग्रह संचार से अतिसौम्य होता है। एवं प्रकार से शीघ्रगति वाला ग्रह इससे विपरीत होता है ॥ ३१–४२ ॥

सुहृदोर्केन्दुभौमेज्या एवं शुक्रज्ञभानुजाः।
अन्योन्यवैरिणो ह्येते राहोः सर्वे च शत्रवः ॥ ४३ ॥
स्वक्षेत्रस्थे बलं पूर्णं पादोनं मित्रभे ग्रहे।
अर्द्धं समगृहे ज्ञेयं पादं शत्रुगृहस्थिते ॥ ४४ ॥
क्रूरा गर्भे पुरं घ्नन्ति प्राकारे खंडिकारकाः।
बहिःस्था वेष्टके सैन्यमृत्युदा नात्र संशयः ॥ ४५ ॥
क्रूरा गर्भे शुभा बाह्ये गृह्यते निश्चितं पुरम्।
सौम्या मध्ये बहिः क्रूरा असाध्यं दुर्गमुच्यते ॥ ४६ ॥
क्रूरं चतुष्टयं मध्ये प्राकारे सौम्यखेचराः।
भेदाद्भंगो भवेत्तत्र विना युद्धेन गृह्यते ॥ ४७ ॥
प्राकारे संस्थिताः क्रूरा मध्ये सौम्यग्रहा यदि।
दुर्गभंगे समुत्पन्ने भंगमायाति वेष्टकः ॥ ४८ ॥
मध्यनाडीस्थिताः सौम्याः क्रूरा बहिरवस्थिताः।
सैन्यावर्तो बहिः शत्रोर्विना युद्धेन जायते ॥ ४९ ॥

सुहृदोऽर्केन्दु इति। अर्केन्दुभौमेज्या रविचन्द्रभौमगुरवः परस्परं सुहृदः मित्राणि। एवं शुक्रज्ञभानुजाः शुक्रबुधशनयः अन्योन्यं परस्परं मित्राणि। एते अन्योन्यं वैरिणः। अर्थात् रविचन्द्रगुरूणां शुक्रबुधशनयो वैरिणः। तथा शुक्रबुधशनीनां रविचन्द्रभौमगुरवः वैरिणः शत्रवः। राहोः सर्वे वैरिणः। स्वक्षेत्रस्थे इति। स्पष्टम्। क्रूरा इति। क्रूरग्रहा गर्भे दुर्गमध्यनक्षत्रे स्थितस्तदा पुरं घ्नन्ति नाशयन्ति। प्राकारे प्राकारनक्षत्रे चेत्क्रूरास्तदा खंडिकारकाः भवन्ति। बहिःस्था बाह्य-नक्षत्रगताश्चेत्तदा वेष्टके पुररोधके सैन्यानां मृत्युदा विनाशका अत्र संशयो न। क्रूरा गर्भे इति। सुगमम्। क्रूरं चतुष्टय-मिति। क्रूरं चतुष्टयं मध्ये दुर्गमध्ये प्राकारे सौम्यखेचराः शुभग्रहाश्चेत्स्थिता-

स्तदा भेदात्स्वमध्यस्थैक्यांतराद् विना युद्धेन युद्धं विना भंगो भवति। प्राकारे-इति स्पष्टम् ॥ ४३–४६ ॥

रवि, चन्द्रमा, भौम, गुरु ये परस्पर मित्र हैं, तथा शुक्र, बुध, शनि परस्पर मित्र हैं। तथा ये ही दोनों वर्ग परस्पर शत्रु हैं। अर्थात् रवि, चन्द्र, भौम, गुरु के शुक्र, बुध, शनि शत्रु हैं, और शुक्र, बुध, शनि, के रवि, चन्द्र, भौम, गुरु, शत्रु हैं। राहु के सभी ग्रह शत्रु हैं। यदि ग्रह अपने गृह में हो तो पूर्णबली होता है, मित्र के गृह में हो तो चतुर्थांश कम बली, सम के गृह में हो तो आधा बल। शत्रु के गृह में हो तो चौथाई बल देता है। क्रूरग्रह गर्भ के नक्षत्रों में हों तो कोट-नाश, बाहर के नक्षत्र में हों तो दुर्ग को घेरे हुये सैन्य का नाश होता है। क्रूरग्रह गर्भ में हों और शुभग्रह बाहर हों तो निश्चय ही पुर को शत्रु ले लेते हैं। शुभग्रह मध्य में और बाहर क्रूरग्रह हों तो दुर्ग असाध्य होता है। चार क्रूरग्रह मध्य में हों और शुभग्रह प्राकार में हों तो आपस में भेदभाव होने के कारण विना युद्ध के ही दुर्ग को शत्रु ले लेता है। प्राकार के नक्षत्रों में क्रूरग्रह हों, मध्य के नक्षत्रों में शुभग्रह हो तो दुर्गभंग का समय आने से दुर्ग के रक्षक नष्ट होते हैं। मध्य की नाडी में शुभग्रह और बाहर क्रूरग्रह हों तो कोट-ग्रहण के समय बाहर की शत्रुसेना में विना युद्ध के ही सैन्यावर्त हो जाता है अर्थात् हाथी-घोड़े आदि इधर-उधर भागने लगें, कोई व्याकुल हो इधर-उधर पूछने लगता है सभी सैन्य अस्तव्यस्त हो जाती है, इसे सैन्यावर्त कहते हैं ॥ ४३–४९ ॥

प्राकारे पुरमध्ये च यदा क्रूरा अधिष्ठिताः।
सौम्या बाह्ये तदा दुर्गमयत्नेनापि सिध्यति ॥ ५० ॥

सौम्या मध्ये च कोटे च बाह्ये पापग्रहा यदि।
देवैर्ब्रह्मादिभिर्दुर्गं गृह्यते न कदाचन ॥ ५१ ॥

प्राकारे बाह्यगाः क्रूराः सौम्या मध्यगता यदि।
युद्धं प्राकारखंडिश्च पुरभंगो न विद्यते ॥ ५२ ॥

स्तंभान्तरगता यस्य ग्रहाः सौम्याः शुभान्विताः।
भवेयुस्तस्य कोटस्य न नाशो विद्यते क्वचित् ॥ ५३ ॥

यदि साक्षादहं तत्र युद्धे चात्मगणान्वितः।
तथापि न भयं विद्यादिति सत्यं वरानने ॥ ५४ ॥

स्तंभान्तरगता यत्र रविराहुशनैश्चराः।
भूमिपुत्रश्च तस्याशु नाशः कोटस्य निश्चितम् ॥ ५५ ॥

मयैव रक्षिते तत्र युद्धे कोटे न संशयः ।
तथापि न भवेत्सम्यग् ग्रहदोषाद्वरानने ॥ ५६ ॥
सौम्या बाह्ये तथा कोटे मध्ये क्रूरग्रहाः स्थिताः ।
स्वयं दुर्गं प्रयच्छंति वेष्टकाय गढाधिपाः ॥ ५७ ॥
बाह्याभ्यन्तरगाः क्रूराः प्राकारे शोभना ग्रहाः ।
रिपुद्वयं क्षयं याति विना युद्धेन निश्चितम् ॥ ५८ ॥
प्राकारस्था ग्रहाः क्रूरा बहिर्मध्ये शुभाः स्थिताः ।
समं युद्धं भवेत्तत्र खंडिपातो दिनेदिने ॥ ५९ ॥
सौम्याः क्रूरास्तथा चाष्टौ प्राकारे मध्यबाह्यगाः ।
एकस्था यत्र कुर्वन्ति संग्रामं तत्र दारुणम् ॥ ६० ॥
गजाश्वरथभूपालाः सामन्ता मण्डलेश्वराः ।
भटा मर्दं प्रकुर्वन्ति सैन्ययोरुभयोरपि ॥ ६१ ॥
चापकुन्तगदापाशखड्गहस्तैर्महाभटैः ।
अभग्नयोर्द्वयो राज्ञोः सैन्यावर्तः प्रजायते ॥ ६२ ॥
वाहिन्यो रक्तवाहिन्यो दुस्तराः प्रेतसंकुलाः ।
वसासृक्पंकलिप्तांगो यन्त्रमन्त्रावगुंठिताः ॥ ६३ ॥
गृध्रकाकशिवाश्येनडाकिनीप्रेतसंकुलाः ।
वेतालपालभूताद्याः पिशाचोरगराक्षसाः ॥ ६४ ॥
वेतालचपला भूताः पिशाचाः स्वेच्छया वृताः ।
ईदृशं च महायुद्धं तत्काले जायते ध्रुवम् ।
न कश्चिद्विजयी युद्धे द्वयं याति यमालयम् ॥ ६५ ॥

प्राकारे इति । सुगमम् । यदीति । हे वरानने पार्वति ! यद्यहमात्मगणान्वितः तत्र युद्धे कोटे साक्षाद्दुर्गलब्धये युद्धं करोमि तथापि दुर्गस्य भयं न तत्र विद्यते इति सत्यं विद्यात् इति शंकर वाक्यम् । स्तम्भान्तरगता इति । सुगमम् ॥ ५०–६५ ॥

जब प्राकार तथा मध्य में क्रूरग्रह हों और शुभग्रह बाहर हों तो दुर्ग बिना प्रयास के भी प्राप्त हो जाता है। शुभग्रह मध्य में हों और पापग्रह कोट के बाहर हों तो ब्रह्मादि देवता भी दुर्ग को कभी नहीं ले सकते हैं। प्राकार और बाहर में क्रूरग्रह

हों और शुभग्रह मध्य में हों तो युद्ध होता है किन्तु प्राकार का भंग और पुर का भंग नहीं होता है। जिस कोट में शुभग्रह शुभग्रह से युक्त होकर स्तंभ के नक्षत्रों में हों उस कोट का कभी नाश नहीं होता है। शंकर जी पार्वती जी से कहते हैं हे पार्वती ! यदि मैं भी अपने गणों के साथ उक्त योग के रहते दुर्ग के लिये लड़ाई करूं तो भी दुर्ग के लिये कोई भय नहीं होता है। स्तंभांतर में रवि, राहु, शनि और भौम हों तो उस कोट का शीघ्र ही नाश होता है। इस योग को होते हुए साक्षात् मैं (शंकरजी) भी उस कोट की रक्षा करता रहूँ तथापि ग्रहदोष के कारण उसका नाश हो ही जाता है। शुभग्रह बाहर के नक्षत्र में और पापग्रह मध्य में हों तो दुर्ग का स्वामी स्वयं ही वेष्टक को दुर्ग दे देता है। बाहर-मध्य में क्रूरग्रह और प्राकार में शुभग्रह हों तो विना युद्ध के ही दोनों शत्रु नष्ट हो जाते हैं। प्राकार में क्रूरग्रह हों और बाहर तथा मध्य में शुभग्रह हों तो युद्ध बराबरी का होता है। प्रतिदिन किला का पतन होता रहता है। शुभग्रह और पापग्रह ये आठों प्राकार, मध्य, या बाहर कहीं भी एकत्र हों तो भीषण संग्राम होता है। उक्त योग में सामंत (मांडलिक राजा), मंडलेश्वर हाथी घोड़ा और राजाओं के साथ दोनों सेनाओं के भटों का नाश होता है। और धनुष, भाला, गदा, पाश, तलवार को हाथ में लिये महायोद्धाओं के दोनों राजाओं के सेना में सैन्यावर्त हो जाता है। सेना रक्तवाहिनी दुस्तर चर्बी रक्त के कीचड़ को शरीर में लपेटे हुये अंतड़ियों की माला को धारण किये हुए प्रेत के सदृश हो जाती है। और युद्ध स्थल में गिद्ध, कौआ, सियार, बाजपक्षी, डाकिनी आदि, वेताल-भूत आदि, पिशाच, उरग, राक्षस, चंचल वेताल, भूत, पिशाच स्वेच्छा से वहाँ युद्धस्थल में आ जाते हैं। ऐसा महायुद्ध उस समय होने लगता है। किन्तु कोई युद्ध में विजयी नहीं होता है ॥ ५०–६५ ॥

समसंख्याः शुभाः क्रूरा बहिर्मध्ये यदा स्थिताः ।
तदा सन्धिं विजानीयात् सैन्ययोरुभयोरपि ॥ ६६ ॥
क्रूरैर्भंगो जयः सौम्यैर्मिश्रैर्मिश्रफलं मतम् ।
विचार्य कुरुते युद्धं कोटचक्रे स्वरोदयी ॥ ६७ ॥
प्रवेशधिष्ण्यगे चन्द्रे जीवपक्षर्क्षसंस्थिते ।
निशीथे कवियुद्धं तु कर्तव्यं बाह्यसैन्यकैः ॥ ६८ ॥
निर्गमर्क्षस्थिते चन्द्रे दुर्गाभ्यन्तरगैर्नृपैः ।
कर्त्तव्यं कवियुद्धं च रात्रौसुप्तं बहिर्जने ॥ ६९ ॥
प्रवेशनिर्गमावुक्तौ सैन्ययोरुभयोर्निशि ।
कवौ कोटे जयो युद्धे विपरीते पराजयः ॥ ७० ॥

समसंख्या इति । शुभद्वयं पापद्वयं बहिर्मध्ये पुरादिः मध्ये पुरमध्ये चेत्स्थिता तदोभयोः सैन्ययोः संधि विजानीयात् । कोटस्थो कोटाधिपतिः स्वरोदयी स्वरोदयज्ञानवानेवं विचार्य युद्धं करोति क्रूरैर्भङ्गः । सौम्यैर्जयः । मिश्रैः मिलितैः पापशुभैः द्वितयं शुभमशुभं च फलं भवति । प्रवेश इति । जीवपक्षर्क्षसंस्थिते विपरीतगत्या राहुभुक्तत्रयोदशान्यतमनक्षत्रे तत्र प्रवेशधिष्ण्ये जीवपक्षनक्षत्रं यदि प्रवेशर्क्षं तत्रगे चन्द्रे सति निशीथे रात्रिमध्यभागे सति बाह्यसैन्यकैः कवियुद्धं कथिरणं 'डाका' इति भाषायां युद्धं कर्त्तव्यम् ॥ ६९–७० ॥

यदि सम संख्या दो चार आदि में शुभग्रह या पापग्रह कोट के बाहर और भीतर हों तो दोनों सेनाओं में सन्धि (सुलह) हो जाती है। क्रूरग्रह से पराजय और शुभग्रह से विजय, मिश्रित शुभ-पाप दोनों हों तो मिश्रित फल—जय-पराजय दोनों होता है ऐसा कोटाधिपति स्वयं स्वर-शास्त्र को जानने वाला हो तो इसको जानकर युद्ध को करे। जीवपक्ष के नक्षत्र (राहु के भुक्त १४ नक्षत्र) यदि प्रवेश के नक्षत्र में हों और उसमें चन्द्रमा हो तो अर्धरात्रि के समय बाहर की सेना के साथ कवियुद्ध (डाका डालना) करे। यदि निर्गम के नक्षत्र में चन्द्रमा हो तो दुर्ग में रहने वाले राजा के साथ रात में बाहर के लोगों के सो जाने पर कवियुद्ध करे। दोनों सेनाओं का प्रवेश और निर्गम कथित और कोट में कहा हुआ है, दोनों को जानकर युद्ध करने से विजय होता है विपरीत करने से पराजय होता है ॥ ६९–७० ॥

गढाधीशाः स्मृताः सौम्या वेष्टाधीशास्तु पापकाः ।
क्षेत्रयुग्मे स्थिता ये ते ज्ञातव्याश्च प्रयत्नतः ॥ ७१ ॥
गढाधीशो भवेच्चन्द्रो वेष्टाधीशस्तु भास्करः ।
चन्द्रसूर्यविभागेन ज्ञातव्यं च बलाबलम् ॥ ७२ ॥
आशाधीशो भवेच्चन्द्रस्ताराधीशश्च भास्करः ।
चन्द्रसूर्यगतिं ज्ञात्वा पश्चाद्दिशस्तु कारयेत् ॥ ७३ ॥
वेष्टाधीशो भवेन्मध्ये गढाधीशस्तु बाह्यतः ।
स्वयं दुर्गं प्रयच्छन्ति वेष्टकाय गढाधिपाः ॥ ७४ ॥

भूबलं पृष्ठतः कृत्वा पुरः कृत्वा विचक्षणात् ।
यातायातस्थितो हित्वा कवियुद्धं समारभेत् ॥ ७५ ॥
क्रूरो वक्री प्रवेशर्क्षे पुरमध्ये स्थितो यदा ।
तदा कोटविनाशाय कोटस्थो बाह्यभूपतेः ॥ ७६ ॥

गढ़ के स्वामी चन्द्रमा और वेष्टकाधीश सूर्य हैं। चन्द्र-सूर्य के विभाग से बल और निर्बल का विचार करना। गढ़ाधीश शुभग्रह और वेष्टकाधीश पापग्रह होते हैं। दोनों शुभ-पाप राशियों में हैं इसका ज्ञान करना चाहिये। दिशा के स्वामी चन्द्रमा और नक्षत्र के स्वामी सूर्य होते हैं। चन्द्र-सूर्य की गति को जानकर पीछे स्वामी को करना चाहिए। वेष्टकाधीश मध्य में हो और गढ़ाधीश बाहर हो तो गढ़ाधीश स्वयं वेष्टक को गढ़ दे देता है। भूबल को पीछे कर आगे विचक्षणों को करके घात और पात दिशा को छोड़कर कवियुद्ध को आरम्भ करे। यदि बली क्रूर ग्रह-प्रवेश के नक्षत्र में होकर पुरमध्य में हो तो कोट का नाश होता है। यदि कोट के नक्षत्रों में हो तो बाहर के राजा का अर्थात् घेरने वाले का नाश होता है ॥ ७१-७६ ॥

प्रवेशं बाह्यगे वक्रे सक्रूरे सैन्यविग्रहः।
दुर्भिक्षं मृत्युभंगौ च बहिः सैन्यस्य जायते ॥ ७७ ॥
निर्गमर्क्षे बहिःस्थे च क्रूरो वक्रं करोति चेत्।
प्राकारस्य भवेद्भंगः प्राकारस्थे पुरस्य च ॥ ७८ ॥
पुरभे निर्गमे वक्री कथंचित् क्रूरखेचरः।
दुर्गं मुक्त्वा तदा काले दुर्गस्थः प्रपलायते ॥ ७९ ॥
यथा क्रूरैस्तथा सौम्यैः फलं ग्राह्यं विपर्ययात्।
मिश्रैर्मिश्रं विजानीयात् कोटचक्रे न संशयः ॥ ८० ॥
दुर्गग्रहे हिताः पापा वेष्टकानां पुरः स्थिताः।
शुभग्रहाश्च बाह्यस्थाः शीघ्रा वा वक्रिणोऽथवा ॥ ८१ ॥

बारह के प्रवेश नक्षत्रों में यदि क्रूरग्रह वक्र होता हो तो बाहर की सेना में दुर्भिक्ष, मृत्यु और पराजय होता है। बाहर के निर्गम के नक्षत्रों में यदि क्रूरग्रह बली होता हो तो प्राकार का भंग होता है और प्राकार में हो तो पुर का नाश होता है। यदि निर्गम के नक्षत्र में वा पुर के नक्षत्र में कदाचित् क्रूरग्रह वक्री हो तो उस समय दुर्ग को छोड़कर दुर्गस्थ जन भाग जाते हैं। जैसे क्रूर ग्रह से वैसे ही शुभग्रह से फल-विपर्यय से होता है। और मिलित ग्रहों से मिश्र फल कोट चक्र में होता है। दुर्गग्रह (स्थायी) के लिये पापग्रह हितकर होते हैं, वेष्टक के लिये पुरस्थितग्रह। बाहर के लिए शुभग्रह चाहे वे शीघ्र गति हों अथवा वक्री ग्रह हों ॥ ७७-८१ ॥

पुरमध्ये हताः सौम्याः पापा बहिरवस्थिताः।
गढाधिपस्य जयदाः फलमार्गोन्निसर्गतः ॥ ८२ ॥

उभयोर्विपरीतस्था: पापाः सौम्याः पुरग्रहाः ।
भंगो मृत्युस्तदा काले वर्जयन्ति पुरग्रहम् ॥ ८३ ॥
पुरभंगप्रदान् योगान् ज्ञात्वा परपुरं व्रजेत् ।
यायी स्थायी च तं कालं दानोपायैः समं नयेत् ॥ ८४ ॥
उच्चं नीचं समं स्थानं पुराद्युक्तं पुनर्ग्रहे ।
ऊर्ध्वदृष्टिरधोदृष्टिः समतिर्यग्दृशौ पुनः ॥ ८५ ॥
दुर्गसैन्यं सदैवोच्चैः प्राकारे मध्यबाह्यकम् ।
नीचस्थं वेष्टकं सैन्यं ज्ञातव्यं स्वरवेदिभिः ॥ ८६ ॥

पुरमध्य में शुभ ग्रह और बाहर में पापग्रह हितकर होते हैं। गढ़ाधिप को विजय देने वाले होते हैं। दोनों का विपरीत होने से (अर्थात् भीतर पापग्रह यायी को शुभकर होते हैं किन्तु बाहर हों तो मृत्युप्रद होते हैं। शुभग्रह भीतर हों तो स्थायी को शुभ और बाहर हों तो अशुभ) पापग्रह और शुभग्रह दोनों हानि तथा मृत्यु को देते हैं अतः उक्त समय में पुरग्रह का विचार अवश्य करना चाहिये। पुर के भंग होने वाले योगों को देखकर दूसरे के पुरपर चढ़ाई करनी चाहिये। यायी और स्थायी राजा उस समय को दानादि उपायों से ले आये। पहले ग्रहों का उच्च, नीच, समस्थान कहा गया है तथा ऊर्ध्वदृष्टि, अधोदृष्टि, समदृष्टि, और तिर्यग् दृष्टि भी कही गई है। दुर्गस्थ सेना का उच्च स्थान, प्राकार में जो मध्यभाग है उसे समस्थान। जहां वेष्टक सेना रहती है उसे नीच स्थान कहते हैं ॥ ८२–८६ ॥

कोटं कोटाधिपं नीचे निघ्नन्तौ भौमभास्करौ ।
समस्थौ च पुरं सर्वमुच्चस्थो निष्फलौ च तौ ॥ ८७ ॥
प्राकारे वेष्टकान् घ्नंति उच्चस्थौ राहुसूर्यजौ ।
प्राकारस्थौ बहिः सैन्यं नीचस्थौ तौ तु निष्फलौ ॥ ८८ ॥
समदृष्ट्या गुरुश्चन्द्रः पश्यतः सर्वतः सदा ।
तिर्यक्स्थौ बुधशुक्रौ च फलदौ नात्र संशयः ॥ ८९ ॥
ऊर्ध्वदृष्टिग्रहे कुर्याट्टिंकुलीयन्त्रसाधनम् ।
समे च साधयेत्खंडिं रन्ध्रपातमधो मुखे ॥ ९० ॥
दुर्गमध्ये गते सूर्ये जलशोषः प्रजायते ।
चन्द्रे भंगः कुजे दाहो बुधे बुद्धिबला नराः ॥ ९१ ॥

वाक्पतौ दुर्गमध्यस्थे सुभिक्षं प्रचुरं जलम् ।
चलचित्तनराः शुक्रे मृत्युरोगौ शनैश्चरे ॥ ९२ ॥
राहौ मध्यगते दुर्गे भेदभंगौ महद् भयम् ।
केतौ मध्यगते तत्र विषदानं गढाधिपे ॥ ९३ ॥

कोटमिति । भौमभास्करौ नीचे नीचराशिस्थे कोटं कोटाधिपं च निघ्नन्तौ । यथा कर्कटके भौमस्तुलायां रविः यदि बाह्यनाड्यां स्थितौ यस्मिन् काले अयं योगः स्यात्तस्मिन्काले कोटं कोटाधिपं च हन्ति । समस्थौ चेत्तदा सर्वं पुरम् हन्ति । यथा तुलायां भौमः कर्कटगो रविस्तदा सर्वं पुरं हन्ति । तौ भौमभास्करौ उच्चस्थौ उच्चराशिस्थौ निष्फलौ भवतः ॥ ८७–९३ ॥

भौम और सूर्य अपनी नीच राशि में होकर बाह्यनाडी में हों तो कोट और कोटाधिप दोनों का नाश करते हैं। समराशि में हों तो सम्पूर्ण पुर का नाश करते हैं। अपनी उच्च राशि में हों तो निष्फल होते हैं। राहु और शनि अपनी उच्चराशि में अर्थात् मिथुन और तुला में होकर अन्तर्नाडी में हों तो दुर्ग और आवेष्टक दोनों का नाश होता है। यदि ये दोनों अपनी नीच राशि में हों तो निष्फल होते हैं। गुरु और चन्द्रमा सर्वदा समदृष्टि से देखते हैं। बुध और शुक्र सर्वदा समदृष्टि से देखते हैं और उसी से फल देते हैं। जब रवि-भौम ऊर्ध्वदृष्टि होकर पुरमध्य में हों तो पुरमध्य में रहने वाले ढिकुली[1] यंत्र को बनावे और बाहर हों तो बाहर वाले यंत्र को बनायें। समदृष्टि हों तो दुर्ग में खंडिछेद आदि करै। अधोदृष्टिगत ग्रह हो तो रन्ध्रपात छेद करै अर्थात् नीचे सुरंग आदि खनकर कोट को लेने का यत्न करे। दुर्ग के मध्य नक्षत्र में सूर्य हो तो जल सूख जाता है। चन्द्रमा हो तो दुर्ग का भंग होता है, भौम हो तो अग्निभय, बुध हो तो बुद्धिबल से बलशाली होते हैं। गुरु हो तो दुर्गमध्य में सुभिक्ष और अधिक जल होता है। शुक्र हो तो मनुष्य चंचल चित्तवाले होते हैं, शनि हो तो मृत्यु और रोग होता है। राहु दुर्गमध्य में हो तो आपस में भेद और दुर्गभंग होता है। केतु हो तो गढ़ाधीश को विष दिया जाता है। इसी प्रकार दुर्ग के बाहर के ग्रहों से भी विचार करना चाहिये ॥ ८७–९३ ॥

इत्युक्तं तु फलं मध्ये एवं बाह्यगतैर्ग्रहैः ।
उपग्रहसमायोगादत्यंतं प्राणसंशयः ॥ ९४ ॥
अकारादिस्वराः पंच पूर्वाद्याशाचतुष्टये ।
मध्यांताः सव्यमालिख्य अन्तस्थाः खंडिकारकाः ॥९५॥

---

१. ढिकुली यंत्रं नाम परचक्रोपरि पाषाणादिगोलकत्यागार्थं यंत्रम् । लोके 'तोप' इति प्रसिद्धम् ।

दुर्गनाम्नः स्वरो यस्मिन् बालो वाऽस्तमितोपि वा ।
तद्दिने प्रारभेद्युद्धं दुर्गं सिध्यति नान्यथा ॥ ९६ ॥
दुर्गस्थो यदि मार्गस्थः शीघ्रमित्र-समन्वितः ।
उपस्थितेपि तत्सर्वं भंगं कुर्याच्च वैरिणि ॥ ९७ ॥
एकार्गलविधानं तु कर्तव्यं दुर्गरक्षणे ।
भंजने यमराजाख्यमित्युक्तं ब्रह्मयामले ॥ ९८ ॥

इति कोटचक्राणि संपूर्णानि ।

और मध्यगत बाह्यगत दोनों का योग हो तो प्राण का संशय होता है। अकारादि स्वरों को पूर्वादि दिशाओं में सव्य मार्ग से स्थापित करे अर्थात् अकार को पूर्व में इकार को दक्षिण में उकार को पश्चिम में, एकार को उत्तर में तथा ओकार को मध्य में स्थापित करे। जिस दिन जिस दिशा का स्वर अस्त हो उस दिन उस दिशा में दुर्ग का खंड होता है। परन्तु यह अर्थ ठीक नहीं मालूम होता है। कारण सर्वदा रविचन्द्र के संचार से अकारादि में एक का अस्त होना स्वाभाविक है इससे सभी कोटों में उक्त दिशायें खंडित होंगी इसलिये ऐसा नहीं ठीक है किन्तु कदाचित् ऐसा हो सकता है ऐसा संभव है। दुर्ग के नाम का स्वर जिस दिन बाल या अस्तंगत हो उस दिन युद्ध को प्रारम्भ करने से दुर्ग की प्राप्ति होती है अन्यथा नहीं होती है। जैसे देवगिरि नामक दुर्गका वर्णस्वर ओकार है उसका उदय पूर्णातिथि को होता है अतः पूर्णातिथि को युद्ध आरम्भ करने से दुर्ग प्राप्ति होगी। अथवा अस्तंगतस्वर पांचवा स्वर मृतस्वर उसके उदय में युद्ध आरम्भ करे। दुर्गस्थ ग्रह यदि मार्गी है और शीघ्रगतिग्रह और मित्रग्रह के साथ है तो सभी साधन के उपस्थित होते हुए भी शत्रु का भंग होता है। दुर्ग की रक्षा के लिये वज्रार्गल विधान ग्रहयज्ञ आदि करे और दुर्ग के भंग होने के लिये यमराज का विधान आगमोक्त करे॥ ९४–९८ ॥

इति कोटचक्राणि संपूर्णानि ।

अथ चातुरंगसैन्यविवरणम् ।

श्रुतं देव मया सर्वं युद्धशास्त्रमनेकधा ।
सूचनं चातुरंगस्य सविशेषं वद प्रभो ॥ १ ॥
शृणु देवि प्रवक्ष्यामि ब्रह्मयामलनिर्मितम् ।
सारात्सारतरं सारं रहस्यमिदमद्भुतम् ॥ २ ॥

यस्य विज्ञानमात्रेण दैवज्ञो लभते यशः ।
जयं ददाति भूपानां यस्यासौ मंडले स्थितः ॥ ३ ॥
पूजितव्यः सभूपालैर्दानमानार्घपूर्वकम् ।
ममापि सदृशो देवि ज्ञातव्योसौ न चान्यथा ॥ ४ ॥
तेनाचार्येण देवेशि स्वसैन्यार्थेष्टशांतिकम् ।
पौष्टिकं च प्रकर्तव्यं रक्षामृत्युंजयादिकम् ॥ ५ ॥
शलाकासप्तकं चक्रमीशादौ कृत्तिकादिकम् ।
साभिजित्सव्यमालिख्यमष्टाविंशतितारकम् ॥ ६ ॥
कृत्तिकापित्र्यमैत्राख्यवसुभं च द्विदैवतम् ।
अहियाम्यश्रवोमैत्रं कोणभानि क्रमादिह ॥ ७ ॥
मध्ये रौद्रं करश्चापि अहिर्बुध्न्यं ततो भयम् ।
परस्परं वेधगतं स्तंभर्क्षं सैन्ययोर्द्वयोः ॥ ८ ॥
चातुरंगमिदं सैन्यं गजवाजिपदातयः ।
रथश्च चातुरंगानां राज्यमूलं चतुष्टयम् ॥ ९ ॥
अश्वादिसप्तनागानां वाजिनां पुष्यसप्तकम् ।
स्वात्यादिसप्तपत्तीनां रथानामभिजिदादिकम् ॥ १० ॥
वह्निभाच्छ्रवणे याम्ये वेधमाहुर्द्विदैवते ।
पित्र्यात्सार्पेऽच्युते याम्ये मैत्राद्धीशाद्वियाम्यभे ॥ ११ ॥
वासवादच्युते सार्पे द्विदैवे वेधमादिशेत् ।
एवं वेधेषु सर्वेषु सुधीर्वेधं विचारयेत् ।
यस्मिन्धिष्ण्ये ग्रहो योस्ति ततश्चिंत्योस्त्ववग्रहः ॥ १२ ॥
रवेर्वह्निक्षयः कालो धिष्ण्ये स्यादष्टमेऽष्टमे ।
शिवामृत्युकलिः सोमात्सर्पोऽसृक् घोरकः कुजात् ॥१३॥
सौम्याद्वायूल्वणः क्रोधो जीवात् स्याद्विकचः कचः ।
ब्रह्माथ भार्गवो दैत्यो ग्रहाद् ग्रह उपग्रहाः ॥१४॥
शनैश्चराच्चित्रगुप्तः काले केतुस्तथा यमः ।

राहोः क्रोधस्तथा शंखः कुलिकश्च तृतीयकः।
क्रमात्केतोस्तु त्रिशिखः शिखी स्याद् धूम्रकेतुकः॥ १५ ॥
रविर्यायी नृपो ज्ञेयः शनिः स्थानी महीपतिः।
रथी रथाधिपः सोमः केतुर्द्विरदनायकः ॥ १६ ॥
अश्वाध्यक्षः सुरगुरुः पदातीशो महीसुतः।
शनैश्चरः स्यंदनेशः सैंहिकेयो गजाधिपः ॥ १७ ॥
भार्गवस्तुरगाधीशः पदात्यधिपतिर्बुधः।
रविर्यायी नृपो यस्तु राज्यं ग्रहीतुमागतः ॥ १८ ॥
चंद्रः शनिरथाधीशौ राहुकेतू गजाधिपौ।
भौमचंद्रौ पदातीशौ गुरुशुक्रौ हयाधिपौ ॥ १९ ॥
चरलग्ने चरांशे च शीघ्रगो बलसंयुतः।
सेनां भित्त्वागतौ खेटः शत्रुमार्गगवेषया ॥ २० ॥

श्रुतमिति। स्पष्टम्। रवेरिति। रवेः सकाशात् रविस्थितनक्षत्रादष्टमेऽष्टमे नक्षत्रे वह्न्यादिकं तिष्ठति। यथा रवेः अष्टमे नक्षत्रे वह्निः, वह्नेरष्टमे क्षयः, क्षयादष्टमे कालः। ततः अष्टमे धिष्ण्ये नक्षत्रे शिवा ततः मृत्युः ततोऽष्टमे भे कलिरिति रवेरुपग्रहाः एवं चन्द्रादीनामुपग्रहाणां स्थितिर्ज्ञेया। रविर्यायीति। स्वदेशसीमामुल्लङ्घ्य यो रणार्थं याति स यायी राजा तस्याधिपतिः रविः अर्थात् रविबलेन यायिबलम्। एवं गढाधिपः स्थायी नृपः शनिः तस्याधिपतिः शनिबलेन गढाधिपबलम्। शेषं स्पष्टम्। यदि शीघ्रगः ग्रहो बलसंयुतः चरलग्ने चरांशे स्थितस्तदासौ यदंगाधिपतिः स सेनांगः शत्रोर्मार्गगवेषया गमिष्यति। चेत्स शीघ्रगो सबलस्तदा शत्रुसेनां भित्त्वा आगमिष्यति॥ १–२०॥

पार्वती जी ने भैरव से कहा—हे देव! मैंने सभी युद्ध-शास्त्रों को अनेक बार सुन चुकी अब विशेषकर चातुरंग सेना का विशेष वर्णन कीजिये। भैरवजी ने कहा—हे देवि! सुनो ब्रह्मयामल में कहे हुए सार का भी सार पदार्थ अद्भुत रहस्य को मैं कह रहा हूँ। जिसके जान लेने ही से दैवज्ञ यश को प्राप्त करते हैं। जिसके मंडल में वह स्थित होता है उउ राजाओं की विजय होती है। वह दैवज्ञ राजाओं से दान-मान-द्रव्यादि से पूजनीय होता है। हे देवि वह मेरे सदृश हो जाता है। ऐसे आचार्य से अपनी सेना के लिये आठ प्रकार की शान्तियां पौष्टिक शान्तियां और रक्षामंत्र तथा मृत्युञ्जय जपादि को करावे। सप्त शलाका चक्र बनाकर उसमें ईशानादि क्रम से कृत्तिका से आरम्भ कर अभिजित के सहित २८ नक्षत्र सव्य मार्ग से लिखकर। कृत्तिका,

मघा, अनुराधा, धनिष्ठा, विशाखा, श्लेषा, भरणी, श्रवण और अनुराधा ये कोण के नक्षत्र हैं। मध्य में आर्द्रा, हस्त, उत्तराभाद्रपद, पूर्वाभाद्रपद ये दोनों सेनाओं के स्तम्भ के नक्षत्र हैं। हाथी, घोड़ा, पैदल, रथ यही चातुरंग सेना है और राज्य का मूल है। अश्विनी से सात नक्षत्र हाथियों का, पुष्य से सात नक्षत्र घोड़ों का, स्वाती से सात नक्षत्र पैदल सैनिकों का और अभिजित् से सात नक्षत्र रथों का है। कृत्तिका से श्रवण का, भरणी और विशाखा का, मघा से श्लेषा का, श्रवण भरणी का, अनुराधा विशाखा, श्लेषा और भरणी का, धनिष्ठा श्रवण का, श्लेषा विशाखा का, वेध होता है। ऐसे वेधों में सभी वेधों का विचार करे। जिस नक्षत्र में जो ग्रह हो उससे अवग्रह का विचार करे। रविनक्षत्र से आठवें नक्षत्र पर अग्नि नामक रवि का अवग्रह होता है, इससे आठवें पर क्षय नाम का, इससे ८ वें पर काल नाम का, इससे आठवें शिवा, इससे आठवें मृत्युनामक इससे आठवें कलि नाम का सूर्य का उपग्रह होता है, इस प्रकार से सूर्य के अग्नि, क्षय, काल, शिवा, मृत्यु, कलि, ये ६ ग्रह अवग्रह होते हैं। इसी प्रकार चन्द्रमा से सर्प और असृक् भौम से घोरक नाम का। बुध से वायु, उल्बण क्रोध नाम के, गुरु से विकच और कच, ब्रह्मा, शुक्र से दैत्य, ग्रह और उपग्रह। शनैश्चर से चित्रगुप्त, कालकेतु और यम, राहु का शेष, शंख और कुलिक और केतु से त्रिशिखी, शिखी, धूमकेतु ये उपग्रह होते हैं। सूर्य यायी राजा का स्वामी और शनि स्थायी राजा का स्वामी होता है। रथी और रथ का स्वामी चन्द्रमा, हाथियों का स्वामी केतु है। घोड़ों का स्वामी गुरु, पैदल सेना का स्वामी भौम है, शनि रथ का स्वामी, हाथियों का स्वामी केतु होता है। शुक्र घोड़ों का स्वामी, पैदलों का स्वामी बुध होता है। रवि यायी नृप का अर्थात् जो राज्य लेने आया है उसका स्वामी होता है। चन्द्रमा और शनि रथ के स्वामी, राहु-केतु हाथियों के स्वामी, भौम-चन्द्र पैदल सेना के स्वामी, गुरु शुक्र घोड़ों के स्वामी होते हैं। यदि कोई शीघ्र गति ग्रह चर लग्न और चरांश में हो तो वह ग्रह जिस विभाग का स्वामी है उस विभाग की सेना शत्रु के मार्ग का पता लगाने जाती है। यदि वह ग्रह बली हो तो शत्रु सेना का भेदन करके वह लौट आती है ॥ १-२० ॥

वक्रमंदगताः खेटा नाशयंति तदा चमूम् ।
अस्तगाः शत्रुगेहस्था ग्रहा मृत्युप्रदायकाः ।
राहुशत्रुभिराक्रांतो रोधितो म्रियते रणे ॥ २१ ॥
स्थिरराशिगताः खेटाः स्थिरांशकगता अपि ।
स्थायिनो बलमापन्नं स्थिता जेष्यंति ते रिपून् ॥ २२ ॥
द्विस्वभावगता ये च द्विस्वभावांशके ग्रहाः ।
समयुद्धं भवेत्तत्र भूमिस्तस्य जयं वदेत् ॥ २३ ॥

चरराशौ स्थिरांशस्थौ धावंतं प्रतिधावति ।
मित्रदृष्टः समुदितो यो ग्रहः स जयी भवेत् ॥ २४ ॥
स्थिरलग्ने चरांशे यो धावेद्वीरः पराङ्मुखम् ।
द्विस्वभावे स्थिरांशस्थे स्थिरतामवगच्छति ॥ २५ ॥
स्थिरलग्ने द्विमूर्त्यंशे व्यावृत्तस्य भवेन्मृतिः ।
द्रेष्काणयोधतो मृत्युर्धारयेत्तं गतायुधम् ॥ २६ ॥
मित्रभे मित्रभावस्थे युक्तदृष्टेंशकोदये ।
बलवत्युदयेऽत्युच्चे नाथे विजयमादिशेत् ॥ २७ ॥
अत्यरिद्वेषियुग्दृष्टे नीचस्थेऽस्तंगते प्रिये ।
विबले मित्रदृग्धीने तस्य स्यात्संगरे वधः ॥ २८ ॥
जन्माभिषेकभे यस्य पापग्रहयुते यदि ।
तदा मृत्युमवाप्नोति संगरस्थो महीपतिः ॥ २९ ॥
सुरेज्यो भास्करः सोमश्चांद्रिर्वर्णाधिपाः क्रमात् ॥ ३० ॥

वक्रेति—वक्रगतिर्मंदगतिर्वा ग्रहः चमूम् न आरोहति । अन्वेषणाय परसैन्यं नाधिगच्छति । अस्तगता ग्रहाः शत्रुगेहस्था वा. ग्रहास्तदा मृत्युप्रदायकाः । राहुशत्रुभिराक्रान्तो राहुणा वा शत्रुभिराक्रांतो गमे गवेषणायां रोधितो म्रियते । यथा भौमः शीघ्रगो भूत्वा चरेलग्ने चरांशे स्थितस्तदा पदातिगः शत्रुगवेषया गच्छति । एवं गुरुः वक्रगतिमापन्नः स्थिरे लग्ने स्थिरांशे समवस्थितस्तदाऽश्वसेना शत्रुं प्रति गन्तुं नोत्सहते । एवं गुरुश्चेदस्तमितः शत्रुगृहणो वा तदाश्वसैन्यं मृत्युमाप्नोति । एवं भौमश्चेद्राह्वाक्रान्तः शत्रुभिर्वा आक्रान्तगस्तदा पदातिगः सेना शत्रुगवेषया म्रियते । एवमग्रेऽपि बोद्धव्यः । चरराशाविति । यो ग्रहश्चरराशौ स्थिरांश-स्थस्तदा तस्य सेनांगं धावंतं आगतं प्रति धावति । यथा राहुः गजाधीशः चरराशौ स्थिरांशस्थश्चेत्तदा हंतुमागतमपि तं गजारूढं प्रति धावति शेषं स्पष्टम् ॥ २१–३० ॥

जो ग्रह वक्री या मंदगति होता है उसकी सेना शत्रु की सेना के खोजने में नहीं जाती है। जो ग्रह अस्त हो या शत्रु के गृह में हो उसकी सेना मृत्यु को प्राप्त होती है। राहु अथवा अपने शत्रु से जो ग्रह आक्रांत हो उसकी सेना शत्रुमार्ग के खोजने में मर जाती है। जो ग्रह स्थिर राशि स्थिरांश में है तो उसकी सेना स्थायी राजा को बल देती है और वह स्थायी दूसरों को मार देता है। यदि ग्रह द्विस्वभाव-

राशि और उसी के अंश में हो तो युद्ध समान होती है और स्थायी विजयी होता है। यदि ग्रह चरराशि स्थिरांश में हो तो उसकी सेना चढ़ाई करती है तथापि अन्य उसके प्रति मारने को दौड़ते हैं। जो ग्रह मित्र से दृष्ट है और उदित है उसकी सेना विजयी होती है। स्थिरलग्न और चरांश में जो ग्रह है उसकी सेना युद्ध से पराङ्मुख के प्रति दौड़ती है। द्विस्वभावराशि स्थिरांश में जो ग्रह है उसकी सेना स्थिर होती है। जो ग्रह स्थिरलग्न द्विस्वभावांश में हो उसकी सेना शत्रु सेना को मारकर लौटती बार मृत्यु को प्राप्त होती है। युद्धकाल में ग्रह जिस द्रेष्काण में हो उसका अधिपति बली हो तो उसकी सेना युद्ध को करती है और बांधने से अस्त्र रहते हुए भी क्लीब हो जाती है। अर्थात् जिस द्रेष्काण में ग्रह हो वह यदि शत्रुगृह, नीच में हो तो उसकी सेना द्रेष्काण विशिष्ट पुरुष से बंधन को प्राप्त होती है। अंशनाथ मित्र की राशि में, मित्र भाव से युक्त दृष्ट हों और उदित हों और उस राशि को स्वामी उदित और बली हों तो विजय होती है। अति शत्रु से युक्त दृष्ट हों तथा नीच राशि में और अस्तंगत और निर्बल तथा मित्र की दृष्टि से रहित हों तो संग्राम में वध होता है। जिस राजा के जन्म का नक्षत्र और राज्याभिषेक का नक्षत्र पापग्रह से युत हो तो वह राजा युद्ध में मृत्यु को प्राप्त होता है। जिस वर्ण का राजा होता है उसका स्वामी गुरु। जिस वर्ण का मंत्री होता है उसका स्वामी सूर्य होता है, जिस वर्ण का सेनापति होता है उसका स्वामी चन्द्रमा होता है, जिस वर्ण का कोटाधीश होता है उसका स्वामी बुध होता है ॥ २१–३० ॥

वर्णपे नीचराशिस्थेऽस्तंगते शत्रुवीक्षिते ।
शत्रुगेहस्थिते क्रांते रणे मृत्युमवाप्नुयात् ॥ ३१ ॥
भौमराह्वार्किकेतूनामेतेषामप्युपग्रहाः ।
शूद्राद्यन्त्यस्थजातीनामधिपास्ते प्रकीर्तिताः ॥ ३२ ॥
अवनीशो दिनमणिस्तपस्वी रोहिणीप्रियः ।
स्वर्णकारस्तु भूपुत्रो ब्राह्मणो रोहिणीभवः ॥ ३३ ॥
श्रेष्ठी गुरुः कविर्वैश्यो वृषलः सूर्यनंदनः ।
सैंहिकेयो निषादश्च ध्वजिः केतुः स्मृतो बुधैः ॥ ३४ ॥
रविजाः क्षत्रवर्णाः स्युः सोमजा वैश्यजातयः ।
बुधजाता नष्टविप्रा भौमजा वह्निजीविनः ॥ ३५ ॥
बृहस्पत्युद्भवा विप्रा भृगुजाः कविगायकाः ।

शूद्रादयः केतुजाता निषादा राहुसंभवाः ।
अंत्यजाः शनिसंभूता मृतिं यांत्यधिपेऽस्तगे ॥ ३६ ॥
शीघ्रगाश्चरराशिस्था आरोहंत्यग्रतो रिपुम् ।
शीघ्रगाः स्थिरराशिस्थाः पश्चात्प्राप्तं प्रवर्तते ।
मंदगाः स्थिरराशिस्थाः पालयंति निजां चमूम् ॥ ३७ ॥
शनौ नीचगते पौरा रवौ नीचगतेऽध्वगाः ।
बंधनं शत्रुसंयुक्तं मृत्युः शत्रुनिरीक्षिते ।
सक्षतौ शत्रुसंयुक्तौ परयुक्तौ भयं नहि ॥ ३८ ॥
शीघ्रगा मित्रसंयुक्ताः शुक्रेणालोकिता यदि ।
तथा संधिं विजानीयात्सेनयोरुभयोरपि ॥ ३९ ॥
योषिदंशगते चंद्रे योषिद्ग्रहविलोकिते ।
योषिल्लग्नगते वापि तदा स्त्री सैन्यपालिका ॥ ४० ॥

वर्णपति अपनी नीच राशि में हो या अस्तंगत हो अथवा शत्रु से देखा जाता हो अथवा शत्रु के गृह में हो और शत्रु से आक्रान्त हो तो संग्राम में मृत्यु होती है। भौम राहु, शनि, केतु इनके भी उपग्रह होते हैं जोकि शूद्रादि जातियों के अधिपति होते हैं। सूर्य राजा, चन्द्रमा तपस्वी, भौम स्वर्णकार, चन्द्रमा ब्राह्मण। गुरु श्रेष्ठी, शुक्र वैश्य, शनि शूद्र, राहु निषाद और केतु ध्वजि होते हैं। सूर्य से उत्पन्न क्षत्रिय वर्ण, चन्द्रमा से उत्पन्न वैश्यजाति, बुध से उत्पन्न धर्मभ्रष्ट (नागर) और भौम से उत्पन्न अग्निजीवी (सोनार या लोहार आदि) होते हैं। गुरु से उत्पन्न ब्राह्मण और शुक्र से उत्पन्न कवि या गायक होते हैं। केतु से उत्पन्न शूद्रादि और राहु से उत्पन्न निषाद, शनि से उत्पन्न अंत्यज (चांडाल) जिस वर्ण के स्वामी अस्त हों उनकी मृत्यु कहना। शीघ्र गति ग्रह चरराशि में हो तो उसकी सेना आगे जाकर शत्रु को घेर लेती है। शीघ्रगति ग्रह स्थिर राशि में हो तो उसकी सेना पीछे से जाकर घेरती है। मंदगति स्थिर राशि में हो तो वह अपने ही सेना की रक्षा करता है। शनि नीच राशि में हो अथवा अस्त हो शत्रु से युक्त हो तो पुर में रहने वाला (स्थायी) बंधन को पाता है, रवि नीच राशि में हो तो (यायी) मार्ग स्थित बन्धन को प्राप्त होता है। और यदि शत्रु से देखा जाता हो तो मृत्यु होती है। शत्रु से युक्त हो तो क्षत होकर बन्धन को प्राप्त होता है। यदि शुभ ग्रह से युत हों तो अक्षत ही रहते हैं। शीघ्र गति ग्रह अपने मित्रग्रह से युक्त हो और शुक्र से

देखा जाता हो तो दोनों सेनाओं में संधि (सुलह) हो जाती है । यदि चन्द्रमा स्त्री के नवांश (समराशि) में हो और स्त्रीग्रह (शुक्र) से देखा जाता हो अथवा स्त्रीलग्न में बैठा हो तो स्त्री सेनानायक होती हैं ॥ ३१-४० ॥

ग्रहश्चोपग्रहो वापि बलवाञ्शत्रुवीक्षितः ।
सेनामुखे बली शूरो रेखाविद्धं हनिष्यति ।
तस्यैव दापयेद्दीक्षां जयाख्यां जयवर्द्धिनीम् ॥ ४१ ॥

वक्रगे मित्रसंदृष्टे वाममार्गान्निवर्तते ।
अतिचारे मित्रदृष्टे मध्यमार्गान्निवर्तते ॥ ४२ ॥

उच्चगो बलसंयुक्तः पुष्टो मित्रैर्विलोकितः ।
आगच्छेदक्षतो युद्धे निकृत्य परसैनिकम् ॥ ४३ ॥

अस्तगो दुर्बलः खेटः शत्रुग्रहनिरीक्षितः ।
तद्गृहांगं समाप्नोति शत्रुबंधनजं भयम् ॥ ४४ ॥

भौमादिभिः खड्गपातः शुक्रेज्याद्यैस्तु कुंतजः ।
सोमसूर्यादिभिर्बाणान्मंदाद्यैर्मुद्गरोद्भवः ॥ ४५ ॥

राह्वादिभिर्विषभयं केत्वाद्यैर्वचनाद्भयम् ।
बुधाद्यैः सर्वघातः स्यात्तत्रश्चोत्पातको बुधैः ॥ ४६ ॥

गुरुशुक्रौ यत्र संस्थौ तत्र स्थाने पराजयः ॥
तस्मात्तत्र प्रकुर्वीत स्वरज्ञैर्दृढरक्षणम् ॥ ४७ ॥

चक्राण्युक्त्वा सर्वतोभद्रमुख्या-
न्युर्वीशानां भंगहेतूनि दुर्गे ।
मुख्यं संख्ये दुर्गमध्येपि सैन्ये,
सेनानाथं वच्मि तत्तद्गुणांश्च ॥ ४८ ॥

यो बली स्याद्दशबलः षड्बली चेंदुना बली ।
सेनामुखे स कर्तव्यस्तद्बलादखिलं बलम् ॥ ४९ ॥

यज्जन्मभे चन्द्रदिवाकरौ स्तो यस्यास्तबालस्थविराः सुराःस्युः ।
स देवसेनाधिपविक्रमोपि कार्यो न सेनाधिपतिस्तदानीम् ॥५०॥

ग्रहश्चोपग्रह इति। ग्रहोपग्रहयोर्मध्ये यो बली शत्रुणा वीक्षितः तदंगे यो भटः सेनानायकः स रेखाविद्धं चातुरंगचक्रे यं ग्रहं वेधयति तदा तद्ग्रहांगोद्दिष्टसेनामध्ये हनिष्यति। तस्यैव जयाख्यां जयवर्द्धिनीं दीक्षां दापयेत्। अन्यत्सुगमम् ॥ ४१–५० ॥

ग्रह या उपग्रह दोनों में जो बलवान् शत्रु से दृष्ट हो तो उस ग्रह की जो सेना उसका जो सेना नायक और वह ग्रह जिस ग्रह को वेध करता हो उसके सेना को वह नष्ट करता है। उसी सेना-नायक को जय को बढ़ाने वाली जय नाम की दीक्षा देनी चाहिये। यदि ग्रह बली हो मित्र ग्रह से देखा जाता हो तो वाम मार्ग से सेनापति लौट आता है। अतिचार हो मित्रग्रह से देखा जाता हो तो शत्रु सेना का नाश कर बिना घाव आदि लगे ही लौट आता है। यदि ग्रह अस्त हो दुर्बल हो शत्रुग्रह से देखा जाता हो तो उस ग्रह की सेना से वह शत्रु द्वारा बन्धन को प्राप्त होता है। भौम आदि उपग्रहों से विद्ध हो तो खड्ग द्वारा, शुक्र गुरु से कुन्त (भाला) से, चन्द्र-सूर्यादि से बाण से, शनि आदि से मुद्गर से। राहु आदि से विष का भय केतु आदि से वचन से भय कहना बुधादि से सभी प्रकार के घात और उत्पात कहना। गुरु शुक्र जिस नक्षत्र में हों और वह नक्षत्र जिस स्थान में हो उस स्थान में स्थित योधाओं का अथवा उस स्थान का पराजय होता है इसलिये उस स्थान की दृढ़ रक्षा करनी चाहिये। इन सभी चक्रों को कहा है किन्तु मुख्य चक्र सर्वतोभद्रचक्र ही है जो कि राजाओं को दुर्ग विजय के हेतु है। मुख्य सेना में अथवा दुर्गमध्य में स्थित सेना के सेनानायक और उनके गुणों को कह रहा हूँ। जो ग्रह दशवर्गबल से बली हो और चन्द्रमा के षड्बल से बली हो वह ग्रह जिस वर्ण का हो उस वर्ण के मनुष्य को सेनापति बनाना चाहिये क्योंकि उसी के बली होने से सभी बलवान् होते हैं। जिसके जन्म नक्षत्र पर अथवा जन्म राशि पर चन्द्र और सूर्य हों, जिसका बाल, वृद्ध, मृत्यु स्वर अस्त हो उसे चाहे वह देवसेना के सेना नायक इन्द्र ही क्यों न हों उन्हें सेनापति नहीं बनाना चाहिये ॥ ४१–५० ॥

शिशुर्ज्वरी रोगयुतः सुरापो भीरुस्तथा भीरुकुलोद्भवश्च।
गुर्वार्यदेवद्विजनिंदको यः कार्यो न सेनाधिपतिः स भूपः ॥५१॥

सर्वतोभद्रचक्रादौ यस्य वेधो न विद्यते।
तं वीरं कल्पयेत्तत्र चातुरंगे महाहवे ॥ ५२ ॥

क्षेत्रनामाधिको वीरो रिपुनामाधिकस्तु यः।
तस्यैव दापयेद्दीक्षां जयाख्यां जयवर्द्धिनीम् ॥ ५३ ॥

उच्चभूम्युत्तमं क्षेत्रं समभूमिस्तु मध्यमम् ।
निम्नभूरधमं क्षेत्रं त्रयस्तत्राधिदेवताः ॥ ५४ ॥

उच्चभूम्यधिपो राहुः समभूमेर्दिवाकरः ।
निम्नभूमीश्वरश्चन्द्रो यथा क्षेत्रं तथा फलम् ।
आत्मसैन्यस्य देवेशि राहुक्षेत्रं प्रदापयेत् ॥ ५५ ॥

उभयोः सेनयोर्मध्ये यत्र रेखाऽरुणप्रभा ।
दृश्यते तत्र भंगोस्ति सत्यमेतन्न चान्यथा ॥ ५६ ॥

बलाकाहंससंकाशं यत्सैन्यमुपलक्षितम् ।
तद्गच्छति यमस्यास्यं न भूयः संनिवर्तते ॥ ५७ ॥

काककोकिलवर्णाभं सैन्यं स्यादतिदारुणम् ।
अदृश्यविग्रहैर्योधैः परसैन्यं निकृत्यते ॥ ५८ ॥

वीरा भीमोपमाः क्रुद्धा दृश्यन्ते नैव शत्रुभिः ।
भंगं कृत्वा क्षयं यान्ति सिंहा इव यथा मृगान् ॥ ५९ ॥

गुर्वार्यद्विजदेवपूजनरतिर्धर्मानुरक्तः शुचिः
स्वस्वामिन्यनुकूलवर्तिहृदयः शूरोथवंशोद्भवः ।
शूरः साहसिकोथ शस्त्रनिपुणः स्याच्छूरमान्यश्च यः ।
स नानारणहस्तिनां निगदितो जेता रणे विद्विषाम् ॥ ६० ॥

शिशु, ज्वरी, रोगी, मदिरा पीने वाले को, डरपोक को, भीरु कुल में उत्पन्न को, गुरु, देवी, देवता, ब्राह्मण के निंदक को राजा सेनाधिपति न बनावे। सर्वतो भद्रचक्र में जिसका वेध न होता हो उस वीर को चातुरंग युद्ध में सेनापति बनावे। जिस क्षेत्र में युद्ध होने वाला है उसका जो वर्ग इसका भक्षक जो वर्ग है वही क्षेत्र-नामाधिक वर्ग हुआ अतः इसी वर्ग का और शत्रु के नाम से अधिक जो वीर हो उसे सेनापति कल्पना कर उसे जयनाम की जयवर्धिनी दीक्षा देनी चाहिये। उच्चभूमि का उत्तम क्षेत्र, समान भूमि का मध्यम, निम्नभूमि का अधम क्षेत्र होता है और तीन इसके स्वामी होते हैं। उच्चभूमि का स्वामी राहु, समभूमि के सूर्य और निम्नभूमि के चन्द्रमा स्वामी होते हैं। जैसा क्षेत्र होता है वैसा ही फल

होता है। अपनी सेना के लिये राहु का क्षेत्र देना चाहिये। दोनों सेनाओं के मध्य में जहां लाल रंग की रेखा हो वहां अवश्य हानि होती है। वलाका (पक्षि विशेष), हंस के समान जो सेना दिखाई पड़ती हो वह अवश्य यम के मुख में जाती है। कौआ और कोकिल के वर्ण की सेना अत्यन्त दारुण होती है। वहां विना शत्रुता के ही शत्रुसेना का संहार होता है। कुछ भयंकर योधा जहां शत्रुओं को नहीं दिखाई पड़ते वहाँ वीर शत्रुओं का नाश कर लौट जाते हैं जैसे सिंहमृगों को मारकर लौट जाता है। जो शूरवीर गुरु, देवी, ब्राह्मण, देवता के पूजन में भक्ति रखनेवाला, धर्म में अनुरक्त, पवित्र, अपने स्वामी के अनुकूल चलनेवाला, शूरवंश में उत्पन्न हो, साहसी, शस्त्र में निपुण, शूरों से माननीय; जो ऐसा हो वह अनेक रण हाथियों के साथ शत्रुओं को रण में जीत लेता है ॥ ५१–६० ॥

यायिनः स्थायिनः खेटा वेधरेखागता यदि।
समसप्तगता वापि जायते दारुणो रणः।
केतुर्योधी सभृगुजः सिंहिकानन्दनः कुजः ॥ ६१ ॥
परस्परं सप्तमगाः क्रूरसौम्या यथाश्रयः।
वेधरेखागता वापी चन्द्रयोगेतिलोहदाः ॥ ६२ ॥
यद्दिशोऽभिमुखाः सर्वे शीघ्रगा यदि खेचराः।
विग्रहो जायते घोरस्तद्दिशास्थितभूभुजाम् ॥ ६३ ॥
शीघ्राः सर्वे ग्रहा राज्ञां विरोधः स्याद् बुधं विना।
यदा सर्वे वक्रगतास्तदा युद्धं सुदारुणम् ॥ ६४ ॥
यायिनः शीघ्रगाः सर्वे स्थायिनो वक्रगा यदि।
यायी विजयते तत्राऽन्यथा स्यात्स्थायिनो जयः ॥ ६५ ॥
उत्तरस्थाः स्थायिनश्चेद्यायिनो दक्षिणस्थिताः।
यायिनो विजयस्तत्र व्यस्ताः स्थायिजयप्रदाः ॥ ६६ ॥
कृत्तिका भरणी स्वाती नागवीथी प्रकीर्तिता।
रोहिण्याद्यास्त्रिभास्तिस्रो गजैरावतकर्षभाः ॥ ६७ ॥
स्थायिनो मंदगा राज्ञां तदा युद्धं न जायते।
पापा वक्राः शुभाः शीघ्रास्तदा युद्धं सुदारुणम् ॥ ६८ ॥

मन्दारेज्या वक्रगताः स्थायिनो विजयप्रदाः ।
शुक्रो वक्रो गुरुः शीघ्रः स्थायिनां मृत्युकारकः ।
विपरीतौ शुक्रगुरू यायिनां मृत्युकारकौ ॥ ६९ ॥
दूरादागच्छतो राज्ञां धिष्ण्ये धिष्ण्ये शतं वदेत् ।
शतांतरे तु दशकं योजनं तु दशांतरे ॥ ७० ॥

केतु, शुक्र, राहु और भौम ये यायी ग्रह हैं। शेष सूर्य, चन्द्र, बुध, गुरु, शनि ये स्थायी ग्रह हैं। यायी और स्थायी ग्रह सप्तशलाकात्मक चातुरंग चक्र में एक रेखा में हों किंवा द्वादशार चक्र में समसप्तक हों तो भीषण युद्ध होता है। क्रूरग्रह और शुभग्रह तथा इनके शत्रु परस्पर सप्तमस्थ होते हुए वेधरेखा में हों और चन्द्रमा का योग होता हो तो अत्यंत भीषण युद्ध होता है। जिस दिशा में शीघ्र गति ग्रह हों उस दिशा के सामने वाले राजा से घोर युद्ध होता है, जैसे कृत्तिकादि सातनक्षत्र पूर्व के हैं इन पर ग्रह हों तो पश्चिम दिशा स्थित राजा से महायुद्ध होता है। जिस समय सभी ग्रह शीघ्र गतिवाले होते हैं बुध को छोड़कर तो राजाओं में घोर विरोध होता है। जब सभी ग्रह भौमादि बली होते हैं तो भयंकर युद्ध होता है। यायी ग्रह शीघ्र गति हों और स्थायी ग्रह बली हों तो यायी की विजय इससे भिन्न स्थिति में स्थायी की विजय होती है। उत्तर वीथी में स्थायी ग्रह और दक्षिण वीथी में यायी ग्रह हों तो यायी राजा की विजय इससे विपरीत हो तो स्थायी की विजय होती है। कृत्तिका, भरणी, स्वाती इनकी नागवीथी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा इनकी गजवीथी, पुनर्वसु, पुष्य, श्लेषा इनकी ऐरावतवीथी होती है और ये तीनों उत्तर मार्ग में हैं। अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल इनकी मृगवीथी, हस्त, चित्रा, विशाखा की अजवीथी, पूर्वाषाढ, उत्तराषाढ की दहनवीथी होती है और तीनों वीथियां दक्षिण दिशा की हैं। जिस समय स्थायी ग्रह मंदगति हों (मंदभानौ चतुर्थंगे) उस समय राजाओं में युद्ध नहीं होता है। पाप ग्रह बली हों और शुभग्रह शीघ्रगति हों उस समय भीषण युद्ध होता है। शनि, भौम, गुरु बली हों तो स्थायी की विजय होती है। यदि शुक्र बली हों और गुरु शीघ्रगति हों तो स्थायी की मृत्यु होती है। इससे विपरीत हों तो यायी की मृत्यु होती है। चढ़ाई करने वाला राजा जिस नगर पर चढ़ाई करने को चला है—उसकी यात्रा के नक्षत्र से जितने संख्यक नक्षत्र के अन्तर पर शत्रु का नक्षत्र है उतने ही सौ योजन या कोश पर युद्ध होगा। शतांतर पर दश और जोड़ देना चाहिये ॥ ६१—७० ॥

शत्रुपक्षस्थितैः सौम्यैर्मार्गरोधकरो भवेत् ।
एकरेखागतौ शत्रुमृत्युदौ शत्रुतोऽध्वनि ॥ ७१ ॥

यत्र रेखागते मित्रे मार्गे मित्रस्य संगमः।
मित्राऽभ्यंतरगे शत्रौ मित्रत्वमुपजायते।
शत्रुमध्यगते मित्रे शत्रुत्वमुपजायते ॥ ७२ ॥
शत्रुवर्णाधिपे नीचे दुर्बलेऽस्तंगतेपि वा।
तथैव राष्ट्रपे नीचे राष्ट्रभंगो विचक्षणैः ॥ ७३ ॥
प्रथमहतः पुरुषश्चेदधोमुखो हंतुरभिमुखः पतति।
हंतुः पराजयः स्यादजयः पतिते तथोत्ताने ॥ ७४ ॥
छत्रं ध्वजो नरः शस्त्रं गजो वाजी च यच्छिराः।
निपतेत्तत्र यत्सेना विजयं प्राप्नुयाद् ध्रुवम् ॥ ७५ ॥
पौरः प्राक्परतो यायी रविराक्रंदसंज्ञकः।
मध्याह्ने रात्रिनाथश्च नित्यमाक्रंदसंज्ञकः ॥ ७६ ॥

इति चातुरंगम्।

शत्रु पक्षस्थित शुभग्रह मार्ग का अवरोध करते हैं। यदि एक रेखा में हों तो रास्ते में शत्रु से मृत्यु होती है। जहां एक रेखा में मित्रग्रह हों वहां मार्ग में मित्र से साथ होता है। मित्र के बीच में शत्रु हो तो वह भी मित्र हो जाता है। शत्रु के मध्य में मित्र हो तो वह भी शत्रु हो जाता है। शत्रु के वर्ण का स्वामी नीच और दुर्बल हो अस्त हो उसी प्रकार से राष्ट्रपति भी हों तो राष्ट्र का भंग होता है। युद्ध में प्रथम मरा हुआ पुरुष मारने वाले के सामने अधोमुख गिरता है उसका पराजय होता है केवल गिरे अथवा उत्तान ऊपर करे मुख करके गिरे तो विजय होती है। छत्र, पताका, मनुष्य, शस्त्र, हाथी, घोड़ा, शिर, जिस सेना के सामने गिरे उसकी विजय होती है। पूर्वाह्न समय में सूर्य पौर होता है, अपराह्न समय में यायी और मध्याह्न में आक्रन्द संज्ञक होता है। चन्द्रमा सर्वदा आक्रन्द संज्ञक होता है ॥ ७१-७६ ॥

इति चातुरंगसैन्यचक्रम्।

अथ गजचक्रम्

गजाकारं लिखेच्चक्रं सर्वावयवसंयुतम्।
अष्टाविंशतिऋक्षाणि देयानि सृष्टिमार्गतः ॥ १ ॥
मुखे शुंडाग्रनेत्रे च कर्णशीर्षांघ्रिपुच्छके।
द्विकं द्विकं च दातव्यं पृष्ठोदरे चतुश्चतुः ॥ २ ॥

गजनामादिभान्यादौ वदनाद्गण्यते बुधैः ।
यत्र ऋक्षे स्थितः सौरिर्ज्ञेयं तत्र शुभाशुभम् ॥ ३ ॥

मुखे शुंडाग्रनेत्रे च सौरिभं मस्तकोदरे ।
युद्धकाले गजे यस्य जयस्तस्य न संशयः ॥ ४ ॥

पादे पृष्ठे च पुच्छे च कर्णस्थे च शनैश्चरे ।
मृत्युर्भंगो रणे तस्य ऐरावतसमो यदि ॥ ५ ॥

एतेषु दुष्टगात्रेषु यत्काले संस्थितः शनिः ।
तत्काले पट्टबन्धश्च वर्जनीयः प्रयत्नतः ॥ ६ ॥

पृथिव्या भूषणं मेरुः शर्वर्या भूषणं शशी ।
नराणां भूषणं विद्या सैन्यानां भूषणं गजः ॥ ७ ॥


शरतोमरचक्राद्यैर्गजस्कन्धे हता नराः ।
तत्क्षणात्स्वर्गमायांति तस्मात्स्वर्गोपमा गजाः ॥ ८ ॥

नास्ति हस्तिसमो योद्धा नास्ति हस्तिसमः सखा ।
नास्ति हस्तिसमो बन्धुर्नास्ति हस्तिसमो रिपुः ॥ ९ ॥

इति गजचक्रम् ।

गजचक्रम्

हाथी का स्वरूप सभी अवयवों के साथ बनाकर उसमें २८ नक्षत्रों को सृष्टि मार्ग से देवें। मुख, शुंडाग्र, नेत्र में कान, शिर, चरण पोंछ में दो दो नक्षत्र और पीठ तथा पेट में ४ नक्षत्र को देवें। हाथी के नाम के नक्षत्र से मुख से आरम्भ २ नक्षत्रों का न्यास करे जहां जिस अंग पर शनि हो उससे शुभ अशुभ फल को जानें। यदि मुख, शुंडाग्र, नेत्र में अथवा मस्तक और पेट में शनि का नक्षत्र युद्धकाल में होतो उस राजा की विजय होती है। पैर, पीठ,



पोंछ और कान में शनि हों तो मृत्यु, और पराजय होती है चाहे वह ऐरावत के समान योधा हो तो भी। इन दुष्ट शरीर के अंगों में जब शनि हो उस समय राजा को पट्टबन्धन नहीं करना चाहिये। जिस प्रकार पृथ्वी का आभूषण मेरु है,

रात्रि का आभूषण चन्द्रमा, मनुष्यों का आभूषण विद्या उसी प्रकार सेना का आभूषण हाथी है। बाण, तोमर, चक्रादि हथियारों से हाथी के कंधे पर मरने वाला मनुष्य उसी क्षण स्वर्ग को जाता है इसलिये हाथी स्वर्ग के समान है। हाथी के समान योधा कोई नहीं है, हाथी के समान कोई मित्र नहीं है। हाथी के समान कोई बन्धु नहीं है और हाथी के समान कोई शत्रु भी नहीं है ॥ १–९ ॥

इति गजचक्रम् ।

अथाश्वचक्रम्


अश्वाकारं लिखेच्चक्रं अश्विन्यादितारकाः ।
वदनात्सृष्टिगा देया अष्टाविंशतिसंख्यया ॥ १ ॥
मुखाक्षिकर्णशीर्षेषु पुच्छांघ्रिषु युगं युगम् ।
पंच पश्चोदरे पृष्ठे सौरिर्यत्र फलं ततः ॥ २ ॥
मुखाक्ष्युदरशीर्षस्थो यदा सौरिस्तुरंगमे ।
तदारिभंगमायाति रणेऽन्यत्र पराजयः ॥ ३ ॥
कर्णांघ्रिपुच्छपृष्ठस्थो यदा यस्य हयस्य च ।
विभ्रमं भंगहानी च करोत्यश्वो महाहवे ॥ ४ ॥
एतत्स्थानगतः सौरिर्यदा काले हयस्य च ।
पट्टबन्धे गमे युद्धे वर्जयेत्तं हयं नृपः ॥ ५ ॥
देशांतरस्थितास्तस्य रिपवः संति शंकिताः ।
तुरगा यस्य भूपस्य विचरंति महीतले ॥ ६ ॥
मेदिनी तस्य यस्याश्वा इति वाक्यं विपश्चिताम् ।
सर्वाः श्रियो न राजन्ते विनाऽश्वेन महीभुजाम् ॥ ७ ॥

इति अश्वचक्रम्

अश्वाकारमिति । सृष्टिगानुक्रमगतानि शेषं स्पष्टम् । मुखाक्षिकर्णशीर्षेषु घोटक नाम नक्षत्रादिं कृत्वा मुखे २, अक्ष्णोर्द्वयं २, कर्णयोः २, शीर्षे च, पुच्छांघ्रिचरणेषु पुच्छे २ चतुश्चरणेषु द्वयं द्वयं, उदरे पृष्ठे च पंच पंच नक्षत्राणि लेखनीयानि । यत्र सौरिस्तस्मात्फलं वक्तव्यम् । मुखाक्षीति । मुखास्योदरशीर्षर्क्षे यदा शनिस्थितो युद्धकाले तदा तमारुह्य राजा जयं लभते शत्रून् जयति । अन्यत्स्पष्टम् ॥ १–७ ॥

अश्वचक्रम्

घोड़े के समान चक्र बनाकर उसमें घोड़े के नाम के नक्षत्र से मुख से आरम्भ कर नक्षत्र क्रम के अनुसार २८ नक्षत्रों को लिखे। मुख, आंख, कान, शिर, पोंछ, चारों पैरों में दो २ नक्षत्र और पांच २ पीठ और पेट में देवें। जहां शनि हो उससे फल का विचार करे। यदि घोड़े के मुख, आंख, पेट और शिर के नक्षत्र में शनि हो तो संग्राम में उस घोड़े पर चढ़कर युद्ध करने से राजा शत्रुओं को मार देता है। कान, पैर, पोंछ के नक्षत्रों में जिस घोड़े के शनि हो वह घोड़ा युद्ध में भ्रम,



हानि करता है। इन स्थानों में जब शनि हो तो राजा उस घोड़े को पट्टबंधन में, यात्रा में; युद्ध में त्याग कर दे। जिस राजा का घोड़ा पृथ्वी पर घूमता है उसके देशान्तर स्थित सभी शत्रु शंकित रहते हैं। जिसके पास घोड़ा है उसी की पृथ्वी है ऐसा वचन पंडितों का है। बिना घोड़े के राजा के सभी पदार्थ शोभायमान नहीं होते।

इति अश्वचक्रम्।

अथ शुद्धमुहूर्तविषये अश्वचक्रम्

अश्वानां कर्म कर्तव्यं स्वातौ तिष्ये पुनर्वसौ।
धनिष्ठाद्वितये हस्ते रेवतीरोहिणीद्वये ॥ १ ॥
सूर्यभात्स्थिरऋक्षेषु मुखे रामा यशस्तथा।
हृदये पञ्च लाभोयं पादे षष्ठश्च भंगदः ॥ २ ॥
पुच्छे वेदा महाहानिः पृष्ठेब्धिर्मृत्युरादिशेत्।
अश्वाकारं लिखेचक्रं पूर्वग्रंथानुसारतः।
स्कंधारभ्यमुखस्यांतं सूर्यभात्साभिजिन्न्यसेत् ॥ ३ ॥
पञ्चदश्ययमैर्वेदबाणादभ्रक्रमेण च।
जन्मनक्षत्रमारभ्य गण्यते चन्द्रभे विधिः।
नवभिस्तु हरेद्भागं शेषं वाहनमुच्यते ॥ ४ ॥

ग्रन्थान्तरे—

अश्वाकारं लिखेचक्रं साभिजिद्भानि विन्यसेत्।
स्कन्धे च सूर्यभात् पञ्च पृष्ठे च दशभं न्यसेत् ॥ ५ ॥

पुच्छे द्वौ दीयते प्राज्ञैश्चतुष्पादे चतुष्टयम् ।
उदरे पंच ऋक्षाणि मुखे द्वे तुरगस्य च ॥ ६ ॥
धनलाभो मुखे सङ्ग्रग् वाजिर्नश्यति चोदरे ।
चरणस्थे रणे भंगः पुच्छे पत्नी विनश्यति ॥ ७ ॥
अर्थलाभो भवेत्पृष्ठे स्कंधे स्कंधपतिर्भवेत् ।
रासभो रत्नहंता च वाजी रत्नप्रदो भवेत् ॥ ८ ॥
हस्ते लक्ष्मीजयौ दद्यान्मेषे च मरणप्रदः ।
जंबुकश्चायुषं हंति सिंहे वैरं च गर्जनम् ॥ ९ ॥
काके वार्ता कलिश्चैव शिखिहंसौ शुभावहौ ॥ १० ॥

इति स्वरोदये अश्वचक्रम्

घोड़ों के सभी कर्म स्वाती, पुष्य, पुनर्वसु, धनिष्ठा, शतभिषा, हस्त, रेवती, रोहिणी, मृगशिरा नक्षत्र में करना चाहिये। इसमें जिस समय अश्वकृत्य करना हो उस दिन के नक्षत्र को सूर्य के नक्षत्र से गिनकर अश्वमुख में ३ नक्षत्र की कल्पना करे इसमें कर्म करने से यश का लाभ, इसके बाद ५ नक्षत्र हृदय में कल्पना करे। इसमें कृत्य करने से लाभ पुनः ५ नक्षत्र उदर में कल्पना करें इसमें अश्वकृत्य करने से लाभ, पुनः ६ नक्षत्र पाद में कल्पना करें इसमें कार्य करने से कार्य की हानि, पुनः ५ नक्षत्र पोंछ में कल्पना करें इसमें कृत्य करने से मृत्यु होती है। पूर्व कहे अनुसार अश्व का आकार बनाकर फल का विचार करें। इसमें सूर्य के नक्षत्र से अभिजित् सहित अश्व के स्कंध से मुख पर्यन्त ५ अंगों में क्रमसे १५।२।२।४।५ नक्षत्र स्थापन करें। जन्म नक्षत्र से अंग के नक्षत्र तक गिन कर नौ से भाग देने से शेष वाहन होता है। एक अश्व के आकार का चक्र बनाकर उसमें अभिजित् के सहित नक्षत्रों का न्यास करें। सूर्य के नक्षत्र से ५ नक्षत्र स्कंध में, पुनः १० नक्षत्र पीठ में, पुनः २ नक्षत्र पोंछ में, ४ नक्षत्रः चारों पैरों में ५ नक्षत्र उदर में और इसके बाद २ नक्षत्र घोड़े के मुख में स्थापित करें। मुख के नक्षत्र में कृत्य करने से धन का लाभ। पेट के नक्षत्र में घोड़े की हानि। पैर के नक्षत्र में संग्राम में हानि, पोंछ के नक्षत्र में स्त्री की हानि, पीठ के नक्षत्र में धन का लाभ, स्कंध के नक्षत्र में स्कंध का स्वामित्व, होता है। यदि रासभ (गदहा) वाहन हो तो रत्न की हानि। घोड़ा वाहन हो तो रत्न का लाभ, हाथी वाहन हो तो लक्ष्मी और विजय, मेष (भेड़ा) वाहन हो तो मृत्यु, जंबुक (सियार) वाहन हो तो आयुष्य की हानि। सिंह वाहन हो तो वैर और गर्जन। काक वाहन हो तो झगड़ा और मयूर या हंस वाहनों से शुभ होता है ॥ १–१० ॥

अथ रथचक्रम्


रथचक्रं लिखेचादौ शकटाकृतिशोभनम् ।
रथाग्रे त्रित्रिशूलं च चतुश्चक्रं त्रिनाडिकम् ॥ १ ॥
भानुभं मध्यशूलाग्रे ततः सव्यगतानि तु ।
त्रीणि त्रीणि लिखेदेवं सप्तविंशतिसंख्यया ॥ २ ॥
महारथिकभं यत्र तत्र वक्ष्ये शुभाशुभम् ।
शृंगे मृत्युर्जयं चक्रे रथे संधिस्त्रिदंडके ॥ ३ ॥

इति रथचक्रम्

रथचक्रमिति । सुगमम् ॥ १-३ ॥

रथचक्रम्

गाड़ी के आकार का रथचक्र बनावें। रथ के आगे तीन त्रिशूल बनावें और चार पहिया (चक्के) हों; तीन रेखा से लगी हो अर्थात् गाड़ी से बैलों को जोतने के स्थान तक तीन लकड़ी लगी हो। सूर्य का नक्षत्र मध्य के शूलाग्र में रखना वहां से सव्य मार्ग से तीन-तीन नक्षत्र प्रत्येक स्थानों में रखना। इस प्रकार



२७ नक्षत्रों को रखना। जहां महारथी का नक्षत्र हो उससे शुभ-अशुभ फल को कहे। शूलाग्र में नक्षत्र हो तो विजय और तीन नाडियों में हो तो सन्धि होती है ॥ १-३ ॥

इति रथचक्रम् ।


अथ व्यूहचक्रम्

व्यूहचक्रं तथाष्टारं वृत्ताकारं त्रिनाडिकम् ।
दंडं चतुष्टयं बाह्ये कर्तव्यं च चतुर्दिशि ॥ १ ॥
पूर्वदंडाग्रतो न्यस्य भानुभाद्यं भमण्डलम् ।
प्रवेशे निर्गमे चैव त्रीणि त्रीणि प्रदक्षिणम् ॥ २ ॥
शशिसंज्ञाष्टकं मध्ये तद्बाह्ये भानुसंज्ञकम् ।
तृतीये राहुसंज्ञं च केतुर्दण्डचतुष्टये ॥ ३ ॥
चंद्रर्क्षे विजयं लाभः सूर्यांगे मध्यमं फलम् ।
राहुऋक्षाष्टके विघ्नं मृत्युः केतुचतुष्टये ॥ ४ ॥
एवमुक्तचतुःस्थाने यद्दिने यस्य नामभम् ।
तद्दिने तत्फलं तस्य सर्वकार्येषु सर्वदा ॥ ५ ॥

इति यामलीय-स्वरोदये व्यूहचक्रम्

व्यूहचक्रमिति । स्पष्टम् ॥ १–५ ॥

व्यूहचक्रम्



आठ रेखा से युक्त वृत्त के आकार का तीन नाड़ियों से युक्त चार दंड चारों दिशा में बाहर करना। पूर्व दिशा के दंडाग्र से सूर्य के नक्षत्र से नक्षत्रों को लिखना चाहिये। प्रवेश और निर्गम में ३ तीन २ नक्षत्र प्रदक्षिण क्रम से लिखे। मध्य

के ८ नक्षत्र चन्द्रसंज्ञक, उसके बाहर के ८ नक्षत्र सूर्यसंज्ञक हैं, तीसरे चक्र के ८ नक्षत्र राहुसंज्ञक और चारों दंड के ४ नक्षत्र केतुसंज्ञक हैं। चन्द्र के नक्षत्र में विजय और लाभ, सूर्य के नक्षत्र में मध्यम फल, राहु के ८ नक्षत्रों में विघ्न और केतु के नक्षत्रों में मृत्यु होती है। इस प्रकार चारों स्थानों में कहे हुये नक्षत्रों में जिस दिन जिसके नाम का नक्षत्र जहां हो उस दिन उस फल को सभी कार्यों में कहना ॥ १–५ ॥

इति व्यूहचक्रम् ।

अथ कुंतचक्रम्


कुंताकारं लिखेच्चक्रं मूलदंडशिखान्वितम् ।
दिनभादि समारभ्य कर्तव्यं नवकत्रयम् ॥ १ ॥
नामभं नवके यत्र तत्र ज्ञेयं शुभाशुभम् ।
मूले मृत्युर्जयं दंडे शेषर्क्षे तुल्यता रणे ॥ २ ॥
प्रभुभं यत्र नवके तत्र क्रूरैः फलं वदेत् ।
मूले मृत्युर्जयो दंडे शिखायां संगरो भवेत् ।
दंडयुद्धेषु सर्वेषु कुंतश्चिंतयेद् बुधः ॥ ३ ॥

इति कुंतचक्रम्

कुन्ताकारमिति । स्पष्टम् ॥ १–३ ॥

कुन्तचक्रम्

कुन्त (भाला) के आकार का एक चक्र मूल दंड और शिखा से युक्त बनाना ।



दिन के नक्षत्र से नौ-नौ नक्षत्र तीनों स्थानों में कल्पना करना। जहां जिस नवक में नाम का नक्षत्र हो उससे शुभ-अशुभ फल को कहे। मूल में हो तो विजय, दंड में हो तो विजय और शेष नवक में हो तो रण में समता होती है। स्वामी का नक्षत्र जिस नवक में हो उससे दंडयुद्ध में फल का विचार करे। मूल में हो तो मृत्यु, दंड में हो तो विजय, शिखा में हो तो संग्राम होता है ॥ १–३ ॥

इति कुन्तचक्रम् ।

अथ खड्गचक्रम्


खड्गचक्रं लिखेदादौ नवभेदसमन्वितम् ।
योधधिष्ण्यं समारभ्य त्रीणि त्रीणि लिखेद् बुधः ॥ १ ॥
यवं वज्रं तथा मुष्टिः पालिका बंधधारयोः ।
खड्गं तीक्ष्णं विजानीयान्नवांगानि विभेदतः ॥ २ ॥
यवादौ यत्र बंधान्ता जायंते क्रूरखेचराः ।
मृत्युर्भंगो भयं युद्धे सौम्यैर्लाभो जयस्तथा ॥ ३ ॥
खड्गे धाराद्वये तीक्ष्णे क्रूरैर्जयति संगरे ।
सौम्यैर्यत्र भवेद्भंगो मिश्रैर्मिश्रफलं ततः ॥ ४ ॥

इति खड्गचक्रम्

खड्गचक्रमिति । स्पष्टम् ॥ १–४ ॥

खड्गचक्रम्

नव अंगों से युक्त पहले खड्गचक्र को बनाकर योधा के नक्षत्र से तीन-तीन नक्षत्र लिखे । यव, वज्र, मुष्टि, पालिका, बंध, दो धार, खड्ग, तीक्ष्ण ये ही नव अंग हैं । यव से बंध पर्यन्त के नक्षत्रों में क्रूरग्रह हों तो मृत्यु, भंग और भय युद्ध में होता



है, शुभग्रह हों तो लाभ और जय होता है । खड्ग के दोनों धाराओं में तथा तीक्ष्ण अंग में क्रूरग्रह हों तो संग्राम में विजय, जहां शुभग्रह हों वहां हानि और मिश्रग्रह से मिश्रित फल कहना चाहिये ॥ १-४ ॥

इति खड्गचक्रम् ।

अथ छुरिकाचक्रम्


यथा खड्गं तथा विद्याच्छुरिकां तत्र निर्णयम् ।
क्रूरसौम्यविभागेन योधधिष्ण्यानि विन्यसेत् ॥ १ ॥

इति छुरिकाचक्रम्

यथेति । सुगमम् ॥ १ ॥

छुरिकाचक्रम्

जैसा खड्गचक्र में वैसा ही छुरिका में भी है। योद्धा के नक्षत्र से नक्षत्रों का न्यास कर क्रूर सौम्य के विभाग से फल को जाने ॥ १ ॥



इति छुरिकाचक्रम्।

अथ चापचक्रम्

चापचक्रं समालिख्य गुणबाणसमन्वितम्।
शशिनक्षत्रतो भानि त्रीणि त्रीणि समालिखेत् ॥ १ ॥
त्रीणि बाणस्य मूले तु मध्ये मूर्ध्नि क्रमात्तथा।
चापस्य मूलमध्योर्ध्वे त्रीणि त्रीणि तथा पुनः ॥ २ ॥
गुणे तु त्रीणि त्रीण्येव योधनक्षत्रतः फलम्।
शरमूले भवेन्मृत्युर्मध्ये व्याधिः फले जयः ॥ ३ ॥
गुणमध्ये भवेद्भंगश्चापमध्ये धनक्षयः।
चापोर्ध्वे विजयो ज्ञेयो गुणोर्ध्वे लाभसंयुतः ॥ ४ ॥
चापाधो विग्रहो मृत्युर्गुणाधोपि तथा फलम्।
पापग्रहयुते नेष्टं विशेषेण तु नान्यथा ॥ ५ ॥
सौम्ययोगे जयं लाभं चापचक्रे समादिशेत्।
शुभपापसमायोगे बलाधिकफलं स्फुटम् ॥ ६ ॥


इति चापचक्रम्

चापचक्रमिति—गुणबाणसमन्वितं चापचक्रं समालेख्यम्। शशिनक्षत्रतः त्रीणि त्रीणि भानि समालिखेत्। त्रीणीति। प्रथमतो बाणमूलाद्गणना बाणस्य मूले यत्र धनुर्गुणसंयोगस्तत्र त्रीणि नक्षत्राणि, बाणमध्ये त्रीणि उपरि फलाग्रे त्रीणि एवं बाणे नव नक्षत्राणि देयानि। एवं चापस्य मूले मध्ये ऊर्ध्वे च प्रत्येकं त्रीणि त्रीणि न्यसेत्। गुणे इति। एवं गुणे मौर्व्यां त्रीणि त्रीणि नक्षत्राणि लिखेत्। तत्र योधनक्षत्रस्थित्या फलम् भवति। अत्रेदमवधेयम्—बाणस्यादौ दिनर्क्षतः त्रीणि भानि तत्र योधनक्षत्रमवलोकयेत्। तदग्रे त्रीणि मध्ये तत्रापि योधनक्षत्रं वर्त्तते न वा ततोऽवसाने त्रीणि एवं नव भानि दिननक्षत्रतः ततो

दशमनक्षत्रात्त्रीणि त्रीणि कृत्वा धनुर्मूले मध्ये कोटौ च तत्र योधनक्षत्रं विचारयेत्। ततः एकोनविंशतिनक्षत्रात् मौर्वीमूले त्रीणि, मध्ये त्रीणि, अंते धनुर्लग्नमौर्व्यां त्रीणि तत्र योधनक्षत्रं विचारयेत्। शरमूले इति। दिनर्क्षतः त्रिषु-नक्षत्रेषु यदि योधर्भं तदा धनुषा न युद्धेत मृत्युभयात्। अन्यत् स्पष्टम् ॥१–३॥

चापचक्रम्

गुण (रज्जु) और वाण से युक्त धनुष चक्र को बनाकर उसमें ही चन्द्रमा के नक्षत्र (दिननक्षत्र) से तीन-तीन नक्षत्र लिखे। वाण के मूल में ३ नक्षत्र, मध्य में



३ नक्षत्र, और आखीर (वाण के नोक) में ३ नक्षत्र इस प्रकार नव नक्षत्र वाण में न्यास करे। दशम नक्षत्र से ३ नक्षत्र धनुष के मूल में, ३ नक्षत्र मध्य में और ३ नक्षत्र ऊर्ध्व भाग में न्यास करे। इसके वाद १९ वें नक्षत्र से तीन नक्षत्र मौर्विका के आदि में, पुनः ३ नक्षत्र मध्य में और ३ नक्षत्र ऊर्ध्व भाग में न्यास करे। इसके वाद देखना चाहिये कि योधा का नक्षत्र कहां किस अंग में है उससे फल को विचारे। वाण के मूल में योधा का नक्षत्र हो तो वाण युद्ध से योद्धा की मृत्यु होती है। मध्य में हो तो व्याधि और फलक में हो तो विजय होती है। इसी प्रकार रज्जु के मध्य में वा धनु के मध्य में हो तो धन का नाश, चाप के ऊर्ध्व भाग में हो तो विजय और रज्जु के ऊर्ध्व भाग में हो तो धन का लाभ होता है। धनुष या रज्जु के अधःभाग में हो तो विग्रह होता है। विशेष कर पापग्रह से युत नक्षत्र हो तो अशुभ फल होता है अन्यथा नहीं होता है। शुभग्रह के योग से विजय और लाभ होता है शुभ,पाप दोनों की युति हो तो जो वली हो उसका फल चापचक्र में कहना ॥ १–६ ॥

इति चापचक्रम्।

अथाग्निचक्रम्

अथातः संप्रवक्ष्यामि अग्निचक्रं वरानने।
होमे च शांतिके चैव चिंतनीयं प्रयत्नतः ॥ १ ॥
सैका तिथिर्वारयुता कृताप्ता शेषे गुणेऽभ्रे भुवि वह्निवासः।
सौख्याय होमे शशियुग्मशेषे प्राणार्थनाशौ दिवि भूतले च ॥२॥
त्रीणि त्रीणि भवेदृक्षे सूर्यर्क्षेष्वनुक्रमात्।
आदित्ये च भवेच्छोकं बुधे चैव श्रिया सुखम् ॥ ३ ॥

शुक्रे चैवार्थलाभश्च शनौ पीडा न संशयः।
चन्द्रे लाभं विजानीयाद्भौमे च निधनं भवेत् ॥ ४ ॥
गुरौ चैवार्थलाभश्च राहौ हानिश्च निश्चितम्।
केतौ चैव भवेन्मृत्युरग्निचक्रं वरानने ॥ ५ ॥
रविभं दीयते पूर्वं गण्यते सृष्टिमार्गतः।
शुभाशुभफलं वक्ष्ये अग्निचक्रं सदा बुधैः ॥ ६ ॥

इत्यग्निचक्रम्

अग्निचक्र

अब मैं अग्निचक्र को कहता हूँ जिसे शांति के लिये किये हुये हवन में विचारना चाहिये। वर्तमान तिथि में १ जोड़ कर वार-संख्या को जोड़कर उसमें चार का भाग दे यदि ३ या ० शेष बचे तो अग्नि का वास भूमि में होता है उस दिन हवन करने से सुख होता है और एक, दो शेष बचे तो क्रम से आकाश और भूतल पर अग्नि-वास होता है उस दिन हवन करने से प्राण और धन का नाश होता है। सूर्य के नक्षत्र से तीन तीन नक्षत्र अभीष्ट दिन के नक्षत्र तक गिने उसमें पहले ३ नक्षत्र के स्वामी सूर्य हैं इसमें हवन करने से शोक, फिर ३ नक्षत्र बुध का इसमें हवन करने से लक्ष्मी और सुख का लाभ, फिर ३ नक्षत्र के स्वामी शुक्र हैं इसमें हवन करने से धन का लाभ, फिर ३ नक्षत्र शनि के हैं इसमें हवन करने से पीडा होती है, फिर ३ नक्षत्र चन्द्रमा के हैं इसमें हवन करने से लाभ, फिर ३ नक्षत्र भौम का है इसमें हवन करने से मृत्यु होती है। फिर २ नक्षत्र गुरु का है इसमें हवन करने से द्रव्य का लाभ, फिर ३ नक्षत्र राहु का है इसमें हवन करने से हानि, फिर तीन नक्षत्र केतु का है इसमें हवन करने से मृत्यु होती है। इस प्रकार सूर्य के नक्षत्र से सृष्टिमार्ग से अग्निचक्र द्वारा शुभ अशुभ फल कहा गया है ॥ १-६ ॥

इति अग्निचक्रम्

अथ शनिचक्रम्

शनिचक्रं नराकारं लिखित्वा सौरिभादितः।
नामऋक्षं भवेद्यत्र ज्ञेयं तत्र शुभाशुभम् ॥ १ ॥
मुखेकं दक्षदोस्तुर्यं षट्पादौ पंच हृत्करे।
वामे तुर्यं त्रयं शीर्षे नेत्रे गुह्ये द्विकं द्विकम् ॥ २ ॥
मुखे हानिर्जयो दक्षे भ्रमः पादे श्रियो हृदि।
वामे शीर्षे भयं राज्यं नेत्रे सौख्यं मृतिर्गुदे ॥ ३ ॥

तुर्याष्टद्वादशे पक्षे यदा विघ्नकरः शनिः।
तदा सौख्यं वपुःस्थाने हृच्छीर्षे नेत्रदक्षयोः ॥ ४ ॥
तृतीयैकादशे षष्ठे यदा सौख्यकरः शनिः।
तदा विघ्नं शरीरस्थे मुखगुह्यांघ्रिवामदोः ॥ ५ ॥
यस्य पीडाकरः सौरिस्तस्य चक्रमिदं स्फुटम्।
लिखित्वा कृष्णद्रव्येण तैलमध्ये क्षिपेद् बुधः ॥ ६ ॥
निक्षिप्य भूमिमध्यस्थे कृष्णपुष्पैः प्रपूजयेत्।
तुष्टिं याति न संदेहः पीडां मुक्त्वा शनैश्चरः ॥ ७ ॥
यथोक्तं यामले तंत्रे सूनोः सूर्यस्य पूजनम्।
यथोक्तविधिना सर्वं कर्तव्यं मंत्रपूजनम् ॥ ८ ॥
जपेत्प्रतिदिनं मंत्रं संख्ययाष्टोत्तरं शतम्।
पूजयित्वा विधानेन ततः शांतिं प्रयच्छति ॥ ९ ॥


इति शनिचक्रम्

शनिचक्रमिति। नराकारं शनिचक्रं लिखेत्। तत्र शन्यधिष्ठितनक्षत्रतः न्यासं कारयेत। यत्र भागे नामनक्षत्रं भवेत्तत्र शुभाशुभं फलं भवति। मुखैकमिति। तत्र मुखे एकं नक्षत्रं, ततो दक्षदोर्दक्षिणबाहौ चत्वारि नक्षत्राणि, पादौ चरणयोः त्रीणि त्रीणि एवं षट्, प्रथमं दक्षिणचरणे ततो वामचरणे, पंचहृत् पंचनक्षत्राणि हृदये इत्यर्थः। वामे करे वामहस्ते चतुष्टयं, शीर्षे शिरसि त्रयं, नेत्रे द्विकं, गुह्ये द्विकं एवं सर्वत्र नक्षत्रन्यासं कृत्वा फलं विचारयेत्। मुखे हानिरिति। मुखे नामनक्षत्रस्थिते हानिः, दक्षे हस्ते जयः। पादे भ्रमो भ्रमणम्। हृदि श्रीर्भवति वामे हस्ते भयम्। शीर्षे राज्यम्। नेत्रे सौख्यम्। गुदे मृतिः मरणम्। तुर्येति। यदा जन्मराशितः चतुर्थे द्वादशेऽष्टमे द्वितीये राशौ शनिः तदा चेच्छनिनक्षत्रतः नामनक्षत्रं हृच्छीर्षनेत्रदक्षभुजेषु पतति तदा चतुर्थाष्टमद्वादशद्वितीयस्थानजं शनिकृतं दुष्टफलं बाधित्वा शुभफलदायको भवति। तृतीयैकादश इति। एवं यदा जन्मराशितः तृतीयैकादशे षष्ठे शनिः सौख्यकरस्तस्मिन् समये शनिनक्षत्रतः नामनक्षत्रं चेन्मुखगुह्यांघ्रिवामदोर्मध्ये पतति तदा तृतीयैकादशादिशुभफलं बाधित्वा विघ्नमेव सर्वत्र ददाति ॥ १-६ ॥

शनिचक्रम्

मनुष्य के आकार का शनिचक्र बनाकर उसमें शनि के नक्षत्र से नक्षत्रों को लिखकर जहां नाम का नक्षत्र हो उससे शुभ-अशुभ फल का विचार करे। एक

नक्षत्र मुख में, दाहिने हाथ में ४ नक्षत्र, तीन २ नक्षत्र दोनों पैरों में, पांच नक्षत्र हृदय में, बायें हाथ में चार नक्षत्र, शिर में ३ नक्षत्र, नेत्र में २ नक्षत्र और गुह्य स्थान में २ नक्षत्र इस क्रम से लिखकर फल का विचार करे। मुख में नाम-नक्षत्र हो तो हानि, दाहिने हाथ में हो तो विजय। चरणों में हो तो भ्रमण, हृदय में लक्ष्मी का लाभ। बायें हाथ में भय। शिर में राज्यप्राप्ति। नेत्र में सुख और गुदा में हो तो मृत्यु होती है। जब शनि जन्म राशि से ४।८।१२।२ इन स्थानों में होता है तो अनिष्ट फल देने वाला होता है किन्तु यदि शनि चक्र में उस व्यक्ति के नाम का नक्षत्र हृदय, शिर, नेत्र और दाहिने हाथ में हो तो उक्त स्थान का अनिष्ट फल नहीं होता है। जब शनि जन्म राशि से ३।११।३ स्थानों में होता है तो शुभ फल देता है किन्तु शनिचक्र से यदि नाम-नक्षत्र मुख, चरण, वाम बाहु, चरण और गुह्य स्थान में हो तो अनिष्ट फल देता है। जिसको शनि पीडाकारक हो उसके लिये निम्नलिखित चक्र को स्थापित करे। शनि के रूप को काले पदार्थ से बनाकर तेल में रख कर भूमि में गाड़कर काले पुष्प से पूजन कर गाड़ देवे। ऐसा करने से शनि प्रसन्न हो जाता है और पीडा से मुक्त कर देता है। जैसा यामलतंत्र में शनि का पूजन लिखा है उसी प्रकार से मंत्र का जप-पूजन करना चाहिये। प्रतिदिन १०८ संख्यक मंत्र का जप एवं विधान से पूजन करने से शान्ति हो जाती है ॥ ९ ॥



इति शनिचक्रम्।

अथ सेवाचक्रम्

सेवाचक्रे सप्तशीर्षे सप्तपृष्ठे तथोदरे।
पादयोः सप्त ऋक्षाणि साभिजित्तत्र विन्यसेत् ॥ १ ॥
स्वामिभाद् भृत्यभं गण्यं भृत्यभात् स्वामिभं ततः।
निष्फलं पादपृष्ठस्थे सफलं मस्तकोदरे ॥ २ ॥


इति सेवाचक्रम्

सेवाचक्रे इति। नराकारे सेवाचक्रे सप्तऋक्षाणि मस्तके, सप्त पृष्ठे, तथोदरे सप्त तथा पादयोः सप्त। एवं शरीरचतुष्टये सदा सप्त कृत्वा अभिजिता सह अष्टाविंशतिभानि न्यसेत्। स्वामिभादिति। स्वामिभात्सेव्यनक्षत्रादिं कृत्वा भृत्यभं यावत् गण्यम्। एवं भृत्यनक्षत्रात्स्वामिभं यावद्गण्यम्। यदि सेव्यचिन्ता

तदा सेव्यनामनक्षत्रमुपक्रम्य लिखेत। यदि सेवकचिन्ता तदा सेवकनामनक्षत्रतो लिखेत्। निष्फलमिति। पादपृष्ठस्थनामनक्षत्रे निष्फलं प्रयोजनं न भवति। मस्तकोदरे नामनक्षत्रस्थिते सफलं प्रयोजनं भवति। अत्रेदमवधेयम्—स्वामिनक्षत्रादि–नरचक्रे यदि पृष्ठे पादनक्षत्रे भृत्यनामनक्षत्रं तदा भृत्येन स्वामिनः सेवा न कर्त्तव्या। यदि मस्तकोदरे नामभं तदा भृत्येन सेवा कर्त्तव्या। एवं भृत्यनामनक्षत्रात् स्वामिनामनक्षत्रं यदा पृष्ठपादयोः भवति तदा स सेवको न ग्राह्यः। मस्तकोदरस्थे स्वामिनामनक्षत्रे स्वामिना स स सेवको ग्राह्य इति ॥ १–२ ॥

सेवाचक्र

एक नराकार सेवाचक्र को बनाकर उसमें सात नक्षत्र मस्तक पर, सात पीठ पर, सात पेट में और सात पैर में अभिजित् के सहित २८ नक्षत्रों को लिखे। यदि स्वामी को सेवक की आवश्यकता हो तो स्वामी के नक्षत्र से सेवक के नाम–नक्षत्र तक गिनकर नक्षत्रों को लिखे अथवा सेवक को स्वामी की आवश्यकता हो तो सेवक के नक्षत्र से स्वामी के नक्षत्र तक गिनकर नक्षत्रों को रखे। यदि पैर और पीठ में नक्षत्र पड़े तो निष्फल होता है। और मस्तक तथा पेट में पड़े तो सफल होता है ॥ १–२ ॥



इति सेवाचक्रम्

अथ घातनरचक्रम्

नरचक्रं नराकारमष्टावयवसंयुतम्।
येन विज्ञानमात्रेण क्रियते घातनिर्णयः॥ १ ॥
मुखैकं मस्तके त्रीणि हस्ते पादे चतुश्चतुः।
हृदि पञ्च त्रिकं कण्ठे साभिजिद्भानि विन्यसेत्॥ २ ॥
कृत्वा योधभमादौ तु मुखे मस्तकवामके।
हस्तपादोदरग्रीवादक्षहस्तांघ्रि गण्यते॥ ३ ॥
यत्रांगे भानुभौमार्किराहवो धिष्ण्यसंस्थिताः।
तत्र घातं विजानीयाच्चन्द्रयोगे विशेषतः॥ ४ ॥
ग्रहभुक्तिप्रमाणेन नवांशकक्रमेण च।
प्रहारो जायते तत्र वक्रे द्विगुणसंख्यया॥ ५ ॥

निजभे त्वर्द्धघातं च पादोनं मित्रभे ग्रहे ।
उदासीने भवेत्सर्वं द्विगुणं शत्रुगे ग्रहे ॥ ६ ॥
द्विर्द्वादशे भानुचन्द्रौ त्रिरुद्रे शनिमंगलौ ।
शुक्रेंदुजे वेददृशौ पञ्चांके राहुवाक्पती ॥ ७ ॥
षडष्टके केतुशुक्रौ सप्तार्धे कंठतीक्ष्णगू ।
नृराशेर्लग्नतश्चैते ग्रहा घ्नंति रिपुं महत् ॥ ८ ॥
नाभिश्रोत्रमुखे चन्द्रः पृष्ठकोष्ठे बुधस्तनौ ।
भौमार्कौ दंडहृद्वंधे गुरूदरे गुदे भृगुः ॥ ९ ॥
बाहुकर्णे तथास्ये च स्वर्भानुः स्कन्धकर्णयोः ।
कालः करतले यस्य बाहुकक्षांधराभवः ॥ १० ॥
केतुर्दंडे त्रिधा हंति मुखे शीर्षोदरे रविः ।
क्षितिवर्णैर्युता वेधा ग्रहा घातस्य लक्षणम् ॥ ११ ॥
शत्रुभे मित्रघातेपि रिपुणा तस्य होरया ।
म्रियतेऽरिः स्वके लग्ने शत्रुघातेपि हन्यते ॥ १२ ॥
एकोऽप्यनेकघातांश्च करोति भूबलोज्झितः ।
भूबलस्थे भटे खेटाः स्थिता घातं न कुर्वते ॥ १३ ॥
यत्र यत्र स्थितो घातो यत्र यत्र स्थितो न हि ।
तत्फलं कथयिष्यामि ग्रहभूमिबलात्पुनः ॥ १४ ॥
क्रूरा घातं न कुर्वंति दक्षपृष्ठगता रणे ।
संमुखा वामगा एते योधांगे क्षतकारकाः ॥ १५ ॥
दक्षिणांगगताः क्रूराः सौम्या वामांगसंस्थिताः ।
शिरश्छेदे समुत्पन्ने भटो धावति सम्मुखम् ॥ १६ ॥
यस्य वामांगगाः क्रूराः सौम्या यस्य च दक्षिणे ।
तस्य भंगो रणे नूनं यदि शूरो महाभटः ॥ १७ ॥


इति घातनरचक्रम्

नरचक्रमिति । स्पष्टम् । कृत्वा इति । योधभं योधनामनक्षत्रम् आदौ कृत्वा कथितसंख्यया मुखादौ नक्षत्रन्यासं कुर्यात् । यथा देवदत्तनाम्नो योधस्य

रेवतीनामनक्षत्रं तदा मुखे रेवतीनक्षत्रं, ततस्त्रीणि अ० भ० कृ० मस्तके, ततो वामहस्ते चत्वारि (रो० मृ० आ० पुन०) ततो वामपादादौ नक्षत्राणि विन्यसेत्। यत्रांग इति। योधस्य यत्रांगे भानुभौमार्थिराहवो धिष्ण्यसंस्थितास्तत्रांगे घातमस्त्रप्रहारं जानीयात्। चन्द्रयोगे भौमादीनां मध्ये यश्चन्द्रेणैकनवांशगतो भवति स विशेषतो घातकृद्भवत्येव। शेषं स्पष्टम् ॥ १–१७ ॥

घातनरचक्रम्

नरचक्र आठ अवयवों से युक्त बनावे जिसके ज्ञान से घातादि का निर्णय होता है। मुख में एक नक्षत्र। मस्तक पर तीन। दोनों हाथ और दोनों पैर में चार-चार, हृदय में पांच, कंठ में तीन, अभिजित् के सहित लिखे। योधा के नामनक्षत्र से मुख में १,



मस्तक में ३, बायें हाथ में ४, बायें पैर में ४, पेट में ५, कंठे में ३, दाहिने हाथ में ४ और दाहिने पैर में ४ नक्षत्र रखे। जिस अंग के नक्षत्र में सूर्य, भौम, शनि, राहु स्थित हों उस अंग में योधा को घात होगा। किन्तु जिस नक्षत्र में उक्त ग्रह हैं उसी में चन्द्रमा भी हो तो विशेषकर घात होता है। घातकारक ग्रह जिस राशि पर है उसमें जितना नवांश भोग चुका है उतना ही गहरा घाव होगा। यदि ग्रह वक्री हो तो उसका दूना गहरा। यदि ग्रह अपने राशि में हो तो आधा, मित्र के गृह में हो तो चतुर्थांश न्यून समझे, गृह में हो तो पूरा, शत्रु के गृह में हो तो दूना घाव होता है। योधा के नामराशि और जन्मलग्न से २।१२ वें स्थान में सूर्य चन्द्रमा, ३।११ स्थान में शनि, भौम। शुक्र बुध ४।२ रे स्थान में, राहु, गुरु, ५।९ स्थान में। ६।८ वें स्थान में केतु शुक्र, और केतु सूर्य ७।८ स्थानों में हों तो बड़े शत्रु का नाश करते हैं। चन्द्रमा नाभि, कान, मुख में, बुध लग्न में हो तो पीठ में, भौम-सूर्य हों तो हृदय और कंधे में, गुरु पेट में, शुक्र गुदा में। राहु बाहु, कान, मुख में, शनि कंधा, कान और हाथ में, केतु बाहु, कटि में सूर्य शीर्ष और उदर में, भूमि के वर्ण से युत ग्रह घात के लक्षण होते हैं। यदि शत्रु की राशि में ग्रह हो तो मित्र के घात से भी मर जाता है और अपने ही लग्न में ग्रह हो तो शत्रु के घात से भी मर जाता है। एक भी ग्रह योधा के भूबल से ही रहित हो तो अनेक घात करता है। और भूबल से युक्त ग्रह हो तो घात नहीं करता है। ग्रहों के जहाँ-जहाँ रहने से घात होता है और जहाँ-जहाँ रहने से घात नहीं होता है उसे ग्रह के भूबल से युक्त होने पर कह रहा हूँ। यदि क्रूरग्रह दाहिने और पीछे संग्राम में हो तो घात नहीं होता है। यदि ये सामने और बायें हों तो योधा के अंग में घात करते हैं। दाहिने अंग में क्रूरग्रह हों और वाम अंग में शुभग्रह हों तो शिर कटने का समय उपस्थित होते ही योधा

सामने दौड़ता है। जिसके वामांग में चन्द्रग्रह और शुभग्रह दक्षिण हों तो उस योधा की हार निश्चय ही युद्ध में होती है चाहे वह महाशूर-वीर ही क्यों न हो ॥ १-१७ ॥

विशेष—यहाँ युद्धलग्न में जो ग्रह हो उसकी पूर्वदिशा, दूसरे, तीसरे में ईशान कोण। चौथे में उत्तर, पांचवें, छठे में वायव्य कोण। सातवें में पश्चिम, आठवें में नैर्ऋत्य कोण, दशम में दक्षिण और एकादश, द्वादश में अग्नि कोण समझना चाहिये।

इति घातनरचक्रम्

अथ डिंभचक्रम्


डिंभचक्रे न्यसेद्भानि भानुभाद्द्वित्रि मस्तके।
मुखे त्रीणि द्वयं स्कंधे एकैकं बाहुहस्तयोः ॥ १ ॥
पंच हृन्नाभिगुह्येषु एकैकं षट् च जानुनि।
चरणाभ्यां तथैकैकं जन्मभं यत्र तत्फलम् ॥ २ ॥
शीर्षस्थे छत्रलाभश्च वक्त्रे मिष्टान्नभोजनम्।
स्कंधे धनी च बाहुभ्यां स्थानभ्रष्टो भवेन्नरः ॥ ३ ॥
पाणिभ्यां तस्करो लक्ष्मीर्हृद्यल्पायुश्च नाभिभे।
गुह्ये कामी भ्रमो जानौ स्तोकजीवी च पादयोः ॥ ४ ॥

इति डिम्भचक्रम्

डिंभचक्रे इति। स्पष्टम् ॥ १-४ ॥

अथ डभिंचक्रम

डिंभचक्र में सूर्य के नक्षत्र से ३ नक्षत्र मस्तक पर, ३ नक्षत्र मुख में इसके बाद २ नक्षत्र कंधे पर, एक-एक नक्षत्र भुजा और हाथ में। पांच नक्षत्र हृदय में, नाभि और गुह्य स्थान में एक-एक नक्षत्र, ६ नक्षत्र जंघों में, चरणों में एक-एक नक्षत्र स्थापित करे। जहां जन्मनक्षत्र हो वहां से फल कहे। शिर में जन्म नक्षत्र हो तो राज्यलाभ, मुख में हो तो मिष्टान्न भोजन, कंधे में हो तो धनी, बाहुओं में हो तो स्थान से भ्रष्ट हो। दोनों हाथों में हो तो चोर, हृदय में हो तो लक्ष्मी का लाभ, नाभि में हो तो अल्पायु, गुह्यस्थान में हो तो कामी, जंघों में हो तो भ्रमण, दोनों पैरों में हो तो अल्पायु होता है ॥ १-४ ॥



इति डिम्भचक्रम्

अथ पक्षिचक्रम्

चञ्चुमस्तककण्ठेषु हृदयोदरपत्सु च ।
पक्षयोश्च त्रिकं चैव शशिभाद्विन्यसेद् बुधः ॥ १ ॥
चञ्चुस्थे नामभे मृत्युः शीर्षे कण्ठोदरे हृदि ।
विजयः क्षेमलाभश्च भंगदं पादपक्षयोः ॥ २ ॥

इति पक्षिचक्रम्

चंचुमस्तक इति । सुगमम् ॥ १–२ ॥

पक्षिचक्रम्

चन्द्रमा के नक्षत्र से पक्षी के चोंच, मस्तक, कंठ हृदय, पेट, पैर और दोनों पक्षों (पंखों) में तीन ३ नक्षत्र को देवै। यदि चोंच में नाम का नक्षत्र हो तो मृत्यु, शिर, कंठ, पेट, हृदय में हो तो विजय, कुशल और लाभ होता है, पैर और पक्ष में हो तो हानि होती है ॥ १–२ ॥



इति पक्षिचक्रम्

अथ वर्गचक्रम्

अगरुडः कमार्जारश्चः सिंहष्टः शुनीसुतः ।
तः सर्पो मूषकः पश्च यो मृगः शस्त्वजात्मजः ॥ १ ॥
वसु ८ भूत ५ रसा ६ वेदा ४ मुनि ७ चन्द्रा १ ग्नि ३ बाहवः ।
पूर्वादिक्रमतो ज्ञेया वर्गोपरि दिगष्टके ॥ २ ॥
नाम्नि वर्गादिवर्णानामङ्काः कार्याः पृथक्पृथक् ।
पिण्डिता वसुभिर्भक्ता शेषमायो ध्वजादिकः ॥ ३ ॥
शेषसंख्या ध्वजो धूमः सिंहश्वावृषरासभाः ।
गजध्वांक्षौ क्रमेणैव आया अष्टौ भवन्ति ते ॥ ४ ॥
ध्वांक्षश्वरासभवृषगजसिंहध्वजा नलाः ।
यथोत्तरबलाः सर्वे ज्ञातव्याः स्वरपारगैः ॥ ५ ॥

प्रभौ योधे पुरे देशे मित्रनारीगृहेषु च।
आयाधिके भवेल्लाभो न लाभो बलवर्जिते ॥ ६ ॥

इति वर्गचक्रम्

अगरुड । इति । स्पष्टम् ॥ ६ ॥

वर्गचक्रम्

अवर्ग के गरुड़, कवर्ग के मार्जार, चवर्ग के सिंह, टवर्ग के श्वान, तवर्ग के सर्प, पवर्ग के मूषक, यवर्ग के मृग और शवर्ग के भेड़ा ये स्वामी हैं। पूर्वादि दिशाओं के क्रम से आठों वर्गों के ८।५।६।४।७।१।३।२ ये ध्रुवांक हैं। नाम में वर्ण और स्वरों के ध्रुवांको को एकत्र कर आठ से भाग देने से शेष ध्वजादि आय होते हैं। ध्वज, धूम, सिंह, श्वान, वृष, रासभ, गज, ध्वांक्ष ये आठ आय हैं। ध्वांक्ष, श्वान, रसभ, वृष, गज, सिंह, ध्वज और धूम ये यथोत्तर बली हैं। प्रभु, योधा, पुर, देश, मित्र, स्त्री, गृह के विचार में जिसका आय अधिक हो उससे उसको लाभ होता है। जैसे देवदत्त को हरेराम से लाभ होगा या नहीं?

श० २ अज० ध्वांक्ष	अ० ८ गरूड़ ध्वज	क० ५ मार्जार धूम
य० ३ मृग गज		व० ६ सिंह सिंह
पा० १ मूषक रासभ	त० ७ सर्प वृष	ट० ४ श्वा श्वा

देवदत्त के क्रम से ७ + ३ + ७ + ७ + ७स्वरोंका + ३२ = ६३ इसमें ८ से भाग देने से शेष ७ बचा। इसी प्रकार हरेराम में क्रम से २ + ३ + ३ + १ स्वरों का + ३२ = ४१ इसमें आठ से भाग देने से शेष १ बचा अतः हरेराम को देवदत्त से लाभ होगा न कि देवदत्त को ॥ १-६ ॥

इति वर्गचक्रम्

अथ आयचक्रम्

ध्वजो धूमोथ सिंहः श्वा सौरभेयः खरो गजः।
ध्वांक्षश्चेति क्रमेणैव आया अष्टौ दिगष्टके ॥ १ ॥
प्रतिपदाद्युदोयन्ते तिथिभुक्तिप्रमाणतः।
अहोरात्रे पुनः सर्वे यामभुक्त्या भ्रमन्ति च ॥ २ ॥
आया वर्गाष्टके ज्ञेया दिगष्टकक्रमेण च।
स्वोदये मृत्युदं ज्ञेयं सर्वकार्येषु सर्वदा ॥ ३ ॥

ध्वजेति। स्पष्टम्। प्रतिपदेति। प्रतिपदादितिथौ तिथिभुक्तिप्रमाणतो

ध्वजादयो आया उदीयन्ते यथा प्रतिपदि ध्वजोदयः। द्वितीयायां धूमस्य। तृतीयायां सिंहस्य। चतुर्थ्यां शुनः। पंचम्यां वृषस्य। षष्ठ्यां खरस्य। अष्टम्यां ध्वांक्षस्य उदयोः एवं पुनरग्रेऽपि उद्यन्ति। तु पुनः सर्वे ध्वजादयोऽहोरात्रमध्ये-यामभुक्त्या भ्रमन्ति। यस्मिंस्तिथौ यस्योदयस्तमुपक्रम्याष्टप्रहरेऽष्टयासं प्रति-प्रहरं प्रत्येकस्योदयः। यथा प्रतिपदि प्रथमप्रहरे ध्वजः। द्वितीयप्रहरे धूम्रः। तृतीयप्रहरे सिंहः। चतुर्थप्रहरे श्वा। पञ्चमप्रहरे वृषः। षष्ठप्रहरे खरः। सप्तमप्रहरे गजः। अष्टमप्रहरे ध्वांक्षः उदेति। एवं द्वितीयायां प्रथम-प्रहरे धूम्रः। द्वितीयप्रहरे सिंहः। एवं क्रमेण सर्वास्वपि तिथिषु अनुस्म-रणीयम्॥ १-३॥

इत्यायचक्रम्

आठों दिशाओं में क्रम से ध्वज, धूम सिंह, श्वान, वृष, खर, गज और ध्वांक्ष ये आठ आय हैं। ये प्रतिपदादि तिथियों में क्रम से उदित होते हैं। और तिथि भोग के अनुसार अहोरात्र में उदित होते हैं। जैसे प्रतिपदा के प्रथम प्रहर में ध्वज, २ रे में धूम, ३ रे में सिंह, ४ वें में श्वान, ५ वें में वृष, ६ ठे में खर, ७ वें में गज और और आठवें प्रहर में ध्वांक्ष उदित होता है। एवं अन्य तिथियों में भी समझना। आठवर्ग जो आठों दिशा में हैं उसी के साथ आय भी हैं। जिस दिशा में आय उदित हो उसी दिशा में उसके वर्ग को भी उदित समझना। जिस दिशा में अपना वर्ग और आय उदित हो उस दिशा में अपने सभी कार्य न करें॥ १-३॥

ध्वांक्ष ८।३०	ध्वज १।९	धूम २।१०
गज ७।१५		सिंह ३।११
खर ६।१९	वृष ५।१३	स्वा ४।१२

इति इत्यायचक्रम्

अथ ग्रामचक्रम्

ग्रामनक्षत्रमारभ्य कर्तुर्नक्षत्रं गण्यते।
शिरः-पञ्चार्थलाभं च मुखे त्रीण्यर्थनाशनम्॥ १॥
बाणा हृदि धनं धान्यं द्वौ पादौ षड् दरिद्रता।
द्वौ गुह्ये भयं पीडा नाभौ चत्वारि सम्पदम्॥ २॥
पृष्ठैकं प्राणसन्देहो हस्ते चैकैकलाभदम्।
जन्मराशिस्थितो ग्रामस्त्रिषट्सप्तमगोपि वा॥ ३॥
सिद्धार्थाश्च विनश्यन्ति आपत्यं च दिनेदिने॥ ४॥

चतुर्थश्चाष्टमो यश्च द्वितीयो वा यदा भवेत् ।
तत्र चोत्पद्यते द्रव्यं यत्र चैवं विनिर्दिशेत् ॥ ५ ॥
पञ्चमो नवमो ग्रामो द्वादशैकादशो दशे ।
महालाभो भवेत्तस्य प्रभवेच्च चिरायुषम् ॥ ६ ॥
अन्यच्च ।
पञ्चमो नवमो ग्रामो दशमैकादशस्थितः ।
द्वितीये वसते नित्यं धनधान्यसमन्वितम् ॥ ७ ॥
चतुर्थश्चाष्टमो ग्रामो द्वादशोपि यदा भवेत् ।
तत्र चोपार्जितं द्रव्यं तत्रैवापि विनश्यति ॥ ८ ॥

इति ग्रामचक्रम्

ग्राम के नक्षत्र से गृहकर्त्ता के नक्षत्र तक गिन कर क्रम से पाँच नक्षत्र शिर में स्थापित करे उसमें यदि वासकर्त्ता का नक्षत्र हो तो धन का लाभ। इसके बाद तीन नक्षत्र मुख में स्थापित करे इसमें धन का नाश होता है। इसके बाद पाँच नक्षत्र हृदय में रखे। इसमें धन-धान्य का लाभ। दोनों पैरों में छ नक्षत्र स्थापित करे। इसमें वासकर्त्ता का नक्षत्र होने से दरिद्रता, इसके बाद दो नक्षत्र गुह्य स्थान में स्थापित करे। इसमें भय और पीड़ा होती है। इसके बाद चार नक्षत्र नाभि में स्थापित करे। इसमें सम्पत्ति का लाभ होता है। इसके बाद एक नक्षत्र पीठ में स्थापित करे। इसमें प्राण का संदेह होता है। इसके बाद दोनों हाथों में एक-एक नक्षत्र स्थापित करे। इसमें लाभ होता है। यदि जन्मराशि ही ग्राम की राशि हो अथवा २, ६।७ वीं राशि हो तो अपने अभीष्ट नाश हो जाते हैं और चंचलता दिन-दिन बढ़ती जाती है। यदि ग्राम की राशि ४।८।२ हो तो निरंतर द्रव्य का लाभ होता है। ५।९।१२।११।१० हो तो अत्यंत लाभ और आयुष्य की वृद्धि होती है। मतान्तर से—जन्मराशि से ५।९।१०।११।२ हो तो मनुष्य धन-धान्य से परिपूर्ण होकर वास करता है। यदि ४।८।१२ हो तो उत्पन्न किया हुआ द्रव्य वहीं नाश हो जाता है ॥ १-८ ॥

अथ पट्टचक्रम्

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि विवाहे शोधयेद्बुधः ।
रवितारादिगणयन्ते चन्द्रभादि च यो न्यसेत् ॥ १ ॥
त्रीणि त्रीणि क्रमेणैव फलं तस्य शुभाशुभम् ।
मध्ये मृत्युस्तथा लक्ष्मीरंघ्रिविघ्नं तथैव च ॥

सौभाग्यं विधवा वन्ध्या धनं पुत्रः क्रमेण च ॥ २ ॥

त्रिऋक्षमर्कादिकुलक्षयं च पूर्वार्धलक्ष्मीर्मृतिदुर्बलत्वम् ।
सौभाग्यवन्ध्या विधवा च नारी पुत्रप्रसूतिर्धनपट्टकाले ॥

इति विवाहपट्टचक्रम्

विवाह में पट्टचक्र को कह रहे हैं—सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रनक्षत्र तक गिने । क्रम से तीन-तीन नक्षत्रों का शुभ-अशुभफल होता है । शेष स्पष्ट ही है ॥ १–३ ॥


अथ विरंचिचक्रम्

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि सद्यः प्रत्ययकारकम् ।
विरंचिनाम-विख्यातं यत्सुरैरपि दुर्लभम् ॥ १ ॥
कृत्तिका चोत्तराफाल्गुन्युत्तराषाढपूर्वकम् ।
पंक्तियुक्त्या लिखेद्भानि क्रमेण नवकत्रये ॥ २ ॥
वेधोपि कर्णगस्तत्र कर्तव्यो नवकत्रये ।
क्रूरसौम्यग्रहैर्विद्धं ज्ञेयं तस्य शुभाशुभम् ॥ ३ ॥
जन्म सम्पद्विपत्क्षेमप्रत्यरिः साधको वधः ।
मैत्रातिमैत्रगास्तारा नवभेदा भवन्ति च ॥ ४ ॥
जन्मत्रयस्य वेधेन मृत्युः क्रूरग्रहेण च ।
जयं लाभं शुभैस्तत्र मिश्रैर्मिश्रफले विदुः ॥ ५ ॥
जन्मत्रये स्थितः सौरिः क्षेमभे राहुभूमिजौ ।
मित्रातिमित्रगे सूर्ये जायते वधबन्धनम् ॥ ६ ॥
जन्मत्रये यदा जीवः क्षेमभे बुधभार्गवौ ।
मित्रातिमित्रगे चन्द्रे जयं लाभं सुखानि च ॥ ७ ॥
त्रिपञ्चसप्ततारासु रोगोत्पत्तिर्यदा तदा ।
चिररोगो मृतिस्तासु क्रूरविद्धासु जायते ॥ ८ ॥

इति विरञ्चिचक्रम्

अथात इति । स्पष्टम् । जन्मत्रयस्येति । जन्मदशमैकोनविंशभम् एतज्जन्मत्रयं भं यदि क्रूरग्रहेण विद्धं तदा मृत्युवत् कष्टम् ।
अन्यत् स्पष्टम् ॥ १–८ ॥

विरंचि चक्र को कहता हूँ जो कि प्रसिद्ध और देवताओं को भी दुर्लभ है। कृत्तिका, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ को एक पंक्ति में लिखे। इसके बाद क्रम से नव २ नक्षत्र एक-एक पंक्ति में लिखे। तीनों नवक में तिरछे तिरछे वेध का विचार करना चाहिये। क्रूरग्रह तथा शुभग्रह के वेध से शुभ अशुभ फल को कहना। इनमें जन्म, संपत्, विपत्, क्षेम, प्रत्यरि, साधक, वध, मैत्र, अतिमैत्र ये नव तारायें होती हैं। तीनों आवृत्ति में जन्म की तारा अर्थात् जन्मनक्षत्र और उससे १० वें नक्षत्र में क्रूरग्रह हो तो मृत्यु के समान कष्ट, शुभग्रह हो तो विजय और लाभ, मिश्र ग्रह हों तो मिश्र फल कहना। तीनों आवृत्ति में जन्म की तारा में शनि हो, क्षेम तारा में राहु भौम हो, मित्र-अतिमित्र में सूर्य हों तो वध और बन्धन दोनों होता है। तीनों जन्म तारा में गुरु हो, क्षेमतारा में बुध शुक्र हों मित्र या अतिमित्र में चन्द्रमा होतो विजय लाभ और सुख होता है। यदि तीसरी, पांचवीं या सातवीं तारा में रोग उत्पन्न हो तो अधिक दिन तक रोग रहता है, यदि क्रूर ग्रह से वेध हो तो मृत्यु होती है ॥ १–८ ॥



इति विरंचिचक्रम्

अथ भास्वच्चक्रम्

रेखात्रयं त्रिशूलाभं तिर्यग्रेखासमन्वितम्।
एकैका कोणगा तत्र मध्याधो भानुभादितः ॥ १ ॥
लिखेत्सव्यक्रमेणैव चक्रे भास्वति तारकाः।
अधस्त्रये भवेन्मृत्युश्चतुर्भिः कोणगैः शुभम्।
द्वादशा मध्यमाः प्रोक्ता ऊर्ध्वगा भस्मकारकाः ॥ २ ॥

इति भास्वच्चक्रम्

त्रिशूल के समान तीन रेखा खड़ी और तीन तिरछी रेखा लिखे उसमें सूर्य के नक्षत्र से एक-एक नक्षत्रकोण में और शेष मध्य और ऊपर नीचे स्थापित करे। नीचे वाले नक्षत्र में मृत्यु—कोणवाले नक्षत्र में शुभफल, ऊपर वाले नक्षत्र में मध्यम फल और ऊपर वाले नक्षत्र में अभीष्ट फल होता है ॥ १–२ ॥


अथ श्येनचक्रम्

श्येनचक्रं समालिख्य पक्षिरूपं सुशोभनम्।
चंच्वग्रे भानुभं कृत्वा अष्टाविंशति विन्यसेत् ॥ १ ॥

ऋक्षैकं चञ्चुकोटिस्थं शीर्षे ग्रीवे त्रिकं त्रिकम् ।
पादपृष्ठे चतुष्कं च उदरे नव भानि च ॥ २ ॥
नामऋक्षं स्थितं यस्य चंचवग्रे वधबन्धनम् ।
लाभो हृच्छीर्षग्रीवासु विरुद्धं पादपृष्ठयोः ॥ ३ ॥

इति श्येनचक्रम्

पक्षि के आकार का श्येन चक्र को सुन्दर बनाकर सूर्य के नक्षत्र को चोंच के आगे लिखकर वहाँ से २८ नक्षत्रों को क्रम से लिखना। चोंच के आगे १ नक्षत्र इसके बाद शिर कंठ में तीन-तीन नक्षत्र, पैर पीठ में चार-चार नक्षत्र, पेट में ९ नक्षत्र। जिसके नाम का नक्षत्र चोंच के आगे हो उसका वध या बन्धन होता है। हृदय, शिर, ग्रीवा में हो तो लाभ, पैर और पीठ में हो तो विरुद्ध फल होता है ॥ १–३ ॥



इति श्येनचक्रम्

अथ संवत्सरचक्रम्


चक्रं सांवत्सरं वक्ष्ये यदुक्तं कोशलागमे ।
येन विज्ञायते सम्यग्वर्षे वर्षे शुभाशुभम् ॥ १ ॥
द्वादशारं लिखेच्चक्रं तत्र मेषादिराशयः ।
संस्थाप्याः क्रमयोगेन मीनान्ताः सव्यमार्गगाः ॥ २ ॥
तत्र चक्रं समालेख्यं मेषादिराशिमार्गतः ।
प्रभवाद्यब्दमेकैकं षष्टिः पञ्चप्रवर्तनैः ॥ ३ ॥
एवं राशौ स्थितं यत्र वत्सरं वर्तमानजम् ।
तद्राशिस्थं फलं वीक्ष्य यत्किंचिद्वार्षिकं मतम् ॥ ४ ॥
चैत्रे या प्रतिपच्छुक्ला तस्याः काले प्रवेशजे ।
एतद्विलोकयेच्चक्रं कालज्ञानविनिश्चितम् ॥ ५ ॥
तत्र सर्वान् ग्रहान्न्यस्य राशौ ये यत्र संस्थिताः ।
वर्षराशेर्विचिन्त्यास्ते रेखास्थानगता ग्रहाः ॥ ६ ॥

वर्षोपचयगाः क्रूराः सौम्याश्छिद्रान्त्यवर्जिताः ।
ग्रहा रेखाप्रदा ज्ञेया मितमध्यग्रहे स्थिताः ॥ ७ ॥
स्वर्क्षे द्विघ्नं फलं दत्ते स्वोच्चे त्रिघ्नं तथैव च ।
फलार्धं शत्रुगेहस्थो नीचस्थो निष्फली ग्रहः ॥ ८ ॥
एवं रेखाप्रमाणेन वर्षविंशोपका मताः ।
ज्ञातव्या दैशिकेन्द्रेण वर्षमध्ये प्रयत्नतः ॥ ९ ॥
एवं वर्षफलं प्रोक्तं चैत्रमासाद्यवासरात् ।
आषाढे कार्त्तिकेप्येवं जलं धान्यं विचिन्तयेत् ॥ १० ॥
तत्र देशे पुरे ग्रामे फलं भिन्नं प्रदृश्यते ।
तस्मात्तत्कारणं वच्मि येन जानाति साधकः ॥ ११ ॥
देशादिराशिनाथस्य यो रेखादायको ग्रहः ।
मित्रोदासीनशत्रुत्वे फलं भिन्नं करोति सः ॥ १२ ॥
मित्रं द्विघ्नं फलं दत्ते समः सौम्यं करोति सः ।
शत्रुः सर्वहरो ज्ञेयः सर्वदा कालचिन्तकैः ॥ १३ ॥
एवं विचार्य कर्तव्या कालविंशोपका बुधैः ।
यथा जलं यथा धान्यं स्वस्वकाले विचिन्तयेत् ॥ १४ ॥

इति संवत्सरचक्रम्

जो कोशलागम में संवत्सर चक्र कहा गया है उसे मैं कह रहा हूँ। जिससे प्रत्येक वर्ष में शुभ अशुभ जाना जाता है। १२ कोठे के चक्र लिखकर उसमें मेष से मीन पर्यन्त सव्य मार्ग क्रम से राशियों को लिखे। उस चक्र में मेषादि राशि मार्ग से प्रभव आदि संवत्सर को पाँच परिक्रमा में लिखे। इस प्रकार जिस राशि में वर्तमान संवत्सर हो उस राशि के वर्तमान फल को देखकर वार्षिक फल को कहे। चैत्रशुक्ल प्रतिपद को वर्ष प्रवेश समय इस चक्र से काल ज्ञान को करे। उस समय जो ग्रह जिस राशि पर हों उनको उस राशि पर लिखकर वर्ष की राशि से ग्रहों के फल का विचार करे। वर्ष राशि से उपचय स्थान ३।६।११ में क्रूरग्रह हों और ८।१२ को छोड़ कर शेष स्थान में शुभग्रह हों तो ग्रह रेखा प्रद होते हैं। यदि ग्रह अपने गृह में हो तो दूना, अपने उच्च में हो तो तिगुना, शत्रुगृह में हो तो आधा फल देता है। अपने नीच राशि में हो तो निष्फल होता है। इस प्रकार से रेखा से वर्ष का विंशोपक बल होता है। यह वर्ष का फल चैत्र मास के आदि दिन से कहा गया

है। एवं आषाढ़ और कार्तिक में जल धान्य की संख्या का विचार करना। इसमें देश, पुर, ग्राम में भिन्न-भिन्न फल होता है इसका कारण कह रहा हूँ। देशादि राशिनाथ के जो रेखाप्रद ग्रह हैं वे मित्र सम शत्रु आदि राशियों में होकर भिन्न फल



को देते हैं। मित्र दूना फल, समग्रह समान और शत्रुग्रह सभी फल का अपहरण कर लेता है। इस प्रकार से विचार कर कालविंशोपक करना। जिससे जल और धान्य अपने-अपने समय में विचारे जा सकें॥ १—१४॥

इति संवत्सरचक्रम्

अथ स्थानबलचक्रम्

स्थानचक्रं प्रवक्ष्यामि यदुक्तं लम्पटागमे।
येन विज्ञायते सम्यक् स्थाने स्थाने शुभाशुभम्॥ १॥
स्थानपीडाप्रभावेण राज्ञः पीडा प्रजायते।
तस्मादपीडिते स्थाने स्थातव्यं सर्वदा नृपैः॥ २॥
स्थाननामोद्भवं राशिं कृत्वादौ द्वादशारके।
राशिमण्डलकं न्यस्य वामभागेण संस्थितम्॥ ३॥
नव तत्र ग्रहाः स्थाप्या मासचन्द्रश्च राशिगः।
तेषां विलोकनं वीक्ष्य स्थानराशिगतं तथा॥ ४॥

तृतीयैकादशे पादं द्विपादे व्योमबन्धुगे।
त्रिकोणे त्र्यंघ्रि मूर्ध्न्यस्ते पूर्णं पश्यन्ति खेचराः ॥ ५ ॥
शन्यर्कराहुकेत्वाराः पञ्च क्रूरग्रहा मताः।
शेषं चतुष्टयं सौम्यं मासेन्दुश्चापि पञ्चमः ॥ ६ ॥
एवं पञ्च ग्रहाः क्रूराः पञ्च सौम्यास्तथैव च।
तेषां शुभाशुभां दृष्टिं कृत्वा स्थानबलं वदेत् ॥ ७ ॥
एकैकग्रहजा दृष्टिः पूर्णपादचतुष्टयम्।
पञ्चमे नवमे तेषां पादोना विंशतिर्भवेत् ॥ ८ ॥
तत्र विंशोपका ज्ञेयाः सौम्यक्रूरग्रहोद्भवाः।
एवं प्रसाधयेद्दृष्टिं शुभखेटैः शुभाशुभम् ॥ ९ ॥
बह्वी स्तोकोनिता शेषा जायन्ते दृक्शुभाशुभाः।
ते च विंशोपकास्तस्य स्थानस्य बलनिर्णये ॥ १० ॥
एवं देशे पुरे ग्रामे बलं यत्र शुभाधिकम्।
तत्र स्थाने स्थितो राजा दुष्टारिष्टैर्न पीड्यते ॥ ११ ॥
स्थानबलप्रभावेण स्वबलस्य बलोदयः।
शत्रुसैन्यं क्षयं याति यावत्स्थाने शुभे स्थितेः ॥ १२ ॥

इति स्थानबलचक्रम्

लंपटागम में कहे हुए स्थान चक्र को कह रहा हूँ जिससे प्रत्येक स्थान के शुभ अशुभ फल को जाना जाता है। स्थान के पीड़ा के प्रभाव से राजा को पीड़ा होती है। अतः बिना पीड़ा के स्थान में राजा को सर्वदा रहना चाहिये। पहले स्थान के नाम से राशि बनाकर उसी को लग्न मानकर १२ राशि चक्र में क्रम से अन्य राशियों को स्थापित करे। उसमें ९ ग्रहों को यथास्थान रख के और मासिक चन्द्र को उनके राशि में रख दे। उनके दृष्टियों को स्थान राशि पर देखे। तीसरे, ग्यारहें एक चरण, दशम-चतुर्थ में दो चरण, नवें-पाचवें में तीन चरण और लग्न-सप्तम में पूर्णदृष्टि से ग्रह देखते हैं। शनि, सूर्य, राहु, केतु और भौम ये पांच क्रूरग्रह हैं। शेष चार शुभग्रह हैं और मास चन्द्रमा भी शुभग्रह है। इस प्रकार ५ ग्रह क्रूर और ५ ही शुभग्रह हैं। इनकी शुभ अशुभ दृष्टियों को देखकर स्थानबल को कहे। एक-एक ग्रह की पाद, द्विपाद, त्रिपाद और पूर्णदृष्टि होती है इसके अनुसार विशोपक ले आना चाहिये। जैसे त्रिकोण में चतुर्थांश कम २० अर्थात् १५ विशोपक होता है। इस प्रकार शुभग्रह और पापग्रह

के विंशोपकों को ले आकर दो २ ग्रहों की दृष्टि के अनुसार शुभ अशुभ का निर्णय करे। जो अधिक या ऊन शुभाशुभ दृष्टि होती है, वही उनके विंशोपक होते हैं स्थान बल ले आने के लिये। अर्थात् प्रत्येक ग्रहों की दृष्टि जातकोक्त विधि से स्पष्ट कर लेवै जो आये वही विंशोपक होता है। इस प्रकार जिस देश, ग्राम, पुर में शुभाधिक हो उस स्थान पर रहने से राजा दुष्ट अरिष्टों (दुष्टों) से पीड़ा नहीं पाता है। स्थान बल के प्रभाव से अपने बल का उदय होता है। यदि शुभ स्थान में रहे तो शत्रु सेना नष्ट हो जाती है उस स्थान के बल प्रभाव से ॥ १–१२ ॥

इति स्थानबलचक्रम्

अथ चन्द्रशृङ्गोन्नतिचक्रम्

मीनमेषोदये चन्द्रः सततं दक्षिणोन्नतः।
उदगुन्नतशेषे स्यात् समस्तु वृषकुम्भयोः ॥ १ ॥
विड्वरः स्यात्समे चन्द्रे दुर्भिक्षं दक्षिणोन्नते।
ईतिरोगभयं शूले सुभिक्षं चोत्तरोन्नते ॥ २ ॥

मीन और मेष राशि पर चन्द्रमा शुक्लपक्ष के द्वितीया तिथि को हो तो निरन्तर दक्षिण शृंग उन्नत होता है। वृष और कुम्भ राशि में चन्द्र हो तो सम शृङ्ग होता है शेष राशियों पर उत्तर उन्नत शृङ्ग होता है। समशृङ्ग होता है। समशृङ्ग चन्द्रमा का हो तो विग्रह, दक्षिण शृङ्ग उन्नत हो तो दुर्भिक्ष, त्रिशूल के आकार का शृङ्ग हो तो टिड्डी आदि और रोग का भय होता है। उत्तर शृङ्ग उन्नत हो तो सुभिक्ष होता है ॥ १–२ ॥

नारदीयसंहितायाम्—

याम्यशृङ्गोन्नतश्चन्द्रः शुभदो मीनमेषयोः।
सौम्यशृङ्गोन्नतः श्रेष्ठो नृयुग्मकरयोस्सदा ॥ ३ ॥
समोक्षघटयोः कर्किचापयोः शरसन्निभः।
चापवत् कीटहर्योस्तु शूलवत् तौलिकन्ययोः ॥ ४ ॥
विपरीतोदितश्चेन्दुर्दुर्भिक्षकलहप्रदः।
यथोक्तोऽभ्युदितश्चन्द्रः प्रतिमासं सुभिक्षकृत् ॥ ५ ॥
आषाढद्वयमूलेन्द्रधिष्ण्यानां याम्यगः शशी।
अग्निप्रदग्धोपचरवनसर्पविनाशकृत् ॥ ६ ॥
विशाखामैत्रयोर्याम्यपार्श्वगः पापकृच्छशी।
मध्यमः पितृदैवत्यो द्विदैवतं शुभोत्तरे ॥ ७ ॥

अप्राप्य पौष्णभाद्दक्षषड्क्षाणि शशी शुभः ।
मध्यगो द्वादशाद्रीयामतीत्य नववासरान् ॥ ८ ॥
यमेन्द्रोहीशतोयेशभरुतश्चार्यतारकाः ।
ध्रुवादितिद्विदैवत्यमध्यमाश्च पराः समाः ॥ ९ ॥
याम्यशृङ्गोन्नतः श्रेष्ठः सौम्यशृङ्गोन्नतः शुभः ।
शुक्ले पिपीलिकाकारे हानिर्वृद्धिर्यथार्थकृत् ॥ १० ॥
सुभिक्षकृद्विशालेन्दुरविशालोऽर्थनाशनः ।
अधोमुखः शस्त्रभयं कलहो दण्डसन्निभे ॥ ११ ॥
कुजाद्यैर्निहते शृङ्गे मण्डले वा यथाक्रमात् ।
आयार्घवृष्टिनृपतिजनानां नाशकृच्छशी ॥ १२ ॥

इति शृंगोन्नतिचक्रम्

यदि मीन मेष राशि के चन्द्रमा हों और दक्षिण श्रृंग उन्नत हो तो शुभद होता है। मिथुन और मकर के चन्द्रमा में सौम्य श्रृंग हो तो शुभद होता है। वृष कुम्भ राशि के चन्द्र के श्रृङ्ग सम, कर्क धन राशि के चन्द्र के श्रृंग बाण सदृश, वृश्चिक धन राशि के चन्द्र का धनुष और कन्या तुला राशि के चन्द्र का शूल के समान श्रृंग होता है। इसके विपरीत यदि चन्द्र उदय हो तो दुर्भिक्ष और कलहकारक होता है। कहे हुये अनुसार यदि चन्द्र का उदय हो तो प्रत्येक मास में सुभिक्ष ही रहता है। पूर्वाषाढ़, उत्तराषाढ़, मूल, ज्येष्ठा का चन्द्रमा याम्यभाग का होता है। वह अग्निजीवी, वन, सर्प का नाश कारक होता है। विशाखा, अनुराधा का चन्द्र याम्यपार्श्व में होता है और पाप होता है। मघा का चन्द्र मध्य में और विशाखा का उत्तर में शुभ होता है। रेवती के पूर्व ६ नक्षत्र का चन्द्र शुभ, आर्द्रा को छोड़कर १२ नक्षत्र का चन्द्र नव दिन पर्यन्त मध्यम होता है। भरणी, ज्येष्ठा, श्लेषा, मघा, पूर्वाषाढ़, स्वाती, अश्विनी के चन्द्रमा मध्यम। ध्रुव संज्ञक, पुनर्वसु, विशाखा के मध्यम अन्य के सम होते हैं। दक्षिण श्रृंग के श्रेष्ठ और उत्तर श्रृंग के शुभद होते हैं। शुक्लपक्ष में चीटी के आकार के हों तो क्रम से हानि और वृद्धिकारक होते हैं। विशाल चन्द्रमा हो तो सुभिक्ष कारक और छोटा हो तो धननाश कारक होता है। अधोमुख हो तो शस्त्र का भय, दण्डाकार हो तो कलह कारक। भौमादि ग्रहों से पीड़ित श्रृंग का चन्द्रमंडल हो तो अन्नों के भाव, राजा आदि का नाश करने वाला चन्द्र होता है ॥ ३–१२ ॥

इति चन्द्रशृङ्गोन्नतिचक्रम्

एतानि सर्वचक्राणि ज्ञात्वा युद्धं समाचरेत् ।
जयेदिह न सन्देहः शक्रतुल्येपि वैरिणि ॥ १ ॥

इति चक्राध्याये चतुरशीतिचक्राणि समाप्तानि ।

इन सभी चक्रों को जानकर युद्ध को आरम्भ करे तो इन्द्र के समान शत्रु को भी जीत लेता है इसमें संदेह नहीं है ॥ १ ॥

इति चतुरशीतिचक्राणि

पञ्चावस्थास्वरूपं स्वरबलविमलं देहतत्त्वं प्रधानं
राशौभे वेधहृत्वं ग्रहवशफलदं स्थायियायिप्रधानम् ।
वर्गाद्याद्यैश्च वर्णैर्बलविधिसहितं मातृकाभेदरम्यं
भूपादीनां जयार्थे नरपतिरकरोच्चक्रबन्धप्रबन्धम् ॥ २ ॥

इति श्रीनरपतिजयचर्यायां यामलीयस्वरोदये चक्र-
बन्धाख्यस्तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

अथ भूबलाध्यायः

अथ वीरभूमिः

चतुष्कोणं चतुर्द्वारं वीरभूमिं लिखेद् बुधः।
वायव्याग्नेयकोणे तु रेखाया द्विदलान्वितम् ॥ १ ॥
बहुना वीक्ष्यमाणेन नात्र तेषां प्रयोजनम्।
कृत्तिकादि लिखेद्भानि सप्तसप्तक्रमेण च ॥ २ ॥
चतुर्दिक्मध्यनक्षत्रं द्वारं तत्र नियोजयेत्।
कोणे त्रयं त्रयं विद्याद्देया ऋक्षगता ग्रहाः ॥ ३ ॥
विचिन्त्य केतवः पञ्च यत्र यत्र व्यवस्थिताः।
पूर्वद्वारि शिवो याम्ये हस्तः पश्चाच्च वारुणम् ॥ ४ ॥
उत्तरद्वार्यहिर्बुध्न्यो मध्यस्तन्मचतुष्टयम्।
पूर्वादिदलमध्यस्थे मेषाद्राशीन्न्यसेत्क्रमात् ॥ ५ ॥
वर्गाष्टके क्रमाद्देयं नन्दाद्यास्तिथयस्तथा।
सिंहादिषट्कके क्षेत्रे भानोः कुम्भादिषड्विधौ ॥ ६ ॥
सूर्याचन्द्रमसोर्मध्ये कालसूत्रमुदाहृतम्।
आग्नेयाद्वातपर्यन्तं परिघाख्यं सदा भवेत् ॥ ७ ॥
शनिसूर्यदिने मध्ये कालः पूर्वदिशि स्थितः।
शुक्रेन्दु वाह्यतो याम्ये मध्ये जीवारपश्चिमे ॥ ८ ॥
बुधे बाह्योत्तरे कालः कालभेद उदाहृतः।
यामार्द्धं सूर्यदिवसे पूर्वे पश्चात्तु वायुगः ॥ ९ ॥
ततो दक्षिणमायाति ऐशान्यात्पश्चिमे ततः।
आग्नेय्यामुत्तरे भागे ततो नैर्ऋत्यगो रवेः ॥ १० ॥
चन्द्रे वाते कुजे याम्ये बुधे रौद्रे गुरौ परे।
दहने भार्गवे देयं शनिवारे तथोत्तरे ॥ ११ ॥

स्वाह्नि यामार्द्धया भुक्त्या स्वस्थानाद्रविवद्भ्रमः ।
कालकेतुश्च कालाग्निर्धूमकेतुः शिखी तथा ॥ १२ ॥
विनाशकश्च पञ्चैते विषमा ब्रह्मणः सुताः ।
तिथिभे नवभे चैव तृतीये कृतिभे तथा ।
त्रयोविंशतिभे चैव सूर्यभात्क्रमशः स्थितः ॥ १३ ॥

इति वीरभूमिः

चतुष्कोण चारद्वारों से युक्त वीर भूमि होती है इसमें वायव्य और अग्निकोण से एक रेखा की कल्पना करने से इसके दो भाग हो जाते हैं । कृत्तिकादि सात-सात नक्षत्र पूर्व आदि चारों दिशा में स्थापित करे इसमें भी मध्य नक्षत्र को द्वार में स्थापित करे । तीन-तीन नक्षत्रकोणों में पूर्वद्वार में आर्द्रा, दक्षिणद्वार में हस्त, पश्चिम में शतभिषा और उत्तरद्वार में उत्तराभाद्रपद का न्यास कर, पूर्वादि क्रम से मेषादि १२ राशि और अष्टवर्गों का न्यास करे और नंदादि तिथियों का न्यास करे फिर सिंह से मकर पर्यन्त ६ राशि सूर्य का क्षेत्र और कुम्भ से ६ राशि चन्द्र का क्षेत्र कल्पना करें । इसके मध्य में कालसूत्र की कल्पना करनी चाहिये । अग्निकोण से वायु कोण में लगा हुआ परिघ दंड की कल्पना करनी चाहिये । शनि और रवि को पूर्वदिशा में, शुक्र और चन्द्रवार को दक्षिणदिशा में, गुरु और भौमवार को पश्चिमदिशा में तथा बुधवार को उत्तरदिशा में काल रहता है । रविवार को यामार्ध मात्रा पूर्वदिशा पश्चिम से वायुकोण में, इसके बाद दक्षिणदिशा ईशान से पश्चिम में, फिर अग्निकोण से उत्तरदिशा और फिर नैर्ऋत्यकोण में जाता है । शेष स्पष्ट ही है ॥१-१३॥

अथ यात्रा

व्योमरामहता नाड्यो रामाब्धिविहृता तिथिः ।
तिथिस्तात्कालिकी ज्ञेया वर्तमानतिथिक्रमात् ॥ १ ॥
उदिते स्वल्पलाभः स्याद्भ्रमिते बहुलाभकृत् ।
भ्रामिते जयमाप्नोति सन्ध्याहानिरस्ते क्षयः ॥ २ ॥
तात्कालिकी तिथिर्यत्र तत्रोदयति योगिनी ।
सा सदा शुभदा वामे यात्राद्यूते रणाङ्गणे ॥ ३ ॥
इन्द्रोऽग्निरन्तको रक्षोऽम्मरुद्धनदशूलिनो ।

दिक्षु भ्रमति तत्काले गिरिजास्त्वाष्टसु तिथौ ॥ ४ ॥
रविः कुजो गुरुश्चान्द्रिः शुक्रसौरेन्दुराहवः ।
पूर्वाद्याः प्रहरार्धेन तुर्ये तुर्ये दिशि भ्रमः ॥ ५ ॥
शुक्रवारक्रमादह्नि रात्रौ व्यत्ययतो भ्रमः ।
कृष्णपक्षे गतिर्वामा जयदः पृष्ठदक्षिणे ॥ ६ ॥
यस्यैवं राहुमाप्नोति जयं विषमसङ्गरे ।
नैवात्र बलवान्कालो भूबलो नात्र योगिनी ॥ ७ ॥
एतस्य बलमाश्रित्य दुर्गभङ्गस्य वांछया ।
प्रस्थितः क्षणमात्रेण दुर्गं गृह्णाति दुर्जयम् ।
दुर्गस्था दुर्जया ये च न ते स्युः सम्मुखास्तदा ॥ ८ ॥
कालर्क्षतिथिभिर्घातो यत्र योधस्य वर्तते ।
प्रवेशं कारयेत्तत्र दिशि यस्यां शुभग्रहाः ॥ ९ ॥
दक्षपृष्ठगताः पापा क्षतदा न भवन्ति हि ।
सम्मुखं वामभागस्था भवन्ति क्षतदायकाः ॥ १० ॥
क्रूरास्तु दक्षिणे यस्य शोभना वामभागगाः ।
तदा शूरो भवेद्योधो विपरीते तु भङ्गदाः ॥ ११ ॥
स्वमित्रसमशत्रूणां गृहे पापास्तु घातदाः ।
अर्धपादोनसम्पूर्णद्विगिणं त्रिघ्नवक्रिभे ॥ १२ ॥

तिथि को ३० से गुणाकर १६३ से भाग देने से वर्तमान तिथि से तात्कालिक तिथि होती है। यदि तिथि उदित हो तो अल्पलाभ, भ्रमित हो तो बहुत लाभ, भ्रामित हो तो विजय, संध्या काल में हानि और अस्तकाल में नाश होता है। जहां तात्कालिक तिथि होती है वहीं योगिनी का उदय होता है, वह योगिनी यात्रा, जूआ और समर में वामभाग में शुभद होती है। इन्द्र, अग्नि, अतंक रक्ष, यम, मरुत्, धनद, शूलिनी ये आठ योगिनियों के नाम हैं जो तिथियों में भ्रमण करती हैं। सूर्य, भौम, गुरु, बुध, शुक्र, शनि, चन्द्र, राहु ये आठ ग्रह पूर्वादि दिशाओं में अर्धप्रहर के अनुसार चौथे चौथे दिशा में भ्रमण करते हैं। शुक्रवार से क्रम से दिन में और रात्रि में उलटे घूमते हैं। कृष्णपक्ष में इनकी वामगति होती है। ये पीछे और दाहिने शुभद होते हैं। जिन्हें ऐसे राहु की स्थिति प्राप्त होती है वे भीषण संग्राम में भी विजयी होते हैं। युद्ध में काल बली नहीं होता है, भूबल भी प्रधान नहीं होता है, योगिनी

का भी बल प्रधान नहीं होता है। केवल इसीके बल का सहारा लेकर किले के जीतने की इच्छा से यात्रा करने वाला क्षणमात्र में दुर्गम दुर्ग को जीत लेता है शेष स्पष्ट है ॥

चैत्राद्यस्त्रिगुणिता आसास्तिथिसंयुताः।
नवभक्ताः क्रमाज्ज्ञेया शेषा यात्रा नवैव तु ॥ १३ ॥
निष्फला राक्षसी चैव साधारणी च हारिणी।
तारणी कालयुक्ता च महाबलवती तथा ॥ १४ ॥
ऐन्द्री ऐरावती चेति क्रमात्तत्फलमुच्यते।
निष्फला कार्यहारिणी राक्षसी व्याधिदायिनी।
साधारणी सत्फलदा हारिणी मृत्युदायिनी ॥ १५ ॥
तारण्यां सफलं कार्यं कालयुक्ता च कालदा।
महाबलायां लभते राज्यमैन्द्री च हानिदा।
ऐरावती च सफला गतस्य सफला क्रिया ॥ १६ ॥

इति यात्रा

चैत्रादि मास को तिगुना कर वर्तमान तिथि को जोड़कर ९ से भाग देने से शेष नव प्रकार की यात्रा होती है, उनके नाम क्रम से निष्फला राक्षसी, साधारणी, हारिणी, तारणी, कालयुक्ता, महाबलवती, ऐंद्री, ऐरावती हैं। इसका फल निष्फला में कार्य का नाश, राक्षसी व्याधि को देने वाली, साधारणी श्रेष्ठफल को देने वाली, हारिणी मृत्यु को देने वाली, तारणी में कार्य सफल, कालयुक्त में काल की प्राप्ति। महाबला में राज्य का लाभ, ऐंद्री में हानि, ऐरावती में यात्रा करने से संपूर्ण कार्य की सिद्धि होती है ॥ १२–१६ ॥

अथ ओड्डीभूमिः


अथातः सम्प्रवक्ष्यामि भूबलानि समासतः।
चतुर्विधेपि संग्रामे येन स्याद्विजयी नृपः ॥ १ ॥
चैत्राद्या ईशवायव्ये रक्षोग्नीन्द्रधनाधिपे।
वारुण्यां दक्षिणे रुद्रवायुरक्षस्तथानिले ॥ २ ॥
उड्डीभूमिरियं ख्याता प्रोक्ता या ब्रह्मयामले।
चतुर्विधेपि संग्रामे जयदा पृष्ठदक्षिणे ॥ ३ ॥

इति ओड्डीभूमिः

अथेति। अथानेकचक्रकथनानंतरम् समासतः संक्षेपतः भूबलानि संप्रव-

दयामि। यत्र भूबलोज्झितः चतुर्विधोऽपि हस्त्यश्वरथपदातिप्रधानोऽपि संग्रामे विजयी न भवति। चैत्राद्या इति। ईशे ऐशान्यां, वायव्ये, रक्षसि नैऋत्यां, आग्नेयां अग्निकोणे, इन्द्रे पूर्वदिशि, धनाधिपे उत्तरदिशि, वारुण्यां पश्चिम दिशि, दक्षिणे दक्षिणदिशि, ईशान्यवायव्यनैऋत्याग्निकोणे चैत्राद्याः चैत्रोपक्रम्य मासा ज्ञातव्याः। उड्डीति। सा इयं भूमिः उड्डीभूमिः प्रोक्ता कथिताः। या ब्रह्मयामले ख्याता प्रसिद्धा। सा भूमिः चतुर्विधहस्त्यश्वरथपदातिप्रधाने संग्रामे पृष्ठे दक्षिणे जयदा भवति। अथमर्थः। चैत्रे मासे भूमिरैशान्यां तन्मासे युद्धप्रसंगे सा दिक् पृष्ठस्था वा दक्षिणभागस्था कार्या जयो भवति। एवमग्रे ऽपि बोध्यम् ॥ १–३ ॥

अब मैं संक्षेप से भूबल को कहूँगा। जिसको जानकर चारों प्रकार के संग्राम में विजय होती है। चैत्रादि मास क्रम से ईशान, वायव्य, नैऋत्य, अग्नि, पूर्व, उत्तर, पश्चिम, दक्षिण, ईशान, वायव्य, नैऋत्य, अग्निकोण में क्रम से न्यास करें। इसे उड्डीभूमि कहते हैं जो कि ब्रह्मयामल में प्रसिद्ध है। चारों प्रकार के संग्राम में पीछे और दक्षिण भाग में इसे करके युद्ध करने से विजय होता है। जैसे—चैत्र मास में युद्ध करना है तो भूमि का वास ईशान कोण में है अतः ईशान कोण को पीछे या दाहिने करके युद्ध करने से विजय होती है ॥ १–३ ॥



इति ओड्डीभूमिः

अथ जालन्धरीभूमिः

वायुरुद्राग्निनैऋत्ये याम्यतोयोत्तराध्वजे।
पूर्वदिशि—
अग्निरुद्रानिले रक्षे चैत्रादौ भ्रमणं भवेत् ॥ १ ॥
एवं मासोदयो यत्र तत्रस्था पृष्ठदक्षिणे।
इयं जालन्धरी भूमिः संग्रामे जयदा भवेत् ॥ २ ॥

इति जालन्धरी भूमिः

वायु इति। वायुः वायव्यकोणे, रुद्रः ईशान्यकोणे, अग्निकोणे, नैऋत्यकोणे, याम्यदक्षिणे तोयं पश्चिमे, उत्तरे, पूर्वदिशि अग्निकोणे रुद्रे ईशाने, अनिले वायुकोणे रक्षे नैऋत्यकोणे चैत्रमासं समारभ्य मासानां भ्रमणं भवेत्। एवं

मिति । एवमनेन प्रकारेण यत्र पूर्वादौ भागे मासोदयस्तत्र भागे पृष्ठदक्षिणे-स्थिते संग्रामे जयः स्यात् । इयं जालंधरी भूमिः जालंधरदेशे एकैव प्रबला जयदा ॥ १-२ ॥

वायु, ईशान, अग्नि, नैर्ऋत्य, दक्षिण, पश्चिम, उत्तर, पूर्व, अग्नि, ईशान, वायु और नैर्ऋत्य कोण में चैत्रादि महीना भ्रमण करते हैं। जहां इस प्रकार मास का भ्रमण हो उसे जालंधरी भूमि कहते हैं। यह भी पीछे और दाहिने करके युद्ध करने से संग्राम में विजय को देने-वाली है। यह जालंधर में प्रसिद्ध हैं।

वैशाख / पौष	कार्तिक	ज्येष्ठ / मार्ग
आश्विन		श्रावण
चैत्र / माघ	भाद्रपद	आषाढ़ / फाल्गुन

इति जालंधरी भूमिः ।

अथ पूर्णा भूमिः

पूर्णाख्यां कथयिष्यामि पूर्णपीठाद्विनिर्गताम् ।
द्वन्द्वयुद्धेऽथवा दुर्गे यामार्धं भुक्तिरत्र च ॥ १ ॥
पूर्वोत्तरे यमे शक्रे तोयान्तकोत्तरे जले ।
यथा दिने तथा रात्रौ पृष्ठदक्षिणगो जयेत् ॥ २ ॥

इति पूर्णा भूमिः ।

पूर्णपीठ से निकली हुई पूर्णानाम के भूमि को कहता हूँ जो कि द्वन्द्व युद्ध या दुर्ग युद्ध में उपयोगी है। दिन और रात में प्रहरार्धं तुल्य एक मास का भोग क्रम से पूर्व, उत्तर, पश्चिम, दक्षिण-पूर्व, उत्तर, पश्चिम, दक्षिण आठों प्रहरार्धों में वास होता है। इसमें भी पीछे और दाहिने करके विजय होती है ॥ १-२ ॥

	पू. १।५	
उ. २।६		द. ४।८
	प. ३।७	

इति पूर्णा भूमिः ।

अथ कामाख्या भूमिः

इन्द्रे यमे जले सौम्ये मेषादिभ्रमणं त्रयम् ।
रविसंक्रान्तितो मासा ज्ञातव्या यत्र संस्थिताः ॥ १ ॥

तत्स्थानाक्रमणं सव्यं चतुर्नाडीदिगष्टके ।
पृष्ठदक्षिणगा युद्धे कामाख्याऽरिक्षयङ्करी ॥ २ ॥

इति कामाख्या भूमिः ।

इन्द्रे इति । इन्द्रे पूर्वदिशि । यमे दक्षिणदिशि । जले पश्चिमदिशि । सौम्ये उत्तरदिशि । एवं दिक्चतुष्टये मेषादिमासमुपक्रम्य भ्रमणत्रयमावृत्तित्रयम् । तत्र स्थानचतुष्टये रविसंक्रांतितः सूर्यराशिभोगक्रमेण मासाः संस्थिताः ज्ञातव्याः । एवं कृते सौर वैशाख-भाद्रपद-पौषमासाः पूर्वदिशि एवमग्रेऽपि शेषं स्पष्टम् ॥ १–२ ॥

मेषादि राशियों का पूर्व-दक्षिण, पश्चिम, उत्तर दिशा में क्रम से तीन भ्रमण होता है। जहां पर जो राशि है वहां उस राशि का सूर्य मास जानना। जैसे मीन से चैत्र, मेष से वैशाख आदि। प्रत्येक दिशा में चार-चार दंड का भोग होता है। जैसे वैशाख, भाद्रपद और पौष मास में प्रथम चार दंड पूर्व दिशा में भूमि को समझना चाहिये। यह कामाख्या भूमि युद्ध में पीछे और दाहिने शत्रु को नाश करती है ॥ १–२ ॥

	पू. १।५।९	
उ. ४।८।१२		द. २।६।१०
	प. ३।७।११	

इति कामाख्या भूमिः ।

अथ कोलापुरी भूमिः

शक्रोत्तरे जले याम्ये चैत्रादौ भ्रमणत्रयम् ।
मासोदयगता यत्र तस्माच्च घटिका क्रमात् ॥ १ ॥
तत्राष्टनाडिकाभुक्तिरुदयश्च पुनः पुनः ।
इयं कोलापुरी भूमिः पृष्ठदक्षिणगा शुभा ॥ २ ॥

इति कोलापुरी भूमिः ।

शक्रोत्तरे इति । शक्रे पूर्वदिशि । उत्तरदिशि । जले पश्चिमदिशि । याम्ये दक्षिणदिशि । चैत्रादौ मासे क्रमेण भ्रमणत्रयम् भवति । यथा—चैत्र-श्रावण-

मार्गशीर्षाणां पूर्वस्यां दिश्युदयः। तत्र यस्यां दिशि यस्य मासस्योदयस्तस्मात् स्थानात् घटिकाक्रमेण उदयः। अन्यत्स्पष्टम् ॥ १-२ ॥

चैत्रादि मासों का क्रम से पूर्व, उत्तर, पश्चिम और दक्षिण में तीन आवृत्ति उदय होता है। जो मास जहां उदित हो वहां से क्रम से घटिका, क्रम से उदित होते हैं। एक मास का एक दिशा में ८ घटी उदय फिर दूसरे ८ घटी में दूसरे दिशा में इस प्रकार से उदय समझना चाहिये। यह कोलापुरी भूमि है जो कि पीछे और दाहिने विजय को देती है ॥ १-२ ॥

	चै. श्रा. मार्ग.	
वै. भाद्र. पौ.		आषा. का. फा.
	ज्ये. आश्वि मा.	

इति कोलापुरीभूमिः।

अथ एकवीरा भूमिः

रुद्रे जलाग्नि-सौम्ये च नैर्ऋत्येन्द्रानिले यमे।
ईशेऽम्बुपावके सौम्ये चैत्रादिभ्रमणं भवेत् ॥ १ ॥
एकवीरा महाभूमिः प्रोक्ता या चादियामिले।
पृष्ठदक्षिणगा युद्धे जयदा नात्र संशयः ॥ २ ॥

इति एकवीरा भूमिः।

रुद्रे इति। रुद्रे ऐशान्याम्। जले पश्चिमदिशि। अग्नौ आग्नेय्याम्। सौम्ये उत्तरदिशि। नैर्ऋत्यां राक्षसे। इन्द्रे पूर्वदिशि। अनिले वायव्यां। यमे दक्षिणस्याम्। ईशे ईशान्याम्। अंबु पश्चिमायाम्। पावके आग्नेय्याम् सौम्ये उत्तरदिशि। चैत्रादि चैत्रमासानामादिभूतमासानां भ्रमणं भवेत्। शेषं स्पष्टम् ॥ २ ॥

चैत्रादि मासक्रम से ईशान, पश्चिम, अग्नि, उत्तर, नैर्ऋत्य, पूर्व, वायव्य, दक्षिण, ईशान, पश्चिम, अग्नि और उत्तर दिशा में भ्रमण करते हैं। इसे एकवीरा भूमि कहते हैं जो कि आदियामल में कही हुई है। युद्ध में पीछे और दाहिने विजय को देती है ॥२॥

चै. मार्ग	भाद्र.	ज्ये. मा.
आषा. फाल्गु.		का.
आश्वि.	वैशा. मा.	श्रा.

इति एकवीरा भूमिः।

अथ शिलिन्ध्रा भूमिः

चैत्रादि-पूर्वतो वामं भ्रमन् काष्ठाचतुष्टये।
शिलिन्ध्राख्या महाभूमिर्जयदा पृष्ठदक्षिणे ॥ १ ॥
बुधश्च मङ्गलः सौरिर्विधुर्गुरुरिति क्रमात्।
